पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, गुरुवार, 8 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –22 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ मंगलसूत्र के बाद सिंदूर, नाम में बहुत कुछ रखा है
■ भारत पहले सिंधु नदी के जल पर देश के वास्तविक नियंत्रण की तैयारी करे
पृष्ठ 6
■ अगर भारत पीछे हटेगा तो हम भी तनाव खत्म कर देंगे : पाक
■ भारत की एयर स्ट्राइक के बाद इस्लामाबाद में स्कूल-कॉलेज बंद
पृष्ठ 7
हार के बाद पांड्या ने कहा नो-बॉल अपराध है
पृष्ठ 8

25 मिनट के अंदर 'ऑपरेशन सिंदूर' पूरा

# भारत ने तबाह किए आतंकियों के 9 ठिकाने

## 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए, हमले के 15 दिन बाद कार्रवाई

**नई दिल्ली**, 7 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के करीब 9 घंटे बाद सरकार, सेना और एयरफोर्स के अफसरों ने घटना की जानकारी दी। बुधवार सुबह 10:30 बजे मीडिया ब्रीफिंग से पहले एयर स्ट्राइक का 2 मिनट का वीडियो चलाया। इसमें बताया गया कि मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे के बीच 7 मिनट में 9 टारगेट तबाह किए गए। हालांकि ऑपरेशन पूरा होने में कुल 25 मिनट का समय लगा। देश के इतिहास में पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी मौजूद थे। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को शेष पृष्ठ 7 पर



पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के बारे में हमें सूचना मिली थी कि वे और हमले कर सकते हैं। इन्हें रोकना जरूरी था। हमने इन्हें रोकने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। यह कार्रवाई नपी-तुली और जिम्मेदारीपूर्ण है:
**विक्रम मिस्री**, विदेश सचिव

### शहबाज ने युद्ध की कार्रवाई बताया, भारत को 'जवाब देने की बात कही'

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवादी ठिकानों पर भारत की गोलाबारी को 'युद्ध की कार्रवाई' बताते हुए कहा है कि उनका देश जवाब दे रहा है। श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, 'पाकिस्तान को भारत के इस 'एक्ट ऑफ वार' का माकूल जवाब देने का पूरा हक है और जवाब दिया जा रहा है।'


### पाकिस्तान का 3 राफेल, 2 मिग गिराने का दावा झूठा

भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और चीन ने सोशल मीडिया पर झूठ फैलाना शुरू कर दिया है। अब एक-एक करके ये सभी झूठ पकड़े जा रहे है। पाकिस्तान ने कहा कि उसने भारत के 3 राफेल और 2 मिग विमान को मार गिराया है। ये दावा सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थित यूजर्स ने सालों पुरानी फोटोज के जरिए किया है। वहीं चीनी मीडिया प्लेटफॉर्म ग्लोबल टाइम्स ने भी वायरल फर्जी वीडियो के जरिए भारत के विमान गिराए जाने की खबर पब्लिश की। इस पर चीन में भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को फटकार लगाई।

### डोभाल ने कई देशों को सैन्य कार्रवाई की जानकारी दी

'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर हमलों के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कई देशों के एनएसए के साथ बातचीत की। डोभाल ने अपने समकक्षों को भारत की तरफ से की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, अजीत डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ब्रिटेन के एनएसए जोनाथन पॉवेल, सऊदी अरब के एनएसए मुसैद अल ऐबन, यूएई के एनएसए शेख तहनून, यूएई के एनएससी के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के एनएसए मासातका ओकानो से बात की। इसके अलावा, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी और फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बोन्ने के साथ भी संपर्क स्थापित किया गया।

### हमारी सेना ने दिया करारा जवाब : राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करके पहले की तरह ही इस बार भी आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाले कैंप को तबाह करके करारा जवाब दिया है। हमारी यह कार्रवाई बेहद सोच-समझकर और सधे हुए तरीके से की गई है। आतंकवादियों का मनोबल तोड़ने के उद्देश्य से यह कार्रवाई सिर्फ उनके शिविरों और बुनियादी ढांचे तक ही सीमित थी। मैं एक बार फिर हमारे सशस्त्र बलों की वीरता के आगे नतमस्तक हूं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही है।

### अपने सैन्य बलों पर गर्व है : राहुल



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सैन्य बलों की कार्रवाई को गौरवान्वित करने वाला करार देते हुए आज कहा कि सफल सिंदूर अभियान को अंजाम देने वाले अपने सशस्त्र बलों पर उन्हें गर्व है। श्री गांधी ने कहा 'हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद।' पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ पहले दिन से ही तीखे तेवर अपनाते हुए श्री गांधी ने इस आतंकी करवाई का करारा जवाब देने का सरकार से आग्रह करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी इस हमले पर हर जवाबी कार्रवाई में सरकार के साथ खड़ी है।

### मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य मारे गए

पाकिस्तान के बहावलपुर सुभानअल्लाह परिसर में किए गए हमलों में कुख्यात आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और उसके चार करीबी सहयोगी मारे गए हैं। आतंकवादी समूह ने इस परिसर का इस्तेमाल शरणस्थली के रूप में किया था। मारे गए लोगों में मसूद अजहर की बड़ी बहन और बहनोई, उसका भतीजा और उसकी पत्नी शामिल हैं। जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख के बयान का हवाला देते हुए समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके परिवार की एक और भतीजी और पांच बच्चे भी मारे गए। इसमें कहा गया है कि अजहर का एक करीबी सहयोगी और दो अन्य करीबी सहयोगी भी भारतीय हमलों में मारे गए हैं ।

### छत्तीसगढ़ सीएम साय, डिप्टी सीएम ने कहा- 'ये नया भारत है घर में घुस कर मारता है'

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के एयर स्ट्राइक के बाद रात 2 बजकर 40 मिनट पर एक्स पर पोस्ट किया. सीएम साय ने लिखा- 'हर हर महादेव वंदे मातरम'। वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा एक्स पर पोस्ट किया. उन्होंने लिखा- 'ये नया भारत है घर में घुस कर मारता है'. वहीं एक और पोस्ट में विजय शर्मा ने लिखा- 'ऑपरेशन सिंदूर — 'चुन चुन कर बदला लिया जाएगा''

## एलओसी पर पाक गोलाबारी से 11 की मौत



■ प्रदेश के हवाई अड्डे 10 मई तक रहेंगें बंद,
■ सुरक्षाबलों के जवानों की छुट्टियां रद्द
■ गोलाबारी में 100 से ज्यादा लोग जख्मी

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 7 मई (देशबन्धु)। आप्रेशन सिंदूर के बाद उपजे हालात के मद्देनजर प्रदेश के सभी हवाई अड्डों को 10 मई की सुबह तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय सुरक्षाबलों के जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। एतिहात के तौर पर गुलमर्ग गंडोला और स्कूल कालेज भी बंद कर दिए गए हैं। हज जाने वाली फ्लाइटें भी रोक दी गई हैं। जबकि पाकिस्तान से सटी एलओसी पर पाक सेना द्वारा आप्रेशन सिंदूर के जवाब में की जाने वाली भयानक गोलाबारी में समाचार भिजवाए जाने तक 11 भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी थी और 100 से अधिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच जम्मू कश्मीर हज कमेटी ने आज और कल के लिए निर्धारित दो हज उड़ानों को आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया है, जिससे सैकड़ों तीर्थयात्रियों की यात्रा योजनाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। जम्मू कश्मीर हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी डा शुजात अहमद कुरैशी ने पुष्टि की कि श्रीनगर हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण आज के लिए निर्धारित हज उड़ान को रद्द कर दिया गया है। 7 और 8 मई के लिए निर्धारित दो उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। यह आगे भी रद्द रहेंगी क्योंकि 10 मई की सुबह तक प्रदेश के सभी हवाई अड्डे नागरिक उड़ानों के लिए बंद किए जा चुके हैं। यही नहीं एशिया की सबसे ऊंची और सबसे लंबी केबल कार राइड में से एक। शेष पृष्ठ 7 पर

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद हाई अलर्ट पर दिल्ली

एक ओर भारतीय सेना की इस कार्रवाई से देश में उत्साह की लहर है। दूसरी ओर सुरक्षा के मद्देनजर इस हमले के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके अलावा पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। गृह मंत्रालय दिल्ली समेत सभी राज्यों में सुरक्षा बंदोबस्त की स्थिति पर नजर रख रहा है।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री की यूरोप के तीन देशों की यात्रा टली

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह के मध्य में क्रोएशिया, नॉर्वे एवं नीदरलैंड्स की यात्रा स्थगित कर दी गई है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सैन्य बलों की सीमापार कार्रवाई एवं उसके बाद उपजी परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी की यूरोप के इन तीन देशों की यात्रा टाल दी गई है। श्री मोदी को 12 मई से 17 मई तक इन देशों की यात्रा करनी थी। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री 12 मई को क्रोएशिया की राजधानी ज़गरेब, 14 मई को ओस्लो और 16 मई को हेग पहुंचना था।

### सरकार ने आज बुलाई सर्वदीय बैठक

**नई दिल्ली**। सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले का ऑपरेशन सिंदूर के जरिए करारा जवाब दिए जाने के बाद गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को 'एक्स' पर बताया कि बैठक आठ मई को यहां संसद भवन परिसर में होगी। श्री रिजिजू ने कहा सरकार ने आठ मई को सुबह 11 बजे यहां संसद परिसर के पुस्तकालय भवन के समिति कक्ष में सर्वदलीय नेताओं की बैठक बुलाई है।

### सीबीआई निदेशक का कार्यकाल बढ़ा

नई दिल्ली। सरकार ने केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल आगामी 24 मई से एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया है। केन्द्रीय कार्मिक , जन शिकायत और प्रशिक्षण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल 24 मई से एक वर्ष के लिए बढाने को मंजूरी दे दी है। श्री सूद भारतीय पुलिस सेवा के 1986 बैच के अधिकारी हैं। उल्लेखनीय है कि श्री सूद का कार्यकाल 24 मई को समाप्त होने वाला था और उनकी जगह नए निदेशक का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कुछ दिन पहले ही बैठक हुई थी।

# सुरक्षाबलों ने मार गिराए 26 नक्सली



**बीजापुर**, 7 मई (देशबन्धु)। मंगलवार की रात जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर कहर बरपाया, उसी वक्त छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ पर भी सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को करारा जवाब दिया। बीते पखवाड़े से जारी घेराबंदी के बाद अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ में जवानों ने 26 नक्सलियों को ढेर कर दिया है, और यह संख्या अभी और बढ़ सकती है।

**अब तक का सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन**-कर्रेगुट्टा की दुर्गम पहाड़ियों को चारों ओर से घेरकर सुरक्षाबलों ने एक सुनियोजित और शक्तिशाली ऑपरेशन चलाया। बुधवार सुबह तक की कार्रवाई में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही तीसरी और अंतिम पहाड़ी पर भी जवान कब्जा जमा सकते हैं, जिससे यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल हो जाएगा।

**दो पहाड़ियों पर जवानों का कब्जा**

**एयरलिफ्ट होकर पहुंचे थे जवान**-गौरतलब है कि बीते सप्ताह वायुसेना के हेलीकॉप्टरों की मदद से सुरक्षाबलों को धोबे की पहाड़ियों पर उतारा गया था, जहां से कर्रेगुट्टा का अभियान शुरू किया गया। खुफिया इनपुट्स के अनुसार, कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के टॉप लीडर्स छिपे हुए हैं। इन्हें पकड़ना इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

**क्यों है कर्रेगुट्टा इतना खास ?**

कर्रेगुट्टा पहाड़ अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति, घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों के कारण लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ बना हुआ है। यह इलाका इतना जटिल है कि यहां छिपे रहना आसान और ढूंढ पाना बेहद मुश्किल होता है।

यही वजह है कि नक्सलियों ने यहां महीनों का राशन-पानी जमा कर रखा था और इसे सुरक्षित अड्डा बना रखा था।

**टॉप लीडर्स पर निगाह**-ऑपरेशन के चलते अब तक नक्सलियों के कब्जे वाली तीन में से दो पहाड़ियों पर जवानों का नियंत्रण हो चुका है। अंतिम पहाड़ी पर भी अब कार्रवाई अंतिम चरण में है। सवाल यही है — क्या टॉप नक्सली लीडर्स जवानों के हाथ लगेंगे या फिर जंगलों का फायदा उठाकर भाग निकलेंगे ?

## 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

# बालिकाओं ने मारी बाजी

**रायपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 2025 के परिणाम जारी किए। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा मंडल के वेबसाइट में परीक्षा परिणाम अपलोड किया। वर्ष 2025 की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के परीक्षा में बालिकाओं ने अपना परचम लहराया है। 10वीं की परीक्षा में 80.70 प्रतिशत और 12वीं की परीक्षा में 84.67 प्रतिशत बालिकाओं ने सफलता प्राप्त की है। दोनों परिक्षाओं में बालकों का प्रतिशत क्रमश: 71.39 और 78.07 रहा है। 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में कांकेर जिले के बच्चों ने प्रथम स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सफल हुए शेष पृष्ठ 7 पर

**राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिजनों और गुरूजनों को भी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



### 10वीं में अखिल और 12वीं में ईशिका ने किया टॉप





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडागांव कांकेर के अखिल सेन ने पहला और हाई स्कूल परीक्षा में शासकीय माध्यमिक शाला गोण्डाहूर कांकेर की ईशिका बाला ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में महेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विजय इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक शाला मनेन्द्रगढ़ के श्रुति मंगटानी ने दूसरा स्थान, बेमेतरा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल बेरला की वैशाली साहू ने तीसरा स्थान, बलौदाबाजार स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल कसडोल के हिमेश कुमार यादव ने चौथा स्थान, सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार के लुभी साहू ने पाचवां स्थान, जशपुर डी. शेष पृष्ठ 7 पर

## देश के 244 शहरों में ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली**, 7 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इन 244 डिस्ट्रिक्ट में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे।

## मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में पांच आईआईटी के विस्तार को मिली मंजूरी

**नईदिल्ली**, 7 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11,828.79 करोड़ रुपए की लागत से आंध्र प्रदेश (तिरुपति), छत्तीसगढ़ (भिलाई), जम्मू कश्मीर (जम्मू), कर्नाटक (धारवाड़) और केरल (पलक्कड़) में स्थापित पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता विस्तार को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

पांच नए आईआईटी- आईआईटी तिरुपति, आईआईटी पलक्कड़, आईआईटी भिलाई, आईआईटी जम्मू और आईआईटी धारवाड़ की शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता का विस्तार किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया वर्ष 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि में पूरी होगी और इसकी कुल लागत 11,828.79 करोड़ रुपए है। मंत्रिमंडल ने इनमें 130 प्रोफेसर और उससे ऊपर के पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। अगले चार वर्षों में इन आईआईटी में छात्र संख्या में 6500 से अधिक की वृद्धि की जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के उन्नयन और कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय योजना को भी स्वीकृति दी गई। इसमें 60,000 करोड़ रुपए का परिव्यय होगा जिसमें केंद्रीय हिस्सा 30,000 करोड़ रुपए, राज्य हिस्सा 20,000 करोड़ रुपये और उद्योग हिस्सा 10,000 करोड़ रुपए होगा।

**मॉक ड्रिल** इंदिरा मार्केट में विधायकद्वय की उपस्थिति में किया गया पूर्वाभ्यास

## दुर्ग में 5 दशक बाद फिर एक बार गूंजा सायरन, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की गई

**दुर्ग, 7 मई (देशबन्धु)। सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के तहत आज 54 साल बाद फिर से दुर्ग में गूंजा सायरन और सायरन की आवाज सुनते ही इंदिरा मार्केट में आम लोगों ने विधायक गजेन्द्र यादव, व ललित चंद्राकर के नेतृत्व में जमीन में बैठकर कान बंद कर लिये। युद्ध की आशंकाओं को देखते हुए नागरिकों ने अपनी सुरक्षा के उपायों का पूर्वाभ्यास किया।**

*मॉक ड्रिल को लेकर इससे पूर्व कोई व्यापक प्रचार प्रसार नहीं किया गया था इसलिये आज इसके प्रथम दिन आम जनता में कोई खास हलचल नहीं देखने को नहीं मिली। आज भी शाम 4 बजे और दिनों की तरह बाजार इत्यादि दैनंदिन जनजीवन अप्रभावित रहा। आम लोगों की पर्याप्त भागीदारी नहीं रहीं।*

*उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत व पाकिस्तान के मध्य तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार के निर्देश पर आज दुर्ग में भी शासन प्रशासन की निगरानी में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कर आम नागरिकों को स्वयं की सुरक्षा के उपायों से प्रशिक्षित किया गया कि यदि कहीं ऐसी स्थिति आती है तो वे जमीन में लेटकर बैठकर, घरों में रहकर अन्य तरीकों से स्वयं की सुरक्षा कर सकें। उल्लेखनीय है कि सन् 1971 में ब्लेक आउट, मॉक ड्रिल की स्थिति बनी थी और सायरन बजा था। आज इंदिरा मार्केट में होटल शीला की छत पर सायरन फिट किया गया था। शाम 4 बजे जैसे ही सायरन की आवाज गूंजी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर शहर विधायक गजेन्द्र यादव नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य कांशीराम कोसरे, शिव नायक, पार्षदगण कमल* शेष पृष्ठ 7 पर



# देश

उवाच

ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं हो जाता तब तक ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। देश को भारतीय सैनिकों की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है।

–अजित पवार, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 25.0 |
| मुंबई | 29.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# देश एकजुट, आतंकवाद का हो पूरा सफाया : कांग्रेस

## भारतीय सशस्त्र बलों के सफल ऑपरेशन सिंदूर को विपक्ष ने किया स्वागत



हमें पीओके वापस लेना चाहिए था हमारे पास यह सुनहरा अवसर था पीओके पर हमला करते और उसे वापस लेते : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर पहलगाम में हुए आंतकी हमले का बदला ले लिया है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। भारतीय सेना की इस जवाबी कार्रवाई पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हम चाहते थे कि पाक आर्मी चीफ को भी जंजीरों में जकड़कर दिल्ली लाया जाता।

एक भारतीय नागरिक के तौर पर हम अपने सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी कारखानों के खिलाफ हमले हमें गौरवान्वित करते हैं : रेवंत रेड्डी



बुधवार को कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने भारतीय सशस्त्र बलों के सफल ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश एकजुट है और आतंकवाद का पूरा सफाया हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमें पीओके वापस लेना चाहिए था। हमारे पास यह सुनहरा अवसर था। पीओके पर हमला करते और उसे वापस लेते। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा विपक्ष भारत सरकार के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहा। लेकिन हमें उम्मीद थी कि पीओके पर हमला कर हम उसे वापस लेते। हमें इस पर काम करना चाहिए था।

**हम चाहते थे कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ को भी जंजीरों में बांधकर दिल्ली लाया जाए**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने कहा कि हम चाहते थे कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ को भी जंजीरों में बांधकर दिल्ली लाया जाए, जो कई रिपोर्टों के अनुसार पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था। उसे सजा मिलनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। हालांकि, कांग्रेस नेता ने तनाव बढ़ने की चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे

मैं पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमारे रक्षा बलों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करता हूं, पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए : असदुद्दीन ओवैसी



नहीं लगता कि यह ऑपरेशन युद्ध में बदल जाएगा। यह पहले की सर्जिकल स्ट्राइक के पैमाने और प्रकृति के समान ही दिखता है। मुझे ऐसा कोई कारण नहीं दिखता कि यह बड़े संघर्ष में बदलकर युद्ध में तब्दील हो जाएगा। बता दें कि रक्षा मंत्रालय की ओर से भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर हमला करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया। संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और थल सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने 2 मिनट की क्लिप दिखाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी बताई।

**सैन्य कार्रवाई पर देश को गर्व**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने कहा कि सैन्य कार्रवाई पर देश को गर्व है। हमारे नेता राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि आतंकवाद के खिलाफ किसी भी लड़ाई में हम सेना और सरकार के साथ हैं और आज भी हम ऑपरेशन सिंदूर में सेना के साथ हैं।

मैं सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। यह आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक हमला है, जो एक स्पष्ट संदेश देता है कि हमारे देश के लिए खतरे कभी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे : नवीन पटनायक



आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। पूर्व में इस लड़ाई में हमारे दो बड़े नेताओं को शहीद होना पड़ा था। कांग्रेस ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ खड़े होकर एकता और अखंडता की रक्षा की है। तृणमूल कांग्रेस और बंगाल प्रदेश भाजपा ने बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने को लेकर भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, जय हिंद! जय भारत! उनके संदेश में स्पष्ट रूप से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का समर्थन नहीं किया गया है, लेकिन इसे भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर किए गए ऑपरेशन के समर्थन के रूप में समझा गया। यह पोस्ट बनर्जी के पहले के रुख से मेल खाती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में केंद्र का समर्थन करेगी।

# देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित होगी : मनोज सिन्हा

## ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के दिए निर्देश

**श्रीनगर,** 7 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को कहा कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सिन्हा ने बुधवार को उपायुक्तों (डीसी) को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में रात के समय सीमा पर भारी गोलाबारी देखी गई जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गोलाबारी में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। उपराज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने सभी सीमावर्ती जिलों के डीसी सहित सभी वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और जिला अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मैं स्थिति पर करीब से नजर रख रहा हूं और सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैंने डीसी



को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों को संवेदनशील क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर ले जाएं और उनके लिए भोजन, आवास, चिकित्सा और परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हम हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। जय हिंद। वहीं बताया गया किया अधिकारियों ने बांदीपोरा के सीमावर्ती जिलों कुपवाड़ा, बारामूला और गुरेज घाटी में स्कूलों को भी बंद कर दिया। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के अंदर कई जगहों पर आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई और निर्देशित की जाती है।

# पाकिस्तान अपने ही मकड़जाल में फंस चुका है, अब बर्बाद हो जाएगा : अवधेश प्रसाद



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारत ने पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। विभिन्न विपक्षी पार्टियां सेना की पीठ थपथपा रही हैं और इसे पाकिस्तान के खिलाफ उठाया ठोस कदम करार दे रही हैं। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने ही मकड़जाल में फंस चुका है। वहीं शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि देश के नागरिकों को विश्वास था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेना को खुली छूट देने के बाद सेना पाक में पल रहे आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब जरूर देगी। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने ही मकड़जाल में फंस चुका है। हमारी फौज के सामने पाकिस्तान की सेना कुछ नहीं है। हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि हम केंद्र सरकार के साथ हैं। पाक की कोई हैसियत नहीं है। वो देश बर्बाद हो जाएगा। उसको गलतफहमी है। यकीन मानिए उसने बर्बादी को न्योता दिया है। वहीं, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे देश को विश्वास था कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी। उनकी शरण में रह रहे आतंकवादियों और हैंडलर्स को जरूर सबक सिखाएगी। वो चाहे जैश-ए-मोहम्मद हो, लश्कर-ए-तैयबा हो या टीआरएफ हो या तो विश्व का सबसे बड़ा आतंकवादी संस्था पाकिस्तान हो। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के लिए सबसे पहले मैं सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं। हमें विश्वास था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना पहलगाम हमले के बाद उचित जवाब देगी। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले का बदला भारत ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक से लिया है।

# श्रीनगर हवाई अड्डा नागरिक उड़ानों के लिए बंद

**श्रीनगर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण श्रीनगर और उत्तर भारत के कई अन्य हिस्सों में हवाई यात्रा बुधवार को बंद कर दी गई है। श्रीनगर हवाई अड्डे के निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि हवाई क्षेत्र बंद है और बुधवार को श्रीनगर हवाई अड्डे से कोई भी नागरिक उड़ान संचालित नहीं होगी। स्पाइसजेट ने कहा कि मौजूदा स्थिति के कारण, धर्मशाला, लेह, जम्मू, श्रीनगर और अमृतसर सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में हवाई अड्डे अगले सूचना तक बंद हैं। स्पाइसजेट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रस्थान, आगमन और परिणामी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाएं।

## सार संक्षेप

### सेना के साहस और पराक्रम पर देश को गर्व : नीतीश



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर कहा कि सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है।

### इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी झूठी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सहार एयरपोर्ट हॉटलाइन पर बुधवार को एक बम की धमकी मिली थी, जिसमें दावा किया गया था कि इंडिगो की फ्लाइट को उड़ा दिया जाएगा। आधिकारिक रिपोर्ट में बताया गया कि यह एक झूठी खबर थी। यह फ्लाइट चंडीगढ़ से मुंबई आ रही थी और देर रात लैंड हुई। सुरक्षा अधिकारियों ने लैंडिंग के तुरंत बाद विमान को अलग कर दिया और गहन जांच की। सौभाग्य से विमान में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला और कथित तौर पर कड़ी जांच के बाद धमकी को झूठी खबर घोषित कर दिया गया।

### मेघालय में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**शिलांग।** मेघालय के साउथ वेस्ट गारो हिल्स जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने बेहतर जीवन की तलाश में भारत में घुसने की कोशिश कर रहे चार बंगलादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

### द्रमुक सरकार ने पांचवें वर्ष में प्रवेश किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारुढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने अपनी चार साल की उपलब्धियों पर भरोसा करते हुए पार्टी के द्रविड़ मॉडल शासन ने बुधवार को अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश किया तथा विपक्ष द्वारा दावा किए गए तथाकथित सत्ता विरोधी कारक पर काबू पाने और अगले साल के विधानसभा चुनावों में सातवीं बार सरकार बनाने का विश्वास जताया।

# पश्चिम बंगाल 12वीं का रिजल्ट घोषित, 90.79 फीसदी पास

**कोलकाता,** 7 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (डब्ल्यूबीसीएचएसई) ने उच्चतर माध्यमिक (कक्षा 12) परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिया है। पहली बार एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसका ऐलान किया गया। इस वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.79 फीसदी रहा, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाता है। परिणामों में बर्धमान सीएमएस हाई स्कूल के रूपायन पॉल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 500 में से 497 अंक प्राप्त कर 99.4 प्रतिशत स्कोर किया। कूचबिहार के तुषार देबनाथ 496 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि आरामबाग के राजर्षि अधिकारी ने 495 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से, कोलकाता के चार छात्रों ने शीर्ष 10 रैंक में अपनी जगह बनाई है। इस वर्ष परीक्षा के लिए कुल 4,82,948 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 4,73,919 छात्र 3 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा छह अलग-अलग पालियों में संपन्न हुई। लैंगिक प्रदर्शन की बात करें तो 92.03 फीसदी छात्र पास हुए। जबकि छात्राओं की उत्तीर्ण दर 88.12 फीसदी रही। जिलावार प्रदर्शन में पूर्वी मिदनापुर 95.74 फीसदी उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रहा। उत्तर 24 परगना 93.53 फीसदी के साथ दूसरे और कोलकाता 93.43 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। डब्ल्यूबीसीएचएसई ने यह भी स्पष्ट किया कि इस वर्ष प्रश्नपत्र लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई, जो परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को दर्शाता है।



रूपायन पॉल ने 99.4 फीसदी के साथ किया टॉप

झारखंड हाईकोर्ट का अहम फैसला

# कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल परीक्षा के रिजल्ट पर रोक बरकरार

**रांची,** 7 मई (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2024 में आयोजित झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर रोक बरकरार रखी है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को इस परीक्षा में गड़बड़ियों की सीबीआई जांच कराने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआईडी की जांच जारी है। परीक्षा के पेपर लीक का अब तक कोई साक्ष्य नहीं मिला है। अनुसंधान की प्रक्रिया एक माह में पूरी कर ली जाने की उम्मीद है। राज्य सरकार की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर कई अभ्यर्थियों से पैसा वसूलने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है।





## छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग

### कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ/बांस का e-Auction द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि e-Auction में भाग लेवें। e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| कोंडागांव वनमंडल कोण्डागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 09/05/2025, प्रातः 9.00 बजे से |

(1) प्रत्येक क्रेता कोe-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता e-Auction के पूर्व कय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य
(3) लाटों की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल से लॉग इन करके देख सकते हैं।
(4) e-Auction में लॉट कय करने के पश्चात प्रथम केता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसकी लॉट के अन्य केताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व कय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

| प्रजाति | नया वनोपज | | | अविक्रित वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई.काष्ठ (घ. मी.) | बल्ली/डेगरी (नग में) | | ई.काष्ठ (घ.मी) | बल्ली/डेगरी (घ. मी.) | | ई.काष्ठ (नग में) | बल्ली/डेगरी (घ.मी) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| सागौन | 11.889 | 102 | 67 | 3.519 | 165 | 50 | 15-504 | 267 | 117 |
| साल | 1854.324 | 207 | 84 | 5220.128 | 59 | 801 | 7074.452 | 266 | 885 |
| बीजा | 15.979 | 3 | 9 | 94.169 | 48 | 24 | 110.148 | 51 | 33 |
| साजा | 4.743 | 12 | 4 | 33.753 | 9 | 4 | 38,496 | 21 | 8 |
| हल्दू | 6.485 | 0 | 0 | 64.991 | 10 | 3 | 71.476 | 10 | 3 |
| निलगिरी | 0.000 | 0 | 0 | 21.106 | 3010 | 3013 | 21.106 | 3010 | 3013 |
| अन्य | 28.719 | 14 | 20 | 129.199 | 13 | 9 | 157.918 | 27 | 29 |
| व्या.बांस | | 0 | | 13.315 N.T. | | | 13..315 N.T. | | |
| औद्योगिक बांस | | 0 | | 0 | | | 0 | | |
| योगः- | 1922.139 | 338 | 184 | 5566.865 | 3314 | 3904 | 7489.004 | 3652 | 4088 |
| व्या.बास | 0 | 0 | 0 | | 13.315 N.T. | | 13.315 N.T. | | |
| औद्योगिक बांस | 0 | | 0 | | 0 | | 0 | | 0 |

दूरभाष क्रमांक-दक्षिण कोंडागांव वनमंडल

वनमंडलाधिकारी कोडागांव
वनमंडल कोंडागांव

जी-252600671



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

### निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

निविदा विज्ञप्ति क. 3247/02/नि.वि./ लोनिवि/2025-2026 दिनांक 05/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 26/057 2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने : 03/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक की अंतिम तिथि
3. निविदा खोलने की तिथि : 04/06/2025 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला | | | |
| 2 T0006 | बोधीटोला (विकासखंड-डोंगरगांव) में बालवाटिका हेतु अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | 7.20 | 5400.00 |
| 2 T0007 | बोधीटोला (विकासखंड-डोंगरगांव) में बालवाटिका हेतु बालिका शौचालय भवन का निर्माण कार्य | 1.62 | 2000.00 |
| 2 T0008 | कंडरापारा (विकासखंड-डोंगरगढ़) में बालवाटिका हेतु अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | 7.20 | 5400.00 |
| 2 T0009 | कंडरापारा (विकासखंड-डोंगरगढ़) में बालवाटिका हेतु बालिका शौचालय भवन का निर्माण कार्य | 1.62 | 2000.00 |
| 2 T0010 | अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य डुंडेरा (विकासखंड-डोंगरगढ़) में बालवाटिका हेतु | 7.20 | 5400.00 |
| 2 T0011 | डुडेरा (विकासखंड-डोंगरगढ) में बालवाटिका हेतु बालिका शौचालय भवन का निर्माण कार्य | 1.62 | 2000.00 |
| 2 T0012 | हरदी (विकासखंड-राजनांदगांव) में बालवाटिका हेतु अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य | 7.20 | 5400.00 |
| 2 T0013 | हरदी (विकासखंड राजनांदगांव) में बालवाटिका हेतु बालिका शौचालय भवन का निर्माण कार्य | 1.62 | 2000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।

टीप :- ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदास किया जावेगा ।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-252600704



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग-कांकेर

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-1495/NIT-1/2025-2026/व.ले.लि. दिनांक : 05/05/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 19/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि -26/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 27/05/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे
निविदाकारों की श्रेणी - ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक
कार्य की अवधि - 31/12/2025 वर्षा ऋतु सहित

| एनआईटी क्रं. निविदा क्रं. | कार्य का नाम No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.मे) बैंक साल्वेंसी (रु.मे) | निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 T0004 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-नरहरपुर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 5.00 3750.00 75000.00 | A 750.00 |
| 2 T0005 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-नरहरपुर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 2.00 1500.00 30000.00 | A 300.00 |
| 1 T0006 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-नरहरपुर अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 2.50 1875.00 37500.00 | A 750.00 |
| 1 T0007 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-नरहरपुर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 10.00 7500.00 150000.00 | A 750.00 |
| 1 T0008 | लो.नि.वि. (अ.स) अनुविभाग-नरहरपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 6.00 4500.00 90000.00 | A 750.00 |
| 1 T0009 | लो.नि.वि. (भास) अनुविभाग कांकेर अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (25-25) प्रथम आमंत्रण | 6.00 4500.00 90000.00 | A 750.00 |
| 1 T0010 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग कांकेर अंतर्गत पेटीबाजार सामग्री प्रदाय कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 10.00 7500.00 150000.00 | E 750.00 |
| 1 T0011 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-कांकेर अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 10.00 7500.00 150000.00 | A 750.00 |
| 1 T0012 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-चारामा अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। (25-26) | 5.00 3750.00 75000.00 | A 750.00 |
| 1 T0013 | लो.नि.वि. अनुविभाग-चारामा अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 2.00 1500.00 30000.00 | A 300.00 |
| 1 T0014 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-चारामा अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 2.50 1875.00 37500.00 | E 750.00 |
| 1 T0015 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-चारामा अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 10.00 7500.00 150000.00 | A 750.00 |
| 1 T0016 | लो.नि.वि. (भ/स) अनुविभाग-चारामा अंतर्गत विभिन्न मार्गों एवं पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। (25-26) प्रथम आमंत्रण | 10.00 7500.00 150000.00 | A 750.00 |

निविदा शर्तें -
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.pwd.cg.nic.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
कांकेर संभाग-कांकेर

जी-252600708

# सायरन बजते ही मॉकडिल शुरु रात को ब्लैक आउट

**भिलाईनगर,** 7 मई (देशबन्धु)।आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से आज 7 मई को सायं 4 बजे नगर में अनेक स्थानों पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। आपातकालीन स्थितियां अलर्ट सायरन बजने के साथ ही मॉकडिल प्रारंभ किया गया। माकड्रिल के दौरान नागरिकों अपने घरों में रहे।इस दौरान जवानों ने मॉकड्रिल के दौरान सड़क पर लेट कर मुंह में कपड़ा या रुमाल दबा कर दोनों हाथों से कान को ढकें लिया। जो लोग वाहनों से जा रहे थे। उसमें अधिकाश वाहन चालकों ने वही रोड किनारे पर खड़े हो गये।



**मॉकडिल का दूसरा चरण**

आज ही मॉकडिल का दूसरा चरण भी किया गया। जो सायं 7.30 बजे से 7. 45 बजे चला। जिसके तरह भिलाई सेक्टर एवं प्लांट क्षेत्र में ऑल क्लियर सायरन बजते ही ब्लैक आउट माकड्रिल का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान रैड अलर्ट साइरन बजने पर सभी नागरिक अपने घर लाईट बंद कर रहे।। दुकान, आफिस, संस्थान आदि की रोशनी को बंद कर दी गई। सडक पर चल रहे वाहन को रैड अलर्ट साइरन बजते ही वाहन को खड़ा कर उसकी हैडलाइट और बैकलाइट को भी बंद कर दी गई। इस दौरान कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर में ब्लैक आउट लागू रहा।इस दौरान जनरेटर, इन्वर्टर, इमरजेंसी लाइट या मोबाइल टॉर्च इत्यादि अन्य उपकरणों का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया था।। इसका सख्ती से पालन किया गया।

.भिलाई इस्पात संयंत्र में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ एवं बीएसपी द्वारा संयुक्त रूप से आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने हेतु संयंत्र के तीन महत्वपूर्ण स्थानों मानव संसाधन विकास केन्द्र, रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल तथा ब्लास्ट फर्नेस.7 के सामने वेलफेयर बिल्डिंग में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल अभ्यास में युद्ध हवाई हमले व दुर्घटना के दौरान बचाव कार्य से लेकर दुर्घटना पर काबू पाने जैसे कार्यों को बखूबी अंजाम देते हुए योजनाबद्ध अभ्यास को पूर्ण किया गया। इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सेक्टर.10 स्थित रेल चौक व सूर्या टीआई शॉपिंग मॉल में भी मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की रिहर्सल की गई व जनता को जागरूक किया गया। आठ प्रमुख स्थलों पर किया गया आपातकालीन परिस्थिति में बचाव हेतु मॉक ड्रिल। विदित हो कि सुरक्षा को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रत्येक विभाग में आकस्मिक आपदा से निपटने हेतु प्रोटोकॉल बनाये गए हैं। इस प्रोटोकॉल के जांच हेतु समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है और साथ ही इस मॉक ड्रिल की गोपनीयता बनाये रखी जाती है जिससे कि घटना की गंभीरता व प्रोटोकॉल के अनुरूप की जाने वाली कार्यवाही को सही रूप में परखा जा सके।

**निगम क्षेत्र कई स्थानों पर मॉकडिल**

भिलाईनगर, नगर निगम भिलाई क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर आज आपातकालीन स्थिति में परिस्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सूर्या मॉल, माल चौक, नेहरू नगर अग्रसेन चौक, सुपेला घड़ी चौक, पावर हाउस जवाहर मार्केट, रेलवे स्टेशन, सेक्टर 6 कोतवाली, ग्लोब चौक, कचांदूर मेडिकल कॉलेज, भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रमुख तीन जगह पर आयोजित किया गया। आज की मॉकडिल को लेकर प्रशासन व निगम प्रशासन, व भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की सभी तैयारियों का लोगों ने पुरा सहयोग किया।

# सेवादल ने मनाई संस्थापक डॉ. हार्डिकर की जयंती



**भिलाईनगर,** 7 मई (देशबन्धु)। सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती पर2भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में पावर हाउस कैंप-2 में कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर हार्डिकर का स्मरण किया गया। इस अवसर पर भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डी कामराज, मुख्य रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव राजेश प्रसाद गुप्ता ने डॉ. हार्डिकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और आजादी के बाद भी उनका बनाया संगठन सेवादल देश की सेवा में लगा हुआ है। हम उनके बताएं मार्गों पर चले यह हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत डॉक्टर हार्डिकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19937/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19937
वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K15504 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS पिता/पति श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AMARJEET SINGH RIAR पिता/पति श्री/श्रीमती DIWAN SINGH RIAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./20160/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20160
वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K M9203 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS & BUILDERS पिता/पति श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS & BUILDERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती उषा सिन्हा पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री उमेश कान्त सिन्हा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./20168/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20168
वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446SC0306 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS SAI DEVELOPERS पिता/पति श्री/श्रीमती MS SAI DEVELOPERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री जितेन्द्र रामानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. श्री रमेश रामानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19339/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19339
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446N01184 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GOVT LAND KABIJ ATMA RAM SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती JAGDISH SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सुनीता वर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री ओम प्रकाश वर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/मलमा बिक्री नामा शपथ पत्र टैक्स रशीद सहमती पत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19677/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19677
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446J00943 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MOHAMED GANI QURESHI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. MOHAMED ALTAF QURESHI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. सत्य प्रकाश गुप्ता 2. श्रीमती अंजली गुप्ता पिता/पति श्री/श्रीमती 1. पिता श्री देवनंदन प्रसाद 2. पति श्री सत्यप्रकाश गुप्ता ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19687/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19687
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446K00336 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DILIP KUMAR DODWANI पिता/पति श्री/श्रीमती DWARIKA DODWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती संगीता राठौर पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री रामनारायण राठौर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19540/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19540
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446L00354 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ABHILESH KATARIYA NIDHI KATARIYA पिता/पति श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR ABHILESH KATARIYA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RENU-KA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती YOGESH KUMAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19653/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19653
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446Q00054 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SASHI SHRIVASTAVA पिता/पति श्री/श्रीमती ANIL KUMAR SHRIVASTAVA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री राजेश शर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. श्री बाबूलाल शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19923/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19923
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446M00992 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VAN-DANA BALWANI, MOHINI BALWANI, पिता/पति श्री/श्रीमती NANDLAL BALWANI, ASHOK KUMAR BALWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BITHI KUNDU पिता/पति श्री/श्रीमती SOUMYA KUNDU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./20363/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20363
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446LO388E जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RIYA SUNDRANI पिता/पति श्री/श्रीमती KAVI-RAJ SUNDRANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री धन्नू दास बुरडे पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. सरूपदास बुरड़े ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./19203/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 19203
वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446N00222 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS AMISHA IN SKY CREATION BHAGIDAR FERM NAVIN पिता/पति श्री/श्रीमती HARJAS RAI NAGWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती GRISHMA TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती ADITYA MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./20338/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20338
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344F00174 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MOHAN DULHANI, RITU DULHANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. UTTAMC-HAND, MOHAN LAL DULHANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सोनल देवी मोहनानी पिता/पति श्री/श्रीमती श्री राजेश कुमार मोहनानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./20167/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20167
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344K00317 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHIKHA GHOSH पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. SUSHANT KUMAR GHOSH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती नीलू सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती पति देव प्रकाश सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./20541/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20541
वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651F00233 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHHAT-TISGARH PROJECT PVT LTD पिता/पति श्री/श्रीमती CHHATTISGARH PROJECT PVT LTD के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती जया जैन पिता/पति श्री/ श्रीमती पिता श्री धरम चंद जैन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
**ईशतहार**

पत्र क्र./20552/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 07.05.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20552
वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651F00283 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती 1. ANIL KUMAR BOTHARA, 2. SHAILESH KUMAR BOTHARA पिता/पति श्री/श्रीमती LEEMCHAND BOTHARA, ANIL KUMAR BOTHARA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री विशाल सुराना पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. अशोक सुराना ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2 तहसील रायपुर, जिला रायपुर**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक ओमप्रकाश अग्रवाल पिता स्व. सोहन लाल अग्रवाल पिता/पति ...निवासी हीरापुर रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 457/2, 457/3 रकबा 0.0500, 0.1790 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार 02 रायपुर के रा.प्र.क्र ./क/वाचक/ना.तह./2025/अ-12/वर्ष 2024-25 आदेश दिनांक 30.04.2025 के परिपालन में दिनांक 30.05.2025 को 3 पूर्वाहन पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-2**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा मैनेजिंग ट्रस्टी महात्मा विचार निलेय आनंद चेला श्री श्री 48 श्री स्वामी दर्शन पूरन आनंद जी महाराज जी निवासी आनंदपुर जिला अशोक नगर म.प्र. द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 टिकरापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 140/256, 151/226, 151/227,151/228, 151/229, 151/230, 151/231 रकबा क्रमश: 0.0457, 0.1095, 0.1370, 0.1080, 0.1144, 0.0845, 0.0743 कुल रकबा 0.6734 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र./वाचक/नायब तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 15.04.2025 के परिपालन में दिनांक 28.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 69 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-11**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ओमप्रकाश पिता प्रभुदास शादिजा, पूरनलाल पिता लदधाराम बजाज दोनों निवासी ईदगाहभाठा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा पह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 टिकरापारा स्थित भूमि खसरा नंबर376/22 शा.नं. 380/27, 381/22, 382/26 रकबा 0.0200 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के रा.मा.क्र. 202504114900052 /वाचक/नायब तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 09.04.2025 के परिपालन में दिनांक 29.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-11**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 4985/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 07/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रावाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत मोहम्मद अशरफ खान आत्मज श्री मोहम्मद अकबर खान को ब्लॉक 11 में भूखण्ड कमांक एस-02 क्षेत्रफल 538 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड की फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राहय नहीं होगा। दिनांक ....... को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 4984/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 07/05/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रावाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत मोहम्मद असलम खान पिता मोहम्मद अकबर खान एवं मोहम्मद इमरान खान पिता मोहम्मद अकबर खान को ब्लॉक 12 में भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यूआई-28 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राहय नहीं होगा। दिनांक ....... को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/हिबाप्राप्तकर्ता श्री रमीजुद्दीन खान पिता स्व.श्री रफीउद्दीन खान निवासी 26/302, नूरे नबी मस्जिद के पास, नई बस्ती, शालीमार प्रेस, राजातालाब, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित संधारण भूमि शीट नंबर-20, भूखंड क्रमांक-100/3, खसरा नंबर 168/1 का भाग रकबा 553 वर्गफुट, भूमि को हिबादाता मोहम्मद रहीमुउद्दीन पिता स्व. श्री मोहम्मद एजुद्दीन निवासी शालीमार प्रेस, नई बस्ती, राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से नोटराईज हिबानामा दिनांक 26.04.2025 को हिबा में प्राप्त कर दखल कब्जा प्राप्त किया था। अत: उक्त हिबानामा भूमि को नोटराईज हिबानामा के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 26.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 07.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/ब-121/वर्ष 2024-2025
ग्राम कुम्हारी, प.ह.नं. 27
रा.नि.मं. धरसींवा
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 06.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कौशल आहुजा पिता ताराचंद आहुजा निवासी फाफाडीह गली नं. 1 रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख कर बताया है कि ग्राम कुम्हारी प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. धरसींवा 1 स्थित भूमि ख.नं. 12, 28/1, 28/2, 56, 60, 62, 74/2, 98/2, 99, 101/1 रकबा क्रमश: 0.5260, 0.850, 0.0850, 0.3840, 0.2870, 0.9470, 0.0320, 0.0650, 0.3040, 0.9300, 0.8090 कुल खसरा नंबर 11 कुल रकबा 4.4540 हे. भूमि सरस्वती पति किशनचंद आहुजा के नाम पर दर्ज है जिसे दिनांक 07.11.2019 को रजिस्टर्ड वसीयतनामा के अनुसार अशोक आहुजा, ताराचंद आहूजा, मोहन लाल आहुजा, श्रीमती सपना आहुजा, कौशल आहुजा के नाम पर वसीयतनामा किया गया है। वसीयतकर्ता का दिनांक 24.09.2021 के फौत हो चुका है जिसे हेतु नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 20.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AKHILESH JAIN S/O NIRMAL KUMAR JAIN resident of HOUSE NO 159 LATARRA PARA 1 GOBRA NAWAPARA RAIPUR (C.G.) 493881 have changed my old name AKHILESH JAIN S/O NIRMAL KUMAR JAIN so in future I should be recognized by my new name that is AKHILESH KUMAR JAIN S/O NIRMAL KUMAR JAIN in all Government and other documents.

**AKHILESH KUMAR JAIN**
HOUSE NO 159 LATARRA PARA 1 GOBRA NAWAPARA RAIPUR (C.G.) 493881

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHIKHAR JAIN S/O JEEVAN CHAND JAIN resident of H NO F-3, HOLLY CROSS GIRLS SCHOOL, L K APARTMENT PENSENBADA RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my old name SHIKHAR JAIN S/O JEEVAN CHAND JAIN so in future I should be recognized by my new name that is SHIKHAR CHAND JAIN S/O JEEVAN CHAND JAIN in all Government and other documents.

**SHIKHAR CHAND JAIN**
H NO F-3, HOLLY CROSS GIRLS SCHOOL, L K APARTMENT PENSENBADA RAIPUR 492001 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANJAY BHOJWANI S/O MADHAVDAS DHAMANDAS BHOJWANI resident of HOUSE NO. B/12, SECTOR-1 ATM CHOWK, NEAR CAPITAL PALACE, AVANTI VIHAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name SANJAY BHOJWANI S/O MADHAVDAS DHAMANDAS BHOJWANI so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI S/O MADHAVDAS DHAMANDAS BHOJWANI in all Government and other documents.

**SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI**
HOUSE NO. B/12, SECTOR-1 ATM CHOWK, NEAR CAPITAL PALACE, AVANTI VIHAR, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KOMAL BHOJWANI W/O SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI resident of HOUSE NO. B/12, SECTOR-1 ATM CHOWK, NEAR CAPITAL PALACE, AVANTI VIHAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name KOMAL BHOJWANI W/O SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI so in future I should be recognized by my new name that is KOMAL SANJAY BHOJWANI W/O SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI in all Government and other documents.

**KOMAL SANJAY BHOJWANI**
HOUSE NO. B/12, SECTOR-1 ATM CHOWK, NEAR CAPITAL PALACE, AVANTI VIHAR, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NANDINI BHOJWANI D/O SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI resident of HOUSE NO. B/12, SECTOR-1 ATM CHOWK, NEAR CAPITAL PALACE, AVANTI VIHAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name NANDINI BHOJWANI D/O SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI so in future I should be recognized by my new name that is NANDNI SANJAY BHOJWANI D/O SANJAY MADHAVDAS BHOJWANI in all Government and other documents.

**NANDNI SANJAY BHOJWANI**
HOUSE NO. B/12, SECTOR-1 ATM CHOWK, NEAR CAPITAL PALACE, AVANTI VIHAR, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANJAY S/O SHANKAR LAL resident of PLOT NO.43/6, NEHRU NAGAR EAST, MOTI LAL NEHRU NAGAR BHILAI, Durg. DISRTICT- Durg, 490020 (C.G.) have changed my old name SANJAY S/O SHANKAR LAL so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY LAL S/O SHANKAR LAL in all Government and other documents.

**SANJAY LAL**
PLOT NO.43/6, NEHRU NAGAR EAST, MOTI LAL NEHRU NAGAR BHILAI, DURG. DISRTICT- DURG, 490020 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NITESH KUMAR S/O BHOJ RAJ KASAR resident of 45/528 KASAR GALI NEAR RAIPUR CONVENT SCHOOL SATTI BAZAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name NITESH KUMAR S/O BHOJ RAJ KASAR so in future I should be recognized by my new name that is NITESH KASAR S/O BHOJ RAJ KASAR in all Government and other documents.

**NITESH KASAR**
45/528 KASAR GALI NEAR RAIPUR CONVENT SCHOOL SATTI BAZAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PAWAN KUMAR SHARMA S/O MANI LAL SHARMA resident of 47/501, SAI MANDIR GALI, BRAHMAN-PARA AZAD CHOWK RAIPUR (C.G.) have changed my old name PAWAN KUMAR SHARMA S/O MANI LAL SHARMA so in future I should be recognized by my new name that is PAWAN SHARMA S/O MANI LAL SHARMA in all Government and other documents.

**PAWAN SHARMA**
47/501, SAI MANDIR GALI, BRAHMANPARA AZAD CHOWK RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

I, Abhishek Golchha, age 35 years, resident of Vinay Complex, Shankar Chowk, Naya Para, Near Electricity Office, Raipur, Chhattisgarh 492001, make the following declaration for changing the name of my daughter:
My wife's name is Ruchi Golchha.
My daughter's name is "Upasana Jain".
My daughter was born on 23 March 2020 in Raipur, Chhattisgarh.
My daughter's current name is registered as "Upasana Jain" in her birth certificate, Aadhaar card, bank account, school etc. Which I want to change to the new name "Shivika Jain".
This affidavit has been executed to duly change the present name "Upasana Jain" recorded in all the records.
All the information given above is completely true, which I declare through this affidavit.

**SWEARER**
**ABHISHEK GOLCHHA,**
resident of Vinay Complex, Shankar Chowk, Naya Para, Near Electricity Office, Raipur, Chhattisgarh 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAJESH JAIN S/O SON RAJ JAIN resident of H.NO. 04, R.M.S. COLONY, TAGORE NAGAR, RAIPUR (C.G.) have changed my old name RAJESH JAIN S/O SON RAJ JAIN so in future I should be recognized by my new name that is RAJESH KUMAR JAIN S/O SON RAJ JAIN in all Government and other documents.

**RAJESH KUMAR JAIN**
H.NO. 04, R.M.S. COLONY, TAGORE NAGAR, RAIPUR (C.G.)

# ऑपरेशन सिंदूर

आसमान पर उड़ानें भर रहे हैं वायुसेना के लड़ाकू विमान

# भयानक तबाही का मंजर

## प्रभावित कस्बों से भागने लगे लोग





■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 7 मई (देशबन्धु)। भारत-पाक के तनातनी का परिणाम सामने आने लगा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद खिजाई हुई पाक सेना ने एलओसी पर कई इलाकों में भारतीय सीमांत गांवों को सीजफायर के बावजूद गोलों की बरसात से पाट दिया है। इस ओर नुक्सान हुआ है। जवाबी कार्रवाई में उस पार भी जबरदस्त नुक्सान का दावा है। इस बीच रात से ही वायुसेना के लड़ाकू विमानों द्वारा लगातार एलओसी के इलाकों में उड़ानें भरने के कारण लोग सहमे हुए हैं। सेना सूत्रों ने बताया कि पाक सेना ने आज सुबह भी एलओसी से सटे राजौरी व पुंछ सेक्टरों के कई गांवों पर बिना किसी उकसावे के गोलाबारी आरंभ कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, पाक सेना ने तोपखानों से गोले बरसाए। परिणामस्वरूप इन इलाकों में क्षति हुई है जिसका आकलन किया जा रहा है।

रक्षाधिकारियों के मुताबिक, पाक सेना की गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई से पाक क्षेत्रों में भारी तबाही हुई है। उनका कहना था कि भारतीय पक्ष ने हमेशा सैन्य क्षेत्रों को ही निशाना बनाया है पर पाक सेना ने हमेशा नागरिक ठिकानों पर ही गोलाबारी की है। जिसका परिणाम यह है कि राजौरी तथा पुंछ के उन गांवों से लोगों ने पलायन कर लिया जो एलओसी से सटे हुए हैं तथा जिन्हें पाक सेना ने अपना निशाना बनाया था। जम्मू संभाग के राजौरी, पुंछ, जिलों में पाकिस्तानी की बमबारी के बाद दुश्मन के कड़े तेवर बरकरार हैं। युद्ध जैसे हालात बना रहा पाकिस्तान सुबह से सीमांत पुंछ जिले में गोले दाग रहा है। पाकिस्तान की बमबारी के बाद से क्षेत्र में वायुसेना व सेना लगातार हाई अलर्ट पर हैं। दोनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी सोमवार से राजौरी में डेरा डाल कर स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए हैं। भारतीय वायुसेना के कांबेट एयर पेट्रोल में शामिल फाइटर लगातार हवा से देश की हवाई सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। सीमांत जिलों में पाकिस्तान के हवाई हमले व गोलाबारी से क्षेत्र में दशहत का माहौल बना हुआ है। ऐसे हालात में बुधवार को कृष्णा घाटी सेक्टर में सुबह छहे बजे के करीब पाकिस्तान ने सैन्य चौकियों व रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर गोले दागना शुरू कर दिया। रूक रूक कर गोले दागने का सिलसिला जारी है व इससे सीमांत क्षेत्रों में लोगों घरों में छिपे हुए हैं। बुधवार को प्रदेश के सारे स्कूल व कालेज भी बंद कर दिए गए हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू कश्मीर में सभी स्कूल कालेज और हवाई अड्डे बंद, डर और दहशत का माहौल



**जम्मू,** 7 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान द्वारा जवाबी कार्रवाई करने के डर से प्रदेश में आज सभी स्कूल और कालेजों को बंद कर दिया गया है। प्रदेश में डर और दहशत का माहौल है। जबकि भारतीय वायु सेना ने जम्मू और श्रीनगर एयरपोर्ट पर हवाई क्षेत्र को बंद करने की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप आज के लिए नागरिक उड़ान संचालन पूरी तरह से स्थगित हो गए हैं। जानकारी के लिए दोनों हवई अड्डे वायुसेना के अधीन आते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा स्थिति के कारण जम्मू के पांच जिलों में सभी शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ जिलों में सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और एहतियात के तौर पर आधिकारिक सलाह का पालन करने का आग्रह किया है। इसी तरह से डिवेशनल कमिश्नर कश्मीर ने बुधवार को कहा कि कश्मीर के तीन जिलों में सभी शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। डिव कमिशनर कश्मीर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए बारामुल्ला, कुपवाड़ा और गुरेज में शैक्षणिक संस्थान, स्कूल, कॉलेज आज बंद रहेंगे। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और शांति बनाए रखने का आग्रह किया है, साथ ही एहतियात के तौर पर आधिकारिक सलाह का पालन करने को कहा है। इस बीच भारतीय वायु सेना ने जम्मू और श्रीनगर एयरपोर्ट पर हवाई क्षेत्र को बंद करने की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप आज के लिए नागरिक उड़ान संचालन पूरी तरह से स्थगित हो गए हैं। जानकारी के लिए दोनों हवई अड्डे वायुसेना के अधीन आते हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट के निदेशक जावेद अंजुम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि एयरफील्ड बंद है और आज श्रीनगर एयरपोर्ट से कोई भी नागरिक उड़ान संचालित नहीं होगी। यह कदम ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में उठाया गया है, जो नियंत्रण रेखा के पार आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किया गया एक सटीक हमला है।



## जम्मू के इंटरनेशनल बार्डर पर ब्लैकआउट का निर्देश, रातें बंकरों में गुजारने का निर्देश



**जम्मू,** 7 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिफराई हुई पाक सेना की भीषण गोलाबारी लोगों को दहशतजदा कर रही है तो जम्मू सीमा पर हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की गोलाबारी की बड़ी कोई घटना तो नहीं हुई थी लेकिन सुरक्षाबलों के निर्देशों से लोग सकते में हैं। रक्षाधिकारियों ने उन कई गांवों में ब्लैकआउट के निर्देश दिए हैं जो पूरी तरह से इंटरनेशनल बार्डर से सटे हुए हैं। ब्लैकआउट के साथ ही सीमावासियों को रातें बंकरों में गुजारने के लिए कहा गया है।

जम्मू सीमा पर भी हालात बहुत खराब हो गए हैं। पाकिस्तान के साथ तनातनी और युद्ध के माहौल का परिणाम सीमावासी भुगतने लगे हैं। हालांकि जम्मू की इंटरनेशनल सीमा पर पिछले 24 घंटों से मुर्दा शांति का माहौल बना हुआ है पर लोग दहशतजदा जरूर हैं। उनकी दहशत को रक्षाधिकारियों के वे निर्देश भी बढ़ा रहे हैं जिनमें कहा गया है कि जम्मू सीमा के वे गांव रातों को ब्लैकआउट रखें जो पूरी तरह से जीरो लाइन से सटे हुए हैं। यही नहीं रक्षाधिकारियों ने इन गांवों के लोगों को बंकरों में रात गुजारने तथा नए बंकर खोदने के निर्देश देकर अप्रत्यक्ष रूप से यह संकेत दिया है कि हालात बहुत खराब हैं।

जानकारी के लिए जम्मू सीमा इंटरनेशनल बार्डर है पर पाकिस्तान इसे इंटरनेशनल बार्डर मानने को राजी नहीं है। वह इसे वर्किंग बाउंडरी कहता है। उसका कहना है कि 1947 के बंटवारे के समय तक यह सीमा पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर के महाराजा के बीच सीमा थी पर भारत के साथ जम्मू कश्मीर के विवाद के कारण आज तक उसने इसे इंटरनेशनल बार्डर का दर्जा नहीं दिया है। नतीजा सामने है। जम्मू सीमा से पलायन भी आरंभ होने लगा है।

## पाकिस्तान का दावा, भारतीय वायुसेना ने अपनी सीमा से ही दागे हथियार

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने बुधवार सुबह दावा किया कि भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने हवाई क्षेत्र से ही हथियारों का इस्तेमाल नागरिक आबादी को निशाना बनाने के लिए किया। पाकिस्तान सरकार ने एक बयान में आरोप लगाया गया कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के पंजाब में मुरीदके और बहवलपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कोटली और मुजफ्फराबाद में नियंत्रण रेखा के पार के इलाकों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने कहा कि भारतीय कार्रवाई से वाणिज्यिक हवाई यातायात को 'गंभीर खतरा' पैदा हो गया है। बयान में कहा गया है, 'पाकिस्तान अपने हिसाब से समय और स्थान पर उचित तरीके से जवाब देने का मादा रखता है।' पाकिस्तान के डीजी आईएसपीआर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारत ने कोटली, मुरीदके, बहवलपुर, चक अमरू, भीमबर, गुलपुर, सियालकोट और मुजफ्फराबाद में दो जगहों पर हमला किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर रात 1:44 बजे सटीक हमले किए। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में उन ठिकानों पर हमला किया, जहाँ से आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जा रही थी और उन्हें निर्देशित किया जा रहा था। कोडनेम 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत रात भर किए गए सटीक हमलों में कुल नौ जगहों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के जवाब में भारत ने कहा कि हमारी कार्रवाई केंद्रित, मापी हुई और गैर-उग्र प्रकृति की रही है।

## विश्व के नेताओं ने की संयम बरतने की अपील

नई दिल्ली, 7 मई (एजेंसियां)। विश्व नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के मंगलवार देर रात चलाये गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों पर सधी हुई प्रतिक्रिया करते हुए दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने इसके बारे में सुना, मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। उम्मीद है कि यह जल्दी ही खत्म हो जायेगा। वे (भारत-पाकिस्तान) लंबे समय से लड़ रहे हैं, वे कई-कई दशकों से लड़ रहे हैं, अब मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए। चीन ने हालांकि भारत की कार्रवाई को अफसोसजनक करार दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के पड़ोसी भी हैं, चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोनों देशों से शांत रहने, संयम बरतने और ऐसी कार्रवाइयों से बचने की अपील की है, जो स्थिति को और जटिल बना सकती है।

भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में कहा, इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ उनके जघन्य अपराधों से बचने के लिये उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने का आह्वान करते हुए कहा है कि दुनिया इन दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

गुटेरेस ने न्यूयार्क में जारी एक बयान में कहा कि संयुक्त राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि दुनिया भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।

कतर ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर गहरी चिंता जताते हुए दोनों देशों से आग्रह किया है कि वे इस संकट का हल राजनयिक तरीके से निकालें। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने के लिये बातचीत के रास्ते खोलने पर जोर देना चाहिए। दोनों देशों को सकारात्मक बातचीत के जरिये अनसुलझे मुद्दों को सुलझाना चाहिए।

## राघव जुयाल ने कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका की तारीफ की



**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत ने पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लिया। इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया। इस एयर स्ट्राइक पर देशभर से प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई बॉलीवुड कलाकार भी अपना रिएक्शन दे रहे हैं। इस कड़ी में एक्टर राघव जुयाल ने इसे भारत के लिए गौरवान्वित पल करार दिया। राघव जुयाल ने अपने इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की एक छोटी सी क्लिप शेयर की।

## पवन कल्याण से अजय देवगन तक, भारतीय सेना के शौर्य को सितारों ने किया सलाम



पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जवाबी कार्रवाई के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसे लेकर फिल्म जगत के सितारों के जोश का लेवल हाई है। पवन कल्याण समेत तमाम सितारों ने पोस्ट शेयर कर सेना के शौर्य को सलाम किया। अभिनेता अजय देवगन ने लिखा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी भारतीय सेना को सलाम। भारत मजबूत होकर खड़ा है। जय हिंद! अभिनेता महेश बाबू ने लिखा कि यह एक रिमाइंडर है। यह वो मजबूत भारत है, जिसके लिए हम खड़े हैं। मेरा भारत महान। हमारे योद्धाओं को सलाम! अभिनेता मोहनलाल ने लिखा कि हमने सिंदूर सिर्फ परंपरा के तौर पर नहीं, बल्कि अपने संकल्प के प्रतीक के तौर पर लगाया है। हमें चुनौती दोगे तो हम निडर और पहले से ज़्यादा मजबूत होकर उभरेंगे। भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और बीएसएफ के बहादुर जवानों को सलाम। आपका साहस हमारे गौरव को बढ़ाता है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण ने सेना और प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए 'एक्स' हैंडल पर रामधारी सिंह की कविता की एक लाइन को पोस्ट करते हुए लिखा कि वीरता जहां पर नहीं, पुण्य का क्षय है। वीरता जहां पर नहीं, स्वार्थ की जय। दशकों तक सहनशीलता... सहनशीलता!

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बिग बी का मौन, बोले- 'कुछ तो बोलिए बच्चन साहब'



*पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की गई, जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया। इस हमले की गूंज से जहां देश में खुशी का माहौल है वहीं बॉलीवुड में भी नया जोश देखने को मिला। लेकिन इस बीच महानायक अमिताभ बच्चन को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। आखिर क्या है ये पूरा मामला? दरअसल, अमिताभ बच्चन ने मंगलवार देर रात एक बजे एक्स पर पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने सिर्फ नंबर डाला, उसके आगे कुछ भी नहीं लिखा।*

*अमिताभ की पोस्ट में लिखा- 'टी 5371' ऐसे में उनके इस पोस्ट को 'ऑपरेशन सिंदूर' से जोड़कर देखा जा रहा है, लेकिन यूजर्स उनके इस मौन से खफा हैं और कमेंट्स कर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। बता दें कि बिग बी ने ऐसा पहले भी पहलगाम हमले के दौरान किया था। उन्होंने तब भी ब्लैंक पोस्ट शेयर किया था। एक यूजर ने बिग बी को ट्रोल करते हुए लिखा- 'सर, अब तो कुछ बोलिए।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा - 'इस पोस्ट का मतलब क्या है?' अन्य यूजर ने लिखा- 'कम से कम 'ऑपरेशन सिंदूर' ही लिख देते। हम समझ जाते।' ट्रोल करते हुए लोगों ने लिखा- 'ऑपरेशन सिंदूर पर भी कुछ नहीं लिखना है.. जया जी नाराज हो जाएंगी', 'कुछ तो बोलिए बच्चन साहब। भारत माता की जय!!!'*

## कांग्रेस कार्य समिति ने एक स्वर में किया 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन



**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की अनौपचारिक आपात बैठक बुलाई जिसमें पहलगाम हमले के जवाब में सशस्त्र बलों की कार्रवाई का एकजुटता से और एक स्वर में समर्थन किया गया। कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस देश के वीर सैनिकों की साहसिक कार्रवाई की सराहना करती है और आतंकवाद के खिलाफ उठाए जा रहे हर कदम में देश के साथ खड़ी है। अचानक और अनौपचारिकरूप से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली में मौजूद पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने का आग्रह किया गया था।

खरगे ने कहा कि देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई। हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज़ सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं।

**देश में जो घटना घटी है और इसको लेकर सरकार जो कदम उठा रही है उस पर आज हमने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई। हम अपने सशस्त्र बलों पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है।**
**मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दिन से ही कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे नायकों ने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए, देश की एकता और अखंडता के लिए अपनी शहादत तक दी है। हमारे सैनिकों को देश की एकता, हमारी आजादी और देश की अखंडता के लिए हमारा पूरा समर्थन है। इस मुद्दे पर कोई भेदभाव नहीं है और हम एकजुट होकर देश की रक्षा के लिए अपना समर्थन देते हैं और इंडिया गठबंधन की भी यही राय है।

## पिता का जिक्र कर सेलिना ने भारतीय सेना की तारीफ की, 'वो हैं तो हम हैं'



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री सेलिना जेटली ने अपने दिवंगत पिता कर्नल विक्रम कुमार जेटली का जिक्र करते हुए सेना के शौर्य को सलाम किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उन्होंने कहा कि देश के बहादूर जाबांज हमारी सुरक्षा के लिए सीमा पर खड़े रहते हैं। सेलिना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कल रात, मैं अपने दिवंगत पिता कर्नल विक्रम कुमार जेटली (एसएम) के बारे में सोच रही थी। उन्हें उनकी टीम टाइगर बुलाती थी। वह 1971 के युद्ध में मात्र 21 वर्ष की उम्र में शामिल हुए थे। इस दौरान वह युद्ध में घायल हो गए थे। उनके पैर गोलियों से घायल हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद उनकी हिम्मत में कोई कमी नहीं आई और वह मैदान में डटकर खड़े रहे। उन्होंने लिखा कि मेरे पिता धरती के एक सच्चे सपूत थे। मैं रात में अचानक से उठी और सोशल मीडिया पर ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पढ़ा। मुझे आश्चर्य हुआ... वे अभी भी पहरा दे रहे थे? निधन के बाद भी? मुझे नहीं पता... शायद यह सब मेरे दिमाग में चल रहा है.. लेकिन, मैं एक सैनिक की बेटी के रूप में जानती हूं कि शांति की कीमत खून से चुकाई जाती है। एक सैनिक की आत्मा कोई जाति, रंग, नाम और धर्म नहीं जानती। वह हम सबकी रक्षा करता है, फौलाद की तरह। सेलिना ने आगे लिखा कि अगली बार जब आप किसी सैनिक का अपमान करें, उसके परिवार का मजाक उड़ाएं, धोखा दें तो याद रखें।

रायपुर, गुरुवार 8 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## पाकिस्तान को माकूल जवाब

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने बेहद पेशेवराना अंदाज़ में पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकियों के 9 ठिकानों को उड़ाकर रख दिया। बड़ी संख्या में दहशतगर्दों को मौत की नींद सुलाने वाले 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये उन निर्दोषों को न्याय दिया गया जो कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गयी अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये थे। उस कायराना और अमानवीय आतंकी कार्रवाई में कई सुहाग उजड़े थे। सम्भवत: इसीलिये इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम दिया गया। सेना ने यह कार्रवाई बुधवार तड़के में और बुधवार शाम को ही युद्धाभ्यास के रूप में भारत 244 जिलों में अपने नागरिकों को बचाने के लिये सामूहिक मॉक ड्रिल करने जा रहा था। बुधवार की शाम को यह सफलतापूर्वक किया भी गया।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने इस पूरे ऑपरेशन का विवरण देते हुए सुबह दिल्ली में बुलाई एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पड़ोसी मुल्क के किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया और तब तक किसी भी नागरिक के मारे जाने की खबर नहीं थी। हालांकि आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों के मारे जाने की खबर खुद मसूद अजहर के हवाले से ही आई है। वहां से कुछ आम नागरिकों के घायल होने की अपुष्ट खबरें भी हैं जो वायरल वीडियो के जरिये पहुंची हैं। इस जवाबी हमले के बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा सीमा से सटे पूंछ इलाके में फायरिंग किये जाने के समाचार मिले हैं जिनमें 10 भारतीयों के मारे जाने तथा कुछ लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है।

भारतीय सेना के तीनों अंगों की यह संयुक्त कार्रवाई इसलिये काबिले-तारीफ है कि इससे विश्व बिरादरी को कहीं भी शिकायत या आपत्ति दर्ज करने का मौका नहीं मिला है। पाकिस्तान के पास भी इसलिये कहने को कुछ भी नहीं रह जाता क्योंकि जिन ठिकानों को हमलों के जरिये नेस्तनाबूद किया गया वे सटीक जानकारी के आधार पर उड़ाये गये हैं और यह पहले से साबित हो चुका था कि उन ठिकानों से चरमपंथी भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते रहे हैं। पहलगाम घटना का सबक भारतीय सेना ने आतंकियों को अच्छी तरह से सिखा दिया। पाकिस्तान के पास भी विरोध के नाम पर कुछ कहने को रह नहीं जाता इसलिए अब वहां से सुलह और शांति की बातें सेना की ओर से आ रही हैं। पाकिस्तानी सेना के अफसर जानते हैं कि पहलगाम घटना के बाद विश्व सहानुभूति भारत के साथ है। दूसरे, इस वक्त उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इस घटना को बड़ी लड़ाई में तब्दील करने का दुस्साहस करे। यदि वह ऐसा करता है तो यह उसकी वैसी ही भूल होगी जो वह 1999 में कारगिल तथा उसके पहले तीन बार पूर्ण युद्ध छेड़कर कर चुका है। हर बार उसे मुंह की खानी पड़ी।

बेशक, हर बार की ही तरह इस वक्त भी भारत का ही पलड़ा भारी है लेकिन उसे भी युद्ध से बचना होगा। इस कार्रवाई से देश के अंदर आतंकियों के खिलाफ़ जो असंतोष व नाराज़गी बनी थी, उसे मिटाने में सरकार को काफी हद तक सफलता मिल गयी है। जो चीन लड़ाई की स्थिति में पाकिस्तान के साथ खड़ा होने की बात कर रहा था, उसके पास भी कोई कारण और अवसर नहीं रह जाता कि वह पाक को समर प्रांगण में ढकेले। पाकिस्तान से भी इसी आशय के संकेत मिल रहे हैं कि चीन का साथ मिलने के बावजूद पाकिस्तान युद्ध से बचेगा। दूसरे, अगर वह लड़ाई छेड़ता है तो माना जायेगा कि वह आतंकवादियों का इस हद तक समर्थन करता है कि उसके लिये लड़ाई तक छेड़ सकता है। पहले भी उस पर दहशतगर्दों को पनाह देने और अपनी धरती का इस्तेमाल करने देने के आरोप लगते रहे हैं। उसे इस मामले में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आलोचना झेलनी पड़ी है, परन्तु पाकिस्तान अक्सर यह कहकर खुद को बचा लेता है कि वह स्वयं आतंकवाद से पीड़ित है। हालांकि उसकी बातों में आंशिक सच्चाई तो है कि पाकिस्तान में भी ये आतंकवादी कार्रवाइयां करने से बाज नहीं आते, जिनमें उसके अपने नागरिक अक्सर मारे जाते हैं। फिर भी उसे आतंकवाद को प्रश्रय और सहायता देने के आरोपों से पूरी तरह मुक्त नहीं किया जा सकता क्योंकि आतंकियों के सफाये के लिये वह उस संजीदगी व सघनता से काम नहीं करता, जैसा कि अपेक्षित है। पाकिस्तान के कट्टरपंथी धार्मिक व राजनीतिक नेताओं, सेना एवं आईएसआई की मिलीभगत से ऐसा होता है- इससे भी सहमत हुआ जा सकता है।

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले ही यह कह दिया था कि 'भारत व पाकिस्तान दोनों ही उनके करीब हैं'। वे यह भी मानते हैं कि दोनों देश अपनी समस्या को मिलकर सुलझा सकते हैं। इसका साफ अर्थ है कि फिलहाल अमेरिका बीच में नहीं पड़ेगा लेकिन चाहेगा कि दोनों देश लड़ाई-झगड़े में न पड़ें। भारत को जो हासिल करना था, वह उसने कर लिया है। अब उसे इसलिये भी इस मामले को जल्दी समेट लेना चाहिये क्योंकि अभी ज्यादातर देश उसके साथ हैं। कम से कम कोई विरोध में आता नहीं दिख रहा है। चीन जो पाकिस्तान के साथ आने की बात कह रहा था, उसके पास अब कोई कारण नहीं रह गया है। यदि आतंकवाद से लेकर किसी भी मुद्दे पर पाकिस्तान कोई चर्चा करना चाहता है या इस मसले को विराम देना चाहता है, तो भारत को भी सकारात्मक प्रतिसाद देकर मामले को खत्म करना चाहिये। बेशक वह ऐसा करने के पहले पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दे।

# मंगलसूत्र के बाद सिंदूर, नाम में बहुत कुछ रखा है

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

शेक्सपियर साहब भारत में होते तो शायद कभी न लिख पाते कि नाम में क्या रखा है, क्योंकि यहां तो बड़े सियासी खेल नाम के बूते ही खेले जाते हैं। दुश्मनों को जवाब देने में भी कौन से नाम का क्या असर पड़ेगा, इसकी रणनीति भी तैयार होती है। तो कम से कम भारत के संदर्भ में देखें तो नाम में बहुत कुछ रखा है।

मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में बने 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया तो उसके लिए नाम चुना गया ऑपरेशन सिंदूर। भारतीयों के लिए सिंदूर महज एक रासायनिक पदार्थ वर्मिलियन नहीं है, बल्कि इसका सांस्कृतिक, धार्मिक और भावनात्मक महत्व है। हिंदू धर्म में बिना सिंदूर के विवाह संपन्न नहीं होता और विवाहिताएं तब तक सिंदूर लगाती हैं, जब तक उनका सुहाग बना रहता है, यानी जब तक पति जीवित है, विवाहिता मांग में सिंदूर भरती है। लेकिन पति की मौत के बाद सिंदूर नहीं लगाया जाता, इसलिए विधवा होने के लिए मांग उजड़ना जैसे मुहावरों का इस्तेमाल होता है। पौराणिक कथाओं में देवियों के श्रृंगार में सिंदूर शामिल था ही, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर देखें तो गुप्त काल ( लगभग 320-550 ई. ) तक सिंदूर विवाह अनुष्ठानों से पूरी तरह जुड़ गया।

हमारी फिल्मों में कई भावुक दृश्यों में सिंदूर के जरिए नारी शक्ति या सुहाग की ताकत को दिखाया गया। फिल्म ओम शांति ओम का तो संवाद ही बेहद चर्चित हो गया था, जिसमें दीपिका पादुकोण कहती हैं- एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू, ईश्वर का आशीर्वाद होता है एक चुटकी सिंदूर, सुहागन के सिर का ताज होता है एक चुटकी सिंदूर, हर औरत का ख्वाब होता है एक चुटकी सिंदूर। इस फिल्म के लिए मयूर पुरी ने जब ये संवाद लिखा होगा तो उन्हें अनुमान भी नहीं रहा होगा कि यह न केवल कई मौकों पर अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जाएगा, बल्कि लगभग 2 दशक बाद इसे आतंकवाद का जवाब देने पर भी दोहराया जाएगा। इसी फिल्म में मयूर पुरी ने एक और संवाद लिखा था कि पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। और बुधवार को यह संवाद भी लोगों को याद आ गया जब पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज नरवणे ने ट्वीट किया कि पिक्चर अभी बाकी है। दरअसल जनरल मनोज नरवणे ने संकेत दिए कि पाकिस्तान को अभी पहला सबक ही सिखाया है, अभी इसके आगे आतंकवाद के कई और अड्डे भी तबाह होंगे। आगे और किस तरह के नामों के तहत सैन्य कार्रवाई होगी, ये देखना होगा। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बता दिया कि राजनैतिक चतुराई और रणनीतिक कौशल उनमें कूट-कूट कर भरा है।

याद कीजिए, लोकसभा चुनावों के वक्त प्रचार रैलियों का, जिनमें नरेन्द्र मोदी ने मंगलसूत्र छीनने का आरोप विपक्ष पर लगाया था और महिला मतदाताओं को यही कहकर अपनी तरफ करने की कोशिश की थी कि भाजपा ही है जो उनके मंगलसूत्र की रक्षा कर सकती है। श्री मोदी के ऐसे बयानों की पर्याप्त आलोचना हुई और सवाल उठे कि वे किस तरह मंगलसूत्र को चुनावी मुद्दा बना सकते हैं। अब मंगलसूत्र के बाद नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर का प्रतीक अपनी रणनीति में शामिल किया है और कमाल देखिए कि इस बार विपक्ष सवाल नहीं उठा रहा, बल्कि सरकार के साथ खड़े होने का दावा कर रहा है। ऐसा होना भी था, क्योंकि विपक्ष आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर न रखकर अ ब स कुछ भी रखा जाता, तब भी विपक्ष का रवैया यही रहता। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर नाम के ऑपरेशन से दूरगामी बाजी जीतने का दांव चल दिया है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पुरुषों को खास तौर पर निशाना बनाया था और खबरें थीं कि उनसे धर्म भी पूछा गया था। इस लिहाज से व्याख्या करें तो हिंदू स्त्रियों की मांग से सिंदूर उजाड़ने का काम आतंकियों ने किया और इसका जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने आतंकियों के ठिकानों को उजाड़ दिया।

दो हफ्तों से देश इंतजार कर रहा था कि कब सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगी। इस इंतजार में देश के अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का बहाना विघ्नसंतोषियों को मिला और कई कश्मीरी नागरिकों व मुस्लिमों को जबरन प्रताड़ित किया गया। इस पर शहीद नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपील भी की थी कि आतंकियों से बदला लें, लेकिन किसी को धर्म के नाम पर न सताएं। गौरतलब है कि हिमांशी नरवाल पहलगाम हमले में विधवा हुईं थीं, 16 अप्रैल को उनका विवाह हुआ था और 22 अप्रैल को उनके पति को आतंकियों ने मार दिया। उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई, जिसमें वे स्तब्ध अपने पति के शव के पास बैठी हैं। लेकिन इस घटना के बाद भी हिमांशी नरवाल ने हिम्मत का परिचय दिया और अपना दर्द बर्दाश्त करते हुए यही अपील की कि किसी निर्दोष को दर्द न मिले। कायदे से इस बात पर उनकी जी खोलकर सराहना होनी चाहिए थी लेकिन कुंठित सोच और नफरती कुनबे में बदल रहे समाज की तरफ से उन पर ऐसे-ऐसे लांछन लगाए गए जिनकी निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं। विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा में जब हिमांशी नरवाल लोगों से मिल रही थीं तो उनके चेहरे पर जूम कर वीडियो बनाए गए कि उनकी आंखों में दर्द नहीं है। किसी ने लिखा कि ये इतनी आराम से कैसे खड़ी है, जबकि इसका सुहाग उजड़े 20 दिन भी नहीं हुए। एक ट्रोलर ने तो हिमांशी पर आतंकियों से मिले होने तक का बेहूदा इल्जाम लगा दिया कि अपने पति को मरवाने में उसने साथ दिया और अब सरकार से मुआवजा लेकर वह अपने किसी कश्मीरी दोस्त से शादी कर लेगी। यानी जिसकी जैसी मर्जी हुई उसने हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछाला। हालांकि ऐसा करने वालों से ये नहीं देखा कि उन्होंने कितनी हिम्मत से अपने दर्द को समेटा है और समाज को एकजुट रखने की अपील की है। यह देखकर काफी अफसोस हुआ कि हरियाणा या केंद्र की भाजपा सरकार के किसी व्यक्ति ने ऐसे ट्रोलर्स को गलत नहीं कहा या खुलकर हिमांशी नरवाल के साथ वे खड़े हुए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी ट्वीट कर टोलर्स की बात को गलत तो कहा, लेकिन सरकार से ऐसी कोई अपील नहीं की कि हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछालने वालों के सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रतिबंध लगे। क्या ऐसे लोगों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा नहीं था, यह सवाल अब भी सरकार के सामने है।

बहरहाल मंगलवार को हिमांशी नरवाल से मिलने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनके करनाल स्थित घर पहुंचे। और मंगलवार की आधी रात को ही जब ऑपरेशन सिंदूर किया गया तो इसे हिमांशी समेत उन तमाम महिलाओं की उजड़ी मांग का बदला माना गया, जिनके पति पहलगाम हमले में मारे गए। इस लिहाज से ऑपरेशन सिंदूर इस कार्रवाई के लिए एक सटीक नाम माना जा रहा है और यहां श्री मोदी ने अपने रणनीतिक अंक बढ़वा लिए हैं। इस ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देश और दुनिया को जब बुधवार सुबह औपचारिक तौर पर दी गई तो इसमें भी विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विस्तृत जानकारी दी कि किस तरह पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को चिन्हित किया गया, किस ठिकाने पर कौन से आतंकी संगठन का अड्डा था और पूरे ऑपरेशन में कितना वक्त लगा आदि।

सेना और सरकार की तरफ से यह भी एक माकूल कदम था कि दो महिला सैन्य अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई। हालांकि सेना में धर्म की पहचान गौण हो जाती है और कर्तव्यपरायणता ही सर्वोपरि रहती है, लेकिन फिर भी कर्नल सोफिया कुरैशी का सामने होना पाकिस्तान को कड़ा संदेश था और साथ ही देश के भीतर बैठे उन अराजक तत्वों को भी नसीहत थी कि धर्म के आधार पर विभाजन करने की कोशिश न की जाए, क्योंकि जब दुश्मनों को जवाब देने की बारी आती है तो भारतीय सेना में शामिल सारे धर्मों के लोग एक साथ मिलकर जवाब देते हैं। सोफिया का मतलब होता है बुद्धि और व्योमिका मतलब है आकाश की बेटी या आकाश में रहने वाली और दिलचस्प संयोग रहा कि भारतीय सेना ने बुद्धि और साहस दोनों के मेल से आकाश के जरिए ही आतंकियों को सबक सिखा दिया है।

भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

**भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।**

# भारत पहले सिंधु नदी के जल पर देश के वास्तविक नियंत्रण की तैयारी करे

■ अंजन रॉय

पानी में आसानी से आग लग सकती है। जब सिंधु नदी के जल की बात आती है, तो हम देख रहे हैं कि यह कितना ज्वलनशील हो सकता है - कम से कम अभी के लिए, मौखिक रूप से ही सही, विशेषकर भारत द्वारा सिंधु जलसंधि को निलंबित करने के बाद।

यह एक व्यापक सशस्त्र संघर्ष का केंद्र भी बन सकता है। लेकिन इसके साथ ही कुछ गंभीर विचार भी हैं। एक व्यापक या लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से बचना भारत के हित में है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक वृद्धि पटरी से उतर सकती है। युद्ध से उच्च राजकोषीय घाटा, या आर्थिक नीति की बाध्यताओं से ध्यान भटकाना, विकास प्रक्रिया को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है।

भारत के लिए पाकिस्तान को दंडित करने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि वह देश को आर्थिक रूप से भूखा रखे और उसके अंतिम आर्थिक दिवालियापन की ओर बढ़ाये, ताकि नागरिक जीवन पर सेना की पकड़ ढीली हो जाये। सिंधु जल संधि की बात करें तो जल संधि को स्थगित रखना अच्छी बात थी, लेकिन वास्तव में इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। और यहीं कहानी की असली कहानी है।

अब ऐसी खबरें हैं कि भारत बगलिहार बांध का उपयोग करके चिनाब नदी के प्रवाह को रोकने का प्रस्ताव रखता है। चिनाब एक पश्चिमी नदी है और संधि के तहत भारत केवल कुछ सीमित तरीकों से इसका उपयोग कर सकता है। यह एक रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना है, जिसका अर्थ है कि केवल सीमित उपयोग। बगलिहार में 900 मेगावाट क्षमता का पनबिजली स्टेशन है। लेकिन इसकी भंडारण क्षमता सीमित है। ट्रे को अलग रखना और इसके पानी को मोड़ना वास्तव में पाकिस्तान की नस को काटना हो सकता है। देश अपने अस्तित्व के लिए इन पानी के उपयोग पर पूरी तरह से निर्भर है। लेकिन यह निर्णय आतंकवादी राज्य को तभी नुकसान पहुंचा सकता है जब पाकिस्तान में पानी का प्रवाह वास्तव में रुक जाये। इसका मतलब है कि भारत के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वास्तविक बुनियादी ढांचा और साधन होने चाहिए।

सिंधु जल प्रणाली की पश्चिमी नदियां, साथ ही भारत से होकर बहने वाली पूर्वी नदियां, गर्मियों के महीनों में भारी मात्रा में पानी प्राप्त करती हैं, जब ग्लेशियर और हिमालय के ऊपरी हिस्से पर अधिक तापमान होने लगता है। हिमालय की पिघलती बर्फ नदियों में लाखों क्यूसेक पानी छोड़ती है।

भौगोलिक रूप से हिमालय को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शीतल जल भंडार माना जाता है, अन्य दो हैं दोनों ध्रुवीय क्षेत्र, उत्तरी ध्रुव और अंटार्कटिका। सर्दियों के महीनों में गिरने वाली और जमने वाली बर्फ, उपमहाद्वीप में इन गर्म महीनों में पिघलने लगती है।

सिंधु जल प्रणाली में छह नदियां हैं, पूर्वी नदियां, ब्यास, सतलुज और रावी ये भारत की ओर जाती हैं। सिंधु, झेलम और चिनाब पाकिस्तान के हिस्से में आती हैं। पश्चिमी नदियों को पिघलते हिमालय से भारी मात्रा में पानी मिलता है।

लेकिन इन नदियों के ऊपरी इलाकों में पूरे मौसम में बढ़ते पानी को संग्रहित करने के लिए बहुत कम बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। उन्हें रोके रखने से विनाशकारी बाढ़ आ सकती है और झरने के प्रवाह के विभिन्न स्तरों पर दबाव पड़ सकता है। इसके लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के निर्माण की आवश्यकता होगी, जिसके लिए हाइड्रोलॉजिकल क्षमता और इंजीनियरिंग कौशल की आवश्यकता होगी।

जहां तक आम जानकारी है, वर्तमान में समग्र प्रवाह के किसी भी महत्वपूर्ण हिस्से को संग्रहित करने के लिए ऐसा बहुत कम बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। 1960 के बाद से, हमने उच्च जल प्रवाह के मौसम में प्रवाह के कुछ हिस्सों को संग्रहित करने के लिए ऐसी कार्य योजना पर ज्यादा विचार नहीं किया है।

ऐसी कोई भी सुविचारित योजना बहुत बड़ा अंतर ला सकती थी। सिर्फ पाकिस्तान को दंडित करने के लिए नहीं, क्योंकि यह इस रणनीतिक सोच का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है। ये पानी उत्तरी भागों में कृषि और खेती की गतिविधियों के साथ-साथ घरों में अच्छे पेयजल की आपूर्ति के लिए भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते थे।

**ऐसी कोई भी सुविचारित योजना बहुत बड़ा अंतर ला सकती थी। सिर्फ पाकिस्तान को दंडित करने के लिए नहीं, क्योंकि यह इस रणनीतिक सोच का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है। ये पानी उत्तरी भागों में कृषि और खेती की गतिविधियों के साथ-साथ घरों में अच्छे पेयजल की आपूर्ति के लिए भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते थे।**

अब, जब हम देख रहे हैं कि ये पानी क्या रणनीतिक हथियार हो सकते हैं, तो ऐसे कार्यक्रम के लिए एक एकीकृत योजना के बारे में सोचने का समय आ गया है। इसके लिए न केवल तकनीकी क्षमताओं और इंजीनियरिंग कौशल की आवश्यकता होगी, बल्कि बहुत अधिक धन की भी आवश्यकता होगी।

हमारे ज्ञान के लिए, हम पहले से ही देख रहे हैं कि चीन किस तरह से बहु-देशीय एशियाई नदियों के ऊपर सुविधाओं का निर्माण कर रहा है ताकि हिमालय की ऊपरी पहुंच में उपलब्ध विशाल जल संसाधनों का दोहन और उपयोग किया जा सके।

हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि चीन पहले से ही हिमालयी ऊपरी पहुंच में ब्रह्मपुत्र नदी को मोड़ने का काम कर रहा है, जहां यह भारत में प्रवेश करने से पहले पूर्वी हिमालय में एक तीव्र मोड़ लेती है। हमारी आपत्तियों के बावजूद चीन अपने मैदानों और कृषि भूमि को पानी देने के लिए त्सांग पो - ब्रह्मपुत्र का चीनी नाम - को मोड़ने की अपनी योजना पर आगे बढ़ रहा है।

एक बार जब यह परियोजना पूरी हो जाती है, तो भारत के उत्तर पूर्व के बड़े हिस्से, साथ ही बांग्लादेश भी शुष्क रेगिस्तान में बदल जायेंगे। हालांकि, चीन अन्य देशों के किसी भी विरोध पर ध्यान नहीं देता है।

हमें चीन से सीख लेनी चाहिए और सिंधु जल प्रणाली के लिए अपनी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए ताकि इन प्रवाहों से अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

सिंधु जल प्रणाली के लिए प्रतिस्पर्धा अभी शुरू हुई है। अब जबकि हमने लंबे समय तक प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध कर लिया है, तो योजना और उसके क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। भारत का खून बहने के बजाय, जैसा कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने धमकी दी है, नदी पर वास्तविक नियंत्रण हमारे देश भारत के हाथ में होना चाहिए।

## आपके पत्र

### सरहद से घुसपैठ बड़ी समस्या

बेईमानी की आय से रातोंरात महल खड़ा करने की लालच ने बनाए बांग्लादेशी घुसपैठियों का हमदर्द। घुसपैठ बड़ी समस्या बनती जा रही है। सरहद पार से भारत में घुसपैठ की बढ़ती तादाद ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। पग पग पर अनीति का साम्राज्य स्थापित होता जा रहा है। पैसे के लालच ने अंधा कर दिया है और रातों रात करोड़पति बनने के ख्वाब ने एजेंटों को देशद्रोही प्रवृति करने के लिए मजबूर कर दिया है। एक सर्वे के अनुसार देश में हजारों घुसपैठियों के घुसने और आधार कार्ड बनाकर रहने की खबर अखबार की सुर्खियों में रहती है। यह देश का दुर्भाग्य है कि भारत में हर रोज घुसपैठ की खबर टॉक ऑफ टाउन रहती है। लेकिन सीमा सुरक्षा के जवानों की आंखों में धूल झोंक कर भारत में आना आसान नहीं है इसलिए मेघालय के रास्ते दलालों के सहयोग से घुसपैठ करने की खबर दिल्ली में पकड़े गए 44 बांग्लादेशियों से प्राप्त हुई है। भारत की नागरिकता और आधार कार्ड आदि दस्तावेज बनाने के लिए एजेंट सक्रिय हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों का दिल्ली से चेन्नई तक तार जुड़े हुए हैं। चेन्नई पुलिस ने 33 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। भारत को धर्मशाला समझने वाले घुसपैठियों पर बराबर कार्रवाई होनी चाहिए। भारत में घुसपैठ का धंधा फल-फूल रहा है। लाखों की हेराफेरी करने वाले स्थानीय एजेंट इनके दस्तावेज बड़ी रकम ऐंठकर बनाते हैं। घुसपैठ की इस महामारी को खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे। पुलिस को आशंका है कि सौ से अधिक आरोपितों को पकड़ा जा सकता है। मेघालय और पश्चिमी बंगाल के रास्ते घुसपैठियों की आसानी से एंट्री हो जाती है। यह देश के लिए घातक है। देश में फर्जी दस्तावेज बनाकर रह रहे घुसपैठिए को एजेंटों का बराबर सहयोग मिल रहा है। भारत को अपनी जागीर जमझने वाले को कानून के दायरे में लेना होगा। दिल्ली पुलिस ने इमिग्रेशन रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 44 घुसपैठियों को पकड़ा गया है। हमारे पड़ोसी देश से किस तरह से एजेंटों के सहयोग से बड़ा कारनामा किया जा रहा है। देशद्रोही प्रवृतियों में सलंग्न सभी अपराधियों पर कड़ी निगरानी करनी होगी। इस तरह की प्रवृति हर देश में निठल्ले और बेईमान लोगों की वजह से फल-फूल रही है। देश में अवैध रूप से रहकर अवैध कारोबार करने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए। दिल्ली पुलिस ने 11 आधार कार्ड, कम्प्यूटर और अनेक चौंकाने वाले दस्तावेज कब्जे में कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा गया है। पुलिस को मिली कामयाबी की वजह सरकार सख्त है। भारत में घुसपैठियों की पहचान कर देश से निकाल बाहर करना चाहिए। देश में जनसंख्या बढ़ाने की इस मुहिम में अंतरराष्ट्रीय गिरोह सक्रिय है। भारत की सरहदें मजबूत और चाक-चौबंद करने की अति आवश्यकता है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### परीक्षा की एक और घड़ी

*'हम घटनाचक्र की बारीकियों पर नहीं जाना चाहते। पाठकों के पास सूचनाओं की कमी नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया जो कुछ परोस रहा है उसमें तथ्यों को निकालना व घटनाओं का विश्लेषण करना आसान नहीं है, लेकिन विवेकशील नागरिकों को यह कष्ट उठाना ही चाहिए। उन्हें हम कहना चाहते हैं कि ऐसे कठिन समय भावनाओं में बहने से अपना याने देश का ही नुकसान होता है। यह समझना जरूरी है कि विभिन्न समुदायों के बीच अविश्वास, घृणा और हिंसा का माहौल बनाने के पीछे कौन सी ताकतें हैं और उनके मंसूबे क्या हैं। काश्मीर, पंजाब और असम से लेकर केरल और तमिलनाडु तक पूरे देश में समय-समय पर हमने हिंसा की वाला को न सिर्फ महसूस किया है बल्कि उसमें बार-बार जले भी हैं। यह सामान्य बुध्दि कहती है कि जब पड़ोसी का घर जलता है तो उसकी लपटों से हमारा घर भी नहीं बच सकता। इसलिए अपने पाठकों से निवेदन है कि वे किसी भी तरह से भावनाओं के उन्माद में न आएं और फेसबुक, ट्विटर, एसएमएस आदि का उपयोग भड़काने वाले बयानों के लिए न होने दें।'*

**( देशबन्धु में 18 अगस्त 2012 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/08/blog-post_17.html

## पावन प्रसंग

### बंधन मुक्त हो हमारा जीवन

मानवीय जीवन का यह स्वभाव है कि वह हर विचार-वस्तु से अपना तारतम्य स्थापित करने में सक्षम है अर्थात उसे किसी भी विषय को स्वीकारने में तनिक भी देर नहीं लगती। कारण कि वह बहुत समय से अभ्यस्त है एक निश्चित ढर्रे पर कार्य करने हेतु। उसकी पीड़ा यह है कि वह कर्म में लगती तो है, पर अपने वास्तविक -स्वभाव में अटल स्थिति होने में उसे विषय संयोग बाधा पहुंचाते हैं। उसकी महत्ता इसी में है कि वह अपने आप को कुप्रभावों से रहित करे, चाल-चलन के पार देखने का अभ्यास हो तथा जीवन को अधिक रसयुक्त बना सच्चे अर्थों में उसे नवीन बनाए। जिस दृष्टिकोण से चेतना परिष्कृत होती है। वह कोई और नहीं, उसका गुण-कर्म-स्वभाव का परिष्कार ही है। इसे ही हम आत्मिकी के विकास की प्राथमिक आवश्यकता कहते हैं। जीवन का यथार्थ पथ वही है, जो इस दृष्टिकोण को विकसित करता जाए. तथा जीवन से हर प्रकार के बंधन को मिटा, उसे स्वच्छ, निर्मल एवं पवित्र भी बनाता जाए।

जीवन बंधनग्रस्त कब होता है ? जब उसे अपनी दिशा का पता नहीं लगता, जब वह अंधकार में यों ही रमण किया करता है, उसकी प्रतिभा का जागरण किसी उद्देश्य की प्राप्ति में नहीं हो पाता। हमें अपना जीवन ऐसा बनाना चाहिए, जो यथार्थ में जीवन संपदा का सच्चा सदुपयोग कर सके। उसे आवश्यकता है हमारी बंधनों एवं कुप्रभावों से विरक्ति तथा अनुकूल प्रयोजन को समझ उस दिशा में हमारा आगे बढ़ना।

जीवन का सत्य पथ वही है जो विवेक की अश्रुधारा से निकला हो, जिसे बनाने में आत्मा का धैर्य एवं पुरुषार्थ लगा हो, जो सच्चे अर्थों मैं हमें नवीन बनाए तथा चाल-चलन से परे सत्य के एकाधिकार में ले। हमारा जीवन किस महान दृष्टिकोण को अंगीकार करे इसे समझना हो तो एक काम करें। चुपचाप अकेले में यथावस्तु बैठ जाए। देखें कि क्या ऐसा है जो रोक रहा है हमें अपनी वास्तविक क्षमता के प्रदर्शन हेतु, ढूंढें कि किस मार्ग से हम आगे चलें, ताकि जीवन का सच्चा सदुपयोग अपनी प्रेरणा वशवर्ती हो सके। जीवन यथार्थ में उसी का बना है, जिसने अपनी आत्मा के संसर्ग को कौड़ियों के मोल नहीं बेचा जो इस सत्य से परिचित हो गया कि जीवन का एकांत पथ किसी और पर निर्भर नहीं, उसे तो स्वयं के ही दिशाचलन से पार किया जा सकता है। जीवन की यह अद्भुत महानता है कि उसे किसी अन्य का नहीं एकमात्र सत्य का आशीष तथा प्रेरणा का अनुपुंज चाहिए। प्रेरणा जितनी महान होगी जीवन उतना ही निखरता चला जाएगा। अंतत: उसे उस सुखसागर में वो मिलेगा, जिसे परमात्मा कहते हैं। इसलिए पूर्व तैयारी रखिए सभी कंटकाकीर्ण परिस्थितियों को स्वयं की अनदेखी में हुए क्रिया-कृत्यों को तथा मार्ग की अनेकानेक बाधाओं को हटाइए और यथार्थ पथ का अनुसंधान करिए।

**- अखंड ज्योति**

## लाल सागर में गिरा अमेरिका का लड़ाकू विमान

**लॉस एंजिल्स,** 7 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के हैरी एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत से फिसलकर एक और अमेरिकी लड़ाकू विमान मंगलवार को लाल सागर में गिर गया। इस तरह से यह एक सप्ताह से कुछ अधिक समय में विमानवाहक पोत से अमेरिकी लड़ाकू विमान के गिरने की दूसरी धटना है। एनबीसी न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से अपनी बताया गया कि विमान, एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट, मंगलवार को 9:45 बजे स्थानीय समय के आसपास लैंडिंग के प्रयास के दौरान पानी में गिर गया। हादसे के समय लड़ाकू विमान अरेस्टिंग वायर को जोड़ने में विफल रहा। उन्होंने बताया कि विमान में सवार दोनों विमान चालक सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए और उन्हें केवल मामूली चोटें आई हैं।

# देश विदेश

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा

# अगर भारत पीछे हटेगा तो हम भी तनाव खत्म कर देंगे

**इस्लामाबाद,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अगर भारत अपने आक्रामक रुख से पीछे हटता है, तभी यह तनाव खत्म हो सकता है। यह बयान तब आया जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ जगहों पर हवाई हमले किए। भारत का कहना है कि ये हमले आतंकवादी ठिकानों पर किए गए थे। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास जवाबी कार्रवाई का दावा किया है।

ब्लूमबर्ग से बात करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमला शुरू नहीं किया, बल्कि केवल भारत के हमले का जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि यह सब भारत ने शुरू किया है। अगर भारत पीछे हटेगा तो हम भी तनाव खत्म कर देंगे। लेकिन जब तक हम पर हमला होता रहेगा, हमें अपनी रक्षा करनी होगी।

पाकिस्तान के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) के प्रमुख जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बताया कि इन हवाई हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हुई और 46 घायल हुए हैं। ये हमले पीओके और पंजाब प्रांत के उन इलाकों में हुए जहां भारत के अनुसार आतंकियों के ठिकाने थे। इस स्थिति को देखते हुए पाकिस्तान में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है।



**पाकिस्तान को अपनी सुरक्षा का पूरा हक है, हमने हमला शुरू नहीं किया, बल्कि केवल भारत के हमले का जवाब दिया है : ख्वाजा आसिफ**

## भारत-पाकिस्तान की स्थिति पर बारीक नजर : मार्को रुबियो



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालातों पर बारीकी से नज़र रखे हुए है, और उम्मीद करता है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा। श्री रुबियो ने कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे हालात पर बारीकी से नज़र रख रहा हूं। मैं आज पहले अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों से सहमत हूं कि उम्मीद है कि यह स्थिति जल्द ही समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में अभी सुना, ठीक उसी समय जब हम ओवल के दरवाज़े पर चल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने इसके बारे में अभी सुना, अतीत के कुछ अंशों के आधार पर मुझे लगता है कि हम जानते थे कि कुछ होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ देते हुए यह बात कही है।

## भारत की एयर स्ट्राइक के बाद इस्लामाबाद में स्कूल-कॉलेज बंद

**इस्लामाबाद।** भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय इस्लामाबाद ने एक आदेश में कहा है कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण यह अधिसूचित किया जाता है कि इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्कूल और कॉलेज 7 मई 2025 (बुधवार) को बंद रहेंगे। हालांकि, सभी निर्धारित परीक्षाएं 7 मई को योजना के अनुसार होंगी और इस पर कोई असर



नहीं पड़ेगा। भारत ने 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया। भारतीय सेना ने नौ आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार इस पूरी सैन्य कार्रवाई पर नजर रखे हुए हैं। भारतीय सेना के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे हमले केंद्रित और सटीक थे। हमने केवल उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जहां से भारत के खिलाफ हमले की योजना बनाई गई थी।

## सुडोकू 6906


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6906



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला, संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०.स्वेच्छारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बढ़ाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेने देन में खरा न हो(उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं या राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम,, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. जिद

### वर्ग पहेली-6905

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | जा | २ त | श | ३ त्रु | ■ | ४ ध | म | ५ रा | ज |
| नि | ■ | र | ■ | ६ टि | क | ना | ■ | जि | ■ |
| ७ वा | जि | ब | ■ | ही | ■ | त्म | ■ | ८ त | ९ म |
| र्य | ■ | त | ■ | १० न | र्त | क | ■ | ■ | दि |
| ■ | ११ प | र | १२ ख | ■ | ■ | ■ | १३ ज | खी | रा |
| ■ | गा | ■ | दि | ■ | १४ सं | ग्र | ह | ■ | पा |
| १५ स | र | १६ का | र | ■ | क | ■ | १७ र | १८ स | न |
| र्व | ■ | र | ■ | १९ अ | ल्प | २० ना | ■ | लि | ■ |
| २१ प | रा | ग | ■ | र्च | ■ | २२ म | त | ल | २३ ब |
| ल्ली | ■ | २४ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 8 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 10

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। बहुत लंबे समय के लिए निवेश की योजना बनाएंगे। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ - आप वाणी से आप लोगों को आकर्षित और प्रभावित कर सकेंगे। लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। चर्चा या विवाद में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। लेखन कार्य या पठन कार्य में भी आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - काम की सफलता और नए काम के शुभारंभ के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ की मुलाकात से आप खुशहाल रहेंगे। लघु यात्रा का योग है। भाई- बंधुओं से मेलजोल बना रहेगा।

सिंह - दूर बसनेवाले स्नेहीजन तथा मित्रों के साथ के संदेश व्यवहार से आपको लाभ होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। अपनी बोली से किसी के मन को जीत सकते हैं। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

कन्या - आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा।

तुला - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना आवश्यक है। परिवार या बाहर किसी के साथ विवाद होने की संभावना है। आप किसी का भला करने जाएंगे, लेकिन उसका प्रतिफल अच्छा नहीं मिलेगा। आय से अधिक व्यय होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आर्थिक योजना तथा व्यापार के लिए आज का दिन अच्छा है। आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा और सफलता मिलेगी। आपके भीतर लोकहित की भावना होगी। आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - अनैतिक और निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अत्यधिक विचार और क्रोध आपकी मानसिक स्वस्थता में खलल पहुंचाएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में खटराग होने की संभावना रहेगी।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1541-हरनांदो डे सोटो ने मिसीसिपी नदी की खोज की।
1828-इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस (आईसीआरसी) के संस्थापक हेनरी डुनेंट का जन्म।
1847-रॉबर्ट डब्ल्यू थॉम्पसन ने रबर टायर का पेटेंट कराया।
1871-ब्रिटेन और अमेरिका के बीच समझौते के बाद अलबामा विवाद समाप्त हुआ।
1886-कोल्ड ड्रिंक कोकाकोला का उत्पादन शुरु हुआ।
1895-उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी तथा गाँधीवादी कार्यकर्ता गोपबन्धु चौधरी का जन्म।
1899-भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध चापेकर बन्धुओं में से एक वासुदेव चापेकर का निधन।
1915-भारत के स्वतंत्रता सेनानी अमीर चन्द का निधन।
1921-स्वीडन ने फांसी की सजा को खत्म किया।
1926-प्रसिद्ध इतिहासकार तपन राय चौधरी का जन्म।
1929-भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका गिरिजा देवी का जन्म।
1932-पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय राजनीतिज्ञ और लोकसेवी सत्यब्रत मुखर्जी का जन्म।
1933-महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 21 दिन का उपवास रखा।
1945-मित्र राष्ट्रों की सेनाओं के समक्ष जर्मनी का आत्मसमर्पण।
1954-चंद्रनगर को पश्चिम बंगाल राज्य में शामिल किया गया।
1962-कलकत्ता (अब कोलकाता) में रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
1980-विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेचक के उन्मूलन की घोषणा की।
1982-प्रसिद्ध मराठी साहित्यकार आत्माराम रावजी देशपांडे का निधन।
1999-बेलग्राद स्थित चीनी दूतावास पर नाटो द्वारा प्रक्षेपास्त्रों से हमला।
2000-भारतीय मूल के 69 वर्षीय लॉर्ड स्वराजपाल ब्रिटेन के चौथे सबसे बड़े विश्वविद्यालय ब्रिटिश यूनीवर्सिटी के कुलपति नियुक्त।

# दुनिया को भारत ने बताया हमने आतंकी ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक, यूएन महासचिव ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र,** 7 मई (एजेंसियां)। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सैन्य अभियान को लेकर बहुत चिंतित हैं और उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक के अनुसार, दुनिया दोनों देशों के बीच टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती। भारत द्वारा पाकिस्तान और कश्मीर में अपने कब्जे वाले क्षेत्र में मिसाइल हमले की घोषणा के तुरंत बाद दुजारिक ने कहा कि वह दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि महासचिव नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।

**दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का किया आह्वान**

भारत के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है। एक्स पोस्ट में कहा कि बर्बर पहलगाम आतंकी हमले के सटीक और संयमित जवाब में नौ आतंकवादी बुनियादी ढांचे स्थलों पर केंद्रित हमले किए गए।



**नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है- और जिम्मेदार लोगों को पारदर्शी, विश्वसनीय व वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए : एंटोनियो गुटेरेस**

इससे पहले, भारतीय सेना ने कहा था कि उसने पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान के भीतर नौ स्थानों पर हमला किया है। सेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि थोड़ी देर पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई और निर्देशित किया गया था। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी पोस्ट किया 'न्याय हुआ। जय हिंद।' सेना ने कहा कि कुल मिलाकर नौ (9) स्थलों को निशाना बनाया गया है। हमारी कार्रवाई केंद्रित, नपी-तुली और उकसावे की नहीं रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है।

पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कश्मीर के पर्यटन स्थल में 26 लोगों के नरसंहार की जिम्मेदारी ली थी। सोमवार को गुटेरेस ने हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है- और जिम्मेदार लोगों को पारदर्शी, विश्वसनीय और वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भारत ने तबाह किए...

आतंकियों ने हत्या कर दी थी। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गई, उनके सिर में गोली मारी गई। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचाएं। पिछले साल सवा 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक कश्मीर आए थे। हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाए रखा जाए।

हमले का यह तरीका जम्मू-कश्मीर और देश में सांप्रदायिक दंगे फैलाने की कोशिश था। एक समूह ने खुद को टीआरएफ कहते हुए हमले की जिम्मेदारी ली। इसे यूएन ने प्रतिबंधित किया है और यह लश्कर से जुड़ा है। पहलगाम में 22 अप्रैल के हमले के अपराधियों और इसकी प्लानिंग करने वालों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी था। वे इनकार करने और आरोप लगाने में ही लिप्त रहे हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान से संबंधों को लेकर कुछ कदम भी उठाए हैं। पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों के बारे में हमें सूचना मिली थी कि वे और हमले कर सकते हैं। इन्हें रोकना जरूरी था। हमने इन्हें रोकने के अधिकार का इस्तेमाल किया है। यह कार्रवाई नपी-तुली और जिम्मेदारीपूर्ण है। हमारा एक्शन आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म करने और आतंकियों को अक्षम बनाने पर केंद्रित है।

पीएम मोदी ने सेना की तारीफ की -पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था।

जिन्होंने मासूमों की ली जान, उन्हीं को मारा-रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, हमने केवल उन्हीं को मारा, जिन्होंने हमारे मासूमों को मारा। सेना ने हनुमान की तरह हमला किया।

### एलओसी पर पाक गोलाबारी से...

लोकप्रिय गुलमर्ग गंडोला को भी अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण बंद रखने की घोषणा की गई है। जम्मू कश्मीर केबल कार कारपोरेशन ने बुधवार सुबह एक नोटिस जारी कर पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सेवाओं के अस्थायी निलंबन के बारे में सूचित किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि 7 मई के लिए सभी आनलाइन बुकिंग का पूरा पैसा वापस किया जाएगा।

दूसरी ओर प्रदेश के हवाई अड्डों के बंद होने की विमानन अधिकारियों की अधिसूचना के बाद जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट- इन स्टेशनों से आने-जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानें 10 मई को 0529 बजे तक रद्द करने की घोषणा की गई है।

### बालिकाओं ने मारी...

विद्यार्थियों और उनके पालकों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। किन्ही कारणों से असफल रहने वाले विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री ने कहा है कि वे फिर से दुगुनी मेहनत और दुगुनी लगन के साथ तैयारी करें और अगले परीक्षा में अवश्य सफल होंगे।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट (10वीं) की मुख्य परीक्षा में कुल तीन लाख 23 हजार 94 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। उनमें से एक लाख 45 हजार 141 बालक और एक लाख 77 हजार 953 बालिकाएं हैं। इनमें से कुल तीन लाख 21 हजार 299 परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें कुल दो लाख 45 हजार 913 (कुल 76.53 प्रतिशत) परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी तरह हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट (12वीं) की परीक्षा में कुल दो लाख 38 हजार 626 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिनमें से एक लाख एक हजार 184 बालक और एक लाख 37 हजार 442 बालिकाएं हैं। इनमें से कुल एक लाख 94 हजार 906 (81.87 प्रतिशत) परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम उपलब्ध है। इस अवसर पर विधायक रायपुर (ग्रामीण) मोतीलाल साहू, अपर मुख्य सचिव एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेणु जी पिल्ले, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसवराजु एस. माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव श्रीमती पुष्पा साहू सहित माध्यमिक शिक्षा मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### १०वीं में अखिल और 12वीं में ...

पी.एस. हायर सेकेण्डरी स्कूल की निशा एक्का ने छठवां स्थान, रायपुर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल आमापारा की पल्लवी वर्मा ने सातवां स्थान, रायगढ़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडातरई के कार्तिका यादव ने आठवां स्थान, रायपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मंदिर हसौद की धनेश्वरी यादव ने नौवां स्थान और रायपुर संत ध्यानेश्वर हायर सेकेण्डरी स्कूल के रूचिका साहू ने दसवां स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा में जशपुर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल के नमन कुमार खुटिया ने दूसरा स्थान, बलौदाबाजार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल सिमगा के लिब्यांश देवांगन ने तीसरा, बालोद के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल डोंडी के रिया केवट ने चौथा स्थान, रायगढ़ सेंटमाइकल हायर सेकेण्डरी स्कूल लैलूंगा की हेमलता पटेल ने पांचवा स्थान, जशपुर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल के तीपेश प्रसाद यादव ने छठवां स्थान, बेमेतरा शासकीय आर.एम.एस.ए. हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी के अविनाश कुमार साहू ने सातवां स्थान, कबीरधाम सरस्वती शिशु मंदिर पांडातरई के जयेंद्र जायसवाल ने आठवां स्थान, सक्ती सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल चंद्रपुर के प्रवीण प्रजापति ने नौवां स्थान और कांकेर शासकीय आर.एम.एस.ए. हायर सेकेण्डरी स्कूल हांकेर के जीवन समद्दार ने दसवां स्थान प्राप्त किया है।

### दुर्ग में 5 दशक बाद फिर एक बार...

देवांगन, गोविंद देवांगन, कुलेश्वर साहू, युवराज कुंजाम, पूर्व पार्षद प्रमोद पाटिल, मीना सिंह, विजय ताम्रकार, मन्नू कसेर, सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भी जमीन पर बैठकर कानों में ऊंगली लगाकर मॉकड्रिल में हिस्सा लिया। आधे घंटे बाद ऑल क्लियर सायरन बजने के बाद स्थिति फिर नार्मल हो गई।

सूर्या माल भिलाई में भी किया गया मॉकड्रिल

इसी तरह आज शाम को सूर्या माल भिलाई के पास सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। डेढ़ घंटे तक चले इस मॉक ड्रिल में युद्ध के दौरान बचाव के तरीके का अभ्यास किया गया। जिसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग होमगार्ड, जिला पुलिस बल, नेहरू युवा केन्द्र एनसीसी के लोगों ने भाग लिया। शाम 4 बजे से करीब डेढ़ घंटे तक प्रेक्टिस की गई। यह मॉकड्रिल का फर्स्ट फेज था। दूसरे फेज में ब्लेक आऊट किया जायेगा।

आज के पहले फेज में आग से बचाव का प्रदर्शन किया गया। इसके लिये जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, नलघर में अस्थाई अस्पताल बनाये गये थे जहां पर प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर घायलों को तत्काल एसडीआरएफ एवं फायर ब्रिगेड कर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया। इस पूरे मॉक ड्रिल के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह उपस्थित थे। आज मॉकड्रिल के दौरान 6 स्थानों पर ट्रेफिक रोका गया। नागरिकों को निर्देशित किया गया कि विपरीत परिस्थितियों में वे गाड़ी खड़ी कर सड़क पर लेट जायें। नेहरू युवा केन्द्र के जिला अधिकारी नितिन शर्मा, सीमा रामटेके, ने भी अपने अनुभव सांझा किये।

## दुनिया को जानें

### फिलीपींस में एवियन फ्लू का पहला मामला आया सामने

**मनीला,** 7 मई (एजेंसियां)। फिलीपींस ने बुधवार को घोषणा की कि दक्षिण-पूर्व में कैमरिन्स सुर प्रांत में हाई पैथोजेनिसिटी एवियन इन्फ्लुएंजा टाइप ए सबटाइप एच5एन9 का पहला मामला मिला है। फिलीपींस के कृषि विभाग की पशु उद्योग ब्यूरो ने कहा कि पशु रोग निदान और संदर्भ प्रयोगशाला ने बत्तख के नमूनों में इस वायरस की पुष्टि की। ब्यूरो ने एक बयान में तीस अप्रैल को इसकी पशु रोग निदान और संदर्भ प्रयोगशाला ने नियमित निगरानी के दौरान एकत्र किए गए बत्तख के नमूनों से सकारात्मक परिणाम की सूचना दी।



बयान में कहा, सबटाइप एच5एन9, हालांकि पक्षियों में अत्यधिक रोगजनक है, लेकिन वर्तमान वैश्विक आकलन के आधार पर मनुष्यों के लिए कम जोखिम पैदा करता है। ब्यूरो ने कहा कि पता लगने के बाद उसने अपने क्षेत्रीय कार्यालय को रोग नियंत्रण उपायों की तुरंत अनुशंसा की, जिसमें तत्काल संगरोध, वध, निगरानी और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय शामिल है।

# खेल जगत

## पेट्रा क्वितोवा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की



**रोम।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की। पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किम्बर्ली बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

# भारतीय खेल समुदाय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सराहा

■ भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर सटीक हमले किए



**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की निर्णायक और रणनीतिक आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया-ऑपरेशन सिंदूर- के मद्देनजर भारत के खेल प्रतिष्ठान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सशस्त्र बलों की साहसिक और संयमित प्रतिक्रिया के लिए उन्हें सलाम किया है, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और विश्व कप के हीरो गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और चेतन शर्मा से लेकर ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और देवेंद्र झाझरिया तक; क्रिकेट सितारे शिखर धवन, प्रज्ञान ओझा, झूलन गोस्वामी और वरुण चक्रवर्ती से लेकर पहलवानों, मुक्केबाजों और अन्य एथलीटों तक, भारतीय खेल समुदाय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया है।

7 मई की सुबह, भारत ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर सटीक हमले किए। हवाई और मिसाइल हमलों का लक्ष्य केवल जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नामित समूहों से जुड़े आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। नागरिक हताहतों या पाकिस्तान की सैन्य संपत्तियों को नुकसान से बचाने के लिए सावधानी बरती गई, जो जवाबी कार्रवाई में भी रणनीतिक संयम के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। क्रिकेटर - जिनमें से कई लंबे समय से भारत के सशस्त्र बलों के समर्थन में मुखर रहे हैं-ने सोशल मीडिया पर #ऑपरेशनसिंदूर और #जयहिंद जैसे हैशटैग का उपयोग करते हुए हार्दिक संदेशों के साथ प्रतिक्रिया देने में देर नहीं लगाई, जो अब पूरे देश में ट्रेंड कर रहे हैं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने एक ऐसा संदेश दिया, जिसने सभी आयु वर्गों को प्रभावित किया: एकता में निडर। शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं! कुश्ती आइकन और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, जिनके भाई पहलगाम हमले में मारे गए थे, ने भी सेना की बहादुरी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए अपना मौन तोड़ा।

पुनिया ने 'आईएएनएस' से कहा कि मुझे हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है। उन्होंने मेरे भाई की मृत्यु को न्याय, साहस और सटीकता के साथ सम्मानित किया है। पुनिया ने कहा कि उनके कार्यों ने मेरे जैसे परिवारों को कुछ सांत्वना दी है, जबकि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। बिना किसी विभाजन या राजनीति के सशस्त्र बलों का समर्थन करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में, देश को एक स्वर में बोलना चाहिए। इस ऑपरेशन को एक चेतावनी बनने दें: भारत पर किसी भी हमले का मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ सामना किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर सशस्त्र बलों को सलाम करने वाले पहले लोगों में से थे। राष्ट्रीय सुरक्षा के जाने-माने समर्थक और पूर्व सांसद गंभीर ने एक संक्षिप्त लेकिन शक्तिशाली संदेश साझा किया: 'जय हिंद'। पूर्व सलामी बल्लेबाज से कमेंटेटर बने आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की देशभक्ति वाली पोस्ट में गंभीर की भावना को दोहराया: 'जय हिंद' पूर्व भारतीय स्पिनर और पूर्व खिलाड़ी संघ के प्रतिनिधि प्रज्ञान ओझा भी सम्मान के स्वर में शामिल हुए' 'जय हिंद'

राज्यसभा में सांसद हरभजन सिंह ने अपनी श्रद्धांजलि में कोई कमी नहीं छोड़ी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा: जय हिंद #ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। भारतीय महिला टीम की पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपनी पोस्ट में सटीकता के साथ ऑपरेशन की सराहना की: सटीकता। उद्देश्य। शक्ति। यही भारत का जवाब है। 'ऑपरेशनसिंदूर' शिखर धवन, जो मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों ही जगह अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं, ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन की भावना को दर्शाते हुए एक छोटी क्लिप पोस्ट की, जिसमें कैप्शन था: जो कहा था, वो करके दिखाया। न्याय हुआ। भारत माता की जय! (हमने वही किया जो हमने कहा था। न्याय हुआ। भारत माता की जय!)। भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा, भारतीय सशस्त्र बलों ने प्रतिकूल परिस्थितियों को एक शक्तिशाली फतेह क्षण में बदल दिया। खतरे का सामना करते हुए उनके साहस और वीरता ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। जय हिन्द' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने अपनी बात संक्षिप्त रखी लेकिन 'भारत माता की जय' कहा, जबकि 2016 में रियो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंक-समर्थकों की अगली पीढ़ी का सफाया कर दिया है, जिन्होंने भारत में बहनों और बेटियों को इतना दुख पहुंचाया। जिन आतंकवादियों ने पहलगाम में देश की बहन बेटियों का सिन्दूर उजाड़ा, भारतीय सेना ने उनकी आने वाली पुश्तें तक उजाड़ दी। भारतीय सेना के जज्बे को हमारा सलाम। साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान, जो अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं, ने अपने संदेश में कहा, जय हिंद, जय हिंद की सेना (भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में बहनों और बेटियों को विधवा बनाने वाले आतंकवादियों की अगली पीढ़ी का सफाया कर दिया है)। कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल 2025 में वर्तमान में सक्रिय वरुण चक्रवर्ती ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऑपरेशन की आधिकारिक भारतीय सेना की तस्वीर साझा की।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज और चयनकर्ता चेतन शर्मा ने स्ट्राइक के संदर्भ में बताया। उन्होंने एक शक्तिशाली देशभक्तिपूर्ण लहजे में एक्स पर पोस्ट किया, जब बात सुरक्षा की हो तो भारत को नुकसान नहीं होता। ऑपरेशन सिंदूर - एक जवाब नहीं, एक संदेश है।

# पंजाब को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी 3 में से 2 मैच जीतना जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




■ दिल्ली को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी तीनों मैच जीतने जरूरी

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। मौजूदा सीजन के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी कप्तान श्रेयस अय्यर के जड़े तीन अर्द्धशतकों की बदौलत पंजाब किंग्स ने 2025 आईपीएल क्रिकेट के प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा बरकरार रखी है। फिलहाल तीसरे स्थान पर चल रही पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब अपने घर धर्मशाला में बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स व मुंबई इंडियंस से अपने घर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उसके घर में बाकी तीन मैचों में से कम से कम दो मैच जीत अपने अंकों की संख्या 19 करने की जरूरत होगी। पंजाब किंग्स नेट रन रेट की चिंता की किए बिना 15 रन से प्ले ऑफ में पहुंच सकती है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अन्य मैचों के नतीजे उसके हक में जाए। पंजाब किंग्स की टीम यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर सकता है। पंजाब किंग्स के बाकी तीन मैचो में दो उन टीमों से है जो कि शीर्ष पांच में है। पंजाब किंग्स की टीम यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर सकता है। पंजाब किंग्स के बाकी तीन मैचो में दो उन टीमों से है जो कि शीर्ष पांच में है। पंजाब किंग्स 11 मैचों में सात जीत, एक मैच बेनतीजा होने और तीन हार के साथ 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के भी 11 मैचों में छह जीत, एक बेनतीजा होने और तीन हार के साथ 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसकी प्ले ऑफ पहुंचने की उम्मीद जिंदा है। दिल्ली को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार के मैच सहित अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे। गुजरात टाइटंस और आरसीबी के 11-11 मैचों से समान रूप से आठ आठ जीत और तीन तीन हार के साथ समान रूप से 16 -16 अंक हैं। गुजरात टाइटंस ने आरसीबी से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। दिल्ली कैपिटल्स की खुशकिस्मती रही कि उसका एसआरएच के खिलाफ मैच बारिश से धुल गया और एक अंक मिल गया क्योंकि इससे पहले वह अपने लगातार दो मैच हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स 15 अंकों के साथ भी शीर्ष चार में स्थान बना सकती है बशर्ते बाकी नतीजे उनके अंक में जाए । दिल्ली कैपिटल्स अपने यदि अगले दो मैच भी जीतती है और अपने अंकों की संख्या 17 भी कर लेती है तो भी वह प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी नतीजों पर निर्भर करेगी क्योंकि छह टीमें 17 अंक तक पहुंच सकती है।

दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब अपने बाकी तीनों-पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस-के खिलाफ जीतने होंगे। दिल्ली कैपिटल्स की मौजूदा फॉर्म के आधार पर यह खासा मुश्किल लगता है क्योंकि वह अपने पिछले पांच में से मात्र एक ही जीती है। पंजाब किंग्स ने अपने पिछले दो मैचों मे सीएसके को मात्र दो गेंदों के बाकी रहते चार विकेट से और मेहमान लखनउ सुपर जायंटस को अपने घर धर्मशाला में 38 रन से हराया था जबकि इससे पहले उसका केकेआर के खिलाफ कोलकाता में मैच बारिश से धुल गया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स का अंतिम 11 वां मैच एसआरएच के खिलाफ मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा और इससे पहले वह आरसीबी से नौ गेंद के बाकी रहते अपने घर में छह विकेट से और केकेआर से 14 रन से हार कर राह भटक गई। दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स से अपने पिछले पांच में तीन मैच जीते हैं और वह अब पंजाब किंग्स के खिलाफ उसके घर धर्मशाला में मैच जीत अपनी उम्मीद जिंदा रखने उतरेगी।

## हार के बाद पांड्या ने कहा नो-बॉल अपराध है



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस की पकड़ से फिसलने से पहले एक ऐसे मैच में, जिसमें बहुत उतार-चढ़ाव आए, कप्तान हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ तीन विकेट से मिली हार का मूल कारण बताते हुए कोई कसर नहीं छोड़ी और कहा - नो-बॉल। वानखेड़े में एक अराजक, बारिश से बाधित रात में, जहां अंतिम गेंद तक किस्मत में उतार-चढ़ाव था, पांड्या की स्पष्ट स्वीकारोक्ति ने एमआई की पीड़ा को अभिव्यक्त किया। एमआई की तीन विकेट से हार के बाद हार्दिक ने कहा कि कैच ने वास्तव में हमें नुकसान नहीं पहुंचाया। हम इस मामले में बहुत ही सटीक थे।शायद निश्चित रूप से नो-बॉल के साथ, मेरी नो-बॉल के साथ और यहां तक कि आखिरी ओवर में नो-बॉल के साथ भी। 'मेरी नजर में, यह एक अपराध है, उन्होंने नो-बॉल के बारे में कहा - दो नो-बॉल उनके द्वारा फेंकी गई और एक दीपक चाहर द्वारा अंतिम ओवर में फेंकी गई - जो बहुत कम अंतर से तय हुए मैच में महंगी साबित हुई। 147 के पुनर्निर्धारित लक्ष्य के अंतिम ओवर में 15 रन का बचाव करते हुए, दीपक चाहर द्वारा महत्वपूर्ण क्षण में ओवरस्टेप किए जाने से मुंबई की उम्मीदें धराशायी हो गईं। इससे पहले, आठवें ओवर में पांड्या की अपनी नो-बॉल ने पहले ही 18 रन खर्च कर दिए थे। इसने निश्चित रूप से हमें नुकसान पहुंचाया। लेकिन मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए संघर्ष पर गर्व है। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस विल जैक्स के लगातार अर्धशतक के बावजूद सिर्फ 155/8 रन ही बना पाई। 97/2 से, उन्होंने अंतिम 9.3 ओवरों में सिर्फ 58 रन पर 6 विकेट खो दिए। फिर भी, गेंदबाजों ने, खास तौर पर फिसलन भरी, गीली परिस्थितियों में, एमआई को मुकाबले में वापस खींच लिया, जिससे जीटी को हर रन के लिए मेहनत करनी पड़ी।

### हम तब मैच हारे जब हमारा इस पर पूरा नियंत्रण था : जयवर्धने

**मुंबई।** जब बारिश रूकी और गुजरात टाइटंस (जीटी) को छह गेंद में 15 रन की जरूरत थी और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पास गेंदबाजी के कुछ विकल्प बाकी थे। दीपक चाहर ने केवल दो ओवर किए थे और हार्दिक पांड्या ने केवल एक ओवर किया था। स्पिनर कर्ण शर्मा और विल जैक्स ने कुल मिलाकर तीन ओवर किए थे। तो यहां पर तेज गेंदबाज की जरूरत थी और चाहर और हार्दिक में से किसी एक को चुना जाना था, जहां पर एमआई ने चाहर को चुना। एमआई के प्रमुख कोच माहेला जयवर्धने ने मैच के बाद समझाया कि चाहर उनके मुख्य गेंदबाज हैं, लेकिन कैटी मार्टिन ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आप चाहते हो कि आपका कप्तान आगे आए। लेकिन एमआई जब आखिरी ओवर करने मैदान में उतरी भी नहीं थी, चाहर को गेंद थमाने का निर्णय ले लिया गया था।

## सार संक्षेप

### ताइपे ओपन: आयुष राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया

**ताइपे (चीनी ताइपे)।** विश्व के 44वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट ताइपे ओपन में विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के ली चिया-हाओ को हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। 20 वर्षीय शेट्टी ने ताइपे एरिना के कोर्ट 1 पर खेले गए मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त ली को 50 मिनट में 21-17, 21-18 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की। पहले गेम में कई मौकों पर बढ़त बदली, लेकिन ली ने 6-3 की बढ़त बनाई और इसे 9-5 तक बढ़ाया। दोनों शटलरों के बीच 16-16 तक कड़ी टक्कर चली, लेकिन भारतीय शटलर ने लगातार पांच अंक जीतकर 21-17 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में ली ने 4-0 की बढ़त बनाई और फिर इसे 9-6 तक बढ़ाया। भारतीय शटलर ने वापसी की और 14-12 से आगे हो गए, लेकिन ली ने एक बार फिर 16-14 से बढ़त बना ली। लेकिन 16-17 से शेट्टी ने नियंत्रण बनाया और पांच अंक जीतकर 20-16 की बढ़त बनाई और आखिरकार 21-18 से गेम जीतकर यादगार जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी सिकांत ने हमवतन एस.शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को सीधे गेम में हराकर मंगलवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि भारत को मिश्रित परिणाम मिलते रहे।

### मिशेल ओवेन को पंजाब की टीम में मिली जगह

**धर्मशाल।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है।

## डेथ बॉलिंग सहज और सामरिक है : भुवनेश्वर



■ भुवनेश्वर ने जोश और यश दयाल के साथ मिलकर एक घातक पेस तिकड़ी बनाई

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने डेथ बॉलिंग को सहज और सामरिक करार दिया, उन्होंने आईपीएल मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में बल्लेबाज से एक कदम आगे रहने के महत्व पर जोर दिया। भुवनेश्वर ने आरसीबी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि डेथ बॉलिंग एक सहज प्रवृत्ति की तरह है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैच की स्थिति क्या है और आप क्या सोच रहे हैं। कभी-कभी बहुत सामान्य स्थिति चल रही होती है, लेकिन आपको सहज प्रवृत्ति होती है कि बल्लेबाज कुछ अलग करने जा रहा है। इसलिए हम इसे सक्रिय होना कहते हैं - बल्लेबाज से एक कदम आगे रहना। 16 साल बाद आरसीबी के रंग में लौटे अनुभवी तेज गेंदबाज ने इस सीजन में टीम की शानदार गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई है जबकि बेंगलुरु के अभियान में उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं, उनकी गेंदबाजी - खासकर डेथ ओवरों में - लगातार सकारात्मक रही है। आरसीबी वर्तमान में आईपीएल 2025 में डेथ ओवरों में दूसरे सबसे अच्छे इकॉनमी रेट का दावा करती है, जो 17 से 20 ओवरों में केवल 10.23 रन प्रति ओवर देती है, जो मुंबई इंडियंस के 10.22 से थोड़ा पीछे है। भुवनेश्वर ने जोश हेजलवुड और यश दयाल के साथ मिलकर एक घातक पेस तिकड़ी बनाई है, जिसने संयुक्त रूप से 40 विकेट लिए हैं। 34 वर्षीय के अनुसार, यह साझेदारी महत्वपूर्ण रही है।उन्होंने कहा कि अगर आप यश और जोश और हम तीनों के बारे में बात करते हैं - हम एक जैसे हैं, लेकिन अलग भी हैं। हम तीनों ही स्विंग कर सकते हैं। जोश ऊंचाई लाता है, यश एक अलग कोण वाला बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, और हम सभी खेल के विभिन्न चरणों में गेंदबाजी कर सकते हैं। ये गुण एक-दूसरे के पूरक हैं।हालांकि आरसीबी ने सीजन की शुरुआत में घरेलू मैदान पर संघर्ष किया, लेकिन भुवनेश्वर लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ 26 रन देकर 2 विकेट लिए, हालांकि वे हार गए।

## पांड्या और नेहरा पर लगा जुर्माना

■ पांड्या पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया

■ नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में धीमी ओवर गति से जुड़ा मुंबई इंडियंस का दूसरा मामला था। इसलिए, पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्स्टीट्यूट सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, शुभमन गिल (गुजरात टाइटन्स), अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) और हार्दिक पांड्या (मुंबई इंडियंस) पर इस सीजन में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना किया गया। इसके अलावा, गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा को अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई।डीकेएम/एएस

## निशानेबाजी में वेदांत, उर्वा चौधरी ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते। आज यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 237.7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक जीतने के बाद वेदांत ने कहा कि मैं पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था, लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। रजत पदक विजेता रोहित कन्यन ने कहा कि अगर मैंने आखिरी शॉट सही से लगाया होता, तो मैं गोल्ड जीत सकता था।

### सुडोकू 6906 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 |

## शंघाई में स्वर्ण के लिए खेलेंगी भारतीय पुरुष और महिला कम्पाउंड टीमें




■ विश्व तीरंदाजी से कहा कि हमने टीम मैच के लिए अभ्यास किया है ताकि फाइनल में जगह बनाई जा सके : देवताले

**शंघाई,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत की पुरुष और महिला टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल में जीत के बाद तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कम्पाउंड टीम फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अभिषेक वर्मा, ओजस प्रवीण देवताले और ऋषभ यादव की मौजूदगी वाली पुरुष टीम ने कड़े सेमीफाइनल में डेनमार्क को 232-231 से हराया। 2134 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रहने वाली पुरुष टीम को पहले दौर में बाई मिली और उसने ग्रेट ब्रिटेन पर 239-232 के अंतर से क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। एक महीने पहले सेंट्रल फ्लोरिडा चरण में कांस्य पदक जीतने वाले देवताले ने टीम की तैयारी और फोकस की प्रशंसा की। उन्होंने विश्व तीरंदाजी से कहा कि हमने टीम मैच के लिए अभ्यास किया है ताकि फाइनल में जगह बनाई जा सके। फ्लोरिडा में, हम पदक के एक अलग रंग की उम्मीद कर रहे थे, और इस बार हमने ऐसा किया। वर्मा और यादव ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। हम यह नहीं देख रहे हैं कि हमारे खिलाफ कौन है, हम सिर्फ अपने आप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि हमें अच्छा शूट करना है। हम किसी अन्य टीम या किसी अन्य खिलाड़ी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। हम सिर्फ अपने लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। हमें स्कोर करना है। महिला टीम, जिसे 2114 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद शुरुआती दौर में बाई मिली थी, ने आठवें स्थान पर रहने वाली कजाकिस्तान पर 232-229 क्वार्टर फाइनल जीत के बाद ग्रेट ब्रिटेन को 232-230 से हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। डेनमार्क ने कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य जीता, जबकि तुर्किये ने महिला वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 5.05 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.14 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.85 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.64 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.41 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.53 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.95 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.15 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.04 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.02 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,070 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे : गोयल

## सभी देशों को ऊर्जा परिवर्तन को लेकर योगदान देना जरूरी

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में सबसे आगे है और पिछले एक दशक में अकेले सौर ऊर्जा में 30 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि देश ने 2030 के रिन्यूएबल एनर्जी लक्ष्यों को निर्धारित समय से आठ साल पहले ही हासिल कर लिया है। 'कोलंबिया इंडिया एनर्जी डायलॉग' को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका पर प्रकाश डाला और समावेशी तथा न्यायसंगत जलवायु कार्रवाई के प्रति देश की प्रतिबद्धता दोहराई।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने जलवायु परिवर्तन से निपटने में सभी देशों की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन को लेकर हम सभी को योगदान देना चाहिए। हालांकि, प्रत्येक देश के विकास के चरण के आधार पर परिवर्तन का स्तर और गति अलग-अलग होगी, लेकिन प्रतिबद्धता सार्वभौमिक होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वास्तविक और जरूरी चुनौती है और प्रत्येक देश को अपने स्वयं के अनूठे समाधान तैयार करने



प्रत्येक देश के परिवर्तन का स्तर व गति अलग-अलग होगी, लेकिन प्रतिबद्धता सार्वभौमिक होनी चाहिए : पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी अफसोस जताया कि पेरिस समझौते में विकसित देशों के वादे काफी हद तक अधूरे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि 2015 से बड़ा मुद्दा केवल जलवायु परिवर्तन नहीं रहा है, बल्कि कई विकसित देश टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, दीर्घकालिक रियायती जलवायु वित्त पोषण और सीबीडीआर के सिद्धांत के तहत समर्थन देने में विफल रहे हैं।

भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी का समर्थन करने के बावजूद भारत वैश्विक कार्बन उत्सर्जन का केवल 3 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमने 2030 के लिए 200 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी का लक्ष्य 2022 में ही हासिल कर लिया है, जो तय समय से आठ साल पहले है। पिछले दशक में अकेले सौर ऊर्जा में 30 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत यूएनएफसीसीसी के समय पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना जारी रखता है, जो वैश्विक अनुपालन के लिए एक उदाहरण है।

### अप्रैल में प्राइवेट इक्विटी डील वॉल्यूम 139 रही : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश अप्रैल में मजबूत रहा है और इस दौरान कुल 139 डील हुई हैं। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई। ग्रांट थॉर्नटन भारत डीलट्रैकर के अनुसार, पिछले महीने की दो डील के विपरीत इस महीने कोई भी बिलियन डॉलर की डील नहीं हुई है। हालांकि, निवेशकों की रुचि मजबूत बनी रही। बीते महीने छह उच्च-मूल्य वाले (100 मिलियन डॉलर से 999 मिलियन डॉलर के बीच) लेनदेन हुए। इसकी कुल वैल्यू 2.1 बिलियन डॉलर रही। सबसे बड़ी डील वारबर्ग पिंकस और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी का आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 862 मिलियन डॉलर का निवेश था। ग्रांट थॉर्नटन भारत में पार्टनर शांति विजेता ने कहा कि डील्स की संख्या स्थिर बनी रही, लेकिन एमएंडए और पीई वैल्यू में तेज गिरावट निवेशकों की बड़ी हिस्सेदारी खरीदने की बढ़ती सतर्कता को दर्शाती है। क्रॉस बॉर्डर डील में कमी आई है, लेकिन घरेलू विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) और पीई/वीसी गतिविधि स्थिर रही।

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रोथ और अच्छे वित्तीय प्रदर्शन के लिए प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल शुरुआती चरण के निवेश पर फोकस कर रहे हैं। मार्च में आईपीओ गतिविधि में सुस्ती के बाद अप्रैल 2025 में मामूली सुधार देखा गया। अप्रैल में पांच क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) डील दर्ज की गई, जिनका कुल मूल्य 705 मिलियन डॉलर था। बैंकिंग और एनबीएफसी क्षेत्र ने इस क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम रखा और चार लेनदेन के माध्यम से 686 मिलियन डॉलर जुटाकर कुल क्यूआईपी मूल्य में 80 प्रतिशत का योगदान दिया।

# भारत व ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौता ऐतिहासिक : इंडस्ट्री

## भारत-यूके एफटीए से एआई व स्किलिंग को मिलेगा बढ़ावा



**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) ब्रिटेन को एआई के क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए अपने छात्रों और प्रतिभाओं के लिए भारत को एक प्रमुख गंतव्य के रूप में मान्यता देगा, यह जानकारी इंडस्ट्री लीडर्स की ओर से बुधवार को दी गई। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौता ऐतिहासिक है। इससे दोनों देशों के बीच साझेदारी में बढ़ोतरी होगी।

सीआईआई यूके इंडिया बिजनेस फोरम के अध्यक्ष केशव मुरुगेश ने कहा कि इस समझौते से तत्काल आर्थिक लाभ मिलेगा। इससे वस्तुओं,सेवाओं और विशेष रूप से टेक्नोलॉजी के व्यापार में वृद्धि होगी। एआई जैसे प्रमुख क्षेत्रों में औपचारिक साझेदारी इनोवेशन को बढ़ावा देगी और उच्च कौशल वाली नौकरियों का सृजन करेगी। इस एआई के क्षेत्र में वैश्विक लीडर्स के रूप में यूके और भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह एफटीए विशेष रूप से छात्रों और टेक्नोलॉजी पेशेवरों के लिए डीपटेक और कौशल में गहन सहयोग के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में काम करेगा। इस साझेदारी की दीर्घकालिक क्षमता बहुत अधिक है।

आईईएसए और सेमी इंडिया के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा कि एफटीए वैश्विक स्तर पर भारत की छवि और व्यापार के अवसरों को बढ़ाएगा। इससे सर्विस सेक्टर को भी काफी फायदा होगा। ब्रिटेन की डिजाइन क्षमता और भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा के जरिए ज्वाइंट रिसर्च एवं डेवलपमेंट और पार्टनरशिप से डिजाइन, परीक्षण और एम्बेडेड सॉफ्टवेयर में वृद्धि होगी। इससे स्टार्टअप और इनोवेटर्स को मदद मिलेगी।

# सोने की कीमतों में तेजी जारी

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में तेजी का ट्रेंड जारी है और 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर फिर से 97,000 रुपए के पार पहुंच गया है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बुधवार को 605 रुपए बढ़कर 97,493 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है जो पहले 96,888 रुपए थी। इस हफ्ते की शुरुआत से ही सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। बीते तीन दिन कारोबारी सत्रों में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 3,500 रुपए से अधिक बढ़ चुका है। 3 मई को यह 93,954 रुपए पर था।

22 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 95,150 रुपए प्रति 10 ग्राम,



■ 97 हजार रुपए के पार पहुंचा भाव

20 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 86,770 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 78,970 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में बढ़त हुई है। सोने का दाम 3,400 डॉलर प्रति औंस पर है, जो एक मई को 3,200 डॉलर प्रति औंस के करीब था। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी बढ़त देखने को मिल रही है।

# भारत का पीई-वीसी बाजार बढ़कर 43 बिलियन डॉलर पर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत के प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल (पीई-वीसी) निवेश में 2024 में सुधार दर्ज किया गया है, जो करीब 1,600 सौदों के माध्यम से लगभग 9 प्रतिशत बढ़कर 43 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। पारंपरिक क्षेत्रों ने बाजार की वृद्धि को आगे बढ़ाया। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, इस सुधार ने एशिया-प्रशांत के दूसरे सबसे बड़े पीई-वीसी गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत किया, जिसने कुल निवेश का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया और देश की व्यापक आर्थिक स्थिरता में




■ पारंपरिक क्षेत्रों ने बाजार की वृद्धि को आगे बढ़ाया

बढ़ते निवेश विश्वास को दर्शाया।

भारत की समग्र वृद्धि मुख्य रूप से वीसी और विकास निवेशों द्वारा संचालित थी, पीई निवेश ने 29 बिलियन डॉलर पर स्थिरता बनाए रखी, क्योंकि फंड्स ने ऊंचे मूल्यांकन के साथ तेजी वाले सार्वजनिक बाजारों में नेविगेट किया, जिससे सौदे बंद करना अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया।

बेन एंड कंपनी के पार्टनर प्रभाव कश्यप ने कहा कि हम बायआउट सौदों की ओर स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं, 2022 में 37 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में कुल पीई डील वैल्यू में उनकी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत हो गई है। यह विभिन्न क्षेत्रों में हाई-क्वालिटी एसेट्स में कंट्रोल पोजिशन को सुरक्षित करने पर रणनीतिक जोर को दर्शाता है।

रियल एस्टेट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी/आईटीईएस, फाइनेंशियल सर्विस, स्वास्थ्य सेवा जैसे ट्रेडिशनल सेक्टर्स ने फंडिंग का नेतृत्व किया। जबकि, दूसरे ट्रेडिशनल सेक्टर्स जैसे एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग में दो वर्षों की वृद्धि के बाद कमी आई।

# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी


■ सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 पर रहा

■ निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 पर बंद

**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के मजबूत रुख की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 105.71 अंक उछलकर 80,746.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24414.40 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.36 प्रतिशत की छलांग लगाकर 42,970.15 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 47,377.90 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4046 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2206 में तेजी जबकि 1683 में गिरावट रही वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2902 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1772 में लिवाली जबकि 1049 में बिकवाली




हुई वहीं 81 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सतर्क कर दिया, जिससे बाजार में अस्थिरता बनी रही। इसके बावजूद एफआईआई के लगातार निवेश और हाल ही में भारत-ब्रिटेन के बीच हुए एफटीए ने बाजार को मजबूत आधार दिया। विशेष रूप से एफटीए के प्रभाव से ऑटो सेक्टर के शेयरों में जबरदस्त उछाल देखा गया वहीं वित्तीय शेयरों में भी खरीदारी देखी गई, जिससे प्रमुख सूचकांकों को सहारा मिला।

शुरुआती कारोबार के दौरान निवेशकों की भावनाएं अस्थिर रहीं। इस अस्थिरता की प्रमुख वजह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में किए गए मिसाइल हमले रहे, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है। इस सैन्य कार्रवाई के तहत सेना ने नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.30, जर्मनी का डैक्स 0.18 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.13 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत चढ़ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाटा मोटर्स 5.05, बजाज फाइनेंस 2.14, इटरनल 1.85, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.64, अडानी पोर्ट्स 1.41, टाटा स्टील 1.32, टाइटन 1.28, पावरग्रिड 1.15, कोटक बैंक 1.06, एचडीएफसी बैंक 0.73, मारुति 0.46, एसबीआई 0.26, आईसीआईसीआई बैंक 0.26, टेक महिंद्रा 0.23, इंडसइंड बैंक 0.18, एनटीपीसी 0.13 और एक्सिस बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, एशियन पेंट 3.53, सन फार्मा 1.95, आईटीसी 1.15, एचसीएल टेक 1.04, रिलायंस 1.02, नेस्ले इंडिया 0.77, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.77, टीसीएस 0.40, एलटी 0.37, भारती एयरटेल 0.27, इंफोसिस 0.19 और अल्ट्रासिमको के शेयर 0.19 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# ग्रीनलाइन ने श्रीराम फाइनेंस की साझेदारी में ग्रीन लॉजिस्टिक्स को दी रफ्तार

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को हरित और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, एस्सार की सहायक कंपनी ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के सहयोग से एलएनजी-पावर्ड ट्रकों के एक नए बेड़े को हरी झंडी दिखाई।



कंपनी ने बुधवार को बताया कि यह आयोजन पुणे के चाकन में आयोजित हुआ, जहां ग्रीनलाइन ने अपने ग्रीन मोबिलिटी मिशन के अगले चरण की शुरुआत की। ग्रीनलाइन पहले ही 650 से अधिक एलएनजी ट्रकों के साथ संचालन कर रही है। इसका बेड़ा अब तक चार करोड़ किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर चुका है और 10 हजार टन से अधिक कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन की कटौती में सफल रहा है। इस प्रयास को अब श्रीराम फाइनेंस जैसे मजबूत वित्तीय साझेदार का सहयोग प्राप्त हो गया है, जिससे ग्रीन मोबिलिटी को स्केलेबल और सुलभ बनाने की दिशा में नई गति मिलेगी। ग्रीनलाइन की योजना 10 हजार से अधिक एलएनजी और ईवी ट्रकों की तैनाती की है।

## सार संक्षेप

### भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण के प्रारूप ढांचे पर सुझाव आमंत्रित

**नई दिल्ली।** भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण को विकसित करने के लिए आम बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने प्रारूप ढांचे पर विशेषज्ञ/जनता की 25 जून 2025 तक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री ने आम बजट 2025-26 में घोषणा की थी हम जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए जलवायु वित्त के लिए एक वर्गीकरण विकसित करेंगे। यह देश की जलवायु प्रतिबद्धताओं और हरित संक्रमण की प्राप्ति में सहायता करेगा। इस घोषणा के अनुसरण में जलवायु वित्त वर्गीकरण का एक प्रारूप ढांचा विकसित किया गया है। यह ढांचा दृष्टिकोण, उद्देश्यों और सिद्धांतों को रेखांकित करता है जो वर्गीकरण का मार्गदर्शन करेंगे।

### पीएनबी का मुनाफा 51.7 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मार्च 2025 में समाप्त चौथी तिमाही में 4567 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3010 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 51.7 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज शेयर बाजार दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 10757 करोड़ रुपए रही है जबकि मार्च 2024 में समाप्त तिमाही में यह आय 10363 करोड़ रुपए रही थी। बैंक ने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसका शुद्ध लाभ 16630 करोड़ रुपए रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 के 8244.6 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 101.7 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय 6.7 प्रतिशत बढ़कर 42782 करोड़ रुपए रही है। बैंक का सकल एनपीए मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में 1.78 प्रतिशत सुधरकर 3.95 प्रतिशत पर रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 5.78 प्रतिशत रहा था। इस दौरान शुद्ध एनपीए 0.40 प्रतिशत पर रहा जो मार्च 2024 के 0.73 प्रतिशत शुद्ध एनपीए की तुलना में 33 आधार अंक सुधरा है।

### पेटीएम ने चौथी तिमाही में लाभप्रदता में बड़ी सफलता की हासिल

**नई दिल्ली।** पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण परिचालन बदलाव किया है। कंपनी ने ईएसओपी स्तर से पहले ईबीआईटीडीए पर लाभ हासिल कर निरंतर लाभ के लिए अपने मार्ग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। प्रमुख ब्रोकरेज ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए अपने प्राइस टारगेट बढ़ाए हैं और पेटीएम के सुधरते बुनियादी सिद्धांतों, तेज लागत नियंत्रण और विस्तारित मर्चेंट इकोसिस्टम पर प्रकाश डाला है। बर्नस्टीन ने अपनी आउटपरफॉर्म रेटिंग को दोहराया और कहा कि पेटीएम ने पीएटी लाभप्रदता के साथ ईबीआईटीडीए ब्रेक-ईवन हासिल किया है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव यथावत

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 92 रिंगिट लुढ़ककर 3703 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.61 सेंट की तेजी के साथ 48.96 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपये और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल 366 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा भारत, बर्बादी की कगार पर पाकिस्तान

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। भारत ने नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की और पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया। भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान सहमा हुआ है। वहीं, बुधवार को पाकिस्तान शेयर बाजार में भी हाहाकार मच गया। इसी बीच सैन्य के साथ ही आर्थिक मोर्चे पर भी पाकिस्तान की हालत फिसड्डी होती जा रही है। दरअसल, एक साथ आजाद हुए दोनों देशों के बीच वर्तमान समय में बहुत बड़ा अंतर है। एक तरफ भारत जो समृद्धि के नए आयाम लिख रहा है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं, पाकिस्तान आतंक का अड्डा बना हुआ है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से

पाकिस्तान शेयर बाजार में मच गया हाहाकार



2025 में जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है : आईएमएफ

बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। विश्व बैंक के 2024 के आंकड़े को देखें तो भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.88 ट्रिलियन डॉलर के करीब है, जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था (केवल 0.37 ट्रिलियन डॉलर) के आकार से 10 गुना अधिक है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और चालू वर्ष में जीडीपी का आकार 4.187 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था के सभी पैमानों पर भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान से मीलों आगे है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर पर है। वहीं, पाकिस्तान के पास केवल 15 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है और आर्थिक पतन की कगार पर है। साथ ही, वह आईएमएफ से भी लोन मांग रहा है।

स्वतंत्रता के बाद के शुरुआती वर्षों में अमेरिकी सहायता और तेल समृद्ध इस्लामी देशों से प्राप्त डोनेशन से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारत के समान ही बढ़ी थी।

दूसरी ओर लोकतांत्रिक भारत ने आर्थिक विकास और लोगों को गरीबी से बाहर निकालने पर अपना ध्यान केंद्रित रखा। वहीं, पाकिस्तान में खूनी तख्तापलट और सैन्य तानाशाही देखी गई।

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

ई.क्र./202504110200122/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती सुमन सेठिया पति ओम प्रकाश सेठिया निवासी म.नं.-डी-18, टैगोर नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-64, भूखंड क्रमांक-89/2, खसरा नंबर-497/5 रकबा 851 वर्गफुट भूमि को विक्रेता पार्वती टांक पति रामजी टांक निवासी शांति निवास, 1931 सत्कार होटल गली नर्मदा पारा, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2025 के माध्यम से क्रय किया है। अत: आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

ई.क्र./202504110200123/अ-6/वर्ष 2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक ओम प्रकाश सेठिया पिता स्व. शांति लाल सेठिया निवासी म.नं. डी-18, टैगोर नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1969 के अंतर्गत नामकरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुरखास, प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-04, भूखंड क्रमांक-89/1 खसरा नंबर-497/5 रकबा 1141 वर्गफुट भूमि को विक्रेता 1. नयन टांक 2. कपिल टांक दोनों पिता नितेश कुमार टांक 3. श्रीमती पुनिता टांक पति निवेश टाक निवासी नितेश भवन, 1936 सत्कार होटल गली नर्मदा पारा, रायपुर छ.ग. को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2025 के माध्यम से कम किया है। अत: आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20.05.2025 को इस न्यायालय में पेश कर नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 05.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की महर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00069 अमलीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725400217

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00069 के अंतर्गत ग्राम अमलीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रविशंकर पिता/पति-हीराराम पता-सा. देह पुनीत पिता/पति-हीराराम पता-सा. देह. घनश्याम पिता/पति-हीराराम पता-सा. देह दुकालू पिता/पति-हीराराम पता-सा. देह कैना पिता/पति-हीराराम पता-सा. देहभगवती पिता/पति-हीराराम पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 57/4(0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सोनुराम साहु पिता/पति-स्व. पुनीतराम साहू पता-अमलीडीह रायपुर, ओमप्रकाश साहु पिता/पति-ओमप्रकाश साहू पता-अमलीडीह रायपुर प्रिती साहू पिता/पति-स्व. पुनीतराम साहु पता-अमलीडीह रायपुर, किरण साहू पिता/पति-स्व. पुनीतराम साहु पता-अमलीडीह रायपुर, दामिनी साहू पिता/पति-स्व. पुनीतराम साहू पता-अमलीडीह रायपुर अमरीका साहू पिता/पति-स्व. पुनीतराम साहु पता-अमलीडीह रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00002 धनसुली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440204100036

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00002 के अंतर्गत ग्राम धनसुली के वर्तमान भूमिस्वामी हिन्दुस्तान गृह निर्माण प्रा.लि. द्वारा डा. उमेश अग्रवाल पिता/पति हरिशंकर पता सा. देह रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 263/1 0.0111 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुजाता एन्थोनी पिता/पति चार्ली मार्टिन पता द्वारा राजु रॉबर्ट एन्थोनी, क्वाटर नं. बी/258 उर्जा नगर दीपक कॉलोनी आजाद चौक गेवरा प्रोजेक्ट, कोरबा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726700094

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी नामदास पि. फिरंता पिता/पति पता सा. देह पी-459607 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 260 0.0240, 187/4 0.0220, 255/1 0.1350, 255/3 0.1900, 255/4 0.1130, 255/6 0.1210, 259 0.0400, 261/1 0.0320 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती चैनबती भारती पिता/पति स्व. श्री नामदास पता सतनामी पारा डूण्डा रायपुर छ.ग., धरम दास भारती पिता/पति स्व. श्री नामदास पता सतनामी पारा डूण्डा रायपुर छ.ग., सुखचैन दास भारती पिता/पति स्व. श्री नामदास पता सतनामी पारा डूण्डा रायपुर छ.ग., जगतारण दास पिता/पति स्व. श्री नामदास पता सतनामी पारा डूण्डा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पथरी, प.ह.नं. 08
सारागांव, दिनांक 02.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सावित्री वर्मा पिता रामलाल वर्मा वगै. निवासी ग्राम पथरी द्वारा आवेदन पेश कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम पथरी प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. रायपुर 20 सिलयारी कुरूद तह. धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 895/3 रकबा 0.445 हे. भूमि आवेदकगण सावित्री वर्मा, सरला वर्मा, कुंती वर्मा सभी पिता रामलाल वर्मा के नाम पर संयुक्त नाम में दर्ज है। आवेदकगणों द्वारा आवेदित भूमि को अपने जयेष्ठभ्राता छबीराम वर्मा के पक्ष में दान पत्र निष्पादित किया है जिसके आधार पर नामांतरण हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 19.05.2025 को उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव

## शपथ-पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा विक्रेता श्री मोहन बंजारे पिता लेनू बंजारे एवं अन्य के संयुक्त नाम पर वाके मौजा ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. खम्हरिया तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद छ.ग. स्थित भूमि जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक पी-3537093, भूमि खसरा नंब 1241 रकबा 1.55 हे. स्थित है जिसे मुझे क्रेता श्रीमती आबेदा खान पति स्व. जाकिर रहमान द्वारा क्रय किए जाने का इकरारनामा निष्पदित किया गया है।

यदि कि उक्त सौदे के फलस्वरूप जिस किसी को भी उक्त सौदे पर किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति है तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के अंदर मुझ क्रेता के समक्ष दावा आपत्ति दर्ज करा सकता है जिसके पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

दिनांक 06.05.2025

**श्रीमती आबेदा खान**
**पता आयशा मस्जिद के पास**
**वल्लभ नगर पचपेडी नाका**
**रायपुर ( छ.ग. )**
**मो.नं. 9893254505**

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./202504111500110/अ-27/2024-25
ग्राम-चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 30.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 01. अनोज पिता पुन्नी लाल, 02. बलराम पिता पुन्नी लाल, 03. अ. राजकुमारी साहू पति मनोज, ब. गिरधर साहू पिता मनोज सभी निवासी गोपाल नगर गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 1781 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 835/395, रकबा 0.0117हे. भूमि आवेदकगण 01. अनोज पिता पुन्नी लाल, 02. बलराम पिता पुन्नी लाल, 03. अ. राजकुमारी साहू पति मनोज, ब. गिरधर साहू पिता मनोज के नाम पर धारित की जाती है। आवेदकगण द्वारा उपरोक्त भूमि शामिलात खाते में दर्ज होने के कारण खाता विभाजन करना चाहते है। अत: उक्त भूमि को आवेदकगण के मध्य खाता विभाजन किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदकगण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 23.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर ( छ.ग. ) राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./202503110800037/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 05.05.2025
प्रति,

श्रीमती संध्या अग्रवाल पति राकेश अग्रवाल निवासी गली नं. 05 महेश कालोनी श्रीनगर गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
द्वारा:-माल जमादार तहसील कार्यालय रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक सतीश कुमार चन्द्राकर पिता गणेशू चन्द्राकर निवासी विजय नगर भनपुरी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम उरकुरा, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 82/3 का भाग, रकबा 0.0111हे. याने 1200 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता श्रीमती संध्या अग्रवाल पति राकेश अग्रवाल निवासी गली नं. 05, महेश कालोनी श्रीनगर, गुढियारी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 14.11.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00083 कान्दुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726900036

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00083 के अंतर्गत ग्राम कान्दुल के वर्तमान भूमिस्वामी श्रवन चौहान पिता/पति जानकी चौहान पता गैस गोदाम के पास दावडा कालोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 122/59 0.0055 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामदुलार चौहान पिता/पति जानकी चौहान पता खड़सरा सराय भारती बलिया उ.प्र. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00001 नरदहा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440200100032

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम नरदहा के वर्तमान भूमिस्वामी बैसाखु, पोलन, छोटी, कुमारी, कृष्णा संतोषी पिता/पति माखन कुम्हार पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 453 0.0400, 454 0.4000 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आचल प्रजापति पिता/पति मोतीलाल प्रजापति पता कटौली, भीतरी, सीधी, मध्यप्रदेश, बैसाखु, पोलनी, छोटी, कुमारी, कृष्णा, संतोषी पिता/पति माखन कुम्हार पता सा. देह, अर्चना प्रजापति पिता/पति मोतीलाल प्रजापति पता कटौली, भातरी, सीधी मध्यप्रदेश के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

## न्यायालय तहसीलदार धरसींवा मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा के प.ह.नं. 00022 गिरौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440719400029

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम गिरौद के वर्तमान भूमिस्वामी द्रौपति पिता/पति-पति रामलाल पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 227/5 0.4050, 260 0.4940 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ललित किशोर वर्मा पिता/पति स्व. रामलाल वर्मा पता गिरौद, तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

## न्यायालय तहसीलदार धरसींवा मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा के प.ह.नं. 00024 धनेली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440719300048

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम धनेली के वर्तमान भूमिस्वामी अब्दुल अजीम पिता/पति अब्दुल करीब पता सा. मौदहापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 467/1 0.2750, 468/1 1.2840, 470 0.4860, 471 0.0930, 472/1 0.1090, 473/2 0.1940, 479/1 0.2830 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती जैनब अजीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता, श्रीमती अफसाना बेगम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता गुलाब अशरफ पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता मोहम्मद वसीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता मोहम्मद नूरूल अजीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता मोहम्मद नईमुद्दीन अजीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता शगुफता फातिमा पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

## न्यायालय तहसीलदार धरसींवा मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-धरसींवा के प.ह.नं. 00024 धनेली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440719300047

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00024 के अंतर्गत ग्राम धनेली के वर्तमान भूमिस्वामी अब्दुल अजीम पिता/पति अब्दुल करीब पता सा. मौदहापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 478 0.1940 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती जैनब अजीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता फ्लैट नंबर 1306, कुदन्स द पार्क सोसायटी एन आई बीएम रोड कुन्धावा खुर्द पूर्ण महाराष्ट्र, श्रीमती अफसाना बेगम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता गुलाम अशरफ पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता मोहम्मद वसीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता मोहम्मद नूरूल अजीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता मोहम्मद नईमुद्दीन अजीम पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता शगुफता फातिमा पिता/पति स्व. अब्दुल अजीम पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

## न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00012 सोनपैरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440203900004

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00012 के अंतर्गत ग्राम सोनपैरी के वर्तमान भूमिस्वामी इतवारी पिता/पति-पिता रामबगस पता निवास ग्राम के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 75 0.6300, 502 0.0500, 595 0.1400, 603 0.2300, 605 0.1700 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गोदावरी बाई साहू पिता/पति स्व. इतवारी साहू पता सोनपैरी पोस्ट गोढ़ी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, कैलाश साहू पिता/पति स्व. इतवारी साहू पता सोनपैरी पोस्ट गोढ़ी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, लता साहू पिता/पति स्व. इतवारी साहू पता सोनपैरी पोस्ट गोढी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, सकून बाई साहू पिता/पति स्व. इतवारी साहू पता सोनपैरी पोस्ट गोढी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, मनोज कुमार साहू पिता/पति स्व. इतवारी साहू पता सोनपैरी पोस्ट गोढ़ी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, जानकी बाई साहू पिता/पति स्व. इतवारी साहू पता सोनपैरी पोस्ट गोढ़ी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर, नतिया बाई पिता/पति स्व. इतवारी साहू पता सोनपैरी पोस्ट गोढी तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.05.2025 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार मंदिर हसौद

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग. राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र. 202503110800010/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 05.05.2025
प्रति,
01. मिनी श्रीमती निमी सिंह पंधेर पिता स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर 02. श्रीमती जसबीर कौर पति स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर दोनों निवासी आनंद नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
द्वारा -माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक तनवीर सिंह पिता स्व. डॉ. स्वतंत्र सिंह पंधेर निवासी आनंद नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित संधारण भूमि शीट नंबर 17, प्लाट नंबर 06, खसरा नंबर 92/7 का भाग, रकबा 11150 वर्गफुट भूमि में आवेदक तथा अनावेदकगण 01. श्रीमती तिमी सिंह पंधेर पिता स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर, 02. श्रीमती जसबीर कौर पति स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर दोनों निवासी आनंद नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को अनावेदकगण / हकत्यागकर्तागण 01. श्रीमती निमी सिंह पंधेर पिता स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर, 02. श्रीमती जसबीर कौर पति स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर द्वारा पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 14/09/2023 के माध्यम से आवेदक के पक्ष में हकत्याग किया गया है। अत: उक्त भूमि में से अनावेदकगण / हकत्यागकर्तागण 01. श्रीमती निमी सिंह पंधेर पिता स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर, 02. श्रीमती जसबीर कौर पति स्व. डॉ. स्वतंत्र पंधेर का नाम विलोपित कर पंजीकृत हकत्याग विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम यथावत रखे जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19.05.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकमनीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

## न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी जिला-बेमेतरा ( छ.ग. )
### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम हसदा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संतराम पिता बाबुलाल निवासी ग्राम हसदा द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि मेरे पिता बाबुलाल पिता शिवलाल का मृत्यु दिनाक 14.04.2008 को ग्राम हसदा में होना बताया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, बालान प्रति, दाखिला खारिज / अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलग्न कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया है।

आवेदक के पिता बाबुलाल पिता शिवलाल के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में जिस किसी व्यक्ति/सस्था को दावा करना हो तो दिनांक 17.05.2025 को स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा आवेदन पेश कर सकते है। नियत दिनांक बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार भिंभौरी

## आम सूचना

ग्राम गुधेली प.ह.नं. 41. रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि के संबंध में।

सर्व साधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मंजीत सिंह आहूजा पिता श्री इंदर सिंह आहूजा निवासी, श्यामनगर रायपुर के द्वारा प्रदत निर्देशानुसार इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री कृपाराम पिता श्री भोकलू, निवासी, ग्राम गुधेली बेरला बेमेतरा छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो ग्राम गुधेली प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा, में स्थित है जिसका ख.नं. 1244, 1247, रकबा क्रमश: 0.1000 हे., 0.060 हे. कुल खसरा 02, कुल रकबा 0.1600 हेक्टेयर को खरीदने का मौखिक करार कर टोकन राशि दो गवाह के समक्ष प्रदान किये है। अब तय शर्तो के अनुसार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन/पंजीयन कराया जाना शेष है। मेरे पक्षकार का ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त विक्रेता श्री कृपाराम द्वारा उक्त संपत्ति को अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकी मेरा पक्षकार तय शर्तो के अनुसार उक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करवाने तत्पर है परंतु उक्त विक्रेता श्री कृपाराम द्वारा शर्तो का पालन कर मेरे पक्षकार के पक्ष में भूमि अंतरण करने कोई रुचि नहीं ली जा रही है। मेरे पक्षकार से उक्त भूमि को विक्रय करने का करार कर अन्य व्यक्ति को भूमि विक्रय करना गैर कानूनी है।

अत: उक्त सपत्ति: को क्रय करने कोई भी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था, साहूकार बैंक, निगम आदि किसी भी प्रकार का संव्यवहार उक्त विक्रेता अथवा अन्य किसी व्यक्ति से नहीं करे यदि करता है तो वह स्वयं जवाबदार होगा, उसके द्वारा उक्त भूमि के संबंध में किया गया कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

अत: सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक

**भवदीय**
**निखलेश राठौर ( अधिक्ता )**
**म.नं. डी-40 समता कालोनी**
**मो.नं. 98271-75722**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4994/रा.शा./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/05/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-05 योजनांतर्गत श्री कुलदीप कुमार साहू पिता श्री ध्रुव राम साहू को भूखंड क्रमांक सी-79 रकबा 71.80 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा भूखंड क्रमांक सी-79 रकबा 71.80 वर्गमीटर को दिनांक 20.03.2025 को श्रीमती दीपमाला वान्द्रे पति श्री राष्ट्रपाल वान्द्रे के माध्यम से विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमती दीपमाला वान्द्रे पति श्री राष्ट्रपाल वान्द्रे के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ........... को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4982/रा.शा./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/05/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्रीमती भारती जैन पति श्री राजेश जैन द्वारा भूखण्ड क्रमांक ई-216/5 (कार्नर) क्षेत्रफल 1090 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 22.04.2025 को क्रेता श्री मनीष दरिरा पिता श्री रमेश दरिरा एवं श्रीमती राशि दरिरा पति श्री मनीष दरिरा दोनों निवासी एम.आई.जी.-04, पंजाबी कालोनी, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्री मनीष दरिरा पिता श्री रमेश दरिरा एवं श्रीमती राशि दरिरा पति श्री मनीष दरिरा द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त भूखण्ड के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ........को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4974/रा.शा./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/05/25**

प्राधिकरण की मठपुरैना योजनांतर्गत श्री अब्दुल कलीम पिता श्री अब्दुल रशीद को भूखंड क्रमांक 279 रकबा 450 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित हैं। आबंटिती द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा क्रेता श्री अब्दुल मोबीन कादरी पिता श्री अब्दुल सत्तार कादरी निवासी- 40/434 सोहेल किराना स्टोर के पास, आर.डी.ए. प्लाट, संजय नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया है, क्रेता द्वारा प्राधिकरण के अभिलेख में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखंड की नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4997/रा.शा./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/05/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-01 योजनांतर्गत श्री उत्तमचंद जैन पिता श्री खेमचंद जैन को भूखंड क्रमांक बी-275 रकबा 52.50 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्री उत्तमचंद जैन पिता श्री खेमचंद जैन द्वारा दिनांक 28.03.2025 को श्री हरीश कुमार साहू पिता श्री रामदयाल साहू को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री हरीश कुमार साहू पिता श्री रामदयाल साहू के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक..... ...को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4993/रा.शा./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/05/25**

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-1 योजना रायपुरा के अन्तर्गत श्रीमती साधना जायसवाल पति श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल को डूप्लेक्स भवन क्रमांक डीएस-02 रकबा 1452 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित था। आबंटिती श्रीमती साधना जायसवाल पति श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल द्वारा उक्त डूप्लेक्स भवन को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त डूप्लेक्स भवन को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ........को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4818/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 05/05/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्री बलराम साहू पिता श्री गयादीन साहू को पुर्नगवित विकसित भूखण्ड क्रमांक सी-7 सी-22 रकबा 1309 वर्गमीटर सेक्टर 10 में आबंटित हैं। क्रेता श्री रवि राजेन्द्र जायसवाल पिता श्री राजेन्द्र बाबूलाल जायसवाल निवासी ए 16, वालफोर्ट इनक्लेव फेस-1, पचपेढी नाका, रायपुर तह. व तिला रायपुर छ.ग. उक्त भूखण्ड को 03.02.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दाया हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता जो समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ...........को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20559/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20559**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652N1089A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RISHIKESH JANGHEL पिता/पति श्री/श्रीमती NAKULRAM JANGHEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री शिव कुमार पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री हेमलाल गायकवाड ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20373/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20373**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652J00020 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KIRAN PRAJAPATI पिता/पति श्री/श्रीमती BHANWAR LAL PRAJAPATI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती रोशन साहू पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री आशा राम साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./19590/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19590**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651SOO76E जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANOJ KUMAR TAWARI पिता/पति श्री/श्रीमती DHANRAJ TAWARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RAJNANDANI SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती VIPUL MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./19924/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19924**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652S00469 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AKIL AHMED पिता/पति श्री/श्रीमती ABDUL RASID KHAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती राकेश सांखला पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री रमेशचंद्र सांखला ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20371/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20371**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R0083D जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GAYATRI DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती JITENDRA DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री रविशंकर रजक पिता/पति श्री/श्रीमती श्री हिरामन लाल रजक ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20162/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20162**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR65206A196 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NISHA AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती PAWAN AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री मोहन लाल सेन पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री विष्णु सेन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20129/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20129**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652Q0177A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NAVITA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती NEERENDRA KUMAR SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री प्रदीप साहू पिता/पति श्री/श्रीमती श्री हीरा सिंह साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20449/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20449**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652N02961 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती FATIMA ANSARI पिता/पति श्री/श्रीमती ALI ASGAR ANSARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती निशा सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री तन्मोय चक्रवर्ती ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20273/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20273**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652N00181 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NILAM CHAKRADHARI पिता/पति श्री/श्रीमती MANOJ CHAKRADHARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती कान्ति राय पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री चितरंजन सिंह राय ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20389/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20389**
**वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652N01218 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRIYANKA TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती SUJEET KUMAR TIWARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती इशु मंडले पिता/पति श्री/श्रीमती रतिराम मंडले ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20351/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20351**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K01556 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BARSHA RANI NANDA पिता/पति श्री/श्रीमती SHRIKANTA NANDA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती सुजाता कुमार पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री एस.के. कुमार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20435/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20435**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K11701 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS & BUILDERS पिता/पति श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS & BUILDERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती श्रीती अधिकारी पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री चंद्र शेखर अधिकारी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20155/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20155**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651KM4302 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS पिता/पति श्री/श्रीमती MS DOLPHIN PROMOTERS AND BUILDERS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती शिखा रानी मिस्त्री पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री सुनील कुमार मिस्त्री ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20169/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20169**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651I00225 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY PRAKASH YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती MANIRAM YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री राजेन्द्र बोरकर पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री बेनीराम बोरकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20275/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20275**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR446S00543 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ALKA INDRAKUMAR BHAGAT पिता/पति श्री/श्रीमती INDRAKUMAR BHAGAT के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती मनोज कुमार शाह पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री भोला शाह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20119/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 07.05.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20119**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651J0961A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VISHAL CHHUGANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. RAMCHANDRA CHHUGANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती भूमिका वाधवा पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री मनीष वाधवा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 10 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

# बागबाहरा रेंज के गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्तों की मांग दूसरे प्रदेशों में ज्यादा

**बागबाहरा, 7 मई (देशबन्धु)।** बागबाहरा वन परिक्षेत्र के गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्तों की मांग दूसरे प्रदेशों में ज्यादा होती है। जो सबसे ज्यादा रेट पर बिकता है। जिससे वन विभाग को बड़ी राजस्व आय होती है। इस साल बागबाहरा वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्तों का कुल संग्रहण लक्ष्य साढ़े 25 हजार मानक बोरा रखा गया है। बागबाहरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत खल्लारी, आमाकोनी, कोमाखान एवं बागबाहरा सर्किल के कुल सोलह तेंदूपत्ता समितियों के लिए वर्ष 2025 में इस साल साढ़े 25 हजार मानक बोरा तेंदूपत्तों का संग्रहण लक्ष्य वन विभाग द्वारा रखा गया है। जिसकी तैयारी वन विभाग द्वारा अभी से जोर शोर से की जा रही है। वन परिक्षेत्र के पूरे गांवों में शाख कर्तन का कार्य समिति द्वारा कबका कराया जा चुका है। शाख कर्तन के बाद नए पत्तों का कोपल निकल आया है। वन परिक्षेत्र बागबाहरा के वरिष्ठ रेंजर लोकनाथ ध्रुव ने बताया कि इस सीजन वर्ष 2025 में परसुली समिति में 900.00 मानक बोरा, धौराभांठा समिति में 1400.00 मानक बोरा, दुहलू समिति में 1800.00 मानक बोरा, भोथा समिति में 2400.00 मानक बोरा, बोकरामुड़ा समिति में 2200.00 मानक बोरा, बागबाहरा समिति में 1700.00 मानक बोरा, कोमाखान समिति में 1400.00 मानक बोरा, ? गांजर समिति में 1100.00 मानक बोरा, मुनगासेर समिति में 1200.00 मानक बोरा, तेंदूकोना समिति में 1900.00 मानक बोरा, तुसदा समिति में 1700.00 मानक बोरा, तमोरा समिति में 2200.00 मानक बोरा, आमाकोनी समिति में 1500.00 मानक बोरा, खल्लारी समिति में 1400.00 मानक बोरा, चरौदा समिति में 1300.00 मानक बोरा एवं सुखरीडबरी ? ? प्राथमिक वनोपज समिति में 1300.00 मानक बोरा इस प्रकार से कुल 25 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्तों का संग्रहण लक्ष्य वन विभाग द्वारा रखा गया है। वर्तमान में बागबाहरा रेंज के सभी गांवों में होली त्योहार के पूर्व शाखा कर्तन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। वन विभाग के द्वारा कराए जा रहे सम्पूर्ण कार्य सामान्य वनमंडल महासमुंद के वनमंडलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। इस रेंज के गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्तों की मांग छत्तीसगढ़ के अलावा पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, उत्तरांचल, गुजरात, राजस्थान, आँध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना आदि प्रदेशों में सबसे ज्यादा होती है। यहां के तेंदूपत्तों की सबसे ज्यादा कीमत दूसरे प्रदेशों में होती है। जो शासन के लिए आय का सबसे बड़ा राजस्व होती है। वहीं दूसरी ओर तेंदूपत्तों का संग्रहण करने वाले वनवासियों एवं ग्रामीणों के लिए आय का सबसे बड़ा श्रोत होता है। इस साल साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्तों की खरीदी की जाएगी। इसके अलावा संग्राहक परिवारों को कई सुविधाएं भी दी जा रही है। जिसमें संग्राहक परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति राशि आदि दी जाती है। इस कारण से बड़ी संख्या में वनवासी तेंदूपत्तों का संग्रहण करते हैं। जिसके कारण ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में रहने वाले हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आय का बड़ा श्रोत होता है। संग्राहकों ने बेहतर उत्पादन के लिए शाख कर्तन का कार्य पूर्ण कर लिया है। जैसे ही तेंदूपत्ता परिपक्व हो जायेंगे। खरीदी की प्रक्रिया तुरंत शुरु कर दिया जाएगा। मौसम में उतार चढ़ाव के चलते पिछले कुछ वर्षों से मई माह के प्रथम सप्ताह से खरीदी शुरु की जाती है। वनांचल क्षेत्र के लोग इस बार भी अच्छे तेंदूपत्ते होने की उम्मीद लगाए हुए हैं। यदि मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष भी तेंदूपत्तों की आवक अच्छी हो सकती है। हालांकि हर साल मौसम परिवर्तन की संभावना बनी रहती है। इस रेंज में अच्छी गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता जिन समितियों में बहुतायत रुप से मिलते हैं। फड़ों में संग्रहण के लिए सभी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। भीषण गर्मी में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को सम्पादित कराने के लिए बागबाहरा के वरिष्ठ रेंजर लोकनाथ ध्रुव, डिप्टी रेंजर मोतीलाल साहू, नरेन्द्र चंद्राकर, रामपुरी गोस्वामी एवं दुलार सिंह सिन्हा समेत समिति प्रबंधक, वनरक्षक, फड़ मुंशी तथा चौकीदार अभी से सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं। ताकि वर्तमान सीजन वर्ष में लक्ष्य के अनुसार तेंदूपत्तों का संग्रहण कार्य सुचारु रूप से कराया जा सके। वर्तमान में भीषण गर्मी के चलते मौसम का उतार चढ़ाव बना हुआ है। नए तेन्दूपत्तों को देखकर व्यापारियों का दिल पसीज जा रहा है। क्योंकि इस परिक्षेत्र के जंगलो में गुणवत्तायुक्त तेंदूपत्ते बड़ी संख्या में मिलते हैं। जिसे देखकर शासन प्रशासन एवं व्यापारी खुश नज़र आते हैं।



बागबाहरा वन परिक्षेत्र में इस साल तेंदूपत्तों का संग्रहण लक्ष्य साढ़े 25 हजार मानक बोरा

## शास महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**सरायपाली, 7 मई (देशबन्धु)।** स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शास. महाविद्यालय सरायपाली में एम.ए. भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं को एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई (प्राचार्य) अध्यक्षता एम. एन. सिदार (विभागाध्यक्ष भूगोल) विशिष्ट अतिथि यू. के. बरिहा (विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान) एस. पी. खड़बंधे एवं देवेश राणा (सहायक प्राध्यापक भूगोल) के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने अनुभवों और स्मृतियों को साझा किया। प्राध्यापकों ने छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों ने अपने साथियों और प्राध्यापक के प्रति आभार व्यक्त किया और विदाई की भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की।


**आवश्यकता है**

रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव, में चारो जगह ड्राईक्लीन का काम जानने वाले की जरूरत है। बाहर वालो को रहने की व्यवस्था मिलेगी।

सम्पर्क करें। 6264826402

**आवश्यकता है**

रायपुर, और राजनांदगांव में ऑनलाइन सामान की डिलिवरी हेतु लड़के चाहिए। बाहर वालो को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नहीं होने पर, कम्पनी देगी। 6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कम्पनी की तरफ से काल आएगी।

दुर्ग जिले में फॉर्महाउस के लिए जमीन, कृषि जमीन, छोटे बड़े प्लाट, ऑफिस, सबसे बढ़िया दाम में खरीदी बिक्री की गारंटी, कृपया इसी महीने के B1 नक्शा खसरा ही लाये। विवादित जमीन वाले बिल्कुल संपर्क ना करें।

**एस एस प्रॉपर्टीज**
**ओम परिसर, दुर्ग (छ.ग.)**
**मो.नं.-07389902902**


**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र........ब/121......**
**ग्राम पारागांव**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगनु पिता श्री गंगाराम यादव ग्राम पारागांव तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/ पिता/माता/दादा/दादी / दयाशंकर के जन्म दिनांक 14.07.2001 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म / मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 20.05.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**आरंग**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHATIA TALJEET KAUR PRITAM SINGH D/O PRITAM SINGH resident of HOUSE NO. 170, WARD NO. 15, BUDHWARI PARA, NEAR SAHU DHARMSHALA, DONGARGARH, PO. DONGARGARH, DIST RAJNANDGAON (C.G.) 491445 have changed my old name BHATIA TALJEET KAUR PRITAM SINGH D/O PRITAM SINGH so in future I should be recognized by my new name that is TALJEET KAUR BHATIA W/O PARVIN SINGH BHATIA in all Government and other documents.

**TALJEET KAUR BHATIA**
HOUSE NO. 170, WARD NO. 15, BUDHWARI PARA, NEAR SAHU DHARMSHALA, DONGARGARH, PO. DONGARGARH, DIST RAJNANDGAON (C.G.) 491445

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, TALJIT KOUR BHATIA D/O PRITAM SINGH resident of HOUSE NO. 170, WARD NO. 15, BUDHWARI PARA, NEAR SAHU DHARMSHALA, DONGARGARH, PO. DONGARGARH, DIST RAJNANDGAON (C.G.) 491445 have changed my old name TALJIT KOUR BHATIA D/O PRITAM SINGH so in future I should be recognized by my new name that is TALJEET KAUR BHATIA W/O PARVIN SINGH BHATIA in all Government and other documents.

**TALJEET KAUR BHATIA**
HOUSE NO. 170, WARD NO. 15, BUDHWARI PARA, NEAR SAHU DHARMSHALA, DONGARGARH, PO. DONGARGARH, DIST RAJNANDGAON (C.G.) 491445

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAKESH KUMAR HINDUJA S/O NANAK RAM HINDUJA resident of H.NO 114, W.NO. 25, KUSHWAHA GALI, SHANTI NAGAR, JAGDALPUR BASTAR (C.G.) have changed my old name RAKESH KUMAR HINDUJA S/O NANAK RAM HINDUJA so in future I should be recognized by my new name that is RAKESH HINDUJA S/O NANAK RAM HINDUJA in all Government and other documents.

**RAKESH HINDUJA**
H.NO 114, W.NO. 25, KUSHWAHA GALI, SHANTI NAGAR, JAGDALPUR BASTAR (C.G.)

**शपथ-पत्र**

श्रीमती भाविषा तलरेजा उम्र 37 वर्ष पति श्री महेन्द्र तलरेजा निवासी एमआईजी 1/1027 वार्ड क्र. 69 आमदी नगर हुडको भिलाई थाना व तहसील भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं जो कि मैं निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं:-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं 2. यह कि मुझे अपने नाम के संबंध में सही जानकारी देना है जिसके संबंध में उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत है। 3. यह कि मेरा विवाह के पश्चात का वास्तविक व सही नाम भाविषा तलरेजा पति श्री महेन्द्र तलरेजा है जो कि मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेज जैसे आधार कार्ड क्रमांक 5339 1110, 9709 में तथा अन्य दस्तावेज में उक्त नाम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है परंतु मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम राधा मेघानी पिता राजकुमार मेघानी है जो कि मेरे परिचय पत्र जिसका क्रमांक एसडीएनओ 733980 में तथा मेरे समस्त अंकसूची में दर्ज है जो कि मेरा विवाह के पूर्व का नाम है। 4. यह कि उक्त नाम भाविषा तलरेजा पति श्री महेन्द्र तलरेजा एवं राधा मेघानी पिता राजकुमार मेघानी दोनों नाम मेरे स्वयं के ही नाम है तथा मुझे उक्त दोनों नाम से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जाता है जिसके संबंध में उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत है। 5. यह कि शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है इस संबंध में जो भी नियम शर्तें होगी उसे मैं पालन करने के लिए बाध्य रहूंगी तथा मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है अगर भविष्य में दी गई जानकारी झूठा एवं असत्य पाई जाता है तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकता है जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

**शपथकर्ता**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री त्रिभुवन नाथ मिश्रा आ. श्री राजमणी मिश्रा, निवासी-एल.आई.जी.-1/745, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-1/745, जिला-दुर्ग में आबंटित किया गया है। उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 25.10.2004 को किया गया एवं श्री त्रिभुवन नाथ मिश्रा द्वारा फ्री-होल्ड दिनांक 13.08.2014 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 15.05.2024 को श्रीमती सुनीता पाण्डेय पति श्री रमेश पाण्डेय के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती सुनीता पाण्डेय द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है। अतः नवीन क्रेता श्रीमती सुनीता पाण्डेय के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा। मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 24.06.24 को जारी किया गया

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/444/अ.वि.अ./वाचक-1/2025
धमधा, दिनांक 06.05.2025
प्रति,
बसंत कुमार साहू आ. जुगरूराम साहू निवासी ग्राम डंगनिया तहसील धमधा जिला दुर्ग .... अपीलार्थी
विरूद्ध
1. मोहम्मद जाकिर कुरैशी आ. मोहम्मद मजीद कुरैशी निवासी आदर्श नगर वार्ड क्रमांक 42 मकान नंबर एस/25 छ.ग. आंगन के पास तह. व जिला दुर्ग 2. इनामुल हक अंसारी आ. मसदुन्व हफीज अंसारी निवासी तलवार भवन सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 41 केला बाड़ी दुर्ग ..... उत्तरवादीगण

अपीलार्थी बसंत साहू आ. जुगरूराम साहू निवासी ग्राम डंगनिया तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अधिवक्ता श्री पीके साव द्वारा तहसीलदार के नामांतरण प्रकरण पंजीयन के आरडी-202324430202300006 पारित प्रज्ञापना सूचना दिनांक 04.07.2024 से सुब्ध होकर छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 की पारा 44(1) के तहत अपील आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अपीलार्थीगण उपरोक्तानुसार को बताये गये पते पर उपलब्ध नहीं होने के कारण आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के प्रकरण क्र. 202502100500064 अ/6 वर्ष 2024-25 में

सुनवाई दिनाक 15.05.2025 को प्रकरण विधाराधीन है। यह सूचना पत्र के माध्यम से न्यायालय में दिनाक 15.05.2025 को उपस्थित होवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**धमधा**

**अदालत श्रीमान जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग (छ.ग.)**
**मुकदमें के फैसले के बारे में समंस**
**सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5**

दीवानी मुकदमा ने सीसी/2024/2025
आवेदक पदमावती देवांगन व अन्य तीन
अनावेदक (3) विकास वर्मा अभिकर्ता फ्रेडर्स फायनेंस
बनाम विकास वर्मा अभिकर्ता फ्रेडस फायनेंस इंडिया शेल्टर फाइनेंस आपोजिशन लिमिटेड पता स्ट्रीट नं. 03 अशोका विहार कालोनी मंडीगेट रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग.

क्योंकि मुद्दई मजकूर ने आपके खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम -2019 का मुकदमा दायर किया है, आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख -04 माह 06 सन् 2025 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिये जाहिर हो जावो और आपकी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिये भरोसा रखना चाहते हो। आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा। आज तारीख -22- माह सन् 2015 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डी. कामराजू आ. स्व. भरत एवं श्री श्रीनिवास राव आ. स्व. डी. कामराजू, निवासी-मकान नं.-22ए, सड़क नं.-02, सेक्टर-2, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी.-185, चरोदा भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में संयुक्त नाम पर आबंटित है। आबंटी श्री डी. कामराजू की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों सह आवंटी श्री श्रीनिवास राव आ. स्व. डी. कामराजू ने आबंटित भवन को अपने एकल नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एल.आई.जी.-185, चरोदा भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) श्री श्रीनिवास राव के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. डी. कामराजू के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अतः श्री श्रीनिवास राव के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा। मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 29.04.25 को जारी किया गया।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा**
**सूचना**
**क्रमांक/1191/कले./रीडर/2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 06.05.2025**

आवेदक याचिकाकर्ता संतोष कोसले पिता स्व. सुखदेव कोसले निवासी ग्राम दुलदुला अपने अधिवक्ता के माध्यम से चुनाव याचिका अंतर्गत धारा 122 छत्तीसगढ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

एतद द्वारा प्रत्यर्थीगण चंद्रप्रकाश टोण्डे पिता गिरजाराम टोण्डे निवासी ग्राम हरिनभट्ठा, नीलमणी जोशी पिता जुड़ावन जोशी निवासी ग्राम हरिनभट्ठा, परस गेन्डरे पिता श्यामलाल गेन्डरे निवासी ग्राम मुसुवाडीह, तेजराम मारकान्डेय पिता साधराम मारकान्डेय निवासी ग्राम चुरचुटिया तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. रिटर्निंग ऑफिसर जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 09 सिमगा, तहसीलदार/रिटर्निंग आफिसर सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि वे पेशी दिनांक 26.05.2025 को 3 बजे दोपहर को इस न्यायालय में सुनवाई हेतु उपस्थित होवे।

**संयुक्त कलेक्टर वास्ते,**
सील **कलेक्टर बलौदाबाजार**
**भाटापारा**

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र.....अ/6 वर्ष 2024-2025**
**ग्राम भाटापारा प.ह.नं. 11**

एतद व्दारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है आवेदकगण महेन्द्रनाथ माइति पिता मुकुंदनाथ माइति वगैरह निवासी मातादेवालय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के व्दारा अपने अधिवक्ता श्री बी.डी. मानिकपुरी के माध्यम से ग्राम भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. भाटापारा तह. भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 102/8 रकबा 0.630 हे. लगान 550.00 रु. मुकुन्द मोहन माईति पिता बानेश्वर के नाम पर दर्ज है, जिसके मृत्यु दिनांक 28/01/2023 को हो चुका है, जो अपने जीवन काल में अपने नाम पर दर्ज संपत्ति को अपने पुत्र वो नाती-नातिन आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 06/02/2021 को वसीयतनामा निष्पादित किया है जो कि उक्त वसीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेखों में आवेदकगणों के नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय व्वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ दस्तावेज पेश किया है, तत्ससबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक19/05/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उपरोक्त भूमि के सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 19/05/25 को स्वयं या अपने वैघ अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः उपरोक्त उद् ?घोषणा आज दिनांक 29/04/25 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

सील **तहसीलदार**
**भाटापारा**

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र....अ-27 वर्ष 2024-25**
**ग्राम टिकुलिया प.ह.न. 12**

क्योंकि मौजा ग्राम टिकुलिया प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. खोखली तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के भूमि-स्वामी अशोक कुमार वर्मा पिता कुंवर सिंह वर्मा ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के भूमि को छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 178 (क) के तहत अपने अधिवक्ता के माध्यम आवेदन किया है, क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई दिनांक 26/08/28 स्थान तहसील कार्यालय भाटापारा पर 11 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो, तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नही कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

खाते का विवरण
सर्वेक्षण संख्यांक/भू-खंडाक (ख.नं.)-251/2, क्षेत्रफल-0.2870, भू-राजस्व-1.00 रूपये
कुल ख.नं. 1 योग रकबा 0.2870 1.00 रूपये

आज दिनांक 25/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/04/25
पेशी दिनांक 26/05/25

सील **तहसीलदार**
**भाटापारा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**क्रमाक/ना/तह/पा./2024**
**सिमगा, दिनांक 30/04/2025**
**/ब-121/2025**
**ग्राम दावनबोड पहन 07**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता दावनबोड प.ह.न. 07 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक टिकेश्वर बर्मा पिता कार्तिक वर्मा उम्र 46 वर्ष जाति कुर्मी निवासी ग्राम दावनबोड तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) ने मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया कि है कि आवेदक की पुत्री रिया वर्मा विता टिकेश्वर वर्मा माता का नाम मित्ररेखा वर्मा का जन्म दिनांक 05/06/2009 को ग्राम दावनबीड में होने पर भूलवश जन्म/मृत्यु पंजीयन ग्राम/नगर पंचायत दावनबोड में नहीं करा पाने के कारण जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16/05/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**सिमगा**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला रायपुर छ.ग.**
**आम सूचना**

**प्रति,**
**विकास महानंद पिता चन्द्रकुमार महानंद निवासी नलघर के पास मठपुरैना रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र . 202412112500049**
**अ/6 वर्ष 2024-25**
**ग्राम आरंग प.ह.नं -29**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक (क्रेता) शैलेन्द्र गुप्ता पिता शिवशंकर गुप्ता निवासी संतोषी चौक कुशालपुर रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 3786/1/झ/1.3786/1/झ/2 का भाग रकबा 0.020हे. भूमि खातेदार विकास महानंद पिता चन्द्रकुमार महानंद के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। खातेदार (विक्रेता) विकास महानंद पिता चन्द्रकुमार महानंद के द्वारा उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 07/04/2014 को आवेदक के नाम पर विक्रय विलेख निष्पादित किया गया है। विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण इस न्यायालय मे प्रकरण प्रारंभ किया गया।

जनहित मे तहसीलदार आरंग के न्यायालय में दिनांक 09/05/2025 मे नियत तिथियो मे सुनवाई की जावेगी।

अतः अधिवक्ता एवं पक्षकारगण विकास महानंद पिता चन्द्रकुमार महानंद निवासी नलघर के पास मठपुरैना रायपुर तहसील व जिला रायपुर उपरोक्त सूचना से अवगत होकर आगामी तिथि 09/05/2025 मे उपस्थित होने का कष्ट करे। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई एवं विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सीलमुद्रा से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**आरंग**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र........ब/121......**
**ग्राम पारागांव**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगनु पिता श्री गंगाराम यादव ग्राम पारागांव तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/ पिता/माता/दादा/दादी / दयाशंकर के जन्म दिनांक 14.07.2001 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म / मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 20.05.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**आरंग (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरूण खाड़े आ. स्व. माधव राव खाड़े, निवासी-एम.आई.जी.-I/831, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-1405, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है, मूल आबंटी द्वारा आर्थिक निजी पारिवारिक कारणवश उनके स्वेच्छा से अपने भाई उक्त भवन आपसी संयुक्त अनुबंध पत्र, वचन पत्र, घोषण पत्र एवं शपथ पत्र के तहत् श्री तरूण कुमार खाड़े आ. स्व. माधव राव खाड़े के नाम पर नामांतरण करना चाहते है, प्रस्तुत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नामांतरी श्री तरूण कुमार खाड़े के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है तो किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तिय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 2.5.25 को जारी किया गया।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
सील **प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-धमतरी**
**आम सूचना**
**क्रमांक/1048/सं.अधि./सं.प्र.शा./2025**
**धमतरी, दिनांक 07/05/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत मण्डीनाका हटकेशर, जिला-धमतरी में निर्मित दुकान क्रमांक-05 इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 104 दिनांक 24.05.2016 के माध्यम से श्री शैलेन्द्र बन गोस्वामी पिता श्री केदार बन गोस्वामी को एकमुश्त योजना आधार पर आबंटित है। भवन के आबंटी श्री शैलेन्द्र बन गोस्वामी के द्वारा उक्त दुकान को श्री घनश्याम देवांगन पिता श्री नोहर लाल देवांगन निवासी-शीतलापारा, धमतरी तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु रू. 50.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर में नोटरी द्वारा सत्यापित बिक्री इकरारनामा के साथ दिनांक 05.05.2025 को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त दुकान का विक्रय अनुमति प्रदान करने के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र कार्यालय धमतरी, पता परिजात् हाईट्स, हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेशर, जिला धमतरी में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
सील **प्रक्षेत्र-धमतरी**

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर,**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**पृ.क्र./2120/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 02.05.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी गुरूर प.ह.नं. 21 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत लाल आ. बुधराम जाति महार निवासी गुरूर तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता सोना बाई पति बुधराम की मृत्यु दिनांक 16/11/2004 को ग्राम गुरूर में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/05/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/05/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
सील **गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)**

**रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड**
CIN:U74999DL1995PLC064132
पंजीकृत कार्यालयः 1407, 14 वीं मंजिल, चिरंजीव टावर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली 110019
कॉर्पोरेट कार्यालय : मेक्स हाउस, 7वीं मंजिल, ब्लॉक ए, डॉ. झा मार्ग, ओखला फेस-III, ओखला इंडस्ट्रीयल ईस्टेट, नई दिल्ली – 110020
शाखा कार्यालय : 1006–1007, 10वीं मंजिल, शिवालिक शिल्प, इस्कॉन क्रॉस रोड़, एस.जी. हाईवे, अहमदाबाद – 30015, गुजरात

RELIGARE Values that bind

**परिशिष्ठ-IV-ए**
**नीलामी-सह-विक्रय सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम), 2002 के तहत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नीलामी–सह–बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी / जमानतदार(रों) / बंधककर्ता(ओं) को नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संक्षेप में 'संपत्ति') सुरक्षित लेनदार (अर्थात मेसर्स रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड, संक्षेप में 'RFL') के पास गिरवी / प्रभारित की नीलामी–सह–बिक्री आयोजित करने के लिए नोटिस दिया जाता है। RFL के ऋणी / जमानतदार(रों) / बंधककर्ता(ओं) अर्थात **मेसर्स पारस पापड़, मधु लुनिया, राजेश कुमार लुनिया, सुरेश चन्द लुनिया एवं पदमा बाई लुनिया** से **31.03.2025** की स्थिति के अनुसार अद्यतन, ब्याज, लागत और प्रभार के साथ रू. **Rs.2,32,86,732.48/- (रूपये दो करोड़ बत्तीस लाख छियासी हजार सात सौ बत्तीस एवं अड़तालीस पैसे मात्र)** की वसूली हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा **10 / 06 / 2025** को दोपहर 12.30 बजे तक **(निर्धारित नीलामी / बिक्री तिथि) "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं"** आधार पर नीचे वर्णित **"आरक्षित मूल्य"** पर संपत्ति की ब्रिक्री के लिए प्रस्ताव है, जैसा कि उक्त उल्लिखित ऋणी / जमानतदार(रों) / बंधककर्ता(ओं) ने प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी सूचना दिनांक **25 अक्टूबर, 2019** से 60 दिनों के भीतर सुरक्षित लेनदार की ऋण राशि को चुकाने में विफल रहे हैं।

**जबकि** सुरक्षित लेनदार ने सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से इसमें निहित शक्तियों के अनुसार नीचे उल्लिखित गिरवी रखी गई संपत्ति का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' के नियम 8 के तहत आवेदन पर **R. Case No. 2022090100012/B-121 of 2021-2022 के अंतर्गत डी.एम. राजनन्दगांव** द्वारा पारित आदेश दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 के अनुपालन में तहसीलदार की मदद से दिनांक **06 / 03 / 2024** को भौतिक कब्जा ले लिया है।

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत इस तरह का कब्जा लेने के संबंध में सूचना "दी पायोनियर" (अंग्रेजी एवं हिंदी) संस्करण समाचार पत्रों में **10 / 03 / 2024** को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(2) के तहत प्रकाशित किया गया था।

**और उसके बाद** भी ऋणी / जमानतदार(रों) / बंधककर्ता(ओं) RFL को उक्त ऋण चुकाने में विफल रहे, तदनुसार, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी ने उक्त निर्धारित संपत्ति को बेचने का निर्णय लिया है।

नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू. 66,97,490/- (रूपये छाछठ लाख सिंत्यान्वे हजार चार सौ नब्बे मात्र)** एवं बयाना राशि **रू. 6,69,749/- (रूपये छः लाख उनसत्तर हज़ार सात सौ उनपचास मात्र)** होगी अर्थात आरक्षित मूल्य का 10% जो डीडी / पीओ के माध्यम से **"रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड"** के पक्ष में बोली के साथ–साथ इच्छुक बोलीदाता / क्रेता(ओं) द्वारा RFL के शाखा कार्यालय **"1006–1007, 10वीं मंजिल, शिवालिक शिल्प, इस्कॉन क्रॉस रोड़, एस.जी. हाईवे, अहमदाबाद – 380015, गुजरात"** पर **09 / 06 / 2025** के शाम 5:00 बजे या उससे पहले (बोली जमा करने की अंतिम तिथि) तक प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। सफल बोलीदाता / क्रेता को बिक्री प्रतिफल का कम से कम 25% [बोली के साथ भुगतान की गई ईएमडी राशि सहित] जमा करना होगा या तो बिक्री की पुष्टि के उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष बिक्री प्रतिफल जमा करना आवश्यक होगा।

**अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण**

**प्लाट नं. 38 / 2 के समस्त भाग एवं अंश, वार्ड नं.31, क्षेत्रफल 114 वर्गमीटर, नजूल शीट नं. 49डी, जो ग्राम नन्दाई (दरोगाचाल), महावीर चौक, तहसील एवं जिला राजनन्दगांव छत्तीसगढ़ 491441 एवं चर्तुसीमा इस प्रकार है पश्चिम : गली, दक्षिण : कासम खान, बेगम बाई एवं हमिदा रफीक का मकान, पूर्व : कृष्णा कुमार का मकान, उत्तर : सईदा बेगम का मकान**
**सुरक्षित संपत्ति की प्रकृति** – फ्रीहोल्ड

**ज्ञात भार**
RFL को बेची जाने वाली सुरक्षित संपत्ति पर किसी भी तरह के भार के बारे में पता नहीं है। इच्छुक पार्टियों को अपनी संतुष्टि के लिए सुरक्षित संपत्तियों का मूल्यांकन स्वयं कर सकते है। सुरक्षित लेनदार (RFL) किसी भी तरह से उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति की फिटनेस / शीर्षक के संबंध में कोई गारंटी नहीं देता है या कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया RFL (सुरक्षित लेनदार) की वेबसाइट यानी **https://www.religarefinvest.com/ Auctionpage.aspx** में दिए गए लिंक / यूआरएल को देखें।

किसी भी अन्य जानकारी के लिए कृपया **श्री रमेश सिंह** से उनके मोबाइल नंबर **9981508001** या उनकी ई–मेल आईडीः **ramesh.singh@religare.com**, **श्री प्रदीप सेन** से उनके मोबाइल नंबर **9830692919** या उनकी ई–मेल आईडीः **pradip.sen@religare.com** पर संपर्क करें एवं **श्री अभिषेक कुमार शुक्ला** से उनके मोबाइल नंबर **7303741199** या उनकी ई–मेल आईडीः **abhishek.shukla1@religare.com** पर संपर्क करें।

दिनांक : 07.05.2025
**प्राधिकृत अधिकारी**
**रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड**

**GOODS AND SERVICES TAX NETWORK**

**Corporate Office: 4th Floor, East Wing, World Mark-1, Aerocity, Delhi 110 037,**
**Tel: 011-49111200, www.gstn.org.in**

**TENDER NOTICE**

Goods and Services Tax Network (GSTN), a Government Enterprise, invites bids from eligible companies for the following goods/services:

| Particular(s) | Pre - Bid Meeting Date & Time | Last Date & Time for submission of bid |
|---|---|---|
| RFP for Empanelment of InsuranceBrokers/Advisors | Date: 9th May 2025 Time: 11:30 AM | Date: 23rd May 2025 Time: 3:00 PM |

Tender/RFP document & related necessary information may be downloaded from GSTN website: www.gstn.org.in.

Any amendment/corrigendum shall be uploaded on GSTN website.

**Sanjay Sharma**
**CBC 15319/12/0002/2526** **VP (P&C)**

**बैंक ऑफ इंडिया**
**Bank of India BOI**
**आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, नया रायपुर**
**ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत**

**ई-नीलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना (ई-नीलामी तिथि 15.05.2025)**
**हमारी शाखा द्वारा जब्त किये गये वाहनों का "जहाँ है जैसा है" आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-**

| क्र. | शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य | ई.एम.डी. | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राखी शाखाः-श्रीमती दुर्गेश्वरी पति भीम गायकवाड़ | ई-रिक्शा :-श्रीराम आटो टेक. प्राय. लिमिटेड, जांगीड़ डिलक्स, Re No. CG 04 NZ 2575, चेचिस नं.- M32PA22K1- RA500267, इंजिन नं. 102200267, लाल रंग, मॉडल 2022. | ₹ 58,500 | ₹ 5850 | ₹ 2200 |
| 2. | राखी शाखाः-श्री रमाशंकर तिवारी पिता श्री ईश्वरदीन तिवारी | ई-रिक्शा :-RCJ आटो फोर्मे प्राय. लिमिटेड/RCJ Atom Plus, रजि. नं.-CG 04 NZ 0348, चेचिस नं. MAP4ECBPF22L00775, आसमानी नीला रंग, मॉडल-2022. | ₹ 38,565 | ₹ 3856 | ₹ 2200 |
| 3. | देवेन्द्र नगर रायपुर शाखाः-जितेन्द्र सिंग स्वर्णय पिता हरजिंदर सिंग स्वर्णय, गारंटर-रोजी स्वर्णय | कार :-टाटा मोटर्स-INDIGO CS ELX, रजि. नं. CG 04 HD 6901, चेचिस नं. MAT601465CWE31222, ईंजन नं.- 14 CRAIL08EXYW22905, रंग बरगंडी रॉयल, मॉडल-2012. | ₹ 36,450 | ₹ 3645 | ₹ 2348 |
| 4. | बालेंगा शाखा :- भेलाकू राम मौर्या | बाईकः-Honda Shine CB 125, रजि. नं. CG 17 KT7092, चेचिस नं. ME4JC739AK7006804, ईंजन नं.-JC73E720 86515. काला रंग. | ₹ 24,750 | ₹ 2475 | ₹ 2000 |
| 5. | बालेंगा शाखा :- शुभम सिंग पिता मलखान सिंग एवं आस्था सिंग | कारः-CITROEN C3 SHINE 1.2 Petro, रजि. नं. CG 17 KY 1970, चेचिस नं. MZZCCHMERPV011371, ईंजन नं.- 10VQAH0002481, रंग पोलर सफेद, मॉडल-2023 | ₹ 4,83,000 | ₹ 48,300 | ₹ 5000 |
| 6. | गरियाबंद शाखा :- सहदेव राम नेताम | ट्रैक्टरः-Mahindra Swaraj 963 Fe St. चेचिस नं. MBNBN55AILCP08858, रजि. नं. CG 23 M 1944, ईंजन नं.-SBP34136, 60 HP. लाल रंग. | ₹ 3,51,000 | ₹ 35,100 | ₹ 5000 |
| 7. | चांपा शाखा :- अरविंद कुमार साहू पिता रामगोपाल साहू | कारः-FORD ASPIRE TITANIUM + MT 1.2 PETROL, ENGINE NO- LY75915, CHASSIS NO-MAJZXXMTKZLY 75915, COLOUR - WHITE GOLD, REGISTRATION OF 2020- CG 11 AX 7047 | ₹ 2,89,000 | ₹ 28,900 | ₹ 5000 |
| 8. | चांपा शाखा :- राम गोपाल सोनी पिता श्याम लाल सोनी | कारः-MAHINDRA TUV300 T4+ MHAWK100, DIESEL 1.5, ENGINE NO- VZJ6D45729, CHASSIS NO-MA1NA2VZXJ6D45 797, COLOUR - WHITE , REGISTRATION OF 2018- CG11AQ2093 | ₹ 2,75,000 | ₹ 27,500 | ₹ 5000 |

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें**: 1. नीलामी बिक्रि/बोली, वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. **बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं।** 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्रि कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं **mstc/ibapi** के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य उद्धत किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए। वाहन निरीक्षण के लिए कृपया **राखी शाखा-श्री रूपेन्द्र साहू-8982795755, देवेन्द्र नगर शाखा-श्री मनीष खांडेकर-6260143650. बालेंगा शाखा-श्री आयुष श्रीवास्तव-9039623326, गरियाबंद शाखा-श्री रूपेन्द्र ठाकुर-9399218860. चांपा शाखा-श्री संदीप एक्का-8109046990.**

दिनांकः 08.05.2025, स्थानः रायपुर (छ.ग.),
**अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक**
**बैंक ऑफ इंडिया**

# समाधान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा सुशासन तिहार

## धमतरी जिला सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में प्रदेश में प्रथम

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों के त्वरित समाधान के लिए 'सुशासन तिहार' का आयोजन पूरे उत्साह के साथ जारी है। तीसरे चरण में प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बाते सुन रहा है और उनका का समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वे हेलीकाप्टर से गांवों के आकस्मिक दौरे कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं और समाधान शिविरों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका मौके पर निराकरण करवा रहे हैं। यह जनता-जनार्दन के प्रति छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख 95 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकांश का निराकरण कर लिया गया है। इसमें धमतरी जिला ने लगभग 2 लाख 28 हजार आवेदनों में से 99.38 प्रतिशत का निराकरण कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश के 14 जिले क्रमशः धमतरी, महासमुंद, सक्ति, बालोद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा, दक्षिण बस्तर दंतेवाडा, दुर्ग, जांजगीर-चाम्पा, नारायणपुर, बीजापुर ने 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया है, जबकि गरियाबंद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बिलासपुर, राजनांदगाँव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदा बाजार-भाटापारा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम, बेमेतरा, जशपुर, कोरिया, उत्तर बस्तर कांकेर, सूरजपुर जिले ने 80 से 90 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। बस्तर जिले में 78.48 प्रतिशत, कोण्डागांव में 70.97 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिलें में 60.59 प्रतिशत, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ने 59.09. प्रतिशत, कोरबा जिले ने 41.61 प्रतिशत तथा सुकमा जिले ने 30 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि राज्यभर में त्वरित एवं प्रभावी समाधान की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं।



### रायपुर को मिले सर्वाधिक आवेदन

रायपुर जिले को 3 लाख 764 आवेदन प्राप्त हुए, जो राज्य में सर्वाधिक है। इसके बाद दूसरे क्रम पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है। धमतरी, बिलासपुर और बस्तर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर हैं। निराकरण के मामले में धमतरी पहले, महासमुंद दूसरे और सक्ति जिला तीसरे स्थान पर हैं। बालोद और रायगढ़ चौथे और पांचवें क्रम पर हैं। सुशासन तिहार के दौरान सर्वाधिक 10 लाख से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए, जिनमें से 94.70 प्रतिशत का निराकरण हो चुका है। उज्ज्वला योजना से जुड़े 1.47 लाख और राशन कार्ड हेतु 1.12 लाख आवेदनों में से अधिकांश का समाधान कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित मांगें भी प्रमुख रहीं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 25 लाख 77 हजार 747 आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व विभाग को 3 लाख 74 हजार 429, खाद्य विभाग को 2 लाख 18 हजार 113, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1 लाख 57 हजार और नगरीय प्रशासन विभाग को 1 लाख 42 हजार 475 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग प्रथम, श्रम विभाग दूसरे, तथा उद्योग, पशुपालन और खाद्य विभाग क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य को, जनभागीदारी पर आधारित सुशासन की दिशा में आगे बढ़ा रही है। गांवों में शिविरों में पहुँचकर आम लोगों से संवाद करना, शिकायतों की तत्काल सुनवाई करना और शासकीय तंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाना, यही सुशासन तिहार की मूल भावना है।

'सुशासन तिहार' छत्तीसगढ़ शासन की एक अभिनव पहल है, जिसने प्रशासन को जनता के और निकट लाकर विश्वास, समाधान और सेवा की एक मजबूत परंपरा को जन्म दिया है। यह अभियान मुख्यमंत्री की सोच को साकार करता है, जहाँ सरकार सिर्फ कार्यालयों में नहीं, बल्कि गांव-गांव जाकर आमजन की आवाज सुनती है और हर समस्या का समाधान करती है।

# मुस्लिम समाज के हित में है वक्फ संशोधन कानून: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने वक्फ सुधार जनजागरण कार्यक्रम को किया संबोधित- कहा - सभी सम्मिलित प्रयास कर वक्फ संशोधन कानून की भ्रांतियों को करें दूर

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। वक्फ संशोधन कानून मुस्लिम समाज के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके हित में है। हम सभी का सम्मिलित प्रयास और उद्देश्य होना चाहिए कि वक्फ कानून को लेकर समाज में किसी भी प्रकार का भ्रम न फैले। सभी को वास्तविकता को समझना चाहिए और दूसरों को भी इसकी जानकारी देनी चाहिए। वक्फ संशोधन कानून को लेकर देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है, और इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण कार्यक्रम में यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का गठन बहुत ही पुनीत उद्देश्य के साथ किया गया था, ताकि मुस्लिम समाज, विशेषकर गरीब वर्ग और पसमांदा मुसलमानों को लाभ मिल सके। लेकिन विगत वर्षों में कुछ रसूखदार लोगों ने इस कानून का लाभ उठाकर अपना स्वार्थ सिद्ध किए, जिससे गरीब मुसलमान अपने अधिकारों से वंचित रह गए।

श्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत' का जो लक्ष्य रखा है, उसे प्राप्त करने में सभी देशवासियों की भूमिका आवश्यक है। यदि कोई भी वर्ग पीछे छूटता है, तो हम अपना संकल्प पूर्ण नहीं कर पाएंगे।

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि हमारी सरकार सभी के हितों की चिंता करती है। वक्फ कानूनों में हुए संशोधनों का उद्देश्य मुस्लिम समाज को सशक्त बनाना है। अब वक्फ संपत्तियों की आमदनी का एक-एक पाई का लेखा-जोखा रखा जाएगा और यह राशि समाज के लोगों की भलाई, उनकी शिक्षा और जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में उपयोग की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक किरण देव, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, वक्फ बोर्ड के सीईओ डॉ. एस. एफ. फारूकी एवं मुस्लिम समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# प्राचीन जैन तीर्थंकर को आरंग से बाहर ले जाने के फैसले से आक्रोश

**आरंग,** 7 मई (देशबन्धु)। सितम्बर 2021 में आरंग के अंधियार खोप तालाब में मिली प्राचीन जैन तीर्थंकर की मूर्ति को आरंग से बाहर ले जाने का विरोध अब और बढ़ रहा है।बुधवार को जानकारी मिली कि भांडदेवल में रखी प्राचीन मूर्ति को आरंग से बाहर ले जाने का प्रशासनिक दबाव बनाया गया है और मूर्ति को ले जाने की मांग करने वाले जैन समाज के लोग आरंग पहुंचे है।जानकारी मिलते ही आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने खुद ही मोर्चा संभाला और सारे भाजपा पार्षदों के साथ भांडदेवल मंदिर पहुंच गए। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन को चर्चा करने के लिए आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने अपने ऑफिस बुलाया जहां पहले से जैन समाज के लोग मौजूद थे लेकिन उन्होंने चर्चा करने मना कर दिया।इसी बीच पार्षद पुष्कर साहू और पार्षद प्रतिनिधि खिलेश धुरंधर एसडीएम के पास पहुंचे और उन्होंने नगर हित में मूर्ति को लेकर अपना पक्ष रखा,इस दौरान दोनों के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई और पार्षद पुष्कर साहू एसडीएम ऑफिस से बाहर निकल गए। इस घटना से जैन समाज के लोग नरम पड़ गए और उनको मूर्ति के बिना ही वापस लौटना पड़ा।आपको बता दे कि आरंग की प्राचीन जैन तीर्थंकर की मूर्ति को जैन समाज द्वारा रायपुर ले जाने की मांग की गई थी जिस पर तत्कालीन रायपुर कलेक्टर ने मूर्ति को ले जाने का आदेश जारी किया था।तब जनभावना का ध्यान रखते हुए आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की मांग पर तात्कालिक मंत्री और वर्तमान में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आरंग की मूर्ति को आरंग में ही रखने की घोषणा की थी।पूर्व मंत्री की घोषणा का बाद भी मूर्ति को बाहर ले जाने का आदेश कायम है और इसी के चलते जैन समाज के लोग मूर्ति को ले जाने के लिए पहुंचे थे।इस पूरे घटनाक्रम में आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने कहा मै खुद जैन समाज से आता हूं,आरंग नगर मेरी पहली प्राथमिकता है,यहां की प्राचीन मूर्तियों पर आरंगवासियों का अधिकार है।आरंग की मूर्ति आरंग में ही रहेगी इसके लिए हम सभी प्रयास कर रहे है।पूर्व संस्कृति मंत्री और वर्तमान में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जो घोषणा की थी उसको पूरा करना है।यहां उनकी घोषणा अनुसार संग्रहालय बनाया जाएगा और मूर्तियों को संरक्षित किया जाएगा।कुछ दिनों में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के सहयोग से प्रशासनिक रूप से इस विषय पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले,पार्षद नरेंद्र लोधी,पुष्कर साहू,संतोष लोधी,गोलू वीरेंद्र कंडरा, उमाकांत यादव पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर, अशोक चंद्राकर,सुशील जलक्षत्री,यशपाल लोधी,तुलाराम साहू,नागेंद्र विश्वकर्मा,रूपेश जलक्षत्री,बसंती साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस

# सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देश पर तीन दोषियों पर कड़ी कार्रवाई

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भ्रष्टाचार के प्रति उसकी नीति च्जीरो टॉलरेंसज्‌ की है। बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े तीन संविदा कर्मियों द्वारा हितग्राहियों से रिश्वत मांगने एवं डरा-धमकाकर वसूली करने की पुष्टि के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की गई है।

घटना की जानकारी एक वायरल ऑडियो क्लिप के माध्यम से सामने आई, जिसमें ग्राम पंचायत ऐरमशाही की आवास मित्र श्रीमती नीरा साहू द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने के एवज में 25 हजार रूपये की रिश्वत मांगने की बात स्पष्ट रूप से सामने आई। तहसीलदार की जांच में नीरा साहू ने स्वयं ऑडियो में अपनी आवाज होने की बात स्वीकार की।

इसी प्रकरण में नारायण साहू, जो ग्राम पंचायत तेंदुआ में रोजगार सहायक हैं, द्वारा हितग्राहियों को धमकाते हुए 10 हजार रूपये की मांग किए जाने के प्रमाण मिले। वहीं उनकी पत्नी श्रीमती ईश्वरी साहू, जो ग्राम पंचायत ऐरमशाही में रोजगार सहायक के रूप में पदस्थ थीं, उन पर भी हितग्राहियों से डराकर पैसे मांगने के गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं।

- एफआईआर दर्ज, सेवा से पृथक

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नवागढ़ की लिखित रिपोर्ट तथा नांदघाट थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर तीनों दोषियों—नीरा साहू, नारायण साहू और ईश्वरी साहू—को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है। यह आदेश कलेक्टर बेमेतरा के अनुमोदन से जारी किया गया।

उक्त मामले में नांदघाट थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (क्ष्हस्स्) की धाराएँ 308(2) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की विधिवत विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस कार्रवाई को सुशासन तिहार के मूल उद्देश्य का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी आमजन के अधिकारों का दुरुपयोग न करे, और यदि करता है तो उसे तत्काल विधिसम्मत कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह सिर्फ कार्रवाई नहीं, सुशासन का संकल्प है।

# आईआईटी भिलाई सहित देश के पांच आईआईटी के शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता के विस्तार को मंजूरी

- विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक और बड़ा कदम

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय कैबिनेट बैठक में आज छत्तीसगढ़ के लिए एक बड़ी घोषणा हुई। आईआईटी भिलाई के कैम्पस के विस्तार के साथ ही तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के लिए नई सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा अब आईआईटी भिलाई में अधिक छात्रों को पढ़ाई का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आईआईटी भिलाई के विस्तार के संबंध में की गई घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा देश के पांच नए आईआईटी संस्थानों, जिनमें छत्तीसगढ़ का आईआईटी भिलाई भी शामिल है, की शैक्षणिक और आधारभूत संरचना का विस्तार करने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय केबिनेट के फैसले से आने वाले चार वर्षों में देशभर के 6,500 से अधिक छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई का सपना पूरा कर सकेंगे। खास बात यह है कि आईआईटी भिलाई में अब और अधिक सीटें होंगी, जिससे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों के युवाओं को भी लाभ मिलेगा। इस फैसले से आईआईटी भिलाई कैम्पस के अवसंरचना विस्तार के साथ-साथ न केवल छात्रों को लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। शिक्षकों, कर्मचारियों और शोधकर्ताओं की भर्ती के साथ-साथ आस-पास के इलाकों में आवास, परिवहन और अन्य सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी।

आईआईटी भिलाई पहले से ही अपने स्थायी परिसर में कार्य कर रहा है, लेकिन इस विस्तार के बाद यह संस्थान अब और भी अधिक छात्रों के लिए शिक्षा और नवाचार का केंद्र बनेगा।उल्लेखनीय है कि चार वर्षों में पूरे देश में छात्रों के लिए 13,687 सीटें उपलब्ध होंगी, जो अभी 7,111 हैं। इसका मतलब है कि 6,576 नई सीटों का इजाफा होगा। देश के जिन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में शैक्षणिक और अवसंरचना क्षमता के विस्तार की स्वीकृति दी गई है, इनमें भिलाई के साथ-साथ आंध्र प्रदेश (तिरुपति), जम्मू-कश्मीर (जम्मू), कर्नाटक (धारवाड़) और केरल (पालक्काड़) के आईआईटी शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने इनके विस्तार के लिए 11,828.79 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है, जो साल 2025-26 से 2028-29 तक खर्च होगा। इसके अंतर्गत न केवल नई इमारतें और आधुनिक सुविधाएं बनाई जाएंगी, बल्कि 130 नए प्रोफेसर पदों का सृजन भी होगा, जिससे पढ़ाई और शोध का स्तर और मजबूत होगा। उद्योग अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के लिए पांच नये अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क भी बनाये जा रहे हैं।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली स्थगित

- सचिन पायलट का प्रस्तावित दौरा भी रद्द

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस की बहुप्रचारित राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह रैली गुरुवार को बिलासपुर में आयोजित होने वाली थी। जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की भी शिरकत प्रस्तावित थी। पार्टी सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि देश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

पार्टी के अनुसार, यह निर्णय कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर लिया गया था, जिसे अब अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा हालात सामान्य होने पर की जाएगी।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद मौजुदा हालातों के मद्देनज़र कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। इस रैली की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री उमेश पटेल को सौंपी गई थी, जो बिलासपुर से इसकी शुरुआत करने वाले थे। इसके बाद इसे सभी जिलों में आयोजित करने की योजना थी।

प्रदेश कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातीय जनगणना को लेकर अचानक बदला गया रुख एक 'राजनीतिक यू-टर्न' है। पार्टी का आरोप है कि जो भाजपा नेता पहले जातीय जनगणना को देश तोड़ने की साजिश कहते थे, वही अब इसे 'मास्टरस्ट्रोक' बता रहे हैं। कांग्रेस ने इसे अपनी वैचारिक जीत मानते हुए 'विजय सभा' के रूप में संविधान बचाओ रैली आयोजित करने का फैसला लिया था।

# एनएसयूआई ने सेना की सफलता पर तिरंगा लहराकर मनाया जश्न

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में आज एनएसयूआई रायपुर द्वारा जय स्तंभ चौक पर मिठाई वितरण और तिरंगा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने वीर जवानों की शौर्यगाथा का सम्मान करते हुए देशभक्ति के नारों के साथ जश्न मनाया।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने किया। उन्होंने कहा भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर कार्रवाई की है और अगर पाक अपने नापाक हरकत से बाज नहीं आएगा तो यह कार्रवाई बढ़ते हुए 500 किलोमीटर तक के क्षेत्र में भी होगी। जैसे 1971 में बांग्लादेश को आज़ाद कराया गया था, उसी संकल्प और साहस के साथ अब बलूचिस्तान की स्वतंत्रता की दिशा में भी कदम बढ़ाया जाएगा ।

आज हर देशवासी, हर युवा, सेना और सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। यह भारत की सामरिक और कूटनीतिक शक्ति का प्रतीक है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।जिन्होंने वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी और देशभक्ति के गीतों एवं नारों के साथ माहौल को गौरवपूर्ण बना दिया।




ऑपरेशन सिंदूर

# एयरस्ट्राइक से पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकाने तबाह

- वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**रायगढ़,** 7 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आंतकी हमले का जवाब भारतीय सेना ने पकिस्तान से ऑपरेशन सिंदूर से लिया है। पाकिस्तान और पकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की गई है। इन हमलों में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय शामिल है। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद से भारतवासियों में जश्न का माहौल है। छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी भी अपने घर के बाहर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न मनाते नजर आए।

यह वीडियो वित्त मंत्री ओपी चौधरी के रायगढ़ निवास का बताया जा रहा है। निवास के सामने मंत्री ओपी आतिशबाजी और पटाखे फोड़कर जश्न मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। मंत्री ओपी चौधरी ने सबके साथ मिलकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।



बता दें कि करीब ढाई बजे भारतीय सेना ने बुधवार रात डेढ़ बजे पाकिस्तान और पीओके के नौ अलग-अलग आतंकी ठिकानों (बहावलपुर (02), मुरीदके, मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिंबर, चक अमरू, सियालकोट) पर एयरस्ट्राइक किया। इस हमले में तकरीबन 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की खबर है। वहीं एयर स्ट्राइक में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग मारे गए हैं। एयर स्ट्राइक के दौरान आतंकी ठिकानों पर मौजूद थे 900 से ज्यादा दहशतगर्द मौजूद थे।

इन 9 ठिकानों पर हुआ एयरस्ट्राइक- मरकज़ सुभान अल्लाह, बहावलपुर-जैश, मरकज़ तैयबा, मुरीदके - लश्कर, सरजल, तेहरा कलां - जेईएम, महमूना जोया, सियालकोट-एचएम, मरकज़ अहले हदीस, बरनाला - लश्कर, मरकज़ अब्बास, कोटली - जैश, मस्कर राहील शाहिद, कोटली - एचएम, शावई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद - लश्कर, सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद - जेईएम।

आज सुबह 10 बजकर 38 मिनट पर सेना, एयरफोर्स और स्थ्र ने ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें डिटेल सभी के सामने रखी गई। बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को न्याय देने लिए किया गया। कर्नल सोफिया ने जानकारी दी कि रात 01-05 से 01- 30 मिनट तक ऑपरेशन सिंदूर हुआ। किसी भी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया। इसके साथ ही भारत ने क्र्य को चेतावनी दी है, अगर कोई हरकत की तो फिर से कार्रवाई होगी।'

NECC

| 08.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 501 | 70 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 100 | 160 |

डिलीवरी 516 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### किसी भी नतीजे को स्वीकार करें बच्चे

वैसे तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम 10 और 12 मई को निकलने के संकेत दिये गये थे परन्तु मंगलवार की रात को लिये गये एक निर्णय के अनुरूप इन्हें बुधवार को ही घोषित कर दिया गया। भावी अध्ययन का निर्धारण करने एवं कैरियर बनाने के लिहाज से क्रमश: 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण होती है। इन दोनों ही परीक्षाओं में जिन्हें अच्छे अंक मिलते हैं, बच्चों को अध्ययन तथा जीवन के लक्ष्य बनाने में आसानी होती है। बुधवार को घोषित दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में जो बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें बधाइयां, लेकिन जो असफल रहे या जिन्हें अपेक्षा के अनुरूप अंक नहीं मिल सके, वे निराश न हों।

परीक्षाओं में नाकामयाबी मिलने अथवा बहुत अच्छे अंक नहीं मिलने मात्र से उनके सारे रास्ते बन्द नहीं हो जाते। उन्हें आगे की परीक्षाओं हेतु बेहतर तैयारियां करनी चाहिये ताकि उन्हें भविष्य में फिर से निराशा न हो। जो भी नतीजे आये हैं उन्हें स्वीकार करते हुए ठंडे दिमाग से सोचा जाये कि उन्हें आगे किन विषयों के साथ पढ़ाई जारी रखनी चाहिये या वे यह भी सोचें कि कहां कमी रह गयी थी। इस बाबत वे शिक्षकों, पालकों, अभिभावकों और मित्रों से भी सलाह-मशविरा कर सकते हैं।

हर विद्यार्थी, उनके पालक-अभिभावक तो चाहते हैं कि उन्हें अच्छे अंक मिलें ताकि वे आगे अच्छी पढ़ाई करें तथा उनका जीवन सफल हो। जो आगे जाकर कुछ करना चाहते हैं उन्हें अच्छा कैरियर बनाने में मदद मिले- चाहे नौकरियां हों या व्यवसाय। ज्यादातर बच्चे यथासम्भव मेहनत करते हैं परन्तु अनेक ऐसे भी होते हैं जो अध्ययन को गम्भीरता से नहीं लेते। वैसे खराब नतीजे निकलने पर वे पछताते ज़रूर हैं परन्तु तब तक देर हो चुकी रहती है। देखा तो यह भी गया है कि 10वीं के कुछ बच्चे खराब अंक आने के बाद सम्भल जाते हैं और 12वीं में अच्छे अंक ले आते हैं, परन्तु जिनके 12वीं में भी अच्छे अंक नहीं आते उनके लिये आगे की राह आसान नहीं होती। ऐसे बच्चों को निराश हुए बगैर हमेशा नया मार्ग ढूंढ़ना चाहिये।

असफल अथवा कम अंक पाने वाले बच्चों को वापस मजबूत बनाने में मां-बाप, घर के बड़ों तथा शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें भावी कैरियर चुनने में भी उनकी मदद करनी होगी। निराश बच्चों को आगे का कुछ समझ में नहीं आता या उनका ज्ञान सीमित है तो उन्हें हौसला बंधाने तथा मार्गदर्शन की ज़रूरत पड़ती है। हालांकि मौजूदा दौर में बच्चे सूचना तकनीक की मदद से अपना मार्ग तय करते हैं परन्तु उन्हें जहां भी भावनात्मक संबल की ज़रूरत हो अभिभावकों, पालकों तथा शिक्षकों को उनके साथ खड़ा होना चाहिये। बच्चों को बतलाया जाये कि परिणाम जो भी आये उन्हें अविचलित रहना चाहिये।

**उल्टा पुल्टा**

चंगू- जब शादी शुदा आदमी कहे कि मैं सोचकर बताऊंगा।
मंगू- इसका क्या मतलब?
चंगू- इसका सीधा मतलब है वह अपनी पत्नी से पूछकर बताएगा।

# क्षेत्रवासियों के खुशहाली का वादा पूरा करने साय सरकार सुशासन तिहार मना रही : केदार

## नारायणपुर विधानसभा के सोरगांव, केशरपाल व तुरपुरा-1 में 52 लाख की सौगात, वनमंत्री केदार कश्यप ने किया भूमिपूजन और लोकार्पण



**जगदलपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। वनमंत्री केदार कश्यप क्षेत्रीय प्रवास पर हैं। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर विकास खंड में बुधवार को 52 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान वनमंत्री केदार कश्यप ने क्षेत्रवासियों को साय सरकार के संकल्पों से अवगत कराया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार संकल्पित है। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने का हमारा सपना अब साकार होने लगा है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार नियद नेल्ला नार जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से बस्तर के दुरस्थ क्षेत्रों में मूलभुत अवश्यकताओं को पूरा कर रही है।

केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार ने आज नक्सलवाद को बस्तर से समाप्त करने का कठोर कदम उठाया है और आज परिणाम सबके समक्ष है बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होता दिख रहा है। नक्सल मुक्त और विकास के मार्ग में आगे बढ़ रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब, कर दिया विपक्ष का मुहबंद**

**क्षेत्रवासियों को सौगात, हमारी सरकार हर वादा कर रही पूरा :** वनमंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल भानपुरी के ग्राम सोरगांव, तूरपुरा एवं केशरपाल में विभिन्न विकासकार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगात समर्पित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि विष्णुदेव साय सरकार में आज बस्तर तेज गति से विकास कर रहा है। बस्तर और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रवास में क्षेत्रवासियों को भाजपा सरकार के द्वारा लाखों करोड़ों की सौगात देने का क्रम जारी है। केदार कश्यप ने कहा हमारी साय सरकार ने बस्तर वासियों से जो वाद किया उसे पूरा करने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सांखला, विजय पांडेय, खि़तेश मौर्य, गौरव कश्यप सहित क्षोत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा पदाधिकारीगण व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**मोदी ने पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दिया है इसलिए आज विपक्ष का मुँह बंद है:** वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पहलगाम कि घटना हमारे देश के लिये दु:खद घटना थी। पुरे देश को इस घटना ने झकझोर कर रख दिया था लेकिन आज जिस प्रकार से शक्तिशाली नेतृत्व के कारण देश हर स्तर पर मज़बूत हुआ है उसका ही परिणाम है कि पाकिस्तान पर हमारे देश के वीर योद्धाओं ने ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब दिया है। इस जवाब ने विपक्ष के मुँह को बंद कर दिया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व क्षमता का तारीफ कर रहा है। मोदी जी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि हम घर में घुस कर मरेंगे।

# भारतीय सेना की वीरता और देशभक्ति का गौरव है पाकिस्तान में सफल एयर स्ट्राइक : संजय पाण्डे



**जगदलपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने च्ऑपरेशन सिंदूरज्ज के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर सटीक और प्रभावी एयर स्ट्राइक कर पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई, पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया था। इस नृशंस हमले के पीछे पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काला साया स्पष्ट था। भारतीय वायुसेना ने एक बार फिर अपनी अदम्य शौर्य और देशभक्ति का परिचय देते हुए पाकिस्तान की धरती पर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। यह ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की सामरिक कुशलता का प्रतीक है, बल्कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का भी जीवंत प्रमाण है। हमारे वीर जवानों ने अथक साहस और पराक्रम के साथ आतंकवाद के गढ़ों को नेस्तनाबूद कर देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए कड़े से कड़ा कदम उठा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को समर्पित एक ऐतिहासिक कदम है, जो हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला को और प्रज्वलित करता है। श्री पाण्डे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जल जीवन मिशन कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश



**सुकमा**, 7 मई (देशबन्धु)। जिला सुकमा के ग्राम नागारास में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण विगत दिवस को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कार्य को गुणवत्ता के साथ समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि जल जीवन मिशन आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि कार्य की सतत निगरानी सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

# समाधान शिविर छापर भानपुरी में राजस्व, वन, खाद्य और श्रम विभाग के लाभर्थियों को मिला प्रमाण पत्र एवं कार्ड



**त्वरित निराकरण के लिए लाभार्थियों ने की शासन प्रशासन का जताया आभार**

**जगदलपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तीसरे चरण के समाधान शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को त्वरित लाभ मिला है। समाधान शिविर छापर भानपुरी में राजस्व, वन, खाद्य और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब की द्वितीय प्रति, खसरा बी-वन, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, स्थायी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र, किसान वृक्ष मित्र योजना, श्रमिक कार्ड, राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के त्वरित समाधान कार्यवाही के लिए आभार जताया। सुशासन तिहार के तहत छापर भानपुरी कलस्टर में राजस्व विभाग अंतर्गत कुल 73 आवेदन मिले थे। जिसमें राजस्व विभाग ने तत्काल निराकरण कर नामांतरण के 7 आवेदन में से 04 निराकृत एवं 03 लंबित है। बंटवारा के 17 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 16 निराकृत एवं 01 लंबित है एवं सीमांकन के प्राप्त 09 आवेदनों का निराकरण हो चुका है। इसके साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में नाम सुधार एवं रकबा सुधार के प्राप्त 03 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदकों को निराकरण सम्बन्धी कार्यवाही के लिए अवगत कराया गया।

किसान किताब सहित जाति-निवास प्रमाण पत्र प्रदाय से ग्रामीणों ने सरकार को दिया धन्यवाद

समाधान शिविर में ग्रामीणों को किसान किताब सहित जाति-निवास प्रमाण पत्र, राशनकार्ड प्रदाय किए जाने पर इन हितग्राहियों ने त्वरित पहल के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें छापर भानपुरी के निवासी गणपत ने भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार हेतु सुशासन तिहार में आवेदन किया था उक्त आवेदन के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा तत्काल सुधार कर बी-वन जारी किया गया। इसी प्रकार जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र हेतु 09 आवेदनों में से सिंगनपुर निवासी गौतम साहू ने स्थानीय निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया था उसका भी निराकरण किया गया। स्थायी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र के लिए श्रद्धा साहू ने भी आवेदन किया था उसका भी प्रमाण पत्र जारी किया गया। किसानों से पुराने जीर्णशीर्ण किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए थे जिसका निराकरण विभाग द्वारा किया गया। लाभार्थी लछिन्दर ने बताया कि मैंने किसान किताब की द्वितीय प्रति के लिए तिहार में आवेदन किया था, विभाग ने तत्काल बनाकर मुझे किसान किताब की दूसरी कॉपी प्रदान की है। लछिन्दर इसके लिए शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अब उसे बैंक से ऋण लेने तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में सहूलियत होगी। वन विभाग को बड़े सिरिसगुड़ा निवासी लोकेश राम कुंजाम ने सुशासन तिहार में ग्राम पंचायत बड़े सिरिसगुड़ा में पौधा लगाने हेतु खसरा नंबर के साथ ऑनलाइन आवेदन किया गया था जिसका विभाग द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर लोकेश को किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत नाम जोड़ा गया है। वन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के पूर्व क्लोनल नीलगिरी पौधा प्रदाय किया जाएगा। श्रम विभाग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पूर्व लक्षित स्कूली बच्चों को प्रदाय करें जाति प्रमाण पत्र : कलेक्टर



**जगदलपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के शुरू होने के पूर्व सभी लक्षित स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय सुनिश्चित करें। इस दिशा में राजस्व और शिक्षा विभाग के अधिकारी समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप सभी स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सकारात्मक पहल करें। वहीं राज्य शासन के सुशासन तिहार अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का प्राथमिकता के साथ निराकरण कर पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करें। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने मानसून के पहले सभी ग्राम पंचायतों के शत-प्रतिशत तालाबों को मछलीपालन के लिए पट्टे पर देने पर जोर देते हुए कहा कि मछलीपालन करने के लिए निर्धारित अवधि तक पानी उपलब्ध रहने वाले तालाबों का चयन कर स्थानीय मछुआ समितियों या स्व सहायता समूहों को लीज पर प्रदाय किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन के आवेदन पत्रों को आगामी दो दिवस के भीतर सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए, साथ ही समय सीमा के प्रकरणों पर चर्चा के दौरान जिला खनिज न्यास निधि के मद से विभाग और जनपदवार स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए हर महीने पात्र होने वाले हितग्राहियों का आगामी सितम्बर 2025 तक की स्थिति में सर्वेक्षण कर चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए और प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय में उक्त कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने कहा। उन्होंने बैठक में जन शिकायत और पीजी पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनरेगा में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित करने पर बल देते हुए कहा कि वर्किंग सीजन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास निर्माण कार्यों में निर्धारित दिवस का रोजगार अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए और मानसून के पहले अधिकाधिक आवास निर्माण कार्यों को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रीत किया जाए। उन्होंने चिन्हांकित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के सर्वे और योजनाओं के क्रियान्वयन पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं वितरण, स्वास्थ्य विभाग की एनसीडी स्क्रीनिंग एवं मॉनिटरिंग, टीबी स्क्रीनिंग, एएनसी, टीकाकरण के साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आंगनबाड़ी हितग्राही पंजीयन, प्रधानमंत्री पोषण योजना, प्रधानमंत्री कृषक सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री विश्व कर्मा योजना, श्रमिक पंजीयन कार्ड, हर घर नल से जल, पशु टीकाकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की और पशुपालन, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन के लिए ज्यादा से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में डीएमएफ के अंतर्गत एजेंसीवार स्वीकृत एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए इन निर्माण कार्यों को वर्किंग सीजन में तेजी के साथ संचालित कर जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। वहीं राज्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ग्रीष्म कालीन जुडो कराते प्रशिक्षण शिविर आज से 5 जून तक



**जगदलपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग जगदलपुर एवं बस्तर जिला जूडो संघ व इंटर नेशनल गोसुकु रियो कराते दो एसोसिएशन ब्रान्च जगदलपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय विद्या ज्योति स्कूल प्रांगण में प्रशिक्षक अब्दुल मोईन के मार्गदर्शन पर दिनाँक 8 मई 2025 से समय शाम 5 बजे से 6, 15 बजे तक जूडो कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रही है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में उम्र की कोई पाबंधी नही है। किसी भी उम्र का व्यक्ति इस प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकता है। विगत 30 वर्षों से संचालित इस मार्शल आर्ट क्लब से कई ऐसे प्रशिक्षक निकल कर आज अपनी सेवा विभिन्न जगहों पर दे रहे है। शिविर का उद्देश्य छात्र छात्रों को आत्म निर्भर बनाना है ताकि आज की इस दौर में मार्शल आर्ट का अभ्यास कर अपनी व आने वाली विपत्तियों का सामना कर सके साथ ही स्कूल कालेज व ओपन की खेलो में इस कला का प्रदर्शन कर जिले व अपने माता पिता का नाम रौशन कर सके। इस कला के माध्यम से छात्रों को नशामुक्त व अनुशासन में रह कर समाज व देश की रक्षा करने की प्रेरण दे सके उक्त प्रशिक्षण में छात्रों को विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। म्युथाई बाक्सिंग जैसी कला की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण के दौरान बताया जाएगा। साथ ही जापान की कला जूडो अलोम्पिक खेल में शामिल जुडो की उठा पटक कराते की लात घुसे व रोकने की विधि के साथ बाक्सिंग का पंच छात्र छात्रों सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान महिला कोच सोनाली कुशवाहा श्रष्टि नेगी गिताची श्रीवास के द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त शिविर का पंजीयन विद्या ज्योति स्कूल ग्राउंड पर प्रशिक्षण समय पर आकर या खेल एवं कल्याण विभाग जगदलपुर में करवा सकते है।

# प्रियंका मुचाकी ने प्रदेश में छठवां स्थान हासिल कर सुकमा का बढ़ाया मान



**जिले का कक्षा 10 वीं का परिणाम 89.76 प्रतिशत और 12 वीं का 84.11 प्रतिशत रहा, छात्राओं ने मारी बाज़ी**

**सुकमा**, 7 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल छत्तीसगढ़ द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणामों में सुकमा जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। जिले का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 89.76 प्रतिशत रहा, जिसमें बालकों का परिणाम 87.99 प्रतिशत एवं बालिकाओं का परिणाम 91.81 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं का परिणाम 84.11 प्रतिशत रहा, जिसमें बालक 81.08 प्रतिशत एवं बालिकाएं 87.04 प्रतिशत उत्तीर्ण रहीं। इस वर्ष जिले की कक्षा 10 वीं की छात्रा प्रियंका मुचाकी, पिता जोगा राम मुचाकी, मदर टेरेसा आदर्श माध्यमिक हाईस्कूल सुकमा ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर छठवां स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से जिले का गौरव बढ़ा है और शिक्षा के क्षेत्र में सुकमा को राज्य स्तर पर नई पहचान मिली है।

जिले की इस सफलता पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने शिक्षा विभाग और सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन जिले की शिक्षा को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और यह परिणाम उसी का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बच्चों को बेहतर अवसर देने के लिए समर्पित रूप से कार्य किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मांडवी ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पूर्व तैयारियों, मॉडल टेस्ट, अतिरिक्त कक्षाओं और नियमित मूल्यांकन का लाभ विद्यार्थियों को मिला। परीक्षा प्रभारी आशीष राम ने कहा कि परीक्षा की पारदर्शी और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर व्यापक तैयारी की गई थी। इसके साथ ही छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने हेतु शिक्षकों द्वारा लगातार मार्गदर्शन भी दिया गया, जिसका सकारात्मक प्रभाव परिणामों पर पड़ा है। सुकमा जिला कक्षा 10 वीं का रिजल्ट 89.76: एवं 12 वीं का रिजल्ट 84.11 रहा। सुकमा जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड की परीक्षा परिणाम कक्षा 10 वीं में 89.76 (बालक 87.99:, बालिका 91.81:) तथा कक्षा 12 वीं में 84.11: (बालक 81.08, बालिका 87.04 ) रहा। जिसमें सुकमा जिले से कक्षा 10 वीं की छात्रा प्रियंका मुचाकी, पिता जोगा राम मुचाकी, मदर टेरेसा अ.मा.हाईस्कूल सुकमा, में राज्य स्तर पर 98.33न लाकर राज्य स्तर पर छठवा स्थान प्राप्त की। सुकमा जिले में कक्षा 10 वीं में टॉप 10 में प्रथम- कुमारी प्रियंका मुचाकी, मदर टेरेसा अ.मा.हाईस्कूल सुकमा, 98.33:, द्वितीय- भुमिका कुलर्या, मदर टेरेसा अ.मा.हाईस्कूल सुकमा, 96.67:, तृतीय- नैंसी नाग, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 95.17:, तृतीय- कृष्णा कवासी, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. छिन्दगढ़, 95.17:, चौथा- राजेश सरदार, शास. हाईस्कूल गादीरास, 94.67:, पांचवा-सुनिष्का श्रीवास, आई.एम.एस.टी. अग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा, 92.00:, छठवा- निधि कुमारी सिंह, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 91.50:, सातवा-मुस्कान यादव, मदर टेरेसा अ.मा.हाईस्कूल सुकमा, 91.17:, सातवा- अंजली, तडै। आवासीय पो.के.हाईकूल बालाटिकरा, छिन्दगढ, 91.17:, आठवा- ऋषि चौहान, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**DABUR INDIA LIMITED**
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com | E-mail: corpcomm@dabur.com

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025**

The consolidated and standalone audited financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on May 7, 2025, along with the Auditors' Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: May 07, 2025

**Mohit Burman**
Chairman
DIN: 00021963

# धौड़ाई में आयोजित किया गया समाधान शिविर

## शिविर में हितग्राहियों को किये गए चेक एवं सामग्री वितरण

**नारायणपुर,** 7 मई (देशबन्धु) ।सुशासन तिहार 2025 में प्राप्त आवेदन पत्रों के मांग एवं शिकायतो का 31 मई 2025 तक समाधान शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनो का समाधान किया जाएगा, जिसके परिपालन में विकासखण्ड नारायणपुर में 8 कलस्टर में शिविर आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय शिविर 07 मई को ग्राम पंचायत धौड़ाई में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम की उपस्थिति में आयोजित किया गया। धौड़ाई समाधान शिविर में ग्राम पंचायत महिमागावड़ी, कन्हारगांव, पल्ली, सुलेगा, कोंगेरा, कौशलनार, तारागांव, तोयनार, टेमरुगाव और आतरगांव के ग्रामीणों ने समाधान शिविर में आकर अपने समस्याओं का निराकरण कराया।



जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाधान शिविर में किसी भी प्रकार की समस्या या मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आपके गांव में सरकार पहुंची है सड़क, पुल पुलिया, बिजली, पानी स्वास्थ्य संबंधी कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या हो तो आवेदन कर निराकरण किया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन यापन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो समाधान शिविर में आकर समाधान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा मनुष्य के जीवन का नाश करती है, इसलिए नशा से हमेशा दूर रहकर अपने जीवन को सुखमय बनाने की अपील करते हुए उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि जल और जंगल को बचाएं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि हम ही हैं जो जंगल को नष्ट करते हैं, जिसके कारण आने वाले समय में अनेक समस्याओं का सामना करने पड़ेगा। इसलिए अभी से सजग जाइए और खानपान आदि में परिवर्तन लाए, जिससे कई बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने के लिए सबसे पहले ग्राम पंचायत में समाधान या शिकायत कर सकते हैं, जो हमारी पहली सरकार होती है। उन्होंने समाधान शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि अपने अपने विभाग की योजना का प्रचार प्रसार का कार्य करें, जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल सके।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास का पहली किस्त जारी किया गया है। आप सभी हितग्राही शीघ्र आवास बनना प्रारंभ कर दें ताकि बरसात के पूर्व मकान तैयार हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में पानी की शिकायत हो रही है उसका भी समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सभी पेंशनधारी अपना खाता बैंक में खुलवाना सुनिश्चित करें ताकि पेंशन की राशि खाता में समय पर जमा हो सके, उसके लिए आधार कार्ड, अपने खाता के साथ लिंक करवाने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उसके लिए उन्होंने मैदानी अधिकारी कर्मचारियों से ग्रामीणों का आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग करने की अपील की। सुशासन तिहार में आए हुए सभी आवेदनों का समाधान शिविर में निराकरण किया जा रहा है। यदि किसी का आवेदन का निराकरण नहीं होने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र निराकरण कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के लिए शपथ भी दिलाई गई। समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अनप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि चेक के माध्यम से वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग के द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं महिमागवाड़ी के दिव्यांगजन भूमिका पटेल को व्हीलचेयर दिया गया।

# एक देश एक चुनाव संगोष्ठी कार्यक्रम




**नारायणपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। एक देश एक चुनाव संगोष्ठी कार्यक्रम नारायणपुर में छत्तीसगढ़ के वन एवं पर्यावरण, संसदीय कार्य मंत्री नारायणपुर विधान सभा के विधायक श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप , पूर्व विधायक डॉ .सुभऊ कश्यप की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में केदार कश्यप ने एक देश एक चुनाव की जरूरत और प्राथमिकता को लेकर आम जन मानस के बीच अपनी बात रखी और कहा एक देश एक चुनाव देश की समृद्धि, सम्पन्नता, के लिए अति आवश्यक है ।आज कई राज्यों में विभिन्न समय में अलग अलग चुनाव होते है जिसमें राज्य में वृद्धि होने पश्चात चुनाव में काफी समय लग जाता है आचारसहिता लागू होने पर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ और सुविधा नहीं मिल पाती, अत्यधिक रूप से सरकारी तंत्र का उपयोग किया जाता है जिससे देश में प्रशासनिक कार्यवाही कही ना कही प्रभावित होती है ।काफी बड़े पैमाने पर सरकारी धन का उपयोग चुनाव में होता है इस धन का उपयोग विभिन्न जनहित सुविधाओं ने किया जा सकता है। वर्तमान समयानुसार कई जगह अपराधिक घटनाएं भी चुनावों में होने लगी है इस पर भी अंकुश लगेगा। बड़ी मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था सुरक्षा बलों द्वारा मुहैया करवाया जाता है जिससे देश की सीमाओं और सुरक्षा पर असर पड़ता है देश की समृद्धि और विकास के लिए एक देश एक चुनाव की जरूरत है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस ओर पहल की है जिसने सभी भारत के नागरिकों, सामाजिक संस्थानों, बुद्धिजीवों, और विभिन्न राजनीतिक पार्टियों से साथ देने की अपील की है। केदार कश्यप जी ने कहा मुझे पूरी उम्मीद है की जनता इस बात को भली भांति समझेगी और भारतीय जनता पार्टी के इस अभियान एक देश एक चुनाव पर अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, पूर्व विधायक डॉ सुभाष कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ,उपाध्यक्ष प्रताप मंडावी, नारायणपुर नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती संध्या पवार, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रुपसाय सलाम , समाजसेवी बृजमोहन देवांगन आदि ने संबोधित किया।

# जिला न्यायालय परिसर में एचएसआरपी प्लेट हेतु विशेष शिविर का सफल आयोजन

**दंतेवाड़ा,** 7 मई (देशबन्धु) । जिला न्यायालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता के निर्देशन में आरटीओ कार्यालय दन्तेवाड़ा द्वारा 07 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर में उच्च सुरक्षा वाहन पंजीकरण प्लेट ''हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट-एचएसआरपी'' हेतु एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य न्यायाधीशगण, न्यायालय कर्मचारी, अधिवक्तागण एवं पक्षकारों को एचएसआरपी प्लेट की सुविधा न्यायालय परिसर में ही उपलब्ध कराना था, जिससे उन्हें विभागीय कार्यालय जाने की आवश्यकता न पड़े।

परिवहन अधिकारी, ने इस संबंध में बताया कि एचएसआरपी प्लेट वाहन सुरक्षा को सुनिश्चित करती है और चोरी की घटनाओं को रोकने में सहायक होती है। इसके अलावा, यह पहल पंजीकरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त शिविर में लगभग 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें न्यायालय से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्ता शामिल थे।

मौके पर ही 50 से अधिक वाहनों के मोबाइल नंबर अद्यतन किए गए और आवेदकों को समस्त आवश्यक जानकारी देकर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाया गया। जिला न्यायालय प्रशासन ने इस जनहितकारी पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की अपेक्षा जताई। साथ ही परिवहन विभाग, द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि आम नागरिकों को सुविधा प्रदाय के उद्देश्य से इस तरह के शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे परिवहन सेवाओं की पहुंच और पारदर्शिता में निरंतर सुधार होता रहे।

# मनरेगा मजदूरों ने मनाया रोजगार दिवस

**दंतेवाड़ा,** 7 मई (देशबन्धु) । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत प्रत्येक माह की 7 तारीख को ꠰रोजगार दिवस꠰ के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में जिला दंतेवाड़ा के चारों विकासखंड दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2025-26 का दूसरा रोजगार दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।




इस अवसर पर तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायकगण द्वारा श्रमिकों को गांव में ही उपलब्ध कार्यों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अन्य राज्यों में पलायन करने के बजाय स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि मनरेगा योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा दैनिक मजदूरी राशि में वृद्धि की गई है, और वर्तमान में श्रमिकों को प्रति दिवस 261 रूपये की दर से मजदूरी दी जा रही है। रोजगार दिवस पर श्रमिकों को उनके अधिकारों, सुविधाओं तथा मनरेगा से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, व्यक्तिगत लाभ के कार्य एवं जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं के बारे में बताया गया तथा अधिक से अधिक पंजीयन कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

वर्तमान में जिले में मनरेगा अंतर्गत बड़ी संख्या में श्रमिक प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में कार्यरत हैं। इसके साथ ही जनपद पंचायत गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा के अंतर्गत डबरी निर्माण, बोल्डर चेक डेम, गेबियन संरचना जैसे जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य भी सक्रिय रूप से किए जा रहे हैं। इन कार्यों से न केवल ग्रामीणों को रोजगार मिला है, बल्कि जल संसाधनों के स्थायी विकास में भी योगदान हुआ है। मजदूरी दर में हुई वृद्धि से श्रमिकों में कार्य करने की रुचि व उत्साह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रोजगार दिवस का आयोजन श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने, जागरूकता फैलाने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास सिद्ध हो रहा है।

# रायगुड़ेम एवं तुमलपाड़ में सुरक्षा बलों के प्रयास से मोबाईल टॉवर की सुविधा हुई प्रारंभ

**सुकमा,** 7 मई (देशबन्धु)। बुधवार को जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्र रायगुडेम एवं तुमलपाड़ में सुरक्षा जवानों के प्रयासों से मोबाइल टावर लगाकर 4-जी नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराई गई जिससे आसपास के ग्रामीण काजी खुश नजर आए। मोबाइल टावर लगाने में जिला पुलिस बल, 223 वाहिनी सीआरपीएफ, 74 वाहिनी सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही है। सुकमा पुलिस ने बताया कि जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत बेहतर मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट सुविधा प्रदान करने हेतु सुरक्षा कैम्पों के आस-पास ग्रामों में नवीन मोबाईल टॉवर स्थापित किये जा रहे है। इसी तारतम्य में जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रायगुडेम एवं तुमलपाड़ में सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से बुधवार को नवीन स्थापित मोबाईल टॉवर से बीएसएनएल 4-त्र मोबाईल नेटवर्क का सुविधा प्रारम्भ किया गया। मोबाईल कनेक्टीविटी शुरू होने से रायगुड़ेम,तुमलपाड़ व आस-पास क्षेत्रों सहित आसपास के कई गांव लाभांवित होंगे, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रों में मोबाईल टॉवर लगने से स्कूली छात्रों को ऑनलाईन पढ़ाई करने में भी मदद मिलेगी साथ ही इंटरनेट के माध्यम से ग्रामवासी देश-विदेश की जानकारी से अवगत होते रहेंगे।



सुरक्षाबलों के प्रयास से अब-तक विगत 01 वर्ष में अंदरूनी क्षेत्रों में कुल 32 लोकेशनों में मोबाईल टॉवर स्थापित कर 4-त्र नेटवर्क की सुविधा का लाभ क्षेत्र के ग्रामीणजन एवं सुरक्षा बलों के जवान द्वारा लिया जा रहा है। मोबाईल टॉवर लगने पर अंदरूनी क्षेत्रों के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया गया। जिले के शेष अंदरूनी क्षेत्रों में जियो के नवीन मोबाइल टॉवरों की स्थापना का कार्य सुकमा पुलिस के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तीव्र गति से प्रगतिरत् है।

# बीएसएनल टावर का 4 सालो का नवीनीकरण शुल्क 25 लाख हुए जमा

**जगदलपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। शहर में बीएसएनएल टावर का नवीनीकरण शुल्क नगर पालिक निगम जगदलपुर को पिछले 5 सालों से जमा नहीं किया जा रहा था। वर्तमान नगर निगम में भाजपा की सरकार बनने के बाद महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन ,आयुक्त प्रवीण वर्मा के निर्देश एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व में जगदलपुर शहर में लगे बीएसएनएल टावर सहित वायरलेस टी. टी. इन्फो, टाटा टेली सर्विसेज लिमिटेड,बीटीए सेल्स काम लिमिटेड, आइडिया सेल्यूलर लिमिटेड, एटीसी टेलीकॉम इंफ्रा, भारतीय सेल्यूलर लिमिटेड, रिलायंस जिओ इंफ्रा, एयरटेल लिमिटेड, सुमित डिजिटल इंफ्रा, जिओ डिजिटल, भारती इंफ्राटेल लिमिटेड, भारती एयरटेल, रिलायंस मोबाइल टावर, टाटा इंडीकॉम, आइडिया मोबाइल, बीटीएस टावर,बीटीए टेलीकॉम, सबमिट डिजिटल इंफ्रा, व्योम नेटवर्क लिमिटेड,टी टी इन्फो सर्विसेज, टाटा एलाइंस लिमिटेड, वायरलेस टी टी इन्फो जैसे प्राइवेट कंपनियां

**शहर में कुल बीएसएनएल के 21 टावर लगे हैं ,नवीनीकरण शुल्क साल भर का 30000 प्रति टावर है**

पर लगातार राजस्व को बढ़ाने हेतु कार्यवाही किया जा रहा है। बहुत सारे मोबाइल टावर कंपनियों नवीनीकरण शुल्क भी जमा नहीं किए हैं। जल्द से जल्द उनके ऊपर भी करवाई किया जाएगा।

बीएसएनएल टावर ने 2021 से 2024 तक पिछले 4 साल का नवीनीकरण शुल्क 25 लाख 20 हजार नगर निगम जगदलपुर को जमा किए हैं। प्रति टावर नवीनीकरण शुल्क 30000 होता है। शहर में लगे विभिन्न प्राइवेट टावर कंपनियों द्वारा भी नवीनीकरण शुल्क एवं शेयरिंग शुल्क पिछले कई सालों से जमा नहीं हुए हैं। सभी टावर कंपनियों को निगम द्वारा जल्द शुल्क जमा करने, शहर में किस कंपनी के कितने टावर लगे हैं और कब से कार्यरत हैं यह जानकारी टॉवर कंपनियों से मांगा गया है। महापौर संजय पांडे ने कहा शहर में लगे समस्त टावरों की जांच की जाएगी, जितने अवैध टावर लगे हैं उसे सील किया जाएगा।

नवीनीकरण शुल्क सभी टावर एजेंसी को देना अनिवार्य है। जो नहीं देगा उस पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। मैं धन्यवाद देना चाहता हूं शहर के विधायक किरण सिंह देव का जिनके मार्गदर्शन पर नगर निगम जगदलपुर एक स्वच्छ सुंदर समृद्ध बनेगा। राजस्व सभापति नगर निगम संग्राम सिंह राणा ने कहा नवीनीकरण शुल्क 30000 प्रति टावर का रहता है एवं शेयरिंग शुल्क 90000 होता है। अभी निगम द्वारा नवीनीकरण शुल्क वसूला जा रहा है। उसके बाद टावर में लगे विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए शेयरिंग पर भी 90000 प्रति शेयरिंग शुल्क वसूला जाएगा। शहर में लगे एक-एक कंपनियों के टावर की जांच एवं उस पर लगे शेयरिंग की वसूली की जाएगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

**भारतीय सेना की वीरता...**

च्नया भारतज्ञ न तो चुप बैठता है और न ही झुकता है। हमारे सशस्त्र बलों ने अपनी वीरता से यह संदेश दिया है कि भारत की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि भारत के 140 करोड़ नागरिकों के संकल्प और एकजुटता का प्रतीक भी है।

**समाधान शिविर छापर...**

द्वारा सिरिसगुड़ा निवासी मुडे कुंजम को श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। सुशासन तिहार में नवीन राशन कार्ड के लिए आवेदन मिले थे खाद्य विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर हितग्राहियों सिरिसगुड़ा की पद्मावती बघेल एवं पार्वती बघेल को नवीन राशन कार्ड बनाकर प्रदाय करने पर इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें उचित मूल्य दुकान से रियायती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्री प्राप्त हो सकेगी।

**प्रियंका मुचाकी ने प्रदेश में...**

आई.एम.एस.टी. अग्रेजी माध्यम स्कूल दोरनापाल, 89.83:, नौवां-दिसी मांझी, मदर टेरसा अ.मा.हाईस्कूल सुकमा, 89.33:, नौवां- वायु वासनीकर, मदर टेरसा अ.मा.हाईस्कूल सुकमा, 89.33:, दसवा- मानसी गौस्वामी, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 89.17: स्थान हासिल किया। एवं कक्षा 12 वीं में प्रथम- फलक सारा, आई.एम.एस.टी. अग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा, 93.00:, द्वितीय- उन्नती गांधी, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 92.80:, तृतीय- हर्ष टावरी, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 91.60:, तृतीय- सिद्धी कुमारी सिंह, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 91.60:, चतुर्थ- अनन्या दर्रो, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 90.60:, पंचम- शेख रौनक, आई.एम.एस.टी. अग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा, 88.60:, छठवा- खुशी सुराना, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 83.60:, सातवां- जागेश कुमार, स्वा.आ.उ.हि.मा.स्कू.तालनार, 83.20:, आठवां- श्रेया चांडक, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 83.00:, आठवा- श्वेता गुप्ता, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 83.60:, नौवां- मयंक शर्मा, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 82.60:, दसवां- स्नेहा गुप्ता, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास, 82.40: लाकर जिले स्तर कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में इन बच्चों ने टॉप 10 की सूची में अपनी जगह बनाई। जिसमें कक्षा 10वीं में टॉप 10 में जगह बनाने वाले बच्चों के स्कूलों में मदर टेरेसा अ.मा.हाईस्कूल सुकमा के 05, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास के 03, आई.एम.एस.टी. अग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा के 02, हाईस्कूल गादीरास के 01,। आवासीय पो.के.हाईकूल बालाटिकरा, छिन्दगढ, के 01, स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. छिन्दगढ़ के 01 रहें। एवं कक्षा 12वीं में पूरे जिले में स्वा.आ.उ.अ.मा.स्कू. पावारास ने अपना दबदबा कायम बनाते हुए 09, आई.एम.एस.टी. अग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा के 02 एवं स्वा.आ.उ.हि.मा.स्कू.तालनार के 01 बच्चें ने टॉप 10 में जगह बनाए ।

# सुशासन तिहार सिर्फ ढकोसला : अमित भद्र

## मंत्री केदार कश्यप का किया हुआ एक भी वादा अभी तक नहीं हुआ पूरा, सीटी स्कैन मशीन का वादा से लेकर सड़क तक का वादा निकला जुमला

**नारायणपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि सुशासन तिहार ढकोसला है, जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है ।और नाही कोई लाभ मिलता दिख रहा है, मंत्री केदार कश्यप जी अपने विधानसभा में ही ठीक से बिजली दे पा रहे है ना पानी । बाकी जनसुविधा पहुंचाने दूर दूर तक सरकार और जिला प्रशासन पूरे जिले में फेल है। शिक्षा स्वास्थ से लेकर सभी जगह ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार नाकाम साबित होता नजर आ रहा है, मंत्री केदार कश्यप जी के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा के सीटी स्कैन मशीन से लेकर सड़क तक का वादा किया था पर आज सरकार को डेढ़ साल होने के बाद भी सब जुमला ही साबित हुआ। बीजेपी के नेता मंत्री मस्त और जनता हो गई त्रस्त।

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बढ़ते अपराध, यातायात समस्या, शिक्षक भर्ती और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर पत्र लिखे हैं और सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से सम्बंधित नारायणपुर जिले सहित पूरे प्रदेश में लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था। जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। फिर कहां है सुशासन?



ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान है, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।

**सांसद के पत्र और जनता केजिले सहित पूरे प्रदेश में 40 लाख आवेदनों का निराकरण नहीं फिर कहां है सुशासन ?**

कांग्रेस प्रवक्ता अमित भद्र ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए हैं। अनियमित कर्मचारी, दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रू. में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला। प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है। अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है, परिवहन विभाग की वसूली से ट्रांसपोर्टर वाहन चालक त्रस्त है। रोज नए नियम लागू करके जनता को परेशान किया जा रहा है। क्या यही सुशासन है?

भाजपा की सरकार बनने के बाद सिर्फ भाजपा नेताओं के लिए सुशासन है कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार जोरों पर है। कोई ऐसा विभाग नहीं बचा है जहां भाजपा के बिचौलिया न हो। डेढ़ साल में सड़क का मरम्मत नहीं हो पाया, स्कूलों के बिल्डिंग ध्वस्त हो रही है, अस्पतालों में दवाइयां नहीं है, जांच मशीने खराब पड़ी है, आयुष्मान का भुगतान रोके जाने से निजी अस्पताल इलाज में बहानेबाजी करके मरीजों को लौटा रहे है। मरीज इलाज के लिए भटक रहे, महतारी वंदन योजना में नाम काटा जा रहा है, रेडी टू ईट को महिला स्वास्थ्य समूह को देने की घोषणा की गई थी लेकिन वह सिर्फ घोषणा ही साबित हुई है, भाजपा सरकार पूरी तरह असफल साबित हो गई है। छग प्रदेश भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है ।

### दंतेवाड़ा बना छत्तीसगढ़ में शिक्षा की नई पहचान

# 10वीं में राज्य में प्रथम, 12वीं में छठवाँ

दंतेवाड़ा, 07 मई 2025। दंतेवाड़ा जिले ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। जो एक समय यह जिला नक्सल प्रभावित और पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था, वहीं आज यह शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक बन गया है।

**10वीं बोर्ड परीक्षा में दंतेवाड़ा राज्य में प्रथम स्थान पर**

इस वर्ष कक्षा 10वीं में दंतेवाड़ा ने 94.45: उत्तीर्णता दर के साथ पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह प्रदर्शन पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय प्रगति है, जब जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.13: था और राज्य में 8वाँ स्थान मिला था।

**12वीं बोर्ड परीक्षा में 87.66: उत्तीर्णता, राज्य में 6 वाँ स्थान**

इसी तरह कक्षा 12वीं में भी जिले ने 87.66: उत्तीर्णता दर प्राप्त की है, जिससे राज्य में दंतेवाड़ा को 6वाँ स्थान मिला। पिछले वर्ष यह प्रतिशत 83.99: था और स्थिति 11वीं थी। यह सुधार न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा अपनाई गई सटीक रणनीतियों का भी प्रतिफल है।

**सफलता के पीछे ठोस रणनीति और सतत निगरानी**

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की एक सुविचारित और समर्पित रणनीति रही। संपूर्ण शैक्षणिक सत्र में सतत टेस्ट सीरीज आयोजित की गई, जिसके आधार पर विद्यार्थियों की प्रगति की समीक्षा की जाती थी। कमजोर छात्रों की पहचान कर उनके लिए विशेष प्रश्न बैंक तैयार किए गए और व्यक्तिगत अभ्यास के माध्यम से उन्हें मजबूत किया गया। शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को समयबद्ध अभ्यास और पुनरावृत्ति के अवसर दिए गए।




**कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं**

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोहन कुमार अंबष्ट एवं डीएमसी श्री हरीश गौतम स्वयं समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करते रहे और टीम को लगातार दिशा-निर्देश देते रहे।

**जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की संयुक्त प्रतिबद्धता**

इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा, यह उपलब्धि दंतेवाड़ा के बच्चों, शिक्षकों और पूरे प्रशासन की साझा मेहनत और दृढ़ निश्चय का परिणाम है। हम इस दिशा में और भी प्रयास करेंगे ताकि अगले वर्ष और बेहतर परिणाम आएं और बच्चों को शुभकामनाएं भी दी।

जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोहन अंबष्ट और डीएमसी हरीश गौतम ने भी समस्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि यदि योजनाबद्ध प्रयास हों तो किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

**भविष्य की ओर संकल्प**

इस शानदार उपलब्धि से उत्साहित होकर जिला प्रशासन ने अगले शैक्षणिक सत्र में और भी बेहतर रणनीति अपनाने का संकल्प लिया है, ताकि हर बच्चा न केवल पास हो, बल्कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ सके।

# निर्माणाधीन नारायणपुर मार्ग पर चलना हुआ कठिन और खतरनाक




**कोण्डागांव, 7 मई (देशबन्धु)।** विगत कुछ माह पूर्व से जिला मुख्यालय कोण्डागांव के समीप स्थित नारायणपुर तिराहा से जिला मुख्यालय नारायणपुर और सम्भवतः उसके आगे तक सड़क चौड़ीकरण अथवा नवीनीकरण का कार्य जोर-षोर से चल रहा है, जोकि कोण्डागांव से नारायणपुर मार्ग पर नियमित रुप से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों के लिए बहुत अच्छी खबर है, कि नारायणपुर जिले के आमदई लौह खदान सहित अन्य खदानों से लौह अयस्क लाद कर जाने वाले बड़े-बड़े वाहनों के कारण अत्यधिक जर्जर हो चुका कोण्डागांव-नारायणपुर मार्ग का पुर्ननिर्माण होने लगा है।

वर्तमान में निर्माणाधीन नारायणपुर मार्ग पर चलना दुपहिया चालकों के लिए तो बहुत अधिक कठिन और खतरनाक साबित हो रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क निर्माण कम्पनी के ठेकेदार के द्वारा कोण्डागांव-नारायणपुर मार्ग पर पुलिया निर्माण की आवष्यकता वाले स्थानों में से अधिकांष स्थानों में पुलियों का निर्माण-पुर्ननिर्माण कराने के लिए, एक साथ सड़क की खुदाई किया जाकर पुलियों का निर्माण जोर-षोर से कराया जा रहा है और ऐसे सभी स्थानों में कच्चे परिवर्तित मार्ग बनाए जाने और कोण्डागांव-नारायणपुर मार्ग पर पुरानी सड़क के अधिकांष हिस्से की खुदाई कर दिए जाने से लगातार वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल की आंधी के कारण ही दुपहिया चालकों को

**अधिकांष पुलियों का निर्माण किया जा रहा एक साथ, कच्चे डायवर्सन में फंस रहे वाहन**

अधिक, सहित कार आदि अन्य वाहन चालकों को भी काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कच्चे परिवर्तित मार्ग पर लौह अयस्क भरे वाहन भी धंस कर फंसने लगे हैं। इस मार्ग पर दुपहिया पर सवार होकर सफर करने वालों के षरीर और कपड़ों पर जमा धूल की परत से ऐसा आभास होता है, कि मानो दुपहिया चालक कहीं सफर पर जाने के लिए नहीं बल्कि कहीं से मेहनत-मजदूरी करके लौट रहा हो।

# 10 मई को आयोजित नेशनल अदालत के संबंध में बैठक

**कोण्डागांव, 7 मई (देशबन्धु)।** 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में न्यायिक अधिकारियों ने कोण्डागांव जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित किया।

07 मई 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय तथा प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव सुरेन्द्र भट्ट के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव के न्याय सदन में कोण्डागांव के समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिकतम मामलों का समाधान के लिए रणनीति तैयार करना था। अधिकारियों ने आपसी समन्वय, नोटिस जारी करने की प्रक्रिया, ऋण समझौते और बकाया मामलों के समाधान जैसे मुद्दों पर चर्चा किया।




**न्यायिक अधिकारियों की जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ**

अधिक से अधिक संख्या में आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने की समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य प्री-सिटिंग की कार्यवाही की जानकारी लेते हुए उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में अपना सहयोग एवं सहभागिता देते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में भागीदारी से न केवल बैंकिंग विवादों का त्वरित समाधान होता है, बल्कि यह ग्राहकों को भी राहत प्रदान करता है तथा लक्ष्य यह है कि अधिक से अधिक मामलों का समाधान आपसी सहमति से करना है। साथ ही बैठक में चर्चा करते हुए समस्त बैंकों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में

# छात्रावास की समस्याओं का निरीक्षण करने पहुंचीं कलेक्टर

### छात्राओं ने जनदर्शन में कलेक्टर से की थी शिकायत

**कोण्डागांव, 7 मई (देशबन्धु)।** आदर्श कन्या महाविद्यालय की छात्रावास में रह रही छात्राओं ने बड़ी संख्या में मंगलवार 6 मई को अपने पालकों के साथ जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से मुलाकात किया और छात्रावास की समस्याओं से अवगत कराया था। छात्राओं ने साफ-सफाई, फर्नीचर, रसोई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अधीक्षिका की अनुपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखी थी।

छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने बुधवार को स्वयं छात्रावास में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधी बातचीत की और उनकी समस्याओं को विस्तार से समझा।



छात्राओं ने बताया कि छात्रावास में आवश्यक फर्नीचर की कमी है, साथ ही मेस की व्यवस्था नहीं है, सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति नहीं है और अधीक्षिका की भी नियुक्ति नहीं होने के कारण उन्हें कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने छात्राओं की मांगों को जायज बताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि छात्राओं की सुरक्षा और सुविधाओं से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र दुरुस्त की जाएंगी।

# समाधान शिविर में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़े आवेदनों के निराकरण को प्राथमिकता देवें-कलेक्टर

**दंतेवाड़ा, 7 मई (देशबन्धु)।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने की। बैठक में उन्होंने अवगत कराया कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आगामी सप्ताहों में माननीय मुख्यमंत्री का जिले के समाधान शिविरों में संभावित प्रवास हो सकता है। इसके साथ ही आवेदनों के निराकरण के संदर्भ में हितग्राही वार समाधान को वाचन विभाग सुनिश्चित करेंगे। इसको दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण पूर्ण तथ्यों पर आधारित और प्रभावी ढंग से करें।



**साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक**

कलेक्टर ने शासन की फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़े आवेदनों के प्राथमिकता से निराकरण की बात कही। इसके अतिरिक्त उन्होंने मजदूरी भुगतान, पेयजल से जुड़ी शिकायतें, लंबित राजस्व प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री जनदर्शन के तहत प्राप्त आवेदनों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के क्रियान्वयन, और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्ड निर्माण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत कलेक्टर ने कहा कि लखपति दीदी पहल हेतु संभावित लखपति को प्रत्येक विभाग की योजना का लाभ दिलाना चाहिए एवं प्रत्येक विभाग की सम्भावित हितग्राही उक्त लखपति दीदी होने पर उनको लखपति बनाने में आसानी होगी। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सालयों के एनआरसी केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने हेतु महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय करने के निर्देश के साथ-साथ ही निक्षय: निरामयम योजना के तहत निक्षय: मित्र बनाने के लिए अधिकारियों के साथ-साथ पंचायत स्तर के मैदानी कर्मचारियों को भी इसका दायित्व सौंपने को कहा।

इसके अलावा उन्होंने जिला चिकित्सालय में जन औषधि केंद्र खोलने को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकायों को पूर्व में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**दंतेवाड़ा, 7 मई (देशबन्धु)।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया जाना है। उक्त स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समस्त विभागों को उनके अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित करने एवं रक्तदान करने के इच्छुक कर्मचारियों को जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में उपस्थित होने हेतु सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिससे जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जिले के आमजनों, स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संगठन एवं पत्रकार बंधुओं से अपील की गयी है कि उक्त शिविर में भागीदारी करके रक्तदान शिविर को सफल बनाएं।



# संगम अभियान से जल संरक्षण और सतत आजीविका की दिशा में दंतेवाड़ा का ऐतिहासिक कदम

**दंतेवाड़ा, 7 मई (देशबन्धु)।** जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार "संगम अभियान" जिले के पंचायत में चलाया जा रहा है जो पंचायत एवं ग्रामीणों के लिए आगामी समय के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। इसका उद्देश्य महात्मा गांधी नरेगा, एनआरएलएम, पंचायतों और अन्य विभागों की योजनाओं के अभिसरण से स्थायी ग्रामीण विकास मॉडल तैयार करना, महिला स्व सहायता समूह संगठनों पंचायती राज संस्थाओं शासकीय मैदानी अमलों का क्षमता निर्माण करना ताकि वे और आजीविका योजनाओं के निर्माण में नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकें, इसके अलावा इसका लक्ष्य महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाना, जिससे जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना ताकि जनभागीदारी के माध्यम से आगामी तीन वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसी योजना तैयार करना भी है, जो तकनीकी रूप से उपयुक्त, स्थायी अधोसंरचना को बढ़ावा देने वाली एवं आजीविका में वृद्धि लाने वाली हो। इस लक्ष्य पूर्ति हेतु मैदानी अमलों के कर्मचारीगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया था। ग्रामीणों ने मौके पर संगम अभियान के महत्व को प्रशिक्षण प्राप्त कर स्थायी



अधोसंरचना, जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली। इस योजना के माध्यम से लखपति दीदी के तहत प्रत्येक परिवार की आर्थिक आय न्यूनतम राशि रू. 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस दौरान समस्त जनपद पंचायतों के मैदानी अमलों पर कार्यरत कर्मचारीगण जैसे- सहायक विकास विस्तार अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं बीपीएम, तकनीकी सहायक, बीसी-पीएमएवाय, मैदानी कर्मचारी (जैसे-कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशु, वाटरशेड, वन विभाग), कैडर (पी.आर.पी.,एफ. एल., सी.आर.पी. इत्यादि) ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# प्रदेश के किसान, मजदूर, शिक्षित बेरोजगार सभी हैं त्रस्त, सुशासन तिहार के नाम पर सिर्फ

**कोण्डागांव 07 मई (देषबन्धु)।** प्रदेश के किसान, मजदूर, शिक्षित बेरोजगार सभी त्रस्त हैं और वहीं सुशासन तिहार के नाम पर भाजपा सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है का आरोप लगाते हुए कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बुधराम नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे सुशासन तिहार को सिर्फ एक दिखावा बताते हुए कहा कि प्रदेश की जनता त्रस्त हो गयी है, इस सरकार से गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, कर्मचारी, शिक्षित बेरोजगार सभी परेशान हैं। विकास की गति अटक गयी है। मोदी की गारंटी के नाम पर बड़े बड़े वादे कर सरकार में तो आ गए, परन्तु



**दिखावा कर रही है भाजपा सरकार- बुधराम नेताम**

सरकार में आने के बाद अब उन वादों, घोषणाओं से सरकार को कोई लेना देना नहीं है। मोदी की गारंटी में 100 दिन में वादे पुरे होने थे, आज 500 दिन पुरे हो गए हैं, सरकार में बैठे लोग बताएं कितने वादे पुरे हुए हैं। शराब बंदी की रट लगाकर बैठे भाजपाई आज नए-नए शराब दुकान खोल रहे हैं। यही है भाजपा की कथनी और करनी में अंतर सुशासन तिहार के नाम पर दिखावा बंद करें और धरातल में काम करें। आज डेढ़ साल हो गए हैं, जमीनी स्तर पर कोई एक भी काम नजर नहीं आ रहा है। पता नहीं इनके विकास को देखने के लिए कौन सी जुमलेबाजी का चश्मा पहनना पड़ता होगा।

# फिल्म फूले का प्रदर्शन कल

**कोण्डागांव, 7 मई (देशबन्धु)।** फूले फिल्म देखने की तैयारी को लेकर सर्व आदिवासी समाज भवन कोंडागांव में एससी एसटी ओबीसी समाज की बैठक रखा गया, जिसमें बंगाराम सोढ़ी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज एवं धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व अनुसूचित जाति वर्ग व मनोज देवांगन जिला उपाध्यक्ष सर्व पिछड़ा वर्ग समाज एवं संरक्षक एम.डी.बघेल, कृष्णा पटेल कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष पटेल मरार समाज, वीरेंद्र बघेल युवा अध्यक्ष, यतींद्र सलाम युवा अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। समाज प्रमुखों ने अपने-अपने वर्ग समाज के लोगों को फुले फिल्म देखने की अपील किया गया है।

कोंडागाँव में संचालित किशोर टॉकीज (सिनेमा घर) में 9 मई शुक्रवार समय 12 बजे से फिल्म फूले लगाया जा रहा है की जानकारी के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में बताया गया कि यह फिल्म शिक्षा पर आधारित है और इस देश में शिक्षा की ज्योत जलाने वाले महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले का जन्म 17 अप्रैल 1827 में माली जाति पिछड़ा वर्ग में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम माता सावित्रीबाई फुले का



जन्म 3 जनवरी 1831 में नयागांव सतारा महाराष्ट्र में हुआ था। उस समय ऊंची जातियों द्वारा छुआछूत भेदभाव पक्षपात और शोषण अन्याय अत्याचार चरम पर था, इसके खिलाफ अभियान चलाया और महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने शिक्षा से वंचितों को शिक्षित करने हेतु पुणे के बंधावार पेठ में 1848 में प्रथम बालिका विद्यालय खोला था, जिसमें बालिकाओं को शिक्षित करने का दायित्व उन्होंने अपनी पत्नी माता सावित्री बाई फुले को सौंपा था और देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनीं।

जिसमें फातिमा शेख उस समय की पहली छात्रा थीं और महिलाओं एवं दलित पिछड़ों के इलाके में घूम-घूम कर पढ़ाई के लिए प्रेरित करती थीं और महात्मा ज्योति राव फूले ने दलितों पिछड़ों के उत्थान के लिए 28 सितंबर 1873 को सत्यशोधक समाज की स्थापना की। स्वाभिमान व त्याग के प्रतीक तथा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के संघर्षों पर आधारित यह फिल्म फूले किशोर टॉकीज कोंडागांव में लगाया जा रहा है। जिसमें एससी एसटी ओबीसी एवं धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों से अपील है कि इस फिल्म को देखना ना भूलें। अपने परिवार के साथ किशोर टॉकीज में इस फूले फिल्म को देखने अवश्य जाएं।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू- मम्मी...मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है.
मम्मी- क्यों?
चिंटू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था.
मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है।
चिंटू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

## संपादकीय

### किसी भी नतीजे को स्वीकार करें बच्चे

*वैसे तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम 10 और 12 मई को निकलने के संकेत दिये गये थे परन्तु मंगलवार की रात को लिये गये एक निर्णय के अनुरूप इन्हें बुधवार को ही घोषित कर दिया गया। भावी अध्ययन का निर्धारण करने एवं कैरियर बनाने के लिहाज से क्रमशः 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण होती है। इन दोनों ही परीक्षाओं में जिन्हें अच्छे अंक मिलते हैं, बच्चों को अध्ययन तथा जीवन के लक्ष्य बनाने में आसानी होती है। बुधवार को घोषित दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में जो बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें बधाइयां, लेकिन जो असफल रहे या जिन्हें अपेक्षा के अनुरूप अंक नहीं मिल सके, वे निराश न हों।*

*परीक्षाओं में नाकामयाबी मिलने अथवा बहुत अच्छे अंक नहीं मिलने मात्र से उनके सारे रास्ते बन्द नहीं हो जाते। उन्हें आगे की परीक्षाओं हेतु बेहतर तैयारियां करनी चाहिये ताकि उन्हें भविष्य में फिर से निराशा न हो। जो भी नतीजे आये हैं उन्हें स्वीकार करते हुए ठंडे दिमाग से सोचा जाये कि उन्हें आगे किन विषयों के साथ पढ़ाई जारी रखनी चाहिये या वे यह भी सोचें कि कहां कमी रह गयी थी। इस बाबत वे शिक्षकों, पालकों, अभिभावकों और मित्रों से भी सलाह-मशविरा कर सकते हैं।*

*हर विद्यार्थी, उनके पालक-अभिभावक तो चाहते हैं कि उन्हें अच्छे अंक मिलें ताकि वे आगे अच्छी पढ़ाई करें तथा उनका जीवन सफल हो। जो आगे जाकर कुछ करना चाहते हैं उन्हें अच्छा कैरियर बनाने में मदद मिले- चाहे नौकरियां हों या व्यवसाय। ज्यादातर बच्चे यथासम्भव मेहनत करते हैं परन्तु अनेक ऐसे भी होते हैं जो अध्ययन को गम्भीरता से नहीं लेते। वैसे खराब नतीजे निकलने पर वे पछताते ज़रूर हैं परन्तु तब तक देर हो चुकी रहती है। देखा तो यह भी गया है कि 10वीं के कुछ बच्चे खराब अंक आने के बाद सम्भल जाते हैं और 12वीं में अच्छे अंक ले आते हैं, परन्तु जिनके 12वीं में भी अच्छे अंक नहीं आते उनके लिये आगे की राह आसान नहीं होती। ऐसे बच्चों को निराश हुए बगैर हमेशा नया मार्ग ढूंढ़ना चाहिये।*

*असफल अथवा कम अंक पाने वाले बच्चों को वापस मजबूत बनाने में मां-बाप, घर के बड़ों तथा शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें भावी कैरियर चुनने में भी उनकी मदद करनी होगी। निराश बच्चों को आगे का कुछ समझ में नहीं आता या उनका ज्ञान सीमित है तो उन्हें हौसला बंधाने तथा मार्गदर्शन की ज़रूरत पड़ती है। हालांकि मौजूदा दौर में बच्चे सूचना तकनीक की मदद से अपना मार्ग तय करते हैं परन्तु उन्हें जहां भी भावनात्मक संबल की ज़रूरत हो अभिभावकों, पालकों तथा शिक्षकों को उनके साथ खड़ा होना चाहिये। बच्चों को बतलाया जाये कि परिणाम जो भी आये उन्हें अविचलित रहना चाहिये।*

# ऑपरेशन सिंदूर: सीएम साय ने लिखा- हर हर महादेव

## उपमुख्यमंत्री शर्मा बोले- चुन चुन कर बदला लिया जाएगा, दीपक बैज ने कहा-आतंक को मुंहतोड़ जवाब दिया

**रायपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने देर रात पकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एयरस्ट्राइक किया है। इस ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' दिया गया है, जिसके तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया है, जो सफल रहा। भारत के इस एक्शन के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री से लेकर कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'हर हर महादेव, वंदे मातरम्' वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा का भी प्रतिक्रया सामने आई है। उन्होंने भी सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो जारी करते हुए लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर 'चुन चुन कर बदला लिया जाएगा'

छत्तीसगढ़ भाजपा के दिग्गज नेता और मंत्री राम विचार नेताम ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' को लेकर कहा कि आतंकियों ने न जाने कितने बहनों के सिंदूर उजाड़े, और पूरे देश का खून बदले के लिए खौल रहा था। आज जब सेना ने जवाब दिया है तो देशवासियों को सुकून और ठंडकता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि जवानों ने अपनी वीरता का परिचय दिया है, उन्हें प्रणाम है।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया गया। आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया गया। आतंकियों के 9 ठिकानों पर हमला हुआ है। यही नया भारत है, मोदी सरकार का भारत है। जो कहते हैं, वो करते हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' हर एक के सिन्दूर का बदला है। आतंकवाद को कब्र में पहुंचाने तक ये ऑपरेशन जारी रहेगा। एक तरफ देश में आतंकियों से लड़ाई जारी है, तो वही प्रदेश में भी नक्सलियों से आरपार की लड़ाई चल रही है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, 'इंडियन आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंक के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया है। पूरा देश भारत के वीर जवानों के साथ खड़ा है। जय हिंद!'

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारत बदला लेना जानता है। उन्होंने कहा, 'जिन बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया, जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, उनका बदला ले लिया गया है। भारत माता की जय! जय भारत की सेना!'

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी एक्स पर पोस्ट साझा कर भारतीय सेना के रुख का समर्थन किया। उन्होंने लिखा, 'भारत ने पाकिस्तान और पीओके से आने वाले आतंकवाद के खिलाफ अडिग और निर्णायक रुख अपनाया है। राष्ट्रीय हित से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सरकार और सशस्त्र बलों को हर आवश्यक और सख्त कदम उठाने में पूरा समर्थन दिया है। यह एकता और एकजुटता का समय है।' सिंहदेव ने भारतीय जवानों की बहादुरी और संकल्प को नमन करते हुए कहा कि हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है।

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने ऑपरेशन कारगर को लेकर कहा कि भारत किसी से कम नहीं है। लेकिन अगर कोई भारत की अस्मिता और सुरक्षा में खलल डालने की कोशिश करेगा तो उसका अंजाम ऐसा ही होगा। जिस दिन कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, उसी दिन राहुल गांधी ने खुलेतौर पर कहा था कि हम भारत सरकार के साथ है। इस घटना के खिलाफ भारत सरकार कदम उठाए। आज भारत ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कदम उठाया है। जहां देश की बात है राजनीति से ऊपर उठकर एक साथ खड़े हैं। जिस तरह इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े किए वैसे ही आज भी होना चाहिए। बलूचिस्तान और अन्य क्षेत्रों को भी भारत में शामिल करें।'

### भारतीय सेना के देशवासी रहेंगे आभारी : मो अकबर

कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने सेना के साहस और पराक्रम की प्रशंसा की है। मोहम्मद अकबर ने कहा कि भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, उसके लिए देशवासी सदैव आभारी रहेंगे।

मोहम्मद अकबर ने कहा है कि आतंकी ठिकानों पर हमला पहलगाम में जान गंवाने वाले 26 बेकसूर नागरिकों को न्याय दिलाने किया गया हैं। इससे उन लोगों को भी न्याय मिलेगा जो पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद के कारण पीड़ित रहे हैं भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान को सबक मिलेगा। उन्होंने पहलगाम हमले में प्राण गंवाने वाले 26 नागरिकों को शहीद का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई है।

# पाक के आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई से रायपुर में जश्न का माहौल

- जयस्तंभ चौक में लहराया तिरंगा
- लोगों ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाइयां

**रायपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 26 निर्दोष नागरिकों को पाकिस्तान के आतंकी संगठन ने धर्म पूछकर मार डाला और महिलाओं तथा बच्चों को छोड़कर कहा कि जाके नरेन्द्र मोदी को बता देना। इस निर्मम हत्याकांड के बाद से पूरा देश उबल रहा था वहीं केंद्र सरकार ने बदले की चेतावनी के बाद 6 मई की रात 25 मिनट के आपरेशन में पीओके और पाक स्थित 9 आतंकी संगठनों को 25 मिनट में ध्वस्त कर दिया। इस खबर से पूरे देश सहित राजधानी में भी खुशी का माहौल है।

आज सुबह से ही रायपुर के लोगों ने जयस्तंभ चौक में पहुंच कर भारतीय देश और केंद्र सरकार को इस बदले के लिए साधुवाद किया और जय भारत, वंदे भारत के नारे लगाए। लोगों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया ौर देश की सेना को शाबासी देते हुए नारेबाजी की।



पहलगाम हमले में मारे गए मिरानिया का परिवार बोला

### दुनिया के नक्शे से मिटा दो पाक को

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश मिरानिया के रिश्तेदार अमर बंसल ने कहा कि जवानों ने आतंकियों को जवाब दे दिया है। उन्होंने मांग की है कि दुनिया के नक्शे से पाकिस्तान का नामों निशान मिटा देना चाहिए। वहीं अंबिकापुर में कांग्रेसियों ने घड़ी चौक पर जमकर आतिशबाजी कर कहा कि आतंकियों को जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दे दिया है। मंत्री ओपी चौधरी ने भी घर के बाहर पटाखे फोड़े।

# प्रदेश के 15 जिलों में अगले तीन घंटे के लिए येलो अलर्ट जारी

**तेज हवाओं और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी**

**रायपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है मौसम विभाग ने प्रदेश के 15 जिलों में अगले तीन घंटे के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया ह इस दौरान सुकमा बीजापुर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा बस्तर नारायणपुर कोंडागांव उत्तर बस्तर कांकेर धमतरी गरियाबंद कोरबा गौरेला.पेंड्रा मरवाही सुरगुजा सूरजपुर कोरिया और बलरामपुर जिलों में मेघगर्जन आकाशीय बिजलीए 30.40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं और वर्षा की संभावना जताई गई है मौसम विभाग के अनुसार आगामी 5 दिनों तक मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं और मेघ गर्जन की गतिविधियां बनी रहेंगी अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगाए लेकिन इसके बाद तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है

**पिछले 24 घंटों का मौसम**

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 39 2 दुर्ग में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.8 ् पेंड्रारोड में दर्ज किया गया

**सिनॉप्टिक सिस्टम**

पश्चिमी मध्य प्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्रों में समुद्र तल से 1.5 से 7.6 किलोमीटर ऊपर पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है पूर्व.पश्चिमी गर्त अब दक्षिण.पश्चिम राजस्थान से उत्तरी झारखंड तक बना हुआ है जो उत्तर.पश्चिमी मध्य प्रदेशए पूर्वी मध्य प्रदेशए उत्तरी छत्तीसगढ़ पर चक्रवाती परिसंचरण के माध्यम से समुद्र तल से 0 9 किलोमीटर ऊपर बना हुआ है।

# ये नया भारत है, आतंक सहने को तैयार नहीं : रमन सिंह

**रायपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर जवानों की सराहना की और कहा कि भारतीय सेना अब आतंकियों और उनके ठिकानों को उजाड़ने प्रतिबद्ध है।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 9 आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। यह सीधा संदेश है, यह नया भारत है। नया भारत आतंक सहने को तैयार नहीं है। आतंकियों से निपटने के लिए हमारी सेना पूरी तैयारी है। आज ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रेस ब्रीफिंग भी सेना की दो महिला अधिकारियों ने की है, जो यह दर्शाता है कि नए भारत की महिला मजबूत हैं, कमजोर नहीं है। अब अगर पाकिस्तान कोई हरकत करेगा तो भारत उसे सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरस्ट्राइक में मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों के मारे गए हैं। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। इस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा कि अब आतंकी मसूद को समझ आएगा कि परिवार के न रहने की पीड़ा क्या होती है।

**नक्सलवाद और आतंकवाद दोनों नासूर : विस अध्यक्ष**

इधर छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर सबसे बड़े नक्सली ऑपरेशन में जवानों ने 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया। डॉ. रमन सिंह ने एंटी नक्सल ऑपरेशन में सफलता पर तीनों राज्यों के पुलिस और जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले 8-10 दिनों से कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। 3 राज्यों की सीमा में 5 से 6 हजार जवान ऑपरेशन रहे हैं। वीर जवानों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 22 नक्सलियों को मार गिराया है। देश के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद दोनों नासूर है। निर्धारित 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का खत्मा कर दिया जाएगा।

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस**

# सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देश पर तीन दोषियों पर कड़ी कार्रवाई

**रायपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भ्रष्टाचार के प्रति उसकी नीति जीरो टॉलरेंस की है।

बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े तीन संविदा कर्मियों द्वारा हितग्राहियों से रिश्वत मांगने एवं डरा.धमकाकर वसूली करने की पुष्टि के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की गई है। घटना की जानकारी एक वायरल ऑडियो क्लिप के माध्यम से सामने आई जिसमें ग्राम पंचायत ऐरमशाही की आवास मित्र श्रीमती नीरा साहू द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने के एवज में 25 हजार रूपये की रिश्वत मांगने की बात स्पष्ट रूप से सामने आई। तहसीलदार की जांच में नीरा साहू ने स्वयं ऑडियो में अपनी आवाज होने की बात स्वीकार की। इसी प्रकरण में नारायण साहू जो ग्राम पंचायत तेंदुआ में रोजगार सहायक हैं द्वारा हितग्राहियों को धमकाते हुए 10 हजार रूपये की मांग किए जाने के प्रमाण मिले।

वहीं उनकी पत्नी श्रीमती ईश्वरी साहू जो ग्राम पंचायत ऐरमशाही में रोजगार सहायक के रूप में पदस्थ थीं उन पर भी हितग्राहियों से डराकर पैसे मांगने के गंभीर आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नवागढ़ की लिखित रिपोर्ट तथा नांदघाट थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर तीनों दोषियों ृनीरा साहू नारायण साहू और ईश्वरी साहूकृको तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है। यह आदेश कलेक्टर बेमेतरा के अनुमोदन से जारी किया गया। उक्त मामले में नांदघाट थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराएँ 308;2 और 3;5 के तहत एफ्आईआर दर्ज कर प्रकरण की विधिवत विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस कार्रवाई को सुशासन तिहार के मूल उद्देश्य का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पारदर्शिता जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी आमजन के अधिकारों का दुरुपयोग न करेए और यदि करता है तो उसे तत्काल विधिसम्मत कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह सिर्फ कार्रवाई नहींए सुशासन का संकल्प है।

**कोयला घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई**

# एसीबी ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस कोषाध्यक्ष समेत 3 के खिलाफ जारी किया गैरजमानती वारंट

**रायपुर**, 7 मई (देशबन्धु)। कोयला घोटाला मामले में राज्य की एसीबी ईओडब्लू शाखा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल सहित तीन लोगों को गंभीर कानूनी कार्रवाई में घेर दिया है। एसीबी ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट ने रामगोपाल अग्रवाल समेत तीन लोगों के खिलाफबेमियादी और गैरजमानती वारंट जारी किया है। विधि विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय से नदारद रामगोपाल अग्रवाल को इस वारंट के जारी होने के बाद अग्रिम जमानत जैसे विधिक संरक्षण हासिल करने में गंभीर दिक्कत होगी। सामान्यत: चालान पेश ना हो तो वारंट जारी नहीं होता है लेकिन यह छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा मामला बन गया है जहां चालान चार्जशीट पेश होने के पहले अन्वेषण के दौरान ही एसीबी ईओडब्लू की विधिक टीम ने आरोपियों के खिलाफबेमियादी और गैरजमानती वारंट कोर्ट से जारी करा लिया। यह वारंट जारी होने के पहले कोर्ट में इसके कानूनी पहलुओं को लेकर जमकर बहस हुई। विशेष न्यायालय के सामने मुंबई बम कांड से जुड़े एक न्यायिक फैसले को सामने रखा गया यह फैसला मुंबई बम कांड के अभियुक्त दाउद इब्राहिम कास्कर से जुड़ा हुआ है। इस फैसले में अन्वेषण के दौरान ही कोर्ट से दाउद इब्राहिम कास्कर के खिलाफ गैरजमानती और बेमियादी वारंट जारी हुआ था। एसीबी ईओडब्लू के अधिवक्ता सिद्धार्थ सिंह ठाकुर की ओर से मुंबई बम कांड से जुड़ा यह न्यायिक आदेश पेश करने के बाद ़ब्ठ विशेष अदालत के जज नीरज शर्मा ने रामगोपाल अग्रवालए नवनीत



तिवारी सहित तीन के खिलाफबेमियादी और गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। छत्तीसगढ़ का कोल घोटाला भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते हुए था। इस घोटाले में तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल के बेहद करीबी विश्वासपात्र लोग आरोपी हैं। इस घोटाले की जांच ईडी और अब ईओडब्लू एसीबी कर रही है। इस मामले में जांच एजेंसियों का कहना है कि भूपेश बघेल के करीबियों ने कोल घोटाले को अंजाम देने के लिए कोल परिवहन के नियमों को बदल दिया। कोल परिवहन पहले ऑनलाइन था लेकिन भूपेश सरकार ने एक आदेश के जरिए इसे ऑफ्लाइन कर दिया फिर राज्य का समूचा प्रशासनिक तंत्र एक प्रकार से घुटनों के बल बैठकर घोटाले को अंजाम देने वालों के सामने नतमस्तक हो गया। नियमों के अनुसार कोल परिवहन से जुड़े किसी नियम को बदलने के लिए केवल एक आदेश पर्याप्त नहीं होता बल्कि गजट नोटिफ्किेशन जरुरी ह लेकिन भूपेश बघेल सरकार के समय राज्य की सर्वाधिक शक्तिशाली महिला अधिकारी के रूप में पहचानी गई सौम्या चौरसिया जो कि राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी थीं और भूपेश बघेल के सीएम सचिवालय की उप सचिव थींए उनके प्रभाव से केवल एक आदेश ही पर्याप्त मान लिया गया। उन्हें ; सौम्या चौरसिया इस मामले में आरोपी बनाया गया है और वे दिसंबर 2022 से जेल में हैं। जांच एजेंसियों ने इस घोटाले में दो आईएएस समीर बिश्नोई और रानू साहू को भी गिरफ्तार किया। एजेंसियों ने इस पूरे घोटाले का केंद्रित सूर्यकांत तिवारी को बताया। इस कोल घोटाले में अधिकांश आरोपी लगातार जेल में हैं। मामले की जांच एजेंसियां कर रही है।

कुर्की और उद्घोषणा के संकेत

जिस तरह से एसीबी ईओडब्लू ने रामगोपाल अग्रवाल समेत तीन के विरुद्ध बेमियादी और गैरजमानती वारंट जारी कराया है उससे यह संकेत है कि जल्द ही ़ब्ठध्म्व्ॅ स्पेशल कोर्ट से कुर्की और उद्घोषणा की कार्यवाही करा सकती है। विधि विशेषज्ञों ने इस वारंट को लेकर कहा है कि इस वारंट के जारी होने से अग्रिम जमानत जैसी किसी कानूनी सुरक्षा लेने में दिक्कत होगीए क्योंकि कोर्ट में म्व्ॅध् ़ब्ठ यह सफ्लता से बता सकेंगे कि आरोपी सहयोग नहीं कर रहे हैं बल्कि लगातार भागनेध्बचने की कवायद में है।

**DABUR INDIA LIMITED**
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com I E-mail: corpcomm@dabur.com

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025**

The consolidated and standalone audited financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on May 7, 2025, along with the Auditors' Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: May 07, 2025

**Mohit Burman**
Chairman
DIN: 00021963

# आईसीएआई रायपुर शाखा के प्रतिनिधिमंडल की सीएसआईडीसी अध्यक्ष से भेंट की

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। आईसीएआई रायपुर शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल जी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दिनांक 23 मई 2025 को आयोजित होने वाले 'सब्सिडी पर सेमिनार' हेतु उन्हें औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया गया।

बैठक के दौरान, सीएसआईडीसी एवं आईसीएआई के बीच संभावित सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें इन्वेस्टर्स मीट, औद्योगिक नीति के प्रचार-प्रसार, एवं 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल में आईसीएआई रायपुर शाखा के चेयरमैन सीए विकास गोलछा, सीए रवि जैन, सीए ऋषिकेश यादव, सीए शीतल कला एवं सीए संकेत जैन सम्मिलित थे।



## एप्सो आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में सरकार के साथ : अरुण कान्त शुक्ला

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय शांति एवं एकताजुटता संगठन की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के जबाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बिना सीमा पार किये पाकिस्तान में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य अभियान पर अपना समर्थन व्यक्त करते हुए, हम भारतीय नागरिकों के जीवन को खतरे में डालने वाले खतरों को बेअसर करने में भारतीय सैन्य बलों की व्यावसायिकता और सटीकता की सराहना करती है। आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा और आंतरिक शांति बनाए रखने के लिए एक आवश्यक कदम है। एप्सो राज्य इकाई के सचिव अरुण कान्त शुक्ला ने अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन ने बताया कि एप्सो हमेशा से कहता आया है कि दक्षिण एशिया में शांति का दीर्घकालिक समाधान संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करने में निहित है। आतंकी शिविरों का विनाश हिंसा की ताकतों के लिए एकग झटका है। स्थायी शांति के लिए उग्रवाद के नेटवर्क और उनके वैचारिक समर्थकों को खत्म करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होगी। हम पाकिस्तान से अपनी धरती से संचालित आतंकवादी समूहों के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने और क्षेत्रीय शांति प्रयासों में पूर्ण सहयोग करने का आह्वान करते हैं। एआईपीएसओ भारत सरकार से शांति और कूटनीति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखने का आग्रह करता है और आग्रह करता है कि सरकार आतंकवादी खतरों के खिलाफ देश की रक्षा करने में दृढ़ रहे। इस समय, एआईपीएसओ भारत के लोगों की सुरक्षा, सद्भाव और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की सामूहिक इच्छा के साथ खड़ा है। हम सीमा के दोनों ओर शांति आंदोलनों, लोकतांत्रिक ताकतों और नागरिक समाज से आतंकवाद और सांप्रदायिक घृणा को खारिज करने और दक्षिण एशिया में हिंसा से मुक्त भविष्य की दिशा में काम करने का आह्वान करते हैं।

## वैष्णो देवी ने 9 रुपों में नौ ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर कराय: विजय झा

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। भारत के सिरमौर जम्मू कश्मीर में मां भगवती वैष्णो देवी जिनके नव रुप है तथा नवरात्रि के नौ दिन 9 रुपों की पूजा होती है। भगवती ने भारतीय सेना के माध्यम से नौ ठिकानों पर हमला कर पहलगाम में शहीद 26 लोगों की हत्या का बदला लिया है। आम आदमी पार्टी नेता विजय कुमार झा ने कहा है कि भारत महान है। विश्व के किसी देश को कभी महान अमेरिका, महान रुस, महान चीन नहीं कहा जाता लेकिन महाभारत कहा जाता है। भारत भूमि में नारी सम्मान व कुंवारी कन्या की पूजन तथा माता सीता स्वरुप विधवा हुए नारियों का बदला लेकर ऑपरेशन सिंदूर किया गया है। भारतीय सेना ने विश्व को बता दिया है कि चुटकी भर सिंदूर का भारत भूमि का क्या महत्त्व है। भारतीय सेना का हृदय से स्वागत वंदन अभिनंदन है। पूरा देश सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## गणेश मंदिर का 20 स्थापना दिवस मनाया गया

रायपुर, 7 मई (देशबन्धु)। जय गणेश मंदिर अग्रसेन चौक में 5 मई से 20वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें 7 मई को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालु ने प्रसादी ग्रहण किया। श्री गणेश उनकी मनोकामना पूरी करें। जय गणेश मंदिर अग्रसेन चौक में 20वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें 5 मई को गणेश पूजा अभिषेक किया गया। 6 मई को महाआरती एवं 7 मई को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालु ने प्रसादी ग्रहण किया।

# नगर निगम जोन 2 ने शहीद स्मारक भवन में समाधान शिविर लगाया

**प्रथम चरण में जोन 2 को प्राप्त सभी 3583 आवेदनों, 3420 मांगो, 163 शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण त्वरित समाधान किया गया**

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। आज सुषासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेष के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेषानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव के निर्देषानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जोन 2 के 7 वार्डो के लिए जीई रोड रजबंधा मैदान के शहीद स्मारक भवन में सुषासन तिहार समाधान षिविर लगाया गया। जिसमें रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त विष्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, वित्त विभाग अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार, पार्षद श्रीमती कृतिका जैन, श्रीमती रामहीन कुर्रे, खगपति सोनी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राम प्रजापति की मंच पर उपस्थिति में नगर निगम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों ने नागरिको को सुषासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक जोन 2 के 7 वार्डो में लगे शिविर में आमजनता से प्राप्त सभी 3583 आवेदनो, 3420 मांगो, 163 षिकायतो का शत प्रतिषत गुणवत्ता पूर्ण त्वरित समाधान द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 मई के मध्य करने की प्रकरणवार विस्तृत समाधान की जानकारी मंच से दी गई।

सुषासन तिहार समाधान षिविर का शुभारंभ दीपप्रज्जवलन कर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने किया। परिवहन विभाग के स्टॉल में रावाभाठा निवासी सुश्री ऋतु चातुरे को आवेदन देते ही उनका तत्काल लर्निंग लाईसेंस बनाकर दिया गया। जिसे उन्हें उत्तर विधायक, महापौर, सभापति ने मंच पर बुलाकर दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में उत्तर विधायक, महापौर, सभापति ने 5 नवजात षिषुओ का अन्न प्रासन्न किया।




रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तेज दुपहरी में सुदुर अंचलो के गांवो में जाकर लोगो की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निदान कर रहे है तो सभी अधिकारियों को एसी रूम से बाहर निकलकर आमजनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका त्वरित निदान करने का सुषासन तिहार के अंतर्गत संकल्प लेकर कार्य करना चाहिए। मंच से उत्तर विधायक ने निर्देश दिये कि तात्यापारा में टोटी विहीन सार्वजनिक नल में संबंधित जोन अधिकारी तत्काल टोटी लगवाकर पेयजल की बचत करना सुनिष्चित करें। उत्तर विधायक ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं महापौर श्रीमती मीनल चौबे की चुस्त कार्यप्रणाली को मंच से सराहा। उत्तर विधायक ने नागरिको से रायपुर जिला, रायपुर नगर निगम, रायपुर शहर को प्रदेष में नंबर 1 बनाने का प्रण लेकर सहभागी बनने का आव्हान किया। उन्होने यषस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति ऑपरेशन सिंदूर चलाने एवं आतंकवाद के विरूद्ध कार्यवाही करने पर कृतज्ञता व्यक्त की।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुषासन का लाभ आमजनों को देने लगाये गये सुशासन तिहार शिविर के आयोजन की सराहना की व कहा कि यदि सुशासन तिहार जैसे आयोजन लगातार होते रहे तो आमजनो को फिर कोई दिक्कत नहीं होगी। महापौर ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की चुस्त कार्यप्रणाली को सराहा। महापौर ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति समस्त रायपुरवासियों की ओर से ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवाद के विरूद्ध कार्यवाही करने के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

सभापति श्री सूर्यकांत राठौड ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुषासन का लाभ सुषासन तिहार समाधान षिविरो से आमजनों को मिल रहा है एवं सुषासन तिहार समाधान षिविरो का सबसे बडा लाभ नगर निगम के सभी पार्षदो को मिल रहा है कारण कि इसमें सभी विभागो के कामो सहित समस्याओं का आमजनो के लिए त्वरित निराकरण हो रहा है।

रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि रायपुर जिला प्रषासन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देष पर विष्णु के सुषासन का लाभ जिले के निवासी आमजनों तक पहुंचाने कृत संकल्पित है। उन्होने बताया कि सुषासन तिहार प्रथम चरण में रायपुर जिले को षिविरो में 3 लाख आवेदन मिले। रात्रि जागरण कर सभी प्रकरणो की समीक्षा मॉनिटरिंग कर आवेदको के आवेदनो का शत प्रतिषत समाधान करने का संकल्प लेकर कार्य किया गया। जिसके लिए रायपुर जिले के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बधाई के पात्र है, कारण कि सुषासन तिहार समाधान में रायपुर जिला प्रदेष में नंबर 1 पर चल रहा है। जिला कलेक्टर ने रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे की चुस्त कार्यप्रणाली को सराहा एवं कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजनाओ के लंबित

# सुशासन तिहार के समाधान शिविर का आयोजन दतान में संपन्न

**पलारी** 7 मई (देशबन्धु) ग्राम पंचायत दतान प में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर योगेश चंद्राकर उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत ?तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन, पारदर्शिता और जनसंवाद को समर्पित है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों की शुरुआत आज से हुई है जहाँ जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार आम जन से मिलने और उसके समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण समाधान शिविर का आयोजन कर रही है। आज इसी परिपेक्ष में ग्राम पंचायत कुसमी को 10 पंचायत का कलस्टर बना कर विकासखंड पलारी का द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत दतान प, गातापार, गितकेरा, घिरघोल, औरासी, सरसेनी, चुचरूंगपुर, गुमा, सैहा एवं बेल्हा शामिल है। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मिल का पत्थर साबित होगा।




शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग के संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हुए एवं अपने विभाग में चल रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बारी बारी से आमजन के बीच रखे। इस कार्यक्रम पर कृषि विभाग द्वारा बीज एवं स्पेयर किसान क्रेडिट कार्ड, पंचायत ग्रामीण विभाग द्वारा आवास की चाबी स्वीकृति पत्र, खाद्य विभाग ने राशन कार्ड, मत्स्य विभाग मछली जाल आईस बॉक्स का वितरण किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से, एस डी एम दीपक निकुंज, तहसीलदार , जनपद सी ई ओ पन्ना लाल ध्रुवे, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा,जिला, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति दतान कृष्ण कुमार वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अ जा मोर्चा रमाशंकर बंजारे, तुलसी डहरिया,जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू, केजुराम साहू भीमलाल यादव योगेश वर्मा , सरपंच दतान अंजली धीवर, सरपंच घिरघोल विष्णु वैष्णव, केशरी वर्मा टीकमचंद वर्मा हेमलाल साहू हेमन्त साहू हेमकुमार साहू साधराम बारले सहित सरपंच पंच एवं ग्रामीण बन्धु उपस्थित रहे।

# गुरुर विकासखंड में 2 फड़ो के माध्यम से तेंदूपत्ता खरीदी कार्य प्रारंभ

**गुरुर,** 7 मई (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र गुरुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता खरीदी कार्य प्रारंभ हो चुका है। शासन द्वारा निर्देश मिलने के बाद एवं वन विभाग द्वारा सूचना प्राप्त होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए ग्रामीण सुबह से ही जंगलों की तरफ जाने लगे हैं। विकासखंड के ग्राम बढ़भुम, करियाटोला, कोचवाही, भैंसमुंडी, अलोरी, कोसमी, धानापुरी, सोन्हतरा, जगतरा, मुजालगोंदी, नारागांव, हितेकसा जैसे अन्य ग्रामों से लगे हुए जंगलों से ग्रामीणों द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण किया जा रहा है।



विकासखंड में आज बुधवार से ही तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ हुआ है। विकासखंड में गुरुर एवं बढ़भूम समिति के अंतर्गत आने वाले कुल 44 फडो के माध्यम से तेंदूपत्ता खरीदी किया जाएगा।तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगलों की तरफ जाने वाले क्षेत्र वासियों को वन परिक्षेत्र गुरुर अधिकारी हेमलता उइके ने अपील किया है कि जंगलों में सावधानी पूर्वक तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य करें।

वर्तमान में क्षेत्र के जंगल में दो दन्तेल हाथी के अलावा जंगली सूअर जैसे अन्य वन्य प्राणियों से खतरा बना हुआ है। क्षेत्र के जंगल में वन्य प्राणियों के कारण पूर्व में घटनाएं भी हो चुकी है ऐसे में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगलों की तरफ जाने वाले ग्रामीणों को सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि किसी प्रकार से जनहानि ना हो।

# सार्वजनिक स्थान में जुआ खेलने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 7 मई (देशबन्धु)। एसपी त्रिलोक बंसल के दिशा निर्देशन में एवं एएसपी नितेश गौतम व एसडीओपी खैरागढ़ आशा रानी के मार्गदर्शन में जुआ ,सट्टा पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने के लिए लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में 5 मई 2025 को थाना छुईखदान पुलिस एवं सायबर सेल केसीजी की संयुक्त टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पाटा जंगल मे आम झाड़ के नीचे जुआ खेलते हुए आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। (1)ढाल सिंह सिन्हा पिता घनसुराम उम्र 52 वर्ष निवासी विक्रमपुर (2)भोजराम कंवर पिता सहदेव उम्र 40 वर्ष निवासी पाटा( 3) प्रहलाद कंवर पिता बुधारू उम्र 42 वर्ष निवासी गातापर नाका (4) जागृत साहू पिता बहादुर उम्र 37 वर्ष निवासी सिंगारघाट थाना खैरागढ़ (5) रामचंद पिता गंभीर साहू उम्र 52 वर्ष निवासी कुम्ही खैरागढ़ जिला केसीजी को सार्वजनिक स्थान में ताश पत्ती से रुपए का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया 52 पत्ती ताश एवं कुल नगदी रकम 17800/- रू , 08 नग मोटर साइकिल को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 03 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।उक्त कार्यवाही मे सउनि अरविंद यादव, प्रआर मुनेन्द्र ठाकुर, प्रआर कमलेश श्रीवास्तव प्रआर अख्तर मिर्जा, प्रआर आशीष वर्मा, आर कमलकांत साहू, विनोद पोर्ते, सुशील साय पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## पीएम श्री शा. प्रा. शाला मुड़पार में प्रथम स्थान उर्वशी साहू ने लिया

**खरोरा,** 7 मई (देशबन्धु)। लौदाबाजार जिला के सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचयात मुड़पार में आज 30/04/2025 को पी. एम श्री प्राथमिक शाला मुड़पार का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमे कु उर्वशी साहू 82.5 प्रतिशत प्रथम स्थान प्राप्त किया पिता छन्नु लाल माता श्रीमति सरिता साहु पुत्री है । प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री संतोष प्रधान पाठक। एवं पोषण लाल वर्मा श्रीमति पुष्पलता ध्रुव, जाया वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों की उज्वल भविष्य की सफलता की कामना कीया। प्राप्त जानकारी की अनुसार कु.उवर्शी साहू भूतपूर्व सोसायटी अध्यक्ष श्री तिहारु राम साहू की सुपौत्री का आभार व्यक्त किया पी.एम श्री प्रा.शाला स्कुल का समस्त स्टाप की सनत वर्मा,गोवर्धन वर्मा, डा. किरित साहू ,कृष्ण कुमार, प्रदीप मानिकपुरी, राजु तिवारी मनोज नायक, दिव्यांश साहू,रामप्रसाद यदु,मूलचंद साहू, डोमार साहु, राम प्रसाद,सूरज , भानुप्रताप , ओमप्रकार वर्मा, उपस्थित रहे।




## सेना की स्ट्राइक से भाजपा ने मनाई खुशी

**गुण्डरदेही,** 7 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किए गए स्ट्राइक से भाजपा मंडल गुण्डरदेही व आम जनता ने खुशी मनाई है बुधवार को नगर के धमतरी चौक मे भाजपाईयो ने हाथ मे तिंरगा लेकर भारत माता की जयकारे लगाकर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर पूर्व विधायक विरेंद्र साहू जिला सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय महामंत्री सौरभ चोपड़ा टोमन साहू सरपंच हेमंत साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा केशव साहू रवि देवांगन भीम साहू थानमल जैन मयंक जैन, देव कुमार साहू हेमंत साहू रूपेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में महिला के अंडाशय का ऑपरेशन कर निकाला ढाई किलो का ट्यूमर

**बागबाहरा,** 7 मई (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा जो कि यहां के डॉक्टरों व स्टॉफ की मेहनत से पूरे प्रदेश मे सबसे अच्छे शासकीय अस्पतालो मे गिने जाते है। स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए यह अस्पताल कई बार शासन से उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। वही आज पुनः इस अस्पताल मे स्त्री रोग विशेषगज्ञ डॉ. रेवेन्द्र देव साहू ने अपने अस्पताल स्टॉफ के साथ एक सफल ऑपरेशन कर करीब ढाई किलो का ट्यूमर बाहर निकाला। इस ऑपरेशन के बाद मरीज भी पूर्ण रूप से सुरक्षित है और अस्पताल मे भर्ती भी है। इस सफल ऑपरेशन मे डॉ. रेवेन्द्र देव साहू के साथ अस्पताल स्टॉफ नर्स यशवंत, कंचन यादव,रश्मि मार्टिन, संगीता नायक, लता एवं बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहे।

# नि:शुल्क लेन में वसूली का खेल

## ऑटोमेटिक कैमरे लगाकर फास्टैग के जरिए लूट

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। टोल कटने के करीब घंटों बाद मैसेज आने के कारण कई किमी दूर निकलने के कारण वाहन मालिक टोल की रकम लेने वापस नहीं आती। इसके लिए टोल प्लाजा संचालकों द्वारा इस तरह का सॉफ्टवेयर लगाया गया है कि मैसेज विलंब से डिलिवर होता है। इस खेल के चलते रोजाना टोल प्लाजा संचालक हजारों रुपए की वसूली कर रहे हैं।




### अवैध वसूली को उजागर किया

लखनऊ की स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफद्वारा 23 जनवरी 2025 को दुर्ग जिले के कुम्हारी सिमगा के भोजपुरी सूरजपुर के महराजपुर और कवर्धा में मुदियापारा टोल प्लाजा में फर्जीवाड़े के जानकारी मिली थी। सॉफ्टवेयर के जरिए वसूली का खेल बिना फास्टैग वाले वाहनों से दोगुना टोल वसूलने और 50 फीसदी राशि अपने खाते में जमा की सनसनीखेज जानकारी मिली थी। यह खेल सॉफ्टवेयर इंस्टाल के जरिए टोल पर्ची जनरेट कर वाहन चालकों से वसूली हो रही थी। इसके बाद भी आज तक किसी भी टोल नाके की जांच तक नहीं की गई है। बता दें कि एसटीएफकी टीम ने यूपी के अतरैला स्थित शिव गुलाम टोल प्लाजा लालगंज मीरजापुर में छापा मारकर अवैध वसूली को उजागर किया था। इसकी प्राथमिक जांच के दौरान पता चला कि देशभर के 200 से ज्यादा टोल प्लाजा इस खेल में शामिल है।

### 25 से लेकर 35 रुपए तक की वसूली

केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसारए टोल नाका से 20 किमी के दायरे में रहने वाले निजी वाहन से कोई शुल्क नहीं लिया जाना है। नियमानुसार सर्विस लेन ;टोल फ्री मार्गद्ध में बिना फास्ट टैग वाले वाहन से शुल्क नहीं लिया जाना है लेकिन इस लेन से गुजरने पर ऑटोमेटिक कैमरे से फास्टैग के जरिए कार चालकों से 25 से लेकर 35 रुपए तक की वसूली हो रही है। जबकि उक्त वाहनों के लिए अलग से लेन बनाई गई है। जहां वाहन से किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाना है। बता दें कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ;एनएचएआईद्ध देशभर के टोल टैक्स का प्रबंधनए संग्रहण और पर्यवेक्षण का काम करता है।

### 24 घंटे में छूट का प्रावधान

केंद्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत बिना परमिट वाले निजी यात्री बसों के दूसरे राज्य में जाने पर अस्थायी टैक्स लिया जाता है। यह नियमानुसार 30 दिन के लिए जारी किया जाता है। 1 तारीख को बनाने पर उसकी अवधि 30 की रात 12 बजे तक वैध रहती है। वहींए 29 को बनाने पर भी 30 तक ही वैधता रहती है। इस अवधि में वह आना जाना कर सकता है। वहींए दूसरी तरफएक बार टोल नाका में टैक्स देने के बाद कुछ घंटों के भीतर वापस लौटने पर किसी भी तरह का छूट नहीं मिलती। बता दें कि कुम्हारी टोल नाका में सुंदर नगर निवासी श्याम कश्यप से 31 मार्च एवं 7 अप्रैल 2025 की शाम 25 रुपए टोल लिया गया। वहीं कुछ घंटों के बाद वापस आने पर फिर 25 रुपए और 5 नवंबर 2024 को इसी तरह फिर वसूली की गई। जबकि उक्त वाहन रायपुर आरटीओ में सीजी04 के नाम पंजीकृत है।

### हो चुका है विवाद

कुम्हारी टोल प्लाजा में निजी वाहनों से अतिरिक्त शुल्क लिए जाने को लेकर कई बार विवाद हो चुका है। निर्धारित शुल्क से ज्यादा लिए जाने की शिकायत मिलने पर एनएचएआई द्वारा कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद कुछ समय तक यह खेल यथावत चल रहा है। इसकी शिकायत मिलने पर दर्जनों वाहन चालकों द्वारा मैसेज सहित इसका ब्यौरा दिया गया। हालांकि एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि इसकी जांच कर गड़बडियों को दूर किया जाएगा। साथ ही किसी भी तरह की परेशानी होने पर विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने कहा है।

### बस चालकों से वसूली

बस मालिकों का कहना है कि सिमगा स्थित टोल प्लाजा में जानबूझकर फास्टैग को खराब बताकर ऑफलाइन वसूली चल रही है। नकद लेने के बाद भी इसकी पर्ची नहीं मिलती। बता दें कि एसटीएफयूपी द्वारा गिरफ्तार किए गए आलोक कुमार सिंह ने पूछताछ के दौरान देशभर के 42 टोल प्लाजा सहित छत्तीसगढ़ के 4 टोल प्लाजा की पोल खोली थी।

# निर्माणाधीन मकान में चोरी, 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया हैं। बताया गया प्रार्थी सुभाष साहू ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके द्वारा कमल विहार सेक्टर 05 में नये मकान का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य देखने के लिए प्रार्थी 14 अप्रैल को शाम करीबन 18.30 बजे गया था तब सब ठीक था। दूसरे दिन सुबह 09 00 बजे निर्माणाधीन मकान को देखने गया तो पाया कि कमरे का ताला टूटा हुआ था रखे हुए सामान को चेक करने पर पाया कि कॉपर वायर का 107 बंडल नही था कमरे में नही था एवं बाजू कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। किसी अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के निर्माणाधीन मकान अंदर प्रवेश कर समान रखने वाले कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ.साथ घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा मुजगहन निवासी विनाशक उर्फमास्टर देवार की पतासाजी कर पकड़कर पूछताछ करने पर विनाशक देवार उर्फमास्टर द्वारा अपने अन्य रोहित देवार के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रोहित देवार की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की कॉपर वायर 33 बंडल 01 नग सिमेंट बोरी एवं 15 किलो तांबा जुमला कीमती लगभग 1, 50 000ध् रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।




# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास



**2023 में वारदात को दिया था अंजाम**

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है टिकरापारा स्थित जीएसटी ऑफिस के पास रमेश मुरमे की हत्या हुई थी यह घटना 8 फरवरी 2023 की है आरोपी रोमन लाल कन्नौज ने रमेश मुरमे की लोहे की रॉड से मारकर हत्या की थी, मजदूरों को खाना नहीं देने को लेकर दोनों में विवाद हुआ था इस मामले में कोर्ट ने आरोपी रोमेनलाल कन्नौज को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

# छत्तीसगढ़ की बेटियों ने क्रिकेट में लहराया परचम

## अंडर.15 स्टेट टीम में 9 बालिकाएं सलेक्ट, सीएम साय ने दी बधाई

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। प्रदेश स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा स्टेट टीम के चयन के लिए आयोजित ट्रायल स्पर्धा में जशपुर जिले के शासकीय प्री.मैट्रिक बालिका छात्रावास इचकेला की 9 बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर.15 टीम में अपनी जगह बनाई है। जशपुर के इचकेला छात्रावास की ही 6 छात्राएं अंडर.19 की ट्रायल स्पर्धा के अगले दौर में पहुंची हैं। इचकेला छात्रावास की कुल 15 छात्राओं ने अपनी क्रिकेट प्रतिभा की बदौलत जशपुर जिले का नाम रौशन किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले की बेटियों की क्रिकेट प्रतिभा की सराहना की है और उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह गौरवशाली उपलब्धि न केवल जशपुरए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद दे रही है। स्टेट अंडर.15 टीम के लिए इंजील लकड़ा जिज्ञासा कुजूर अमीषा लकड़ रितु भगतए पूर्वांशी साहूए साक्षी यादव गायत्री बाई अभिलाषी बड़ा और संतोषी बाई चयनित हुई हैं। इसी तरह अंडर.19 टीम के लिए आकांक्षा रानीए वर्षा बाईए नितिका बाईए झूमर तिर्कीए तुलसीका भगत और अलका रानी कुजूर ट्रायल के अगले दौर में पहुंच गई हैंए यह ट्रायल 08 मई को प्रात: 7 बजे से आरडीसीए ग्राउंड रायपुर में होगा। से छात्रावास में न केवल खेल को बढ़ावा मिलाए बल्कि वहां की आदिवासी बेटियां क्रिकेट के खेल में जशपुर जिले को गौरान्वित करने लगी है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अधीक्षिका पंडरी बाई की बेटी आकांक्षा रानी जो पहाड़ी कोरवा समुदाय से हैं और अंडर.19 बीसीसीआई टी.20 ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ टीम की प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। आकांक्षा रानी के शानदार प्रदर्शन ने छात्रावास में रहने वाली अन्य बालिकाओं को क्रिकेट के खेल के प्रति आकर्षित किया जिसके चलते इचकेला छात्रावास क्रिकेट खेल को लेकर प्रसिद्ध हो गया है। यहां अध्ययनरत बालिकाओं के क्रिकेट कोच संतोष कुमारए मेंटोर शंकर सोनी और छात्रावास वार्डन पंडरी बाई की अहम भूमिका रही है। यह उल्लेखनीय है कि यह छात्रावास मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिले में स्थित है। उनके नेतृत्व में आदिवासी अंचलों में शिक्षा और खेल के समन्वित विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा और राज्य सरकार की योजनाओं का ही परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ की बेटियाँ क्रिकेट के मैदान में राज्य और देश का नाम रौशन कर रही हैं।

- छात्रावास इचकेला की 9 बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर–15 टीम में बनाई जगह
- छात्रावास की 6 छात्राएं अंडर–19 की ट्रायल स्पर्धा के अगले दौर में पहुंची
- छात्रावास की कुल 15 छात्राओं ने जशपुर जिले का नाम रौशन किया है

# टीम प्रहरी ने तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राईव से मेग्नेटो द माल तक चलाया अतिक्रमण हटाया

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। आज रात्रि टीम प्रहरी ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप, जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम अपर आयुक्त पंकज के. शर्मा के नेतृत्व एवं उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सहायक अभियंता सोहन गुप्ता, उप अभियंता अमित सरकार, तेलीबाँधा थाना टीआई, यातायात पुलिस बल, नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता, जोन 3,9 के नगर निवेश विभाग के उप अभियंताओं, श्रमिकों की उपस्थिति में जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने अतिक्रमण, अवैध कब्जे मुख्य मार्गो से हटाकर नागरिकों को त्वरित राहत दिलवाने व्यापक अभियान चलाया. टीम प्रहरी के अभियान के दौरान तेलीबाँधा मरीन ड्राईव में दुकानों द्वारा सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर 15 से अधिक दुकानदारों द्वारा बनाये गए अवैध शेड को थ्रीडी मशीन से तोड़ने और सड़क को कब्जामुक्त करने कड़ी कार्यवाही की गयी. तेलीबाँधा मुख्य मार्ग में तेलीबाँधा तालाब से मेग्नेटो द माल होकर रिंग रोड तक व्यापक अभियान चलाकर लगभग 50 से अधिक अवैध ठेलों और गुमटियों को सड़क से हटाया गया और दुकानदारों द्वारा सड़क पर अवैध कब्जा जमाकर रखे गए कूलर, पंखे और अन्य सामानों को सड़क से हटाकर मुख्य मार्ग को कब्जामुक्त बनाकर नागरिकों को सड़क यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाकर त्वरित राहत दिलवाई गयी. अभियान आगे भी जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से मुख्य मार्गो को अतिक्रमण और अवैध कब्जे से मुक्त करवाकर सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने जारी रहेगा.




**50 से अधिक ठेलों गुमटियों को हटाया**

# एनएसयूआई का प्रदर्शन

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। रायपुर में एनएसयुआई ने जयस्तम चौक में प्रदर्श किया। इस प्रदर्शन के दौरान रायपुर एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया। साथ ही आसपास से गुजर रहे लोगों को मिठाई खिलाया। प्रदर्शन के दौरान रायपुर जिला अध्यक्ष शांतनु झा ने कहा कि पाकिस्तान अगर इसी तरह से आतंकियों को पनाह देकर कायराना हमला करवाते रहेगा तो वह दिन दूर नहीं जब बांग्लादेश की तरह बलूचिस्तान भी आजाद होगा।

**शांतनु झा बोले– बांग्लादेश की तरह बलूचिस्तान भी आजाद होगा**

**भारतीय सेना के पराक्रम के लिए देशवासी रहेंगे सदैव आभारी : मोहम्मद अकबर**

पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने भारतीय सेना की तरफसे पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों पर हमले को प्रशंसनीय कार्रवाई बताया है।

उन्होंने कहा किए देशवासी भारतीय सेना के पराक्रम के लिए सदैव उसके आभारी रहेंगे। मोहम्मद अकबर ने कहा कि आतंकी ठिकानों पर हमला पहलगाम में जान गंवाने वाले 26 बेकसूर नागरिकों को न्याय दिलाने किया गया है। इससे उन लोगों को भी न्याय मिलेगा जो पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद के कारण पीड़ित रहे हैं। भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान को सबक मिलेगा। उन्होंने पहलगाम हमले में प्राण गंवाने वाले 26 नागरिकों को शहीद का दर्जा देने की अपनी मांग दोहराई

# महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक वीडियो वायरल, बालक गिरफ्तार

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। नई दिल्ली से प्राप्त सायबर टीम लाईन जिसमें महिलाओं एवं बच्चों के पत्तिजनक अश्लील चित्र फोटो वीडियों सोशल मीडिया में वायरल करने वाले के संबंध में डाटा प्राप्त होने पर घटना थाना खमतराई क्षेत्रान्तर्गत होने से वरिष्ठ कार्यालय से उपरोक्त डाटा के आधार पर कार्यवाही करने प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। जिसपर थाना खमतराई में धारा.67 बी आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना क्रम में धारा.67 बी आईटी एक्ट के प्रकरण के आरोपी मोबाईल सिम नं 8602832243 का धारक के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर उपरोक्त सिम श्रीमती तुलेश्वरी साहू पति संतोष साहू निवासी श्रीनगर थाना खमतराई रायपुर का होना पाया गया। जिसपर श्रीमती तुलेश्वरी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उपरोक्त सिम को वर्ष 2022 से उनके पुत्र विधि के साथ संघर्षरत बालक उम्र करीबन 16 वर्ष द्वारा संचालित करना बतायी। जिसपर विधि से संघर्षरत बालक से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध स्वीकार करते हुए वर्ष 2022 में अपने मोबाईल में सिम नं 8602832243 का उपयोग करते हुए महिलाओं एवं बच्चों के आपत्तिजनक अश्लील चित्र फोटो वीडियों सोशल मीडिया में वायरल करना बताये। विधि के साथ संघर्षरत बालक के विरूद्ध अपराध सबूत का पाये जाने से विधिवत कार्यवाही करते हुए बाल न्यायालय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर वर्चुअल समीक्षा बैठक




**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। आज सचिव परिवहन सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर द्वारा राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने हेतु समस्त क्षेत्रीय / जिला परिवहन अधिकारियों एवं अनुबंधित कम्पनियों मेसर्स रोजमार्टा एवं रियल मेजॉन के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक ली गयी। बैठक में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में पूर्व समीक्षा बैठक दिनांक 02/05/2025 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

वर्चुअल बैठक में अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को कार्य में तेजी लाने हेतु मैनपॉवर बढ़ाने, फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के साथ प्रत्येक जिले के आरटीओ/डीटीओ को कंपनियों के साथ कैम्प टीम / शिविर लगाने और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट निर्माण सेंटर बढ़ाने के निर्देश दिये गये। अनुबंधित कंपनियों के अधिकृत टीम लीडर / स्टॉफ आवेदकों से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर अथवा एसएमएस के माध्यम से नंबर प्लेट फिटिंग की जानकारी दे, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर में आवेदकों के बैठने, पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी किये जाने के निर्देश दिए गए।

**परिवहन अधिकारियों एवं अनुबंधित कंपनियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश**


बैठक में निर्देशित किया गया कि अनुबंधित कम्पनियां इस बात का विशेष ध्यान रखें की आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आवेदकों को बहुत ही सरल, सुलभ तरीके से उनके पंजीकृत वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की व्यवस्था की जाए। किसी प्रकार के अनावश्यक विलंब होने की स्थिति में आवेदकों को पहले ही सूचित कर दिया जाए।

बैठक में जानकारी दी गयी कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन के सम्पर्क नम्बर +911206457502, +911206457503 एवं रोजमाटा कम्पनी के सम्पर्क नम्बर 9818188721 या ई–मेल आई डी में सम्पर्क किया जा सकता है।

वर्चुअल समीक्षा बैठक में जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने–अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर का अवलोकन करें तथा साथ ही इस कार्य में परिवहन सुविधा केन्द्रों को भी जोड़कर कार्य में तेजी लाएं। परिवहन कार्यालयों में नंबर प्लेट हेतु स्थाई कैम्प लगायें तथा मोबाईल टीम जिला परिवहन अधिकारियों के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण स्थानों/लोकेशन में नंबर प्लेट लगाने के कार्य संपादित करें।

उपरोक्त मीटिंग में परिवहन विभाग की ओर से यू.बी.एस. चौहान संयुक्त परिवहन आयुक्त, मनोज ध्रुव उप परिवहन आयुक्त, युगेश्वरी वर्मा सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा राज्य के सभी वरिष्ठ क्षेत्रीय / जिला परिवहन अधिकारी भी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन की ओर से आशीष मिश्रा तथा रोजमाटा की ओर से अशोक शर्मा शामिल हुए।

# रायपुर में 2 युवकों ने की आत्महत्या



**नीट परीक्षा बिगड़ने पर स्टूडेंट ने पंखे से लगाई फांसी, दूसरा युवक पेड़ पर झूला**

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। रायपुर में दो आत्महत्या का मामला सामने आया है। पहला मामला गोलबाजार थाना क्षेत्र के नयापारा इलाके का है। वहीं दूसरा मामला अभनपुर थाना क्षेत्र के झांकी गांव का है। फिलहाल पुलिस दोनों ही मामले में आगे की जांच कर रही है। दोनों घटनाओं में पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिकए प्रशांत साहू ;18 न अपने ही घर के कमरे में आत्महत्या कर ली है। प्रशांत अपने माता.पिता के साथ गोलबाजार के नयापारा इलाके में रहता था। उसने रविवार को नीट परीक्षा दिलाई थी। बताया जा रहा है कि पेपर बिगड़ने से वह लगातार तनाव में था। उसने रस्सी का फंद्रा बनाकर पंखे में झूल कर जान दे दी। दोनों घटनाओं में पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है

**20 फीट के पेड़ में झूल गया:** दूसरा मामला अभनपुर थाना क्षेत्र के झांकी गांव का है। गोपाल साहू नाम के एक युवक ने एक करीब 20 फीट ऊंचे पेड़ पर चढ़कर अपनी जान दे दी। वो भी रस्सी के सहारे फंद्रा बनाकर पेड़ पर झूल गया। गोपाल के 1 साल पहले शादी हुई थी। वह ईटा भटा चलाने का काम करता था।

उल्टा पुल्टा

चिंटू- मम्मी...मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है.
मम्मी- क्यों?
चिंटू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था.
मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है।
चिंटू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

## संपादकीय

# किसी भी नतीजे को स्वीकार करें बच्चे

*वैसे तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम 10 और 12 मई को निकलने के संकेत दिये गये थे परन्तु मंगलवार की रात को लिये गये एक निर्णय के अनुरूप इन्हें बुधवार को ही घोषित कर दिया गया। भावी अध्ययन का निर्धारण करने एवं कैरियर बनाने के लिहाज से क्रमश: 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण होती है। इन दोनों ही परीक्षाओं में जिन्हें अच्छे अंक मिलते हैं, बच्चों को अध्ययन तथा जीवन के लक्ष्य बनाने में आसानी होती है। बुधवार को घोषित दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में जो बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें बधाइयां, लेकिन जो असफल रहे या जिन्हें अपेक्षा के अनुरूप अंक नहीं मिल सके, वे निराश न हों।*

*परीक्षाओं में नाकामयाबी मिलने अथवा बहुत अच्छे अंक नहीं मिलने मात्र से उनके सारे रास्ते बन्द नहीं हो जाते। उन्हें आगे की परीक्षाओं हेतु बेहतर तैयारियां करनी चाहिये ताकि उन्हें भविष्य में फिर से निराशा न हो। जो भी नतीजे आये हैं उन्हें स्वीकार करते हुए ठंडे दिमाग से सोचा जाये कि उन्हें आगे किन विषयों के साथ पढ़ाई जारी रखनी चाहिये या वे यह भी सोचें कि कहां कमी रह गयी थी। इस बाबत वे शिक्षकों, पालकों, अभिभावकों और मित्रों से भी सलाह-मशविरा कर सकते हैं।*

*हर विद्यार्थी, उनके पालक-अभिभावक तो चाहते हैं कि उन्हें अच्छे अंक मिलें ताकि वे आगे अच्छी पढ़ाई करें तथा उनका जीवन सफल हो। जो आगे जाकर कुछ करना चाहते हैं उन्हें अच्छा कैरियर बनाने में मदद मिले- चाहे नौकरियां हों या व्यवसाय। ज्यादातर बच्चे यथासम्भव मेहनत करते हैं परन्तु अनेक ऐसे भी होते हैं जो अध्ययन को गम्भीरता से नहीं लेते। वैसे खराब नतीजे निकलने पर वे पछताते ज़रूर हैं परन्तु तब तक देर हो चुकी रहती है। देखा तो यह भी गया है कि 10वीं के कुछ बच्चे खराब अंक आने के बाद सम्भल जाते हैं और 12वीं में अच्छे अंक ले आते हैं, परन्तु जिनके 12वीं में भी अच्छे अंक नहीं आते उनके लिये आगे की राह आसान नहीं होती। ऐसे बच्चों को निराश हुए बगैर हमेशा नया मार्ग ढूंढ़ना चाहिये।*

*असफल अथवा कम अंक पाने वाले बच्चों को वापस मजबूत बनाने में मां-बाप, घर के बड़ों तथा शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें भावी कैरियर चुनने में भी उनकी मदद करनी होगी। निराश बच्चों को आगे का कुछ समझ में नहीं आता या उनका ज्ञान सीमित है तो उन्हें हौसला बंधाने तथा मार्गदर्शन की ज़रूरत पड़ती है। हालांकि मौजूदा दौर में बच्चे सूचना तकनीक की मदद से अपना मार्ग तय करते हैं परन्तु उन्हें जहां भी भावनात्मक संबल की ज़रूरत हो अभिभावकों, पालकों तथा शिक्षकों को उनके साथ खड़ा होना चाहिये। बच्चों को बतलाया जाये कि परिणाम जो भी आये उन्हें अविचलित रहना चाहिये।*

# आपात कालीन स्थितियों से निपटने मॉकड्रिल की गई : कलेक्टर



**दुर्ग**, 7 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में दुर्गभिलाई नगर में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से 7 मइ को सायं 4 बजे आपातकालीन स्थितियां निर्मित की गईए जो ऑल क्लियर सिग्नल बजने तक जारी रही। रेड अलर्ट_ सायरन बजने पर प्रारंभ होकर ऑल क्लियर सायरन बजने तक नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल आयोजित की गई। मॉकड्रिल के दौरान जो नागरिक रोड पर थेए वे सड़क पर लेट कर मुंह में कपड़ा या रुमाल दबा कर दोनों हाथों से कान को ढक लिये थे, जो लोग वाहनों पर थे, वे भी अपने वाहन को वही रोड किनारे पर खड़े कर उसकी हैडलाइट और बैकलाइट बंद कर वाहनों से निकल कर सड़क पर लेट गये। कलेक्टर अभिजीत सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी मॉकड्रिल में शामिल हुए। सेक्टर.6 भिलाई पुलिस कंट्रोल रूम के बाजू पुलिस पेट्रोल पम्प के सामने चौक पर पूर्व सैनिक हरप्रीत सिंह छ.ग.आर्मी फाउण्डेशन द्वारा नागरिकों को मॉकड्रिल करायी गई। बीएसपी सेक्टर एरिया, सूर्यामॉल, सराफा बाजार, पावर हाउस, पुलगांव चौक दुर्ग, इंदिरा मार्केट दुर्ग, नल घर काम्प्लेक्स इमरजेंसी हॉस्पीटल मेडिकल कॉलेज आदि स्थानों पर मॉकड्रिल करायी गई। सायं 7.30 बजे से 7.45 बजे तक भिलाई सेक्टर एवं प्लांट क्षेत्र में रेड अलर्ट सायरन बजने से प्रारंभ कर ऑल क्लियर सायरन बजने तक ब्लैक आउट माकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान रैड अलर्ट साइरन बजने पर सभी नागरिक अपने घर, दुकान, आफिस, संस्थान आदि की रोशनी को बंद किये। सड़क पर चल रहे वाहन रेड अलर्ट साइरन बजते ही वाहन खड़े कर हैडलाइट और बैकलाइट भी बंद कर दी गई। ग्रीन अलर्ट साइरन आल क्लीयर सिग्नल बजने के बाद लाइट्स आन की गई। यह मॉकड्रिल पूर्वाभ्यास की एक सामान्य प्रक्रिया है। मॉकड्रिल के दौरान समस्त दैनिक गतिविधियाँ यथावत चालू थी। एनडीआरएफ एसडीआरएफ सीआईएसएफ होमगॉड, एनसीसी के कैडेट्स, सेना के भूतपूर्व सैनिक, पुलिस बल तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन व बीएसपी के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

# शहर की सफाई व्यवस्था के लिये अतिक्रमण एक गंभीर चुनौती इसे स्वयं हटा लें अन्यथा निगम करेगी कार्रवाही : महापौर



**दुर्ग**, 7 मई (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज मरार पारा वार्ड क्रमांक 5 में चलाये जा रहे महासफाई अभियान का निरीक्षण करते हुए कहा कि दुर्ग शहर में अतिक्रमण कर्ताओं का आतंक है। स्वयं अतिक्रमणकारी अपने अतिक्रमण हटा लें अन्यथा नगर निगम बुल्डोजर चलाकर तोड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मरार पारा वार्ड में नालियों पर लोगों ने पक्के स्लेब बना लिये है और सीढ़ियां बना ली है। महापौर ने आज स्वयं ही मरार पारा की गलियों व सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने साथ चल रहे अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी करें तथा उनसे जुर्माना वसूल करें। महापौर श्रीमती बाघमार ने सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने वालों को भी अपने अतिक्रमण हटा लेने की चुनौती दी है।

मरार पारा की प्रत्येक सड़कों व गलियों में आज पूरे दिन महासफाई अभियान चलाया गया। नालियों की तल्ले से सफाई की गई। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों को हिदायत दी कि नालियों के ऊपर बना लिये गये स्लैब व सीढ़ियों को 24 घंटों के भीतर तोड़ दें। उन्होंने वार्डवासियों से कहा कि बेहतर होगा कि वे स्वयं अपने अतिक्रमण हटाते हुए नालियों पर लगाये गये स्लेब व सीढ़ियों को तोड़ दें अन्यथा नगर निगम सीधे अपने स्तर पर तोड़फोड़ करेगी।

इस अभियान में महापौर के साथ स्वयं महापौर सुमित अग्रवाल एमआईसी प्रभारी नीलेश अग्रवाल, देवनारायण चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, चंद्रशेखर चंद्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शिव नायक, मनीष साहू, वार्ड पार्षद उपनेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल, गोविंद देवांगन, अभियंता विनोद मांझी, विकास दमाहे, कर्मशाला प्रभारी शोएब अहमद, सुरेश भारती सहित अनेक कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# अंडा में सहकारी बैंक के एटीएम का विधायक चंद्राकर ने किया उद्घाटन



**दुर्ग,** 7 मई (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम अंडा स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के एटीएम का उद्घाटन पूजा अर्चना कर फीता काटकर और एटीएम से राशि निकालकर किया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि ग्राम अंडा के निवासियों द्वारा एटीएम की मांग काफी समय से जा रही थी जो आज पूरी हुई। उन्होंने कहा कि इससे किसानों व आम नागरिकों को काफी फायदा होगा।

इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार की चर्चा करते हुए कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन निर्माण एवं विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को प्रत्यक्ष तौर पर जानने और उनमें आ रही ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# प्रशांति मंदिर में मनाया ईश्वर अम्मा सप्ताह

**दुर्ग,** 7 मई (देशबन्धु)। कसारीडीह वार्ड स्थित प्रशांति मंदिर में ईश्वर अम्मा सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत संस्था द्वारा संचालित बाल विकास समिति के बच्चों ने गीत नृत्य, आध्यात्मिक क्विज, चित्रकला प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ भजन इत्यादि की सुरीली प्रस्तुतियां की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. हेमंत साहू ने कार्यक्रम के प्रतिभागी बच्चों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया।



कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिला अस्पताल के प्रबंधक डॉ.ओ.पी.वर्मा, केन्द्रीय गोड़वाना समाज के सलाहकार सीताराम ठाकुर, पन्नालाल नेताम, रघु ठाकुर थे। इन अतिथियों ने बच्चों के साथ ही बाल विकास समिति के गुरू विश्व कुमार तिवारी, तृप्ति नायडू, देवकुमार साहू, सृष्टि तिवारी सत्या सोनी को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन श्री सत्य साई बाबा की माता ईश्वर अम्मा की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है। इस अवसर पर आर.के.तिवारी, हरिशचंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, अनिल जोशी, रंगदमन राजपूत, सौरव पाण्डेय, श्री निवास राव, नवीना त्रिपाठी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुर्ग जिला अस्पताल में सड़क दुर्घटना रिपोर्टिंग के लिए विशेष काउंटर की स्थापना

## एनआईसी दुर्ग की पहल पर आईआरएडी परियोजना के अंतर्गत नई सुविधा



**दुर्ग,** 7 मई (देशबन्धु)। आम नागरिकों की सुविधा और स ?क सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से जिला अस्पताल दुर्ग में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना (आईआरएडी) के अंतर्गत एक विशेष रिपोर्टिंग काउंटर की स्थापना की गई है। यह पहल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) दुर्ग के सुझाव पर की गई है। इस विशेष काउंटर की मदद से सड़क दुर्घटनाओं की सूचना त्वरित और सही तरीके से दर्ज की जा सकेगी, ताकि उसे आईआरएडी पोर्टल में समय रहते प्रविष्ट किया जा सके।

यह पहल सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी प्रबंधन और रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**क्या है आईआरएडी परियोजना**

एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना (आईआरएडी), भारत सरकार की एक डिजिटल पहल है जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

इस परियोजना के तहत पुलिस कर्मी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दुर्घटना की सूचना फोटो और वीडियो सहित दर्ज कर सकते हैं। हर घटना के लिए एक विशिष्ट आईडी जारी की जाती है। लोक निर्माण विभाग या स्थानीय निकाय के इंजीनियर को उसी क्षण अलर्ट मिलता है, जिससे वे मौके पर जाकर जांच कर सकते हैं। सड़क की बनावट और अन्य तकनीकी विवरण दर्ज किए जाते हैं, जो आगे डेटा विश्लेषण और सुधार कार्यों में सहायक होते हैं।

**आईआरएडी से नागरिकों को होने वाले तात्कालिक लाभ**

एम्बुलेंस और पुलिस समय पर पहुंचती हैए जिससे गंभीर घायलों की जान बच सकती है। आम नागरिक मोबाइल ऐप के जरिए सीधे दुर्घटना की सूचना दे सकते हैं। हादसे से संबंधित सटीक जानकारी बीमा दावों व कानूनी कार्यों में मददगार होती है। दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर नागरिकों को सचेत किया जाता है, जिससे आगे दुर्घटनाएं टल सकती हैं।

# प्रेमिका की आत्महत्या के बाद फरार प्रेमी किशोर गिरफ्तार

**दुर्ग,** 7 मई (देशबन्धु)। रायपुर नाका वार्ड में गत दिवस एक नाबालिग किशोरी द्वारा आत्महत्या कर लेने वाले मामले में उसके कथित नाबालिग प्रेमी को मोहन नगर पुलिस ने आज गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 64(20) एम65(1)296,351 (2) 3(5) बीएनएस 6,17,21(1) पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण के अनुसार आरोपी स्वयं भी नाबालिग का उक्त किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग था। इस मामले को लेकर पहले किशोरी के परिजनों ने नाराजगी जताई। बाद में बालिका के परिजनों ने किशोर को परिवार वालों के साथ दोनों किशोर किशोरी के विवाह का प्रस्ताव इन दोनों के बालिग के बाद रखा मगर बालक के परिवार वालों राजी नहीं हुए। इससे हताश बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बालक तभी से फरार था। आज मोहन नगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

■ **बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया**

# दुर्ग जिले में 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर कल से



**दुर्ग,** 7 मई (देशबन्धु)। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 9 से 29 मई तक 21 दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर पूर्णत: नि:शुल्क होगा। जिसमें सबजूनियर जूनियर वर्ग के बालक बालिकाएं भाग ले सकते हैं। शिविर में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का पंजीयन, संबंधित मैदान पर किया जाएगाए जिसमें पालक की सहमति होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु खिलाड़ी एक नग पासपोर्ट साईज नवीन फोटो के साथ संबंधित खेल मैदान पर प्रशिक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रशिक्षण हेतु विभाग द्वारा नि:शुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर प्रतिदिन प्रात: 5.30 बजे से 7.30 बजे एवं संध्या सूर्यास्त होने के पूर्व मौसम व गर्मी को देखते हुए बच्चों की सुविधा अनुसार प्रशिक्षक समय निर्धारित करेंगे। प्रशिक्षण पूर्व ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन वर्ष 2025.26 के संबंध में बैठक 7 मई को आयोजित की गई। शिविर के सुचारु आयोजन हेतु विलियम लकड़ा सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग की अध्यक्षता एवं तनवीर अकील जिला क्रीडा अधिकारी जिला दुर्ग, व्यायाम शिक्षकों, खेल संघों एवं खेल प्रशिक्षकों की 7 मइ को कार्यालय सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

जिले के विभिन्न खेल मैदानों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें हॉकी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद, समृद्धि बाजार के पास दुर्ग में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह व्हालीबॉल के लिए हॉस्पिटल सेक्टर हुडकों, बजरंग पारा कोहका में। खो.खो के लिए नेशनल स्कूल मैदान दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झीट पाटन, खो.खो मैदान पाउवारा में। फुटबॉल के लिए रविशंकर स्टेडियम दुर्ग, साइंस कालेज मैदान दुर्ग, हाउसिंग बोर्ड भिलाई में। कबड्डी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा पाटन, बैगापारा स्टेडियम दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन.2 खुर्सीपार, दशहरा मैदान उतई में। साफ्टबॉल के लिए नवीन कालेज मैदान खुर्सीपार में। बेसबॉल के लिए खेल मैदान भिलाई.03 में, साइकल पोलो के लिए साइकल पोलो मैदान भिलाई में। साइक्लिंग के लिए भिलाई निवास के सामने में। भारोत्तोलन के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा, झीट मैदान में।

कुश्ती के लिए महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में। एथलेटिक्स के लिए खेल मैदान खम्हरियां में। बास्केटबॉल के लिए राजेश पटेल मैदान सेक्टर.02, सेंट थामस कॉलेज मैदान रिसाली में। नेटबॉल के लिए एन.सी.आर.टी. स्कूल सेक्टर.06, भिलाई विद्यालय सेक्टर.02 में, ताईकंडो के लिए जे.पी. नगर भिलाई, महावीर खेल मैदान दुर्ग में। मार्शल आर्ट के लिए जुनवानी वार्ड क्र 1 भिलाई और कुडों के लिए प्राथमिक शाला कसारीडीह दुर्ग में नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी संबंधित मैदान पर उपस्थित होकर पंजीयन करवाने उपरान्त नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# बाल विवाह मुक्त अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान



**बेमेतरा,** 7 मई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 मई को ग्राम छिरहा में सुशासन तिहार के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त बेमेतरा एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चंद्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं श्री राजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने जनसमुदाय को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जागरूक किया।

बाल विवाह उन्मूलन हेतु श्री आशीष जायसवाल, सीएचएल पर्यवेक्षक ने बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों से अपील की कि किसी भी बाल विवाह की स्थिति में तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। साथ ही, अभियान के तहत हस्ताक्षर कराकर लोगों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। मिशन शक्ति ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# हेमचंद यादव विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षाएं 20 से

**दुर्ग,** 7 मई (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग से सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2024-25 सेमेस्टर द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम् तथा एल.एल.बी./एल.एल.एम प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर-ए.टी.के.टी. मई-जून 2025 की समय-सारणी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

सेमेस्टर-2025 की परीक्षाएँ 20 मई से प्रारंभ हो रही है। आगे जानकारी देते हुए वि.वि. के सहायक कुलसचिव, दिग्विजय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षाएँ प्रात: 11 बजे से 2 बजे के मध्य आयोजित की जायेंगी।

परीक्षा अवधि में यदि राज्य शासन/स्थानीय प्रशासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षा निर्धारित तिथि के अनुसार ही सम्पन्न होगी। परीक्षार्थी वि.वि. की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

DABUR INDIA LIMITED
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com I E-mail: corpcomm@dabur.com

AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025

The consolidated and standalone audited financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on May 7, 2025, along with the Auditors' Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: May 07, 2025

Mohit Burman
Chairman
DIN: 00021963

# सायरन बजते ही मॉकडिल शुरु रात को ब्लैक आउट



**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से आज 7 मई को सायं 4 बजे नगर में अनेक स्थानों पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। आपातकालीन स्थितियां अलर्ट सायरन बजने के साथ ही मॉकडिल प्रारंभ किया गया। माकड्रिल के दौरान नागरिकों अपने घरों में रहे। इस दौरान जवानों ने मॉकड्रिल के दौरान सड़क पर लेट कर मुंह में कपड़ा या रुमाल दबा कर दोनों हाथों से कान को ढकें लिया। जो लोग वाहनों से जा रहे थे। उसमें अधिकाश वाहन चालकों ने वहीं रोड किनारे पर खड़े हो गये।

**मॉकडिल का दूसरा चरण**

आज ही मॉकडिल का दूसरा चरण भी किया गया। जो सायं 7.30 बजे से 7. 45 बजे चला। जिसके तहत भिलाई सेक्टर एवं प्लांट क्षेत्र में ऑल क्लियर सायरन बजते ही ब्लैक आउट माकड्रिल का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान रैड अलर्ट साइरन बजने पर सभी नागरिक अपने घर लाईट बंद कर रहे।। दुकान, आफिस, संस्थान आदि की रोशनी को बंद कर दी गई। सड़क पर चल रहे वाहन को रैड अलर्ट साइरन बजते ही वाहन को खड़ा कर उसकी हैडलाइट और बैकलाइट को भी बंद कर दी गई। इस दौरान कलेक्टर के निर्देशानुसार शहर में ब्लैक आउट लागू रहा। इस दौरान जनरेटर, इन्वर्टर, इमरजेंसी लाइट या मोबाइल टॉर्च इत्यादि अन्य उपकरणों का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया था।। इसका सख्ती से पालन किया गया।

.भिलाई इस्पात संयंत्र में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफएवं बीएसपी द्वारा संयुक्त रूप से आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने हेतु संयंत्र के तीन महत्वपूर्ण स्थानों मानव संसाधन विकास केन्द्र, रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल तथा ब्लास्ट फर्नेस.7 के सामने वेलफेयर बिल्डिंग में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल अभ्यास में युद्ध हवाई हमले व दुर्घटना के दौरान बचाव कार्य से लेकर दुर्घटना पर काबू पाने जैसे कार्यों को बखूबी अंजाम देते हुए योजनाबद्ध अभ्यास को पूर्ण किया गया। इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सेक्टर.10 स्थित रेल चौक व सूर्या टीआई शॉपिंग मॉल में भी मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की रिहर्सल की गई व जनता को जागरूक किया गया। आठ प्रमुख स्थलों पर किया गया आपातकालीन परिस्थिति में बचाव हेतु मॉक ड्रिल। विदित हो कि सुरक्षा को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रत्येक विभाग में आकस्मिक आपदा से निपटने हेतु प्रोटोकॉल बनाये गए हैं। इस प्रोटोकॉल के जांच हेतु समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है और साथ ही इस मॉक ड्रिल की गोपनीयता बनाये रखी जाती है जिससे कि घटना की गंभीरता व प्रोटोकॉल के अनुरूप की जाने वाली कार्यवाही को सही रूप में परखा जा सके।

**निगम क्षेत्र कई स्थानों पर मॉकडिल**

भिलाईनगर, नगर निगम भिलाई क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर आज आपातकालीन स्थिति में परिस्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सूर्या मॉल, माल चौक, नेहरू नगर अग्रसेन चौक, सुपेला घड़ी चौक, पावर हाउस जवाहर मार्केट, रेलवे स्टेशन, सेक्टर 6 कोतवाली, ग्लोब चौक, कचांदुर मेडिकल कॉलेज, भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रमुख तीन जगह पर आयोजित किया गया। आज की मॉकडिल को लेकर प्रशासन व निगम प्रशासन, व भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन की सभी तैयारियों का लोगों ने पुरा सहयोग किया।

# संयंत्र के एथलीटों ने कर्नाटक में अर्जित किए 16 पदक



भिलाईनगर, 7 मई (देशबन्धु)। संयंत्र के छह अनुभवी एथलीटों ने कर्नाटक के मैसूर में सम्पन्न 44वीं राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संयंत्र और संस्था का गौरव बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन वेटरन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा किया गया था। इंजीनियरिंग एसोसिएट भगवत राम नेताम जो एक प्रतिष्ठित मैराथन धावक भी हैं ने 50 आयु वर्ग में भाग लेते हुए 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 1500 मीटर की दौड़ों में रजत पदक तथा 800 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीतकर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रवीण कुमार चाफले ने 50 आयु वर्ग में 100 मीटर हर्डल दौड़ में रजत, 200 मीटर हर्डल दौड़ में कांस्य, 4 गुना 100 मीटर रिले में रजत, तथा 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक अर्जित किया। सुरेश कुमार ने 45 आयु वर्ग में 500 मीटर की दौड़ में रजत पदक जीतकर संयंत्र की उपलब्धियों में और वृद्धि की। ज्ञान सिंह ने 50 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में रजत, लंबी कूद में कांस्य, तथा 4 गुना100 मीटर रिले में रजत पदक प्राप्त किए। पूर्व कर्मचारी देवधर राम ठाकुर 65 ने 5000 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किए। पूर्व कर्मचारी भीखू राम ने 70 आयु वर्ग में ट्रिपल जंप तथा लंबी कूद में रजत पदक जीतकर संयंत्र का नाम रोशन किया। सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर संयंत्र के प्रबंधन बधाई दी है।

# विधायक ने किया विकास का भूमिपूजन



**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। जनप्रतिनिधियों को जनता चुनती है। उनकी मांगो और समस्याओं को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने कही। उन्होंने पुरैना में 1 करोड़ 83 लाख 74 हजार से होने वाले विकास कार्य को पुरैना की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थी। विधायक ललित चंद्राकर ने पुरैना के भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि आवश्यकता के हिसाब से मांग को पूरा किया जाता है। हम जनता की मांग को प्राथमिकता में रख विकास को मूर्त रूप देते है। प्रदेश सरकार जनता के लिए समर्पित है। ललित चंद्राकर ने सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण समेत सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि पुरैना में 1 करोड़ 83 लाख 74 हजार से होने वाला विकास कार्य एक विकास के लिए उदाहरण है। इस अवसर पर एनएसपीसीएल के परमार्थ सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी संजू नेताम, पार्षद पार्वती, रंजीता बेनुआ, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, लक्ष्मण राव, डी.साई आदि उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रही रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि पुरैना के नागरिकों को आज विधायक ने सौगात दी है। रिसाली को विस्तार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। दो दिन पूर्व दुर्ग ग्रामीण विधायक ने नगर पालिक निगम रिसाली के पुरैना में आयोजित शिविर में शामिल हुए। तब नागरिकों की मांग पर उन्होंने जगदम्बा चौक में बने मंच में शेड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने दो दिन बाद बुधवार को नागरिकों की मांग को पूरा करने भूमिपूजन किया। वार्ड -39 जगदम्बा चौक किरण शर्मा घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 20 लाख। . सी.आई.एस.एफ. गेट से अंडर ब्रिज पुरैना तक नाली निर्माण लागत 63.76 लाख, सी.आई.एस.एफ गेट से अंडर ब्रिज पुरैना तक मार्ग चौड़ीकरण लागत 99.48 लाख से कार्य किया जायेगा।

# रुप रागनी म्यूजिकल व आर एंड आर डांस एकाडमी का सयुक्त कार्यक्रम

**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। रूप रागनी म्यूजिकल व आर एंड आर डांस एकाडमी द्वारा संगीत एवं नृत्य का आयोजन शाश्वत का आयोजन एसएनजी स्कूल सेक्टर 4 में किया गया था। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग एवं विधायक रिकेश सेन उपस्थित थे। प्रतियोगिता की निदेशीका रूपाली साखरे व रश्मि देशमुख थी।



प्रतियोगिता में सब जूनियर 3 से 10 वर्ष, जूनियर 11 से 17 वर्ष एवं सीनियर 18 से अधिक वर्ष के शामिल थे। डांस और सुपर डांस श्रेणी में कोई आयु सीमा नहीं थी। प्रतियोगिता में डी आर आई डी सुपर मॉम सुपर 3 की टॉप 4 फाइनलिस्ट अनिला राजन थी। विजेताओं में सब जूनियर प्रथम हीरा जैन, द्वितीय आदर्श आईसर, तृतीय वैभव पटेल, जूनियर में प्रिंस वानखेडे, रौनक मिश्रा, सीनियर में कुमकुम मिश्रा, रेणुका सिंह, सामूहिक नृत्य में यंग डांस एवं मेलोडी डांस एकल नृत्य में पलाबाज़ी आरिया सहित सीनियर में निशांत एवं धनंजय विजेता रहे सुपरमैन, डांस में रोमा घटा कुमार मोनिका खुराना एवं नेहा श्रीवास्तव विजेता रहे। प्रतियोगिता में जज जोयल मेम, रविकांत चंद्राकर, प्रणिता कनस्कर थी। विशेष अतिथि विनय सेन वैशाली नगर, अनिल साखरे पत्रकार, सविता मेश्राम, खेमराज साखरे सालेकसा उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफ्ल बनाने में सुनीता लाऊट्रे, विक्रांत अग्रवाल, दुर्गा कोहली खुशबू सकते सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में दिव्यांग को बैशारवी



**भिलाईनगर** 7 मई (देशबन्धु)। निगम भिलाई के वार्ड-18 कांट्रेक्टर कालोनी हरा मैदान में शिविर आयोजित किया गया। सुशासन तिहार में नागरिको द्वारा पूर्व से आवेदन में मांग एवं शिकायत किया गया था। जिसका संबंधित विभाग द्वारा निराकरण कर आज शिविर में संबंधित आवेदकों को जानकारी दी गई। उनसे पूछा गया कि जो भी आपके द्वारा आवेदन किया गया था। उसका निराकरण कर दिया गया है। जिससे वह संतुष्ट है कि नहीं। साथ ही नागरिक का किसी प्रकार की मांग एवं शिकायत है उसका आवेदन भी जमा किया जा रहा है। सुशासन तिहार में संबंधित वार्डो के कुल मांग के 220 एवं शिकायत के 72 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें मांग के 218 एवं शिकायत के 68 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शेष 6 आवेदन और बाद में 15 आवेदन प्राप्त हुए है। उसका निराकरण कर आवेदक को सूचित कर दिया जायेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू, जोन आयुक्त अजय सिंह, राजपूत शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। शिविर में बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी दिव्यांग देवराज द्वारा सुशासन तिहार में बैशाखी के लिए आवेदन किया गया। जिसे महिला एवं बाल विकास विभाग के तरफ से समाधान शिविर में तत्काल बैशाखी प्रदान किया गया। इसी प्रकार जिन नागरिको का मांग एवं शिकायत थाए उसे मौके पर निरीक्षण करके आवश्यकता अनुसार तत्काल पुरा किया जा रहा था। पुन: आवेदन हेतु शिकायत एवं मांग पेटी रखा गया था। जिसमें नागरिक अपने समस्या अनुसार आवेदन डाल रहे थे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समाधान शिविर में पहुंचकर अपने आधार को अपडेट करवाए। सभी काउंटर पर पहुंच करके जानकारी प्राप्त किये किस प्रकार के आवेदन आए हैं। उसका निराकरण क्या क्या हुआ है। समाधान शिविर में उपस्थित कमलाबाई साहू से पूछे आपके खाते में पेंशन आ रहा है कि नहीं वह बोली महतारी बंधन 1000 आ रहा है। नागरिको से कहे यह शिविर हमारी सरकार द्वारा जनता को सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगाया गया है। इसमें आप सभी अपनी जो भी समस्या हैए उसका आवेदन देकर निराकरण करा सकते है।

# सेवादल ने मनाई संस्थापक डॉ. हार्डिकर की जयंती



**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती पर भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में पावर हाउस कैंप-2 में कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर हार्डिकर का स्मरण किया गया। इस अवसर पर भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डी कामराज, मुख्य रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव राजेश प्रसाद गुप्ता ने डॉ. हार्डिकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और आजादी के बाद भी उनका बनाया संगठन सेवादल देश की सेवा में लगा हुआ है। हम उनके बताएं मार्गों पर चले यह हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत डॉक्टर हार्डिकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवादल के प्रदेश सचिव अनिल सिंह एवं आभार बलदेव मेहरा ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में पूर्व पार्सद दुर्गा प्रसाद साहू, राजू, सुरेश यादव, बी शेखर, रामप्रसाद, रामायण यादव, महेश कुमार, अमित सिंह, अजय गौतम, सरवन कुमार, शुभम् तिवारी,अनूप तिवारी,डॉ ए के यादव, विनोद अग्रवाल, कृष्णा देवांगन, दिनेश जयसवाल श्रीमति निलिमा, कृति सिंह, पूजा शर्मा उपस्थित थे।

# संयुक्त ट्रेड यूनियन ने प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन



**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। 18 मार्च को दिल्ली में आयोजित हुए अखिल भारतीय कन्वेंशन में लिए गए निर्णय के तहत भिलाई में संयुक्त ट्रेड यूनियन ने निदेशक प्रभारी को औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से 20 मई के लिए एक दिन का हड़ताल का नोटिस दिया है। संयुक्त यूनियन ने कहा कि 29 श्रम कानून को खत्म करके चार श्रम संहिताओं को बनाया गया है इसके लागू होने न्याय संगत नही है। नए श्रम संहिताओं के अनुसार 300 से कम कर्मियों वाले फैक्ट्री पर श्रम कानून लागू नहीं होगा। भिलाइ लगभग 40 फैक्ट्रियां हैं इनमें से अधिकांश विभाग ऐसे हैं जहां 300 से कम स्थाई कर्मी कार्यरत हैं ऐसे में उन विभागों में कार्यरत कर्मियों पर श्रम कानून एवं स्थाई आदेश लागू ही नहीं होगा। 1 मई को मजदूर दिवस 8 घंटे के काम के अधिकार की याद दिलाता है जिसके लिए देश और दुनिया भर में लंबे संघर्ष किये गये किंतु मौजूदा केंद्र सरकार 8 घंटे के काम के अधिकार को छीनकर काम के घंटे 12 करना चाहती है जबकि पूरे विश्व में काम के घंटे 8 से घटाकर 6 घंटे करने एवं सप्ताह में कार्य दिवस 5 दिन करवाने के लिए संघर्ष जारी है। सीटू ने बताय कि 20 मई को हड़ताल करने तैयारी की जा रही है। हड़ताल में सार्वजनिक उद्योग निजी उद्योग सहित अस्थाई श्रमिक एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक भागीदारी करेंगे। सीटू के अनुसार इसके खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ी जानी जरूरी है। सीटू ने बताया कि आम जन के चहल पहल वाले स्थान अर्थात रेलवे स्टेशन अस्पताल आदि को छोड़कर रात्रि पाली में महिलाओं से काम लेना पूरी तरह से प्रतिबंधित है यह केवल और केवल महिलाओं के सुरक्षा को लेकर बनाए गए कानून है। सीटू ने बताया कि एक दिन के अनाधिकृत अनुपस्थिति पर आठ दिन का वेतन काट सकता है प्रबंधन। इन श्रम संहिताओं में यह प्रावधान किया गया है किसी भी कामगार के एक दिन के अनाधिकृत अनुपस्थिति पर 8 दिन का वेतन काटा जा सकता है अब किसी कामगार के द्वारा पहले से घोषित छुट्टी लेने के बावजूद यदि अधिकारी द्वारा कोई कारण बताकर उसे पास ना किए जाने पर उस अनुपस्थिति को अनाधिकृत माना जा सकता है एवं उसे एक दिन की अनुपस्थिति के बदले में 8 दिन का वेतन काटा जा सकता है। 2017 में अफॉर्डेबिलिटी क्लाज लागू करके कर्मियों के वेतन समझौता पर चोट किया है जिसके कारण सेल प्रबंधन द्वारा कर्मियों का 39 महीने का एरियर्स रोक दिया गया है असीमित ग्रेच्युटी को एक तरफ सिलिंग कर दिया गया है वेतन समझौते की अवधि 5 साल से बढ़ा कर 10 साल कर दिया गया है ऐसे में इन नए श्रम संहिताओं के लागू होने से 2027 में होने वाले वेतन समझौता पर भी विपरीत असर पड़ेगा इसीलिए इन श्रम संहिताओं को रोकने के लिए सभी कामगारों को अपने हिस्से की लड़ाई लड़नी होगी।

# ज्ञानचंद ने सीएम को सुशासन तिहार के तहत नगर आने का किया अनुरोध

**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। ज्ञानचंद जैन अध्यक्ष स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई ने पत्र प्रेषित कर विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के द्वारा सुशासन तिहार 2025 के सफल आयोजन के लिए बधाई दी है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ वासियों की समस्याओं को सुनने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं आकस्मिक निरीक्षण कर प्रदेश के शासन प्रशासन को मजबूत आधार दे रहे हैं और जन सामान्य को राहत प्रदान करने की दिशा में सराहनीय प्रयास हैं। श्री जैन ने जारी पत्र में उल्लेख किया है कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रशासित क्षेत्र में रहने वाले तृतीय पक्ष कहे जाने वाले दुकानदार, सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं से जुड़े समाज की संख्या लगभग 1 लाख से अधिक है। हम सब भिलाई इस्पात संयंत्र के नियम कायदों में उलझे हुए हैं। टाउनशिप के दुकानदार, सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं एकमात्र आशा की किरण क्षेत्र के सांसद विजय बघेल के साथ-साथ आपकी ओर इशारा करती है। श्री जैन ने कहा कि सुशासन तिहार 2025 कार्यक्रम अंतर्गत किसी एक दिन अचानक कार्यक्रम बनाकर भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में कहीं एक स्थान पर जहां आप सुनिश्चित करें हम सब लोग आपसे मिलकर अपनी व्यथा सुनानाा चाहेंगे। उन्होनें कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है या सुशासन तिहार 2025 का लाभ भिलाई वीडियो को भी मिलेगा और पिछले 12 वर्षों से ज्वलंत इस समस्या के हाल में आपके मार्गदर्शन में सांसद विजय बघेल के दिशा निर्देश में हम सब इस समस्या से बाहर निकाल पाएंगे।



# सरयू पारीण ब्राम्हण समाज की बैठक



**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। सरयू पारीण ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग कार्य करणी बैठक में कार्य करणी सदस्य, स्थाई आमंत्रित सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता राम लखन मिश्र महासचिव ने किया। बैठक में राम लखन मिश्र महासचिव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज की वार्षिक आमसभा एवं समाज द्वारा पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन 11 मई को विवेकानंद भवन स्मृति नगर में आयोजित किया जाएगा।

सुबह 10.30 बजे वार्षिक आमसभा होगी और दोपहर 2.30 बजे समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय होगे। विशेष अतिथि राजीव चौबे, अध्यक्ष स्मृति नगर गृह निर्माण समिति एवं मुख्य वक्ता डॉ. विजय दुबे, बेमेतरा एवं अतिथि डॉ. सुरेश शुक्ला, अध्यक्ष सरयू पारीण ब्राम्हण समाज रायपुर रहेंगे। बैठक में कार्य क्रम की रूप रेखा तय किया गया और कार्य क्रम को सफ्ल बनाने की दिशा पर चर्चा किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकोष्ठ, एवं पत्रिका प्रकाशन प्रभारी नागेंद्र पांडे ने भी अपने विचार रखे। बैठक मे विष्णु पाठक, चंद्र शेखर पांडे, नागेंद्र पांडे, कैलाश पाठक, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा, नर्मदा प्रसाद मिश्र, जगत नारायण तिवारी, रामबिलास मिश्रा, राधा कृष्ण पांडे, सुनील मिश्र, दिनेश मिश्र, शंकर चरण पांडे, संजय मिश्रा, दीपक मिश्रा सहित समस्त उपस्थित थे

# बाल स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य-डॉ.आशा



**भिलाईनगर** 7 मई (देशबन्धु)। शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष में दो बार आयोजित होने वाले राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 6 अप्रैल को वार्ड-22 कुरुद में संचालित तीनों आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपेला स्थित शासकीय लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय संबंधित चिकित्सा समूह द्वारा बच्चों का शारीरिक जाँच किया गया। आँगन बाड़ी क्रमांक-2 में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशा दास ने भी ए.एन. एम. श्रीमती पुष्पा चंदल के सहयोग से कुपोषण से बचने और निरोग रहने के प्रति पालकों को जागरुक करते हुए कहा कि बाल स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य है।

कार्यक्रम में कुरूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रीति चौबे, श्रीमती ललिता साहू एवं श्रीमती रामकुमारी देवांगन के अलावा स्थानीय महिलायें विशेष रूप से शामिल थे।

# जामुल में आयोजित शिविर में शिकायत का निराकरण




**भिलाईनगर**, 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पालिका जामुल के तरूण सांस्कृतिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड-1, 2, 3, 4, 6 कुल पांच वार्डों के आवेदकों के समस्या का समाधान किया गया। सुशासन तिहार 2025 के प्रारंभ में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से उनके प्राप्त आवेदन जिसमें मांग एवं शिकायतें थी उसे निराकृत किया गया। नगर पालिका से संबंधित 26 मांग 12 शिकायत, राजस्व विभाग से 11 मांग, विद्युत विभाग से 3 मांग, स्वास्थ्य विभाग से 1 मांग सहित कुल 53 मांग शिकायत प्राप्त हुआ था। जिसमें जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में निराकृत किया गया। समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, पर्यावरण विभाग, खाद्य विभाग, विद्युत विभागए आयुष विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आधार अपडेशन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। जिसमें 14 आवेदकों के आधार को अपडेट किया गया। 83 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया एवं 52 लोगों को आयुष विभाग द्वारा दवाई का वितरण किया गया। आयोजित शिविर में सफाई की समस्या का तत्काल मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान शिविर में 24 नये आवेदन भी प्राप्त हुआ है। समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी महेश राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, सचिन भागवत उपस्थित थे। अगला समाधान शिविर रावण भाठा जामुल में मई को आयोजित होगा। जिसमें वार्ड -7, 9, 5, 10 कें समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

**सत्र 2025-26 कक्षा एलकेजी व कक्षा पहली के प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया 8 को**

बेमेतरा- पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में सत्र 2025-26 को कक्षा एलकेजी व कक्षा पहली के प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया कल 8 मई गुरुवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के समक्ष आयोजित की जाएगी । संबंधित बच्चों के आवेदक पालक उपस्थित हो सकते है।



# पंजीयन विभाग में दस नवीन क्रांतियों का शुभारंभ

**खैरागढ,** 7 मई (देशबन्धु)। पंजीयन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा के उद्देश्य से पंजीयन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और सरल बनाया गया है। इस संबंध में 3 मई 2025 को रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां कार्यक्रम के तहत पंजीयन विभाग की 10 जनोपयोगी पहलुओं का शुभारम्भ किया गया। इन सुविधाओं में आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट, स्वत: नामांतरण जैसी तकनीकी सेवाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं से रजिस्ट्री प्रक्रिया, पेपरलेस सुरक्षित और नागरिकों के लिए सहज हो सकेगी। अब आम नागरिक रजिस्ट्री से जुड़ी सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय, श्रम और धन की बचत होगी।

**ये है रजिस्ट्री की 10 क्रांतियां**

फ़र्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन:- क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

**रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड:-** खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और रजिस्ट्री दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। इससे क्रेताओं को विवादित या बंधक जमीन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी।

ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र:- संपति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से प्राप्त की जा सकती है। कई शासकीय कार्यों एवं बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए यह प्रमाण पत्र अनिवार्य होता है।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान:- अब स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का एक साथ डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस के रूप में भुगतान किया जा सकता है। पहले दोनों का भुगतान अलग-अलग स्थान पर नकदी में किया जाता था।

**व्हॉट्सएप सेवायें:-** रजिस्ट्री के लिए स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज़ की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से स्वत: प्राप्त होगी। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्री से संबंधित शिकायतें एवं फीडबैक भी दिया जा सकेगा।

**डिजीलॉकर सेवायें:-** पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वत: निर्माण:- पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के पश्चात रजिस्ट्री दस्तावेज स्वत: जनरेट होगा एवं उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण:-** डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प के साथ ऑनलाइन तैयार किए जा सकते हैं।

**घर बैठे रजिस्ट्री:-** दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है। अभी यह सेवा 10 प्रकार के दस्तावेजों जैसे-रेंट एग्रीमेंट, मोर्गेज डीड आदि में शुरू की गई है।

**रजिस्ट्री के साथ स्वत: नामांतरण:-** रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण होते ही संबंधित क्रेता का नाम राजस्व रिकॉर्ड में स्वत: दर्ज हो जाएगा। इसके लिए अलग से नामांतरण आवेदन, शुल्क या लंबी प्रतीक्षा की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे नागरिकों के समय, प्रयास और खर्च तीनों की बचत होगी।

# ग्राम सनौद में विकासखंड स्तरीय समाधान शिविर

## 6114 आवेदनों का किया गया निराकरण

**गुरुर,** 7 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम सनौद में बुधवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर संपन्न हुआ।समाधान शिविर को संपन्न करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी बीआर मंडावी को नोडल अधिकारी बनाया गया था।



जनपद पंचायत गुरुर कार्यालय से जानकारी के मुताबिक समाधान शिविर में ग्राम सनोद सहित अरमरीकला, पिकरीपार, अरकार, हसदा, डोटोपार, भिरई, बोहारा, सांगली, ओझागहन, मोहारा, कोसागोंदी, डाडेसरा, जेवरतला से हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी आवेदन को लेकर पहुंचे थे। इस शिविर में कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, उद्यानिकी, पीएचई, सहकारिता, वन विभाग, जल संसाधन, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, श्रम विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को 6115 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें मांग और शिकायत दोनों शामिल है।

मौके पर विभागीय अधिकारियों द्वारा 6114 आवेदनों का विचार विमर्श के बाद निराकरण किया गया, जबकि मत्स्य विभाग को मिले 1 आवेदन इस शिविर में लंबित रह गया है जिसे शीघ्र ही निराकरण किया जाएगा। मौके पर क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष अध्यक्ष देशमुख ने क्षेत्र वासियों को अधिक संख्या में पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए संदेश दिया, उन्होंने क्षेत्र में लगातार गिरते जल स्तर की जानकारी देकर बूंद बूंद पानी बचाने के लिए भी जागरूक किया। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत बालोद के सदस्य तेजराम साहू, लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद पंचायत गुरूर के अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, अपर कलेक्टर, एसडीएम आरके सोनकर, तहसीलदार हनुमंत प्रसाद श्याम, जनपद पंचायत गुरुर सीईओ उमेश रात्रे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा वृक्ष लगकर कार्यक्रम संपन्न किया गया

# जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र खैरागढ़ द्वारा निर्यात संवर्धन और पीएमएफएमई योजना पर जिला स्तरीय बैठक

**खैरागढ़,** 7 मई (देशबन्धु)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला निर्यात संवर्धन समिति एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने की। बैठक में महाप्रबंधक प्रणय बघेल, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक उद्यानिकी रवीन्द्र मेहरा, नाबार्ड जिला प्रबंधक हर्ष देशमुख, मछली पालन विभाग के सहायक संचालक प्रदीप भोले, एसआरएलएम जिला कार्यक्रम प्रबंधक उमेश कुमार तिवारी, कृषि महाविद्यालय छुईखदान के डीन डॉ. अविनाश गुप्ता, प्राध्यापक डॉ. बी.एस. असाटी, लीड बैंक प्रबंधक आशीष सरादे, स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादक संगठन के सीईओ आकाश कुड़ापा, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. असलम मेमन और स्व-सहायता समूह पद्म जय मां गायत्री की सचिव सुनीता वर्मा उपस्थित रहे। बैठक में वर्चुअल के माध्यम से डीजीएफटी नागपुर की सहायक निदेशक स्नेहल ढोके ने भाग लिया। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट एस एक्सपोर्ट हब योजना के तहत एक से अधिक उत्पादों के चयन की अनुमति की जानकारी दी। जिले से चना, सोयाबीन, चावल, अरहर, मूंग, मुनगा एवं कपास जैसे उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने भारत सरकार की विभिन्न निर्यात संवर्धन योजनाओं, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डाक विभाग, ए पी ई डी एवं एम एस एम ई से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी।




बैठक में महाप्रबंधक प्रणय बघेल द्वारा पीएमएफएमई के तहत चना को ओडीओपी उत्पाद के रूप में चयनित किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे समिति ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया। यह चयन जिले में चना उत्पादन की प्रचुरता और इसकी विपणन क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया गया। बैठक में जैविक उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्यात योग्य उत्पादों की सूची तैयार करें और आगामी बैठक में उस पर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

# सार्वजनिक स्थान में जुआ खेलने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 7 मई (देशबन्धु)। एसपी त्रिलोक बंसल के दिशा निर्देशन में एवं एएसपी नितेश गौतम व एसडीओपी खैरागढ़ आशा रानी के मार्गदर्शन में जुआ ,सट्टा पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने के लिए लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में 5 मई 2025 को थाना छुईखदान पुलिस एवं सायबर सेल केसीजी की संयुक्त टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पाटा जंगल मे आम झाड़ के नीचे जुआ खेलते हुए आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। (1)ढाल सिंह सिन्हा पिता घनसुराम उम्र 52 वर्ष निवासी विक्रमपुर (2)भोजराम कंवर पिता सहदेव उम्र 40 वर्ष निवासी पाटा( 3) प्रहलाद कंवर पिता बुधारू उम्र 42 वर्ष निवासी गातापर नाका (4) जागृत साहू पिता बहादुर उम्र 37 वर्ष निवासी सिंगारघाट थाना खैरागढ़ (5) रामचंद पिता गंभीर साहू उम्र 52 वर्ष निवासी कुम्ही खैरागढ़ जिला केसीजी को सार्वजनिक स्थान में ताश पत्ती से रुपए का हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया 52 पत्ती ताश एवं कुल नगदी रकम 17800/- रू , 08 नग मोटर साइकिल को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 03 (2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।उक्त कार्यवाही मे सउनि अरविंद यादव, प्रआर मुनेन्द्र ठाकुर, प्रआर कमलेश श्रीवास्तव प्रआर अख्तर मिर्जा, प्रआर आशीष वर्मा, आर कमलकांत साहू, विनोद पोर्ते, सुशील साय पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



# आज होगा जिले में पीईटी एवं पीपीएचटी परीक्षा का आयोजन

**खैरागढ़,** 7 मई (देशबन्धु)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 8 मई गुरूवार को छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. परीक्षा का आयोजन जिले के कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह परीक्षा प्रथम पाली में प्रात: 9 बजे से दोपहर 12-15 बजे प्री इंजिनियरिंग परीक्षा एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5-15 बजे तक प्री फॉर्मेसी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिले के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्ट सुमन राज ने बताया की पी.ई. टी. परीक्षा में 181 विद्यार्थी एवं पी.पी.एच.टी. परीक्षा में 368 विद्यार्थी जिले से सम्मिलित होंगे। इस परीक्षा के आयोजन के लिए रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने बताया की परीक्षा की आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है, परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अनिवार्य रूप से मूल पहचान पत्र (वोटर आई.डी./ ड्रायविंग लाईसेंस/आधार कार्ड/पेन कार्ड/पासपोर्ट, महाविद्यालय के फोटोयुक्त परिचय पत्र) एवं व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र एवं काला अथवा बाल पेन लेकर परीक्षा के एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। प्रथम पाली में प्रात: 09 बजे के उपरांत एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे के उपरांत व्यापम के निर्देशानुसार किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अत: असुविधा से बचने के लिए समय का ध्यान रखें।

# गुरुर विकासखंड में 2 फड़ो के माध्यम से तेंदूपत्ता खरीदी कार्य प्रारंभ

**गुरुर,** 7 मई (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र गुरुर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता खरीदी कार्य प्रारंभ हो चुका है। शासन द्वारा निर्देश मिलने के बाद एवं वन विभाग द्वारा सूचना प्राप्त होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए ग्रामीण सुबह से ही जंगलों की तरफ जाने लगे हैं। विकासखंड के ग्राम बढ़भुम, करियाटोला, कोचवाही, भैंसमुंडी, अलोरी, कोसमी, धानापुरी, सोन्हतरा, जगतरा, मुजालगोंदी, नारागांव, हितेकसा जैसे अन्य ग्रामों से लगे हुए जंगलों से ग्रामीणों द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण किया जा रहा है।



विकासखंड में आज बुधवार से ही तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ हुआ है। विकासखंड में गुरुर एवं बढ़भूम समिति के अंतर्गत आने वाले कुल 44 फडो के माध्यम से तेंदूपत्ता खरीदी किया जाएगा।तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगलों की तरफ जाने वाले क्षेत्र वासियों को वन परिक्षेत्र गुरुर अधिकारी हेमलता उइके ने अपील किया है कि जंगलों में सावधानी पूर्वक तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य करें।

वर्तमान में क्षेत्र के जंगल में दो दन्तेल हाथी के अलावा जंगली सूअर जैसे अन्य वन्य प्राणियों से खतरा बना हुआ है। क्षेत्र के जंगल में वन्य प्राणियों के कारण पूर्व में घटनाएं भी हो चुकी है ऐसे में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगलों की तरफ जाने वाले ग्रामीणों को सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि किसी प्रकार से जनहानि ना हो।

# बघमरा मे सात एकड़ भूमि को चिन्हांकित कर किया सुरक्षित, सौंदर्यीकरण व पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित

**गुण्डरदेही,** 7 मई (देशबन्धु)। नगर के शासकीय भूमि जो नदी किनारे बघमरा में स्थित है जिसका खसरा नंबर 315 व 344 जो कि लगभग सात एकड़ भूमि है उस शासकीय भूमि को पटवारी आरआई एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नाप जोक कर व खंबा लगाकर चिन्हांकित किया गया जिससे आने वाले समय में उस भूमि को समतलीकरण कर शासन के विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन उस स्थान पर किया जा सके नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत हर घर नल जल योजना के अंतर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी प्रस्तावित है जिसका कार्य अभी चल रहा है और सिंचाई विभाग द्वारा दो बार पानी छोड़ा जाएगा इसके लिए शासन द्वारा सिंचाई विभाग को राशि भी दी जाएगी चूंकि अभी नदी में गहरीकरण नहीं है जिससे पानी रुकता है इसीलिए नगर पंचायत से प्रस्ताव पारित किया गया है कि नदी का गहरीकरण किया जाए जिससे पानी का और अधिक भंडारण किया जा सके ताकि आने वाले समय में जल संकट न हो और उससे निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को निकालकर उस शासकीय जमीन का समतलीकरण किया जा सके साथ ही उस शासकीय जमीन को सौंदर्यीकरण कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर नदी में नाव चलाने की योजना भी बनाई जा रही है साथ ही सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन एवं वन विभाग का लकड़ी टाल का प्रस्ताव नगर पंचायत द्वारा किया



# सेना की स्ट्राइक से भाजपा ने मनाई खुशी



**गुण्डरदेही,** 7 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किए गए स्ट्राइक से भाजपा मंडल गुण्डरदेही व आम जनता ने खुशी मनाई है बुधवार को नगर के धमतरी चौक मे भाजपाईयो ने हाथ मे तिंरगा लेकर भारत माता की जयकारे लगाकर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया इस अवसर पर पूर्व विधायक विरेंद्र साहू जिला सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय महामंत्री सौरभ चोपड़ा टोमन साहू सरपंच हेमंत साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा केशव साहू रवि देवांगन भीम साहू थानमल जैन मयंक जैन, देव कुमार साहू हेमंत साहू रूपेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे

## प्रादेशिकी का शेष...

**अंडा में सहकारी बैंक के...**

दिक्कतों का निराकरण करते हुए सरकार सुशासन तिहार 2025 मना रही है। इसके तहत शासन प्रशासन को संवेदनशील, जनोन्मुखी व पारदर्शी बनाते हुए शहर से सरकारी अमला गांव गांव पहुंचकर जनसमस्याओं का समाधान कर रहा है।

इस मौके पर निकुम सोसायटी के अध्यक्ष भैयालाल साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुराण देशमुख, महामंत्री पुकेश चंद्राकर, सरपंच भागवत पटेल, उपसरपंच गोपेन्द्र साहू, डोमनलाल साहू, बसंती साहू, गंगा साहू, आशा बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**बाल विवाह मुक्त अभियान...**

के अंतर्गत श्रीमती सेवंतिका साहू एवं श्रीमती तमन्ना, जेंडर विशेषज्ञ द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जनसमुदाय से हस्ताक्षर कराए गए एवं बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

सखी वन स्टॉप सेंटर से श्रीमती रामेश्वरी साहू, पैरालिगल वकील एवं श्रीमती वीणा साहू, पैरालिगल कार्मिक ने सेंटर की सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी और महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की हिंसा या संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता कर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने उप मुख्यमंत्री को शहर विकास का दिया प्रस्ताव




**डोंगरगढ,** 7 मई (देशबन्धु)। नगर विकास को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से नगर सुराज संगम रायपुर की कार्यशाला में सम्मिलित होकर शहर विकास का प्रस्ताव दिए साथ ही उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी द्वारा प्रदेश के सभी नगर पालिका अध्यक्षों नगर पंचायत अध्यक्षों से एक एक कर सुझाव भी मांगे जिसमे रमन डोंगरे ने शहर में प्रमुख रूप से पट्टा प्रदाय,पानी की समस्या,तालाबों एवम मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को प्रमुखता से रखा गया उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पट्टे के संबंध में प्रक्रिया विचाराधीन है सरकार विचार कर रही है एवम जल्द ही खुशखबरी मिलने की बात कही,इस अवसर पर पी डब्ल्यू डी सभापति अमित जैन, डिकेश राव ,सुमित ताम्रकार ,हरीश मोटघरे, देवेंद्र साखरे ,अनमोल बागडे उपस्थित थे

# समर कैंप का आयोजन

**बालोद,** 7 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसका बुधवार को सप्तम दिवस था। जिसमें बी.के. धनेश्वरी दीदी ने कहा कि प्रेम एक बहुत सुंदर अनुभूति है जो इस संसार को रहने लायक बनाती है। जहां प्रेम नहीं वहां मनुष्य तो क्या जानवर भी रहना पसंद नहीं करते। किसी सुन्दर मकान को बनाने के लिए बहुत सारे सामान की आवश्यकता पड़ती है। जैसे ईंट, लोहा, रेत, मार्बल इत्यादि और इनको जोड़ने का कार्य करता है सीमेंट। उसी प्रकार मानव को मानव से जोड़ने का मानव को परिवार, समाज और राष्ट्र से जोड़ने का सीमेंट है प्रेम। उन्होंने बताया कि प्रेम किससे हो स्वयं से प्रेम, स्कूल से प्रेम, सहपाठियों, साथियों से प्रेम, परिवार से प्रेम, प्रकृति से प्रेम, देश से प्रेम, प्रभु से प्रेम। इस तरह से बच्चों को कोआर्डिनेशन गेम, क्विज क्वेशन भी कराया गया।



# प्रदेश में 12वीं टॉप टेन में 10वां स्थान लाने पर ग्रेसी साहू को संजय बैस ने दी बधाई

## शिक्षा प्रति लगन एकाग्रता दृढ़ निश्चय हो,आभाव में भी अव्वल तक पहुंच सकते; पूर्व जनपद सदस्य

**कुसुमकसा/दल्लीराजहरा,** 7 मई(देशबन्धु)। हायर सेकेंड्री कक्षा 12वी में ग्राम पंचायत कुसुमकसा की ग्रेसी साहू पूरे जिले में प्रथम स्थान व प्रदेश में टॉप टेन में 10 वां स्थान प्राप्त कर ग्राम पंचायत कुसुमकसा के साथ बालोद जिला सहित छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। ग्रेसी साहु के पूरे जिले व प्रदेश के टॉप टेन में 10वां स्थान लाने पर पूर्व जनपद सदस्य व भाजपा नेता संजय बैस इस बेटी की मेहनत और शिक्षा के प्रति लगन शक्ति देखकर पूरे भरोसे के साथ 12वी कक्षा के नतीजा आने के पूर्व ही बधाई व आशीर्वाद दे दिया था, जो सच साबित हुआ। संजय बैस ने कहा की जरूरी नहीं है की बच्चा महेंगे स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर ही अच्छे क्षेत्र में पहुंचता है। बच्चे में पढ़ाई के प्रति लगन दृढ़ निश्चय पढ़ाई के प्रति एकाग्रता हो तो आभाव में भी अव्वल तक पहुंच जा सकता है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने ग्रेसी साहू सहित सभी प्रतिभावान बच्चों की उज्वल भविष्य की मंगल कामना किये और कहा की शिक्षा ही एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जिससे मुश्किल से मुश्किल कार्य आसान हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा की आज डिजिटल, सूचना क्रांति का युग है। सभी माता पिता को अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करने की आवश्यकता है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा की आज का समय में हर बच्चा शिक्षा के साथ अपने रूची अनुसार उस क्षेत्र के कार्य में प्रशिक्षित भी हो जिससे अपने कार्य को बेहतर ढ़ंग से कर देश के विकास में अपना योगदान देने में सक्षम बन सके।



# टॉपर छात्रा वैशाली साहू को विधायक दीपेश साहू ने दी बधाई

## कहा: बेटियां बदल रही हैं प्रदेश का भविष्य

**बेमेतरा,** 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वी 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा के साथ ही बेमेतरा जिले के लिए एक गर्व का क्षण सामने आया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बेरला की छात्रा वैशाली साहू ने 97.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की मेरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।



इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू वैशाली के ग्राम ताकम स्थित निवास पहुंचे और उन्हें मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने भावुक एवं प्रेरणादायक शब्दों में छात्रा की सफलता की सराहना करते हुए कहा- आज बेमेतरा की बेटी वैशाली साहू ने अपनी मेहनत, समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। यह सिर्फ व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा है। वैशाली ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती।

बेटियाँ आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रतीक बन चुकी हैं। वैशाली जैसी बेटियाँ छत्तीसगढ़ का भविष्य हैं, और मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे जिले से इतनी होनहार और संकल्पशील प्रतिभा ने प्रदेश की टॉप सूची में जगह बनाई है।

मैं वैशाली, उनके माता-पिता, शिक्षकों और पूरे स्कूल परिवार को इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए बधाई देता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे आगे भी ऐसे ही सफलता की ऊँचाइयों को छूएं। वैशाली ने ड्ढस बनने का संकल्प लिया है — और मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि वह निश्चित ही इस सपने को साकार करेगी और समाज की सेवा में अपना योगदान देगी।

विधायक श्री साहू ने यह भी कहा कि वे जिले की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक संसाधन एवं सहयोग सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## अवनी पांडेय 95प्रतिशत अंक लेकर दसवीं में नगर में अव्वल रही

**सहसपुर लोहारा,** 7 मई (देशबन्धु)।



आज छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल हाईस्कूल परीक्षा 24-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नगर के विवेकानंद शिशु मंदिर की कक्षा दसवीं की छात्रा कु.अवनी पांडेय ने इस परीक्षा में 95त्न अंकों के साथ सहसपुर लोहारा नगर में अव्वल रही कु.अवनी पांडेय सभी विषयों में विशेष योग्यता का अंक अर्जित की कु.अवनी पांडेय शिक्षक सुधीर पांडेय एवं प्राचार्य निधि पांडेय की सुपुत्री है। प्रारंभ से कु.अवनी पांडेय मेधावी छात्रा रही है इन्होंने अच्छे अंक अर्जित कर नगर को गौरवान्वित किया है ।कु.अवनी पांडेय की इस श्रेष्ठ सफलता पर नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ.हेमंत साहू ,पार्षद दिवाकर डडसेना सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य,प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार सहित अनेक लोगों ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# तीन विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में बनाई जगह, जिले का नाम किया रोशन

**कवर्धा,** 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में कबीरधाम जिले के तीन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने राज्य की प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इन विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में स्थान बनाना सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी है। यह सफलता दिखाती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के माध्यम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

■ उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल, पांडातराई के छात्र जैनेन्द्र जायसवाल ने 98.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की टॉप टेन सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है, जो जिले में सर्वाधिक है। वहीं, बीआरसी पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल, कुंडा के प्रिंसि चंद्राकर ने 98.33 प्रतिशत अंकों के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय की मौली चंद्राकर ने भी 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर 9 वे स्थान में प्रवीण्य सूची में अपनी जगह सुनिश्चित की है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह उनके माता-पिता, शिक्षकों और पूरे जिले की शिक्षा प्रणाली के समर्पण का प्रमाण भी है। ये विद्यार्थी आने वाले समय में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। मैं उन्हें दिल से बधाई देता हूँ।

जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने बताया कि इस वर्ष हाई स्कूल कक्षा 10वीं परीक्षा में कुल 9422 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जो 77.42 उत्तीर्ण प्रतिशत है। वहीं कक्षा 12वीं में 7083 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें सफलता दर 82.94 प्रतिशत रही। यह उपलब्धि जिले की शैक्षणिक प्रगति का प्रमाण है और आने वाले वर्षों में इसके और बेहतर परिणाम होंगे।

# बेमेतरा की प्रिया वर्मा बनी मिस सेंट्रल इंडिया रनरअप 2025 सीज़न 1



**बेमेतरा,** 7 मई (देशबन्धु)। अंबिकापुर में ए एस डी एंड एसोसिएशन विथ बी बी फाउंडेशन फाउंडर अर्पिता सिंह , क्षमा बंजारे। आयोजन करता मनोज सोनी व आयुष गुप्ता द्वारा *मिस्टर, मिस और किड्स सेंट्रल इंडिया सीज़न 1 बीते दिवस होटल सिटी इन अंबिकापुर में आयोजित किया गया जिसमें जूरी मेंबर उमा कुशवाहा, सुजाता पटेल, किरन रात्रे और विष्णु कुजुर रहे

कार्यक्रम की खास बात यह थी कि इसमें टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री, कलर्स टीवी की च्डोरी फेम च सोनी सिंह सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में मौजूद रही जिनकी मौजूदगी में आयोजन और भी आकर्षक और सफल रहा

जिसमें बेमेतरा छत्तीसगढ़ की प्रिया वर्मा ने मिस सेंट्रल इंडिया सीज़न 1 का खिताब अपने नाम किया।


# छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के आरके वर्मा बने जिला अध्यक्ष

■ पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए किया जाएगा हरसंभव प्रयास

**बेमेतरा,** 7 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन कराकर कर्मचारी भवन रायपुर में प्रदेश कार्यकारिणी व जिला अध्यक्ष की घोषणा की है। इस दौरान बेमेतरा जिला से सेवानिवृत्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आरके वर्मा को छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष बनाया गया।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने बताया कि राज्य के शासकीय पेंशनर्स की आर्थिक, सामाजिक एवं चिकित्सा संबंधी समस्याओं का समय सीमा में निराकरण नहीं होने के करण एक सशक्त संगठन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसीलिए छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का गठन किया गया है।

### पेंशनर्स की मांगों के लिए एसोसिएशन करेगा सार्थक प्रयास: यादव



एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने बताया कि पेंशनर्स की मांग है कि सेवारत कर्मचारियों के साथ ही महंगाई भत्ता दिया जाय, पेंशनरों को कैशलेश इलाज की सुविधा एवं सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समय सीमा में पेंशन प्रकरण निराकरण हो इसके लिए एसोसिएशन सार्थक प्रयास करेगा। यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग गठन की घोषणा कर दी है साथ ही एक परिपत्र जारी कर उल्लेख किया है कि आठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनरों को नहीं मिलेगा ऐसी स्थिति में पेंशनरों की सामाजिक सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। एनपीएस में पेंशन पाने वाले पेंशनरों को न्यूनतम राशि मिलती है जिससे परिवार का गुजारा असंभव है इसलिए ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए भी एसोसिएशन संघर्ष करेगा।

### वर्मा के जिलाध्यक्ष बनने पर छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन व अन्य संघ ने दी बधाई

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के आरके वर्मा के जिलाध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक अश्वनी बनर्जी, महामंत्री नानक साहू, रोमनलाल जायसवाल, धर्मेंद्र शर्मा, आरआर अहिरवार, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हितेन्द्र सिन्हा, पटवारी संघ के अध्यक्ष बोधिराम निषाद, जेएल खुटियारे, विजय टंडन, दीपक साहू, ललित बंजारे, संजय मानिकपुरी, एके मालवीय, आरएम नामदेव, बीपी बंछोर, टीआर यादव, आरके देवांगन, मनहरण माली, चेतन बंजारे, निलय पांडेय, रामाधार सिन्हा, बलदाऊ पटेल, रामकुमार डड़सेना, सीएस बंछोर, राजेन्द्र धृतलहरे, रामचरण वर्मा, मिणाराम वर्मा, सुबोध खलको, ओपी जाटव, एलएस ध्रुव, आरके स्वर्णकार, जनकलाल देवागन, विनय पाठक, नरसिंह जायसवाल, सेऊक राम साहू, भूपेंद्र सिंह पुरोहित, डीके आर्या, आरडी तैलंग, मुरारीलाल भुवाल, सुरेंद्र पटेल, वरुण सोनवानी, अश्वनि साहू, जितेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश दर किनार नगर में डीजे का शोर

**थानखम्हरिया,** 7 मई (देशबन्धु)। कोर्ट ने आदेश दिया था कि रात 10ः00 बजे के बाद डीजे नहीं, बजेंगे लेकिन नगर में इसका उल्लंघन हो रहा है। वही कलेक्टर रणवीर शर्मा ने डीजे संचालक व भवन मालिकों की बेमेतरा कलेक्टर में बैठक आहूत की गई थी। सभी को समझाइस दी गई थी। लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। आज भी वही तेज आवाज से नगर में व अन्य ग्रामीण अंचलों में लोगों का जीना हराम कर दिया है। तेज आवाज के कारण बुजुर्गों को हार्ट अटैक का खतरा और छात्रों को व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। जबकि कोर्ट का सख्त आदेश है, कि रात 10ः00 बजे के बाद डीजे नहीं बजेगा। उसके बावजूद कानून व्यवस्था का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। वही नगर में देर रात्रि तक डीजे बज रहे हैं। वही मानक से कहीं ज्यादा कंपन और तेज ध्वनि से लोगों की परेशानी तकलीफ बढ़ रही है। नियमों अनुसार 65 डेसीबल से ज्यादा आवाज पर नहीं बजा सकते। लेकिन 100 से 120 डेसीबल तक डीजे बजाया जा रहे हैं। 120 डेसीबल या इससे ज्यादा का साउंड सिस्टम हार्ड के मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। डॉक्टर स्वदेश जायसवाल ने बताया डीजे की तेज आवाज से बहरापन, मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन, तेज सिर दर्द, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, अटैक कि आशंका बनी रहती है। नगर में डीजे की तेज आवाज से अनेक मरीज को आघात पहुंच चुका है। स्थानीय पुलिस को भी इस और ध्यान देना चाहिए। जबकि पर्यावरण विभाग द्वारा कलेक्टर एसपी को पत्र लिखकर साउंड पॉल्यूशन कंट्रोल करने के लिए आदेश जारी किया है। शासन प्रशासन को इस और अंकुश लगाना अति आवश्यक है।



# सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास

थानखम्हरिया, 7 मई (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर, थानखम्हरिया के विद्यार्थियों ने वर्ष 2025 की हाई स्कूल (10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता अर्जित करते हुए विद्यालय, शिक्षकों एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है।



■ काव्य सिंह राजपूत ( 12वीं ) 91.80 प्रतिशत व प्रखर सिंह गौतम साहू ( 10वीं ) 95.67 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर

बारहवीं परीक्षा परिणाम

विद्यालय की छात्र काव्य सिंह राजपूत ने 500 में से 459 अंक प्राप्त कर 91.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर आदित्यराज साहू (86.00 प्रतिशत) तथा तीसरे स्थान पर आदित्य अग्रवाल (85.60 प्रतिशत) रहे। अन्य टॉप टेन में गार्गी चौबे, देवव्रत साहू, निखिल वर्मा, केशरी पाटिल, वेदिका पटेल, मनीष कुमार सिन्हा और विकास शामिल हैं।

इस वर्ष कक्षा 12वीं में 72 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 60 छात्र उत्तीर्ण हुए, और उत्तीर्ण प्रतिशत रहा 83.3 प्रतिशत।

दसवीं परीक्षा परिणाम

हाई स्कूल परीक्षा 2025 में प्रखर सिंह गौतम ने 600 में से 559 अंक अर्जित कर 95.67 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। दसवीं कक्षा में भी छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत संतोषजनक रहा और कई छात्रों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधन व स्टाफ ने दी बधाई

विद्यालय के प्रधानाचार्य, परीक्षा प्रभारी एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, शाला प्रबंधन समिति ने शिक्षकों एवं अभिभावकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जिला में छात्रवृत्ति वितरण एवं प्रमाण पत्र में लक्ष्य की सफल प्राप्ति

**बेमेतरा,** 7 मई (देशबन्धु)। जिला बेमेतरा में कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 के लिए उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जिले में कुल 70,375 विद्यार्थियों का पंजीयन छत्तीसगढ़ छात्रवृत्ति पोर्टल में किया गया, जिसमें 29,059 बालक एवं 41,316 बालिकाएँ शामिल हैं। अब तक इन विद्यार्थियों में से 97 प्रतिशत को छात्रवृत्ति की राशि का सफलतापूर्वक भुगतान किया जा चुका है।

शेष विद्यार्थियों का भुगतान उनके बैंक खाते में आधार सीडिंग न होने अथवा खाते में लेन-देन की सक्रियता न होने के कारण लंबित है। जिला प्रशासन ने संबंधित पालकों एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे शीघ्रता से आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण कराएं ताकि सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाया जा सके।

इसी प्रकार जिले में जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्माण का कार्य भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। अब तक इस दिशा में 99 से 100 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति कर ली गई है।

यह उपलब्धि जिला कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संभव हुई है। इस अभियान में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री अरुण कुमार खरे, श्री जयप्रकाश करमाकर, श्री नीलेश चन्द्रवंशी, श्री लोकनाथ बांधे तथा प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती स्नेहलता महेश्वरी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

# विधायक यशोदा वर्मा ने देवारीभाठ में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण में की सहभागिता

## क्षेत्र की सुख-शांति हेतु की प्रभु श्रीकृष्ण से प्रार्थना

**थानखम्हरिया,** 7 मई (देशबन्धु)। ग्राम देवारीभाठ में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण के अंतिम दिवस पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा ने पहुंचकर आयोजन में अपनी श्रद्धापूर्ण सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुजनों के साथ कथा श्रवण किया एवं प्रभु श्रीकृष्णचंद्र से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि व जनकल्याण की कामना की।



यह दिव्य आयोजन ग्रामवासियों अलखराम बघेल एवं नागेश्वर बघेल के निवास स्थल पर दिनांक 30 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित किया गया, जिसमें कथाव्यास पं. हरिहर प्रसाद तिवारी 'बरगा वाले' जी ने भक्तिमय वातावरण में श्रीकृष्ण लीलाओं की अद्भुत प्रस्तुति दी।

ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने पूरे नौ दिनों तक इस आध्यात्मिक कथा का भरपूर आनंद उठाया और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग किया। आयोजन स्थल पर भक्तिभाव, संगीत और समर्पण की त्रिवेणी देखने को मिली।

# गांव-गांव पहुंचा सुशासन तिहार, कबीरधाम में समाधान शिविर बना विकास का मंच

■ किसानों को बोनस, महिलाओं को सम्मान, गांवों में लौट रही खुशहाली

■ उपमुख्यमंत्री ने समाधान शिविर में 29 लाख रुपए की लागत से ग्राम भेदली में महतारी सदन निर्माण की घोषणा की

**कवर्धा,** 7 मई (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कबीरधाम जिले के प्रभारी एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज बुधवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम धमकी में आयोजित समाधान शिविर में शिरकत कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी विस्तार से ली और स्थानीय जनता से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर में 29 लाख रुपए की लागत से ग्राम भेदली में महतारी सदन निर्माण की घोषणा की। इस दौरान शिविर में विभिन्न योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। उपमुख्यमंत्री और कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अन्न प्रासन कराया गया। इस अवसर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्यरामकुमार भट्ट, डॉ. बीरेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, जनपद सदस्य श्रीमती रोशनी साहू, श्रीमती इंदू पटेल, विजय पटेल, सरपंच वासुदेव नट सहित जनप्रतिनिधि, कलस्टर से आएं ग्रामीण उपस्थित थे।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के अंतर्गत शासन सीधे जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वयं मुख्यमंत्री शिविरों में उपस्थित होकर आमजन से मिल रहे हैं और उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है, जो सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में आई शिकायतों की जांच करवाई गई और दोषियों को दंडित किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बनने के बाद खनिज खनन और परिवहन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही महतारी वंदन योजना के तहत वंचित पात्र हितग्राहियों के लिए फार्म भराने का काम करेगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में 'मोदी की गारंटी' को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए आवासों की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इन आवासों के लिए हमने सड़क पर लंबी लड़ाई लड़ी है और आज इस संघर्ष का सुखद परिणाम छत्तीसगढ़ के गाँव-गाँव में नजर आने लगा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार के पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही अंबिकापुर प्रवास पर आ रहे हैं और इस अवसर पर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत और भी बड़ी सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रदेश के वे पात्र हितग्राही, जो अब तक योजना से वंचित रह गए थे, उन्हें भी इसका लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हितग्राही स्वयं भी सेल्फ सर्वे के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद सूची ग्राम सभा में प्रस्तुत की जाएगी और उन्हीं आधारों पर आवास आवंटित किए जाएंगे, ताकि सही मायनों में गरीब और जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि इस सर्वे को बहुत गंभीरता से ले अपना नाम अवश्य शामिल कराए। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को पक्का आवास बनाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रीगण गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कर रहे हैं और उनके जीवन में आए बदलावों को देख रहे हैं। यह तिहार छत्तीसगढ़ में शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गांवों की तस्वीर बदल रही है, वहीं महतारी वंदन योजना ने माताओं के जीवन में खुशहाली लौटाई है। शहरों से लेकर गांवों तक की महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि रामलला दर्शन योजना के जरिए श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक तीर्थयात्रा का लाभ मिल रहा है। किसानों के लिए प्रति एकड़ 21 चिंटल धान का समर्थन मूल्य 3,100 रूपए निर्धारित कर खरीदी की जा रही है और मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों के पिछले दो वर्षों के धान बोनस का एकमुश्त भुगतान कर वादा निभाया गया है।

# शहर में महापौर के प्रयास से एक और गौरव पथ की योजना सराहनीय: सेन

■ इन मार्गों को गौरव पथ बनाने दिए सुझाव



**राजनांदगांव,** 7 मई (देशबन्धु)। नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ पार्षद एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन ने महापौर मधुसूदन यादव के बजट में एक और गौरव पथ बनाने की योजना की प्रशंसा की है। श्री सेन ने कहां की शहर में चौखड़िया पारा से लेकर स्टेडियम रोड तक बनी गौरव पथ मधुसूदन यादव के ही कार्यकाल में बनी है। उन्हें शहर विकास की चिंता तब भी थी अब भी है और आगे भी रहेगी। उन्होंने शहर के कई आधारभूत विकास निर्माण कार्य कराए हैं। इसी कड़ी में एक और गौरव पथ की योजना में शहर के सौंदर्य करण में मील का पत्थर साबित होगा।

श्री सेन ने आगे कहा कि एक के बजाय दो गौरव पथ निर्माण का सुझाव दिया है। जिसमें इंदिरा नगर चौक से महावीर चौक जी ई रोड तक एवं पुराना गंज चौक से गुरु नानक चौक जी ई रोड तक इस प्रकार मानव मंदिर चौक में शहर में प्लसआकार का केंद्र बिंदु बनने वाले गौरव पथ बनाने की बात कही है। शहर के एक और गौरव पथ बजट के शामिल करना बहुत ही सराहनीय कार्य होगा। विगत दिवस नगर निगम के बजट बैठक में महापौर मधुसूदन यादव द्वारा शहर में एक और गौरव पथ निर्माण करने का बजट प्रस्तावित किया गया है। जो कि निश्चित ही सराहनीय कार्य है नगर निगम चौक महावीर चौक से इंदिरा नगर चौक तक एवं पुराना हॉस्पिटल गुरुद्वारा चौक से पुराना गंज मंडी चौक तक गौरव पथ रोड में शामिल किया जाना चाहिए। जिससे शहर के भीतर भागों का रोड चौड़ीकरण एवं सौंदर्य करण होना और हमारा शहर में एक अच्छा गौरव पथ भी मिल जाएगा। वैसे भी अतीत में हमार शहर की रोड से अनेक सड़क जैसे महावीर चौक से इंदिरा नगर कीका भाई पेट्रोल पंप से आजाद चौक रेलवे स्टेशन से बसंतपुर थाना चौक रामाधीन मार्ग पुराना नेशनल हाईवे से पूरा शहर दिखता था। यदि सिर्फ दो रोड को 60 फीट या 80 फीट की रोड बनाकर गौरव पथ के रूप में शामिल कर निर्माण कर बनाया जाता है तो शहर का चौड़ीकरण एवं सौंदर्य करण बेहतर हो सकता है।

# साल्हेवारा में सुशासन तिहार का भव्य आयोजन




**गंडई पंडरिया,** 7 मई (देशबन्धु)। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में ग्राम साल्हेवारा में आयोजित किया गया। यह जिला का दूसरा एवं विकासखंड छुईखदान का पहला समाधान शिविर रहा, जिसमें ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। शिविर में राजस्व, पंचायत, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, उद्योग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, लोक निर्माण, जल संसाधन, मछली पालन सहित 20 से अधिक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। शिविर में कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मांगों से संबंधित रहे। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर सुपोषण टोकरी प्रदान की गई, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन, निःशुल्क जांच एवं दवाई वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हेमलता मंडावी जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष श्री राजू जंघेल, तहसीलदार श्रीमती नेहा ध्रुव, जनपद सीईओ श्री रवि कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 12 ग्राम पंचायतों ङ्क साल्हेवारा, आमगांवघाट, खादी, भाजीडोंगरी, नचनिया, सरईपतेरा, देवपुराघाट, सहसपुर, सरोधी, गोलरडीह, समनापुर, जामगांव से हजारों की संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को मछली पकड़ने के जाल, कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, उद्यानिकी विभाग द्वारा 6 किसानों को केला व पपीता की खेती हेतु चेक, पंचायत विभाग द्वारा 4 लोगों को जॉब कार्ड, 5 लोगों को पीएम आवास की चाबी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा 6 छात्रों को विज्ञान किट, खाद्य विभाग द्वारा 4 राशन कार्ड, 3 वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदन कार्ड का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को पारदर्शिता के साथ जन-जन तक पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध लाभ दिलाना है।

समाधान शिविर

# ग्रामीणों की समस्याओं का होगा मौके पर समाधान



**थानखम्हरिया,** 7 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम जेवरा में 8 मई को एक दिवसीय समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर हाईस्कूल भवन, जेवरा में आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जायेगा। शिविर में अधिकारीगण स्वयं उपस्थित रहकर समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करेंगे तथा संबंधित जानकारी भी साझा करेंगे।

इस जनकल्याणकारी शिविर में कुल 12 ग्राम पंचायतें — जेवरा, कोपेडबरी, उमरावनगर, गोपालपुर, टिपनी, बनरांका, नवागांवकला, सौंरी, पतोरा, डंगनिया, खाती एवं हथमुड़ी को सम्मिलित किया गया है।

शिविर का उद्देश्य है कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना। ग्रामीणों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन प्रस्तुत करें तथा योजनाओं की जानकारी लें।

सुशासन तिहार 2025

# छुरिया विकासखंड के ग्राम महाराजपुर में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

■ कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निराकरण के दिए निर्देश

■ शिविर में 2615 आवेदन हुए प्राप्त, 2614 आवेदनों का किया गया निराकरण



**राजनांदगांव,** 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत आज छुरिया विकासखंड के ग्राम महाराजपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे समाधान शिविर में शामिल हुए। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम भंडारपुर, घोघरे, हालेकोसा, जरहामहका, झिथराटोला, लालूटोला, मगरधोखरा, महाराजपुर, नागरकोहरा, पिनकापार, रामपुर, रंगीटोला, शिकारीटोला, कल्लूटोला के मांग एवं शिकायतों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। अध्यक्ष जिला पंचायत एवं जनप्रनिधियों ने शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में 2615 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 2614 आवेदनों का निराकरण किया गया।

शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने निराकरण का वाचन किया। शिविर में मोटराईज्ड ट्रायसायकल, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाईसेंस, सिंचाई के लिए पाईप सहित विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्री संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता मंडावी, जनपद सदस्य श्रीमती सुनिता सेवता, एसडीएम श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में कृषक सदाशिव यादव ने खेती-किसानी के लिए सिंचाई का पाईप मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की



**राजनांदगांव,** 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम महाराजपुर में आयोजित समाधान शिविर में आज ग्राम पंचायत रानीतराई के आश्रिम ग्राम कुबराडीह के कृषक श्री सदाशिव यादव ने खेती-किसानी के लिए सिंचाई का पाईप मिलने पर प्रसन्नता जाहिर किया। उन्होंने बताया कि खेती-किसानी के लिए सिंचाई में दिक्कत आ रही थी। सुशासन तिहार अंतर्गत उन्होंने अपनी समस्या के समाधान के लिए आवेदन दिया था। जिसके कारण आज उन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत 60 मीटर सिंचाई पाईप मिला है, जिसमें 50 प्रतिशत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त हुआ है। किसान श्री सदाशिव यादव ने बताया कि उनके पास 5 एकड़ खेती है, जिससे उनकी आजीविका चल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। जिससे किसानों के जीवन में समृद्धि एवं खुशहाली आ रही है। उन्होंने सुशासन तिहार पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा।

कृषक श्री सदाशिव यादव ने बताया कि वे शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। शासन की सौर सुजला योजना के तहत उन्हें 5 एचपी का पम्प मिला है। वहीं मनरेगा के तहत कुएं का निर्माण कराया है। उन्होंने बताया कि शासन की विभिन्न योजना जिनमें प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना एवं कृषक उन्नति योजना का लाभ मिला है। कृषक श्री सदाशिव यादव ने कहा कि सरकार कृषक हितैषी है और धान का अच्छा मूल्य मिल रहा है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की गई। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष वे अपना पक्का मकान बनाएंगे। कृषक श्री सदाशिव यादव ने बताया कि कृषि विभाग के के सहयोग से मक्का प्रदर्शन के तहत धान के बदले मक्के की खेती की थी, जिससे लाभ हुआ है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से श्री अक्षय कुमार सातपुते का बिजली का बिल हुआ शून्य

■ बिजली के बिल से मिली राहत

■ शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बिजली की बचत की दिशा में बहुत फायदेमंद हो रही साबित



**राजनांदगांव,** 7 मई (देशबन्धु)। शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बिजली की बचत की दिशा में बहुत फायदेमंद साबित हो रही है। राजनांदगांव के बैजनाथ कालोनी निवासी श्री अक्षय कुमार सातपुते ने बताया कि उन्होंने 2 लाख 10 हजार रूपए की लागत से 3 किलो वाट का प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट लगाया है। जिसके लिए 78 हजार रूपए की सब्सिडी मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बहुत लाभ हैं। पहले बिजली का बिल 1000 रूपए से लेकर 5000 रूपए तक आता था, लेकिन अब प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट लगने से बिजली का बिल शून्य हो गया है तथा अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने पर विद्युत विभाग के पास जमा हो रहा है, जो भविष्य में उपयोग में लाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के पास 328 यूनिट विद्युत जमा है, जिसका मूल्य लगभग 5058 रूपए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट लगवाने से बिजली के बिल से राहत मिली है। वही यह पर्यावरण के लिए भी बहुत अच्छा है। सौर ऊर्जा को इससे प्रोत्साहन मिल रहा है। जिससे प्राकृतिक खनिज के उपयोग में कमी आएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट श्चद्वह्यह्वह्म्4डुद्दद्धडुह्.द्दश1.द्बठ्ठ या क्वद्बह्म्4डुत्तद्भडुह्-मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

■ कलेक्टर ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

■ कक्षा 10वीं में कुल 68.76 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं में कुल 82.25 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

राजनांदगांव, 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिले से कक्षा 10वीं में सीजी पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल डोंगरगांव के छात्र टिकेशदीप टाण्डेकर ने 96.50 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में सीसी पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल डोंगरगांव के छात्र रोशनलाल सिन्हा ने 95.40 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास कुमार सिंह बघेल ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उल्लेखनीय है कि जिले में कक्षा 10वीं में कुल 68.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिसमें बालक 62.05 प्रतिशत एवं बालिका 74.08 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12वीं में कुल 82.25 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें 78.36 प्रतिशत बालक एवं 84.93 प्रतिशत बालिका शामिल है। जिले में कक्षा 10वीं में कुल 18 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में कुल 17 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है।

# सुशासन तिहार में दिव्यांग केशरी को मिला मोटराईज्ड ट्रायसायकल का उपहार

■ – दिव्यांग केशरी को निश्शुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से सब्जी विक्रय करने हाट बाजार जाना हुआ आसान

**राजनांदगांव,** 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार कल्लूटोला निवासी दिव्यांग केशरी साहू के लिए उपहार लेकर आया। जिले के छुरिया विकासखंड के ग्राम कल्लूटोला निवासी दिव्यांग केशरी साहू को महाराजपुर समाधान शिविर में निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने पर बहुत खुशी जाहिर की। दिव्यांग केशरी बाई ने बताया कि मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से अपने ग्राम के आस-पास क्षेत्र के हाटबाजार में सब्जी विक्रय करने जाना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही मोटराईज्ड ट्रायसायकल में स्टोरेज के लिए डिक्की लगा हुआ है। जिससे साग-सब्जियों का परिवहन आसानी से हो जाएगा। केशरी ने बताया कि वे आस-पास के हाट बाजार में जाकर सब्जी का व्यवसाय करती है। जिससे उनके परिवार की आजीविका अच्छे से चल रही है। केशरी साहू ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने मोटराईज्ड ट्रायसायकल के लिए आवेदन किया था। जिसके अंतर्गत आज महाराजपुर समाधान शिविर में मुझे मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिल गया है। इससे हाट बाजारों में सब्जी बेचने जाना सरल हो जाएगा और जाने-आने में कम समय लगेगा। उन्होंने शासन-प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज गांव तक समाधान शिविर के माध्यम से ट्रायसायकल देकर लाभान्वित किया गया है। दिव्यांग केशरी ने कहा कि सुशासन तिहार के जरिए शासन-प्रशासन ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित कर रही है। यह नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए शासन की अच्छी पहल है। दिव्यांग केशरी ने सुशासन तिहार आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। राज्य शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने सुबह विभिन्न वार्डों का किया निरीक्षण




■ नवागांव सेनिटेशन पार्क का किया अवलोकन, कचरा निपटान एवं खाद बनाने की प्रक्रिया देखी

**राजनांदगांव,** 7 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज सुबह राजनांदगांव शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 5 में पेयजल, साफ-सफाई व्यवस्था, विद्युत एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नवागांव सेनिटेशन पार्क ट्रेंचिंग ग्राऊण्ड का अवलोकन कर कचरा निपटान एवं खाद बनाने की प्रक्रिया देखी तथा स्वच्छता दीदीयों से चर्चा करते हुए कहा कि कचरे का समुचित निपटान करें। उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली तथा प्लास्टिक वेस्ट अलग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि घर से ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग लें। इसके संबंध में जागरूकता लाने की आवश्यकता है, ताकि नागरिक गीले एवं सूखे कचरे को अलग कर स्वच्छता दीदी को प्रदान करें, इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नवागांव पानी टंकी का निरीक्षण किया तथा वाल्वमैन से चर्चा कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नवागांव में लो वोल्टेज के संबंध शिकायत मिलने पर इसे दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बाबूटोला, ढाबा में वार्डवासियों से रूबरू हुए और उन्होंने पेयजल के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चिखली में नाला निर्माण कार्य को बारिश के पहले पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री यूके रामटेके सहित वार्ड पार्षद एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

CMYK

उल्टा पुल्टा

चंगू- जब शादी शुदा आदमी कहे कि मैं सोचकर बताऊंगा।
मंगू- इसका क्या मतलब?
चंगू- इसका सीधा मतलब है वह अपनी पत्नी से पूछकर बताएगा।

संपादकीय

## किसी भी नतीजे को स्वीकार करें बच्चे

वैसे तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम 10 और 12 मई को निकलने के संकेत दिये गये थे परन्तु मंगलवार की रात को लिये गये एक निर्णय के अनुरूप इन्हें बुधवार को ही घोषित कर दिया गया। भावी अध्ययन का निर्धारण करने एवं कैरियर बनाने के लिहाज से क्रमश: 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण होती है। इन दोनों ही परीक्षाओं में जिन्हें अच्छे अंक मिलते हैं, बच्चों को अध्ययन तथा जीवन के लक्ष्य बनाने में आसानी होती है। बुधवार को घोषित दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में जो बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें बधाइयां, लेकिन जो असफल रहे या जिन्हें अपेक्षा के अनुरूप अंक नहीं मिल सके, वे निराश न हों।

परीक्षाओं में नाकामयाबी मिलने अथवा बहुत अच्छे अंक नहीं मिलने मात्र से उनके सारे रास्ते बन्द नहीं हो जाते। उन्हें आगे की परीक्षाओं हेतु बेहतर तैयारियां करनी चाहिये ताकि उन्हें भविष्य में फिर से निराशा न हो। जो भी नतीजे आये हैं उन्हें स्वीकार करते हुए ठंडे दिमाग से सोचा जाये कि उन्हें आगे किन विषयों के साथ पढ़ाई जारी रखनी चाहिये या वे यह भी सोचें कि कहां कमी रह गयी थी। इस बाबत वे शिक्षकों, पालकों, अभिभावकों और मित्रों से भी सलाह-मशविरा कर सकते हैं।

हर विद्यार्थी, उनके पालक-अभिभावक तो चाहते हैं कि उन्हें अच्छे अंक मिलें ताकि वे आगे अच्छी पढ़ाई करें तथा उनका जीवन सफल हो। जो आगे जाकर कुछ करना चाहते हैं उन्हें अच्छा कैरियर बनाने में मदद मिले- चाहे नौकरियां हों या व्यवसाय। ज्यादातर बच्चे यथासम्भव मेहनत करते हैं परन्तु अनेक ऐसे भी होते हैं जो अध्ययन को गम्भीरता से नहीं लेते। वैसे खराब नतीजे निकलने पर वे पछताते ज़रूर हैं परन्तु तब तक देर हो चुकी रहती है। देखा तो यह भी गया है कि 10वीं के कुछ बच्चे खराब अंक आने के बाद सम्भल जाते हैं और 12वीं में अच्छे अंक ले आते हैं, परन्तु जिनके 12वीं में भी अच्छे अंक नहीं आते उनके लिये आगे की राह आसान नहीं होती। ऐसे बच्चों को निराश हुए बगैर हमेशा नया मार्ग ढूंढ़ना चाहिये।

असफल अथवा कम अंक पाने वाले बच्चों को वापस मजबूत बनाने में मां-बाप, घर के बड़ों तथा शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें भावी कैरियर चुनने में भी उनकी मदद करनी होगी। निराश बच्चों को आगे का कुछ समझ में नहीं आता या उनका ज्ञान सीमित है तो उन्हें हौसला बंधाने तथा मार्गदर्शन की ज़रूरत पड़ती है। हालांकि मौजूदा दौर में बच्चे सूचना तकनीक की मदद से अपना मार्ग तय करते हैं परन्तु उन्हें जहां भी भावनात्मक संबल की ज़रूरत हो अभिभावकों, पालकों तथा शिक्षकों को उनके साथ खड़ा होना चाहिये। बच्चों को बतलाया जाये कि परिणाम जो भी आये उन्हें अविचलित रहना चाहिये।

## 5 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले का नाम किया रोशन



- हाई स्कूल का 81.69 एवं हायर सेकेण्डरी का 86.51 प्रतिशत रहा जिले का परिणाम
- कलेक्टर ने प्रतिभावान छात्रों को दी बधाई व शुभकामनाये

**बलौदाबाजार,** 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आज 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें जिले में एक साथ 5 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। जिसमें 12वीं के 2 एवं 10 वीं में 3 छात्र शामिल है। इस वर्ष जिले का हाई स्कूल सर्टिफिक्रेट परीक्षा परिणाम 81.69 एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा का परिणाम 86.51 प्रतिशत रहा। कलेक्टर दीपक सोनी ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान छात्रों की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार हाईस्कूल परीक्षा में लिव्यांश देवांगन पिता सुनील कुमार देवांगन प्रावीण्य सूची में 99.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, कंचनबाला गेण्डरे पिता सेवाराम गेण्डरे पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल सिमगा 98.33 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान एवं साक्षी अग्रवाल पिता अभिषेक अग्रवाल गुरूकूल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार 98.00 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान प्राप्त की है। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में हिमेश कुमार यादव पिता अमर नाथ यादव पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गुरू घासीदास इंग्लिश मिडियम शास. उ. मा. वि.कसडोल प्रावीण्य सूची में 97.00 प्रतिशत के साथ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पीएमश्री आत्मानंद स्कूल कसडोल के हिमेश ने चौथा स्थान किया हासिल

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 7 मई (देशबन्धु)। जिले में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने कमाल कर दिखाया है। जिले में कुल 5 छात्रों ने छग बोर्ड के प्रवीण्य सूची में जगह बनाई है जिनमें 3 सरकारी स्कूल के छात्र है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम शासकीय स्कूल कसडोल में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले हिमेश यादव ने 97 प्रतिशत के साथ प्रवीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वही शाश्वत स्कूल में पढ़ने वाली छात्र लुभी साहू ने भी 97 प्रतिशत के साथ चौथ स्थान हासिल किया है। कक्षा 10वीं में सिमगा के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम शासकीय स्कूल से लिव्यांश देवांगन ने 98 प्रतिशत के साथ प्रवीण्य सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है तो कंचनबाला गेंडरे ने 98.33 प्रतिशत के साथ 6वा स्थान हासिल किया है।



बलौदाबाजार के गुरुकुल स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा साक्षी अग्रवाल ने 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। प्रवीण्य सूची में आने से छात्रों के माता पिता, परिवार समेत गुरुजनों में खुशी की लहर है। परिवार के सदस्ययों ने छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दिया है, टॉपर हिमेश कुमार यादव ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि स्कूल से अध्ययन के बाद घर पर प्रतिदिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई करते थे साथ ही यह उपलब्धि अपने गुरु, माता-पिता और दादा के प्रेरणा से हासिल किया है। हेमेश ने कहा कि आगे उन्हें जेई का एग्जाम देकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। इसके अलावा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल के प्राचार्य संतोष वर्मा ने कहा कि हेमेश प्रारंभ से ही कक्षा में होनहार छात्र रहा है, जिसके कारण यह टॉपर की उपलब्धि मिला इसलिए सबसे पहले हेमेश को बधाई। साथ ही श्री वर्मा ने आगे कहा कि छात्र हेमेश पर उनकी निगाहें हमेशा रही छात्र हेमेश हमेशा अव्वल रहा जिसका नतीजा रहा कि आज हेमेश ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इधर हेमेश यादव के इस उपलब्धि पर परिजनों सहित नगरवासियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

## जमीन पंजीयन में परिवर्तन सराहनीय : लक्ष्मी बघेल



**बलौदाबाजार,** 7 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी नेत्री एवं बलौदा बाजार क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संपत्ति पंजीयन की प्रक्रिया में 10 महत्वपूर्ण नवाचार किया गया है जिस पर खुशी व्यक्त की है। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने कहा है कि राजस्व सेवाओं को सरल और पारदर्शी तथा डिजिटल बनाने की दिशा में लिए गए निर्णय से अब किसानों सहित छत्तीसगढ़ के निवासियों को बड़ी राहत मिली हैं।

श्रीमती बघेल ने कहा कि राजस्व सेवाओं को सरल पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है अब संपत्ति की रजिस्ट्री के साथ-साथ नामांतरण की प्रक्रिया भी तत्काल पूरी हो रही है। अब नामांतरण प्रक्रिया तथा तहसील कार्यालय एवं राजस्व अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 10 सुविधाए दी जा रही है जिसमें आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड सुविधा, भार मुक्त प्रमाण पत्र, एकीकृत कैशलेस भुगतान प्रणाली, व्हाट्सएप मैसेज सेवा, डिजिलॉकर सुविधा, ऑटो डीड जेनरेशन, डीजी डॉक्यूमेंट सेवा, घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा एवं स्वत: नामांतरण इन सभी नवाचारी प्रयोग से जमीन की फर्जी खरीदी बिक्री और धोखाधड़ी पर रोक लग जाएगी। साथ ही साथ पारिवारिक दान,हक त्याग और बंटवारे पर पंजीयन शुल्क केवल 500 कर दिया गया है। श्रीमती लक्ष्मी व बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को भी धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।

## कक्षा 10वीं में दो विद्यार्थियों ने टॉप टेन में बनाई जगह

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दी बधाई, 10 वीं में 78.33 प्रतिशत एवं 12 वीं में 84.08 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे

**महासमुंद,** 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी हुआ। कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले की दो विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाई। जिसमें छात्रा कु आरती भोई हायर सेकेण्डरी स्कूल पैकिन ने संयुक्त रूप से छटवां स्थान हासिल किया। उन्होंने 98.33 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसी तरह कु सिमरन कश्यप ने सातवां स्थान हासिल किया। वे एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुण्डा सरायपाली की छात्रा रही। उन्होंने 98.17 प्रतिशत अंक हासिल किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों से आगे भी ऐसे ही परीक्षा परिणाम लाने की उम्मीद जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में सत्र 2024.25 में कक्षा 10वीं के लिए 12515 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 12356 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में 3887 छात्र और 5750 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। इस तरह बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.28 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 82.15 प्रतिशत रहा। कुल परीक्षा परिणाम 78.33 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार जिले में कक्षा 12वीं में 9132 छात्र.छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 9083 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 2951 छात्र और 4677 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। कक्षा 12वीं में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.84 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 86.25 प्रतिशत इस तरह जिले का 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 84.08 प्रतिशत रहा। जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## ऑपरेशन सिंदूर से लिया बदला, भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर किया एयर स्ट्राइक



विधायक सहित भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर मनाई जश्न

**महासमुंद,** 7 मई (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब देते हुए मंगलवार.बुधवार की दरमियानी रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पीओके में एयर स्ट्राइक किया। इस स्ट्राइक में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन जगहों पर लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट किया गया। स्ट्राइक में कई आतंकवादी मारे गए हैं। सेना द्वारा किए गए इस शौर्यपूर्ण कार्य के लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में भाजपा नेताओं और आमजनों ने नगर के नेहरू चौक में आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही एक दूसरे का मुंह मीठा कर इस अवसर की बधाई दी। सभी ने भारत माता की जय और भारतीय सेना के जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में कई बार आतंकवाद फैलाने की कोशिश की और हर बार उसे कड़ा जवाब मिला। पहले उरी में जवानों पर हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक की गई, फिर पुलवामा हमले में 40 जवानों की शहादत के बाद एयर स्ट्राइक की गई। इस बार कश्मीर में आतंकियों ने हमारे 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या की, जिसके बाद मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। पहलगाम हमला कायरतापूर्ण था। इसमें परिवार के सामने लोगों की हत्या की गई। बचे हुए लोगों से कहा गया कि वे इस हमले का संदेश पहुंचाएं। अब उन्हें कड़ा संदेश मिल चुका है। इस अवसर पर छग राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, अन्य नेतागण हरवंश सिंह, सुधा साहू, मीना वर्मा, जय चोपड़ा, श्याम साकरकर, चंद्रबदन मिश्रा, आनंद गिरी, राहुल चंद्राकर, हनीश बग्गा, पप्पू ठाकुर, पीयूष साहू, जितेंद्र साहू, सुमित जैन, आनंद साहू, रितेश गोलछा, विजय महतो, चंद्रशेखर बेलदार, शरद राव, राकेश सचदेव आदि उपस्थित थे। पहलगाम हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान पर यह जवाबी कार्रवाई की है है। इसका नाम ऑपरेशन सिंदूर दिया गया है। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शांति समिति की बैठक, जुलूस, शोभायात्रा, भंडारा जैसे ज्यादा संख्या में लोगों के इकट्ठा होने वाले आयोजनों की लेनी होगी पूर्व अनुमति



कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में हुई बैठक, समिति के सदस्य हुए शामिल

**धमतरी,** 7 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार की मौजूदगी में आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से जिले में धरना-प्रदर्शनों, जुलूस-सभाओं, शोभायात्रा, भंडारों जैसे ज्यादा संख्या में लोगों के इकट्ठा होने वाले आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति लेने पर सहमति बनी। इस प्रकार के सभी आयोजनों के लिए आयोजक कम से कम दो दिन पहले संबंधित एसडीएम कार्यालय में सूचना और आवेदन करेंगे। ऐसे सभी प्रकार के आयोजन विधिवत अनुमति लेकर ही किए जाएंगे। अनुमति के आवेदन में कार्यक्रम की विषय वस्तु, अवधि, अनुमानित लोगों की संख्या और अन्य जरूरी जानकारी भी आयोजकों द्वारा प्रशासन को दी जाएगी।

जिले में शांतिपूर्ण आयोजनों के लिए इस प्रकार के अनुमति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे आयोजनों में यातायात व्यवस्था बाधित न होने या जाम की स्थिति निर्मित नहीं होने का ध्यान भी आयोजकों को रखना होगा। आयोजकों को इस दौरान यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करना होगा। ऐसे आयोजनों में किसी भी तरह से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले कृत्यों पर पूरी तरह रोक होगी। सभी आयोजनों में कोलाहल अधिनियम का पालन किया जाना होगा। किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल पुलिस और संबंधित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शहर आगमन पर युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



जनहित, राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहे युवा : उदय भानु

**महासमुंद,** 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुँचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब मंगलवार की शाम महासमुंद पहुँचे। उनके साथ प्रमुख रूप से प्रदेश प्रभारी शेष नारायण ओझा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा भी थे। महासमुंद पहुंचने पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में युकां जनों ने भव्य स्वागत किया। फूलों की वर्षा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को नेहरू चौक में बने मंच तक लाया गया। पश्चात भव्य गजमाला पहनाकर नपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अमेरा में गौ माता का छट्ठी कार्यक्रम मनाया गया



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 7 मई (देशबन्धु)। ग्राम अमेरा में एक गाय की बछिया यानी गौ माता के बच्चे का छट्ठी कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में बछिया को विशेष चारा दिया गया और पुजा अर्चना किया गया। गौ मालिक जोहन दिनेश्वरी फेकर परिवार द्वारा सुबह चाय नाश्ता बांटा गया वहीं शाम को भोजन व्यवस्था मोहल्ले वासियों के लिए किया था। साथ में मारूति मानस परिवार की राम कथा रामायण कथा का आयोजन किया गया। पहली बार संभवत: इस तरह का आयोजन पहली बार ग्राम में हुआ है। यह कार्यक्रम गाय को माता के रूप में सम्मानित करने और उसकी पूजा करने के लिए धार्मिक महत्व को दर्शाता है। इस दौरान जोहन फेकर, मारूति मानस परिवार के महेश उपाध्याय, कैलाश फेकर, नंदकुमार रजक, कृष्ण कुमार निर्मलकर, केदार ध्रुव, कुमार यादव एवं मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

## विधायक कार्यालय के लिए राजनीति समझ से परे



नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा यह भवन लोगो की समस्या सुनने समाधान करने के लिए, विधायक सभी के है किसी व्यक्ति विशेष के नही

**नवापारा राजिम,** 7 मई (देशबन्धु)। नगर के ऋषि दास वैष्णव भवन इन दिनो राजनीतिक विवाद का विषय बन गया है पालिका में प्रतिपक्ष की नेता संध्या राव ने भवन में विधायक कार्यालय को लेकर मुद्दा उठा तो भाजपा कार्यकर्ता भी आवेश में आ गए और लगाए जाने वाले आरोप को बेबुनियाद बताने लगे पालिका अध्यक्ष ने कहा कि यह भवन जनता के लिए बना है और जनप्रतिनिधि उक्त भवन में जनता के दुख दर्द को सुनने और उसका समाधान करने बैठते हैं तो इसमें बुराई ही क्या?

**जब सत्ता और सरकार चली गई तब हो रही है चिंता, 5 साल तक कभी भवन में झांककर नही देखा : उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी**

नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी नेता प्रतिपक्ष संध्या राव के ऋषि दास वैष्णव भवन के राजनीतिक कब्जे के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि भवन का निर्माण भाजपा शासनकाल में हुआ था। विजय गोयल के कार्यकाल में उक्त भवन का उद्घाटन हुआ। उसके बाद श्रम बिभाग द्वारा साईकल वितरण हेतु लाये गये साईकल सैकड़ो की तादात में उसी भवन में रखा गया था। 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद साइकलों का वितरण नही हो पाया, पूरे 5 साल उक्त भवन में साईकल कबाड़ की स्थित में पड़ा रहा साथ ही भवन भी जर्जर होने लगा था। जबकि उस समय नगरपालिका में कांग्रेस सत्ता में थी और नेता प्रतिपक्ष सहित लगभग आधा दर्जन वर्तमान पार्षद भी उस समय पार्षद थे। तब इन्हें जनता के सुविधा की और नगर पालिका के राजस्व की याद नही आई जबकि जब विधायक कार्यालय खुला तब नगरपालिका में कांग्रेस की सत्ता थी। आज सिर्फराजनीतिक विरोध और वैमनस्यता के लिए विधायक कार्यालय को मुद्दा बनाया जा रहा है। जबकि विधायक एक संवैधानिक व्यक्ति हैं जो कि जनता के द्वारा चुनकर आये हैं और भवन का उपयोग भी जनता की शिकायतों को सुनने के लिए किया जा रहा है। मै विपक्ष के साथियों से इस तरह के क्षुद्र राजनीति से दूर रहने और जनता के वास्तविक मुद्दों और नगर विकास के मुद्दों पर ध्यान देने का आग्रह करता हूँ।

**विधायक कार्यालय लोगो की सुविधा हेतु है किसी व्यक्ति विशेष का नही : मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा**

भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने यह बात कहते हुए आगे कहा जिन्होंने 5 साल सत्ता में रहते भवन की स्थिति भयावह कर दिया खंडहर बना दिए, बड़े बड़े साँपो के बिल बन गए थे न बिजली थी न पानी उन्हें आज सत्ता परिवर्तन होते ही चिंता होने लगी है जो भवन अपने लोकार्पण के लिए तरस रहा हो, पिछले 5 वर्ष में एक भी बार ताला न खुला हो उस भवन की चिंता कांग्रेसियों को शोभा नही देता और आपके जानकारी के लिए बता दु हाल ही में उस भवन में अप्रेल माह में 2 शादियां भी सम्पन्न हुआ है।

हमने सत्ता में आते ही खण्डहर हो चुके भवन का रंग रोगन कर बिजली पानी की व्यवस्था किया वहां रखे 300 से अधिक कबाड़ हो चुके सायकल को विभाग को सौपकर वहां लोगो के सुविधा हेतु विधायक जनसंपर्क के लिए उक्त भवन का उपयोग किया जा रहा है, साथ ही आपको बता दु हाल ही हुए 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आए लोगो के लिए भी सोने रहने हेतु भवन उपलब्ध था उसका उपयोग भी हुआ है।

कांग्रेसियों से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**DABUR INDIA LIMITED**
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com | E-mail: corpcomm@dabur.com

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025**

The consolidated and standalone audited financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on May 7, 2025, along with the Auditors' Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: May 07, 2025

**Mohit Burman**
Chairman
DIN: 00021963

# मौसमी बीमारियों पर रखें नजर, पेयजल स्त्रोतों का करें क्लोरीनाईजेशन

■ समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश



**धमतरी,** 7 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित हो रहे समाधान शिविरां की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि गांवों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में प्राप्त मांग-शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। साथ ही उन्होंने समाधान शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत् सामग्रियों का वितरण भी सुनिश्चित करने कहा। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने हर दिन बदल रहे मौसम को देखते हुए जिले में मौसमी बीमारियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने पानी की समस्या वाले गांवों की जानकारी ली और अधिकारियों को इन क्षेत्रों में हैंडपंप, बोरवेल मरम्मत तथा आवश्यकता होने पर नये बोरवेल करने कहा। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को सभी पानी टंकियों, हैंडपंपों, और बोरवेल का क्लोरीनेशन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव के अलावा विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक मे कलेक्टर श्री मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से पेंशन प्रकरणों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में बुजुर्गो की पेंशन राशि न रूके, इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महतारी वंदन योजना की जिन महिलाओं के खातों में पैसे नहीं जा रहे है, उनकी जानकारी ली तथा अधिकारियां को निर्देशित किया कि जिस कारण इनके खाते में पैसे नहीं आ रहे है, उनका तत्काल निराकरण करें। साथ ही विभाग की अन्य योजनाओं से भी महिलाओं को लाभान्वित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन योजना के तहत् पंजीयन की भी जानकारी ली और जिले में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में स्टॉल लगाकर अधिक से अधिक लोगों का पंजीयन करने कहा। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी की भी समीक्षा की और अब तक कुल स्वीकृत आवास, पूर्ण आवास और अप्रारंभ आवासों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित जन औषधि केन्द्रों की स्थिति, दवाईयों की उपलब्धता, मासिक आय की जानकारी ली और निविदा प्रक्रिया के बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि निविदा प्रक्रिया राज्य स्तर से होनी है, जो प्रक्रियाधानी है। बैठक में कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरण, आय, जाति, निवास, आश्रम-छात्रावासों में दर्ज बच्चों की संख्या आदि की भी समीक्षा की।

# नगरी में मसालों की खेती की ज्यादा संभावनाएं

■ अमानक खाद-बीज बेचने वाले दुकानदारों पर करें कार्यवाही



**धमतरी,** 7 मई (देशबन्धु)। जिले के नगरी क्षेत्र मे भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए वहां मसाला खेती की संभावनाएं अधिक है। इसके लिए विभागीय अधिकारी किसानों को शासन की योजनाओं-कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित कृषि एवं उससे संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिये। बैठक में कलेक्टर ने कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, मछलीपालन सहित अन्य विभागों से किसानों के केसीसी प्रकरण की बैंकवार बारी-बारी से जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन प्रकरणों को बैकों को शीघ्र भेजें। बैठक में कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को एनएलएम के तहत् प्रकरण तैयार करने कहा। कलेक्टर ने जिले में बीते 1 मार्च से की जा रही चना खरीदी एवं किसानों को भुगतान की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में यूरिया वितरण की जानकारी ली और अधिकारियां को निर्देशित किया कि मई माह में लक्ष्य के 40 प्रतिशत का वितरण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अमानक खाद-बीज का विक्रय करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही करने के भी निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिये। कलेक्टर ने जिले के किसानों को मसाला, मखाना, फल और सब्जियों की खेती के लिए अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की बात कही। उन्होंने इसके लिए अधिक से अधिक किसानों के प्रकरण तैयार करने कहा। कलेक्टर ने बीज निगम के अधिकारियों को मिलेट्स के बीज वितरीत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने खाद हेतु किसान पंजीयन की जानकारी ली और परसतराई गांव का बीज हेतु पंजीयन करने कहा। दुग्ध संग्रहण हेतु जिले की पंजीकृत समितियों की जानकारी ली उन्होंने माह में कुल संग्रहित दुग्ध की जानकारी लेते हुए ऐसी समितियां जो वर्तमान में सक्रिय नहीं है, उन्हें सक्रिय करने के निर्देश अधिकारियो को दिये। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों को दुग्ध का भुगतान न रोका जाये, राशि प्राप्त होते ही उनका भुगतान किया जाये। अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आयोजित हो रहे किसान चौपाल की भी जानकारी ली और चौपाल में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे व्यक्ति या संस्था को बुलाकर जिले के किसानों को प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही शासन की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने योजना तैयार करें। कलेक्टर ने किसानों को फूड प्रोसेसिंग, एआइएफ से भी जोड़ने कहा।

# धमतरी में कला को मिला नया मंच, नगर निगम की पहल पर खुला कला केंद्र, महापौर रोहरा ने किया शुभारंभ

**धमतरी,** 7 मई (देशबन्धु)। जिले में प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नगर निगम के पहल पर 'कला केंद्र' की स्थापना इतवारी बाजार परिसर राम मंदिर के सामने की गई है, जिसका भव्य उद्घाटन नगर निगम महापौर रामू रोहरा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान और कला की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। शुभ मुहूर्त में महापौर रामू रोहरा ने फीता काटकर कला केंद्र का उद्घाटन किया और इस नव आरंभ की सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, यह कला केंद्र न केवल बच्चों के लिए एक प्रशिक्षण स्थल होगा, बल्कि यह उनके सपनों को उड़ान देने वाला केंद्र भी साबित होगा। नगर निगम की यह पहल निश्चित रूप से धमतरी के भविष्य को संवारने में सहायक होगी।महापौर ने केंद्र के संचालनकर्ता को विशेष बधाई देते हुए कहा कि यह केंद्र शहर के युवाओं के लिए रचनात्मकता का नया द्वार खोलने वाला है। आने वाले समय में यह केंद्र स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने का कार्य करेगा।

आयुक्त प्रिया गोयल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा,यह कला केंद्र केवल एक भवन नहीं है, बल्कि यह बच्चों और युवाओं के आत्मविकास का स्थान है। यहाँ उन्हें कला की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

कला केंद्र में नृत्य, संगीत, रंगमंच, फोटोग्राफी, जुम्बा, योग, ड्रामा, रंगोली, चित्रकला, गायन, मेहंदी और कर्सिव लेखन जैसी गतिविधियों के लिए विशेष प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है। इससे बच्चों को न सिर्फ कला की समझ मिलेगी बल्कि वे अपने शौक को करियर में बदलने का सपना भी देख सकेंगे।

कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों और नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयुक्त श्रीमती गोयल ने भी संचालनकर्ता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम हर कदम पर सहयोग के लिए तैयार है।धमतरी में कला केंद्र की यह शुरुआत एक नए युग की ओर संकेत करती है जहाँ शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

# धमतरी के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने की पहल

■ आज के जमाने के प्रचलित रोजगार क्षेत्रों में मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण
■ ऑनलाईन करा सकते हैं पंजीयन




**धमतरी,** 7 मई (देशबन्धु)। धमतरी जिले के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने की जिला प्रशासन ने एक नई पहल की है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने बारहवीं कक्षा में पढ़ रहे या बारहवीं कक्षा पास युवाओं के साथ-साथ विभिन्न कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगार-स्वरोजगार से जोड़ने के लिए युवा कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत अपनी पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं का कौशल उन्नयन और मूल्य वेल्यू ऑडिशन करने आज के जमाने के प्रचलित रोजगार क्षेत्रों में नि:शुल्क प्रशिक्षण देने की योजना है। इस कार्यक्रम के तहत युवाओं को तकनीकी, डिजीटल और पेशेवर छोटे-छोटे पाठ्यक्रमों से जोड़कर उन्हें व्यवहारिक कौशल से लैस किया जाएगा, ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसर पा सकें और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। इस संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और सोशल मीडिया से जुड़े क्रियेटर्स के साथ बैठक कर चर्चा भी की।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि युवा कार्यक्रम के तहत धमतरी जिले के बारहवीं कक्षा से लेकर कॉलेज तक में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आज के जमाने की डिजीटल तकनीकों और पेशेवर कौशलों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इन युवाओं को एक-दो माह के ऐसे छोटे व्यवसाय पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसके बाद वे तुरंत ही अपना काम शुरू कर सकते हों। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम चरण में प्रशासन द्वारा डिजीटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाईनिंग, फ्री लाउसिंग, सायबर सुरक्षा, एआई तकनीक, ड्रोन और रोबोटिक्स, फाईनेंशल मेनेजमेंट, शेफ एंड कुकिंग तथा ब्यूटिशियन जैसे शॉर्ट टर्म व्यवसायों में प्रशिक्षित करने की योजना है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी महाविद्यालयीन प्राचार्यों को अपने-अपने कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में से ऐसे शॉर्ट टर्म कोर्स करने के इच्छुक विद्यार्थियों का डेटा बेस तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने युवा कार्यक्रम का पोस्टर और कैरियर गाईडेंस पर आधारित पुस्तिक कैरियर गाईड का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की सीईओ रोमा श्रीवास्तव, लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक संचालक डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने युवा कार्यक्रम के बारे में आगे बताया कि जिले में युवाओं का कौशल उन्नयन कर उनमें नेतृत्व, संवाद कौशल, नैतिकता और कार्यस्थल पर अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों से भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए ऑनलाईन पंजीयन भी शुरू कर दिया गया है। इच्छुक युवा अपने पसंद के शॉर्ट टर्म कोर्स के लिए ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। एक युवा एक से अधिक कोर्स के लिए भी पंजीयन करा सकता है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि युवाओं को ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों तरह से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रेक्टिकल भी कराए जाएंगे। इसके साथ ही सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा और गूगल, पेटीएम, निकॉन जैसी कम्पनियों में प्लेसमेंट के लिए भी सहायता की जाएगी।

दो दिनों में 500 से अधिक युवाओं ने कराया ऑनलाईन पंजीयन- वॉट्सएप चैनल के लिंक https://shorturl.at/kldpx या क्यू आर कोड स्कैन करके भी किया जा सकता है। पिछले दो दिनों में युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण के लिए 500 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है। 15 प्रतिशत से अधिक युवाओं ने एआई तकनीक, 14 प्रतिशत ने डिजीटल मार्केटिंग, 13 प्रतिशत ने ग्राफिक डिजाईनिंग, लगभग 10 प्रतिशत ने ब्यूटिशियन और लगभग 8 प्रतिशत ने शेफ और कुकिंग पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन कराया है। युवा इसके लिए 15 मई तक पंजीयन करा सकते हैं।

# अकलाडोंगरी में पानी की समस्या का हुआ समाधान

■ अब 224 घरों के नलों में पहुंच रहा पानी

**धमतरी,** 7 मई (देशबन्धु)। धमतरी विकासखण्ड के गंगरेल बांध डूबान क्षेत्र में बसा अकलाडोंगरी गांव पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहा था। गांव में जल जीवन मिशन के तहत ओव्हर हेड टैंक बनाकर सभी 224 घरों में नल से पानी पहुंचाने का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया था। परियोजना की टेस्टिंग कर उसके सफल होने पर पूरे सिस्टम को गांव की जलापूर्ति और स्वच्छता समितियों को संचालन के लिए सौंपा गया था। परन्तु पिछले कुछ दिनों से इस परियोजना का मुख्य मोटर पम्प खराब हो गया था, जिससे ओव्हर हेड टैंक में पानी नहीं भर पा रहा था और गांव के घरों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत भी स्थानीय समितियों में की थी, परन्तु वे भी इसका कुछ समाधान नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए इस योजना की मरम्मत करने का आवेदन प्रशासन को दिया था।



विष्णु के सुशासन में पानी की आपूर्ति को फिर से चालू करने के लिए ग्रामीणों के इस आवेदन पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। विभाग के दल ने गांव में पहुंचकर परियोजन से जुड़े सभी पहुलुओं और उपकरणों की जांच की। विभागीय जांच दल ने पाया कि इस परियोजना के लिए जलापूर्ति करने वाले स्त्रोत में डाला गया मोटर पम्प खराब है, जिसके कारण पानी ओव्हर हेड टैंक तक नहीं जा पा रहा है। विभागीय तकनीकी सहायकों ने इस ट्यूबवेल से मोटर को बाहर निकालकर उसकी मरम्मत कराई और उसे फिर से स्थापित कर दिया। अब इस जलस्त्रोत से मोटर द्वारा पानी खींचकर अकलाडोंगरी के ओव्हरहेड टैंक में भरा जा रहा है। ओव्हर हेड टैंक के माध्यम से अब पानी गांव के सभी 224 घरों के नलों में पहुंचने लगा है। अकलाडोंगरी में आयोजित हुए समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के समक्ष इसकी जानकारी भी अधिकारियों ने ग्रामवासियों को दी।

अपने गांव की पानी की मोटर ठीक हो जाने और सबके घरों में पानी पहुंचने की बात सुनकर उपस्थित ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और उनके क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग करने में सुशासन तिहार जैसे कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया। ग्रामवासियों ने आगे गांव की छोटी-छोटी समस्याओं को मिल-बैठकर समाधान करने की भी बात कही, ताकि ऐसी छोटी समस्याओं से ग्रामवासी ज्यादा दिनों तक परेशान न हों।

# स्वामी आत्मनंद इंग्लिश स्कूल में कक्षा पहिली में प्रवेश हेतु लाटरी 9 मई को

**महासमुंद,** 7 मई (देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द में शिक्षा सत् 2025.26 में कक्षा पहिली में प्रवेश हेतु लॉटरी तुमाडबरी स्थित शासकीय इंग्लिश स्कूल में 9 मई को सुबह 9 बजे से संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देश एवं नियमों के तहत निकाली जायेगी। लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द द्वारा विकासखण्ड स्तर की समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति में प्रभारी अधिकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महासमुन्द, समन्वयक संस्था के प्राचार्य, सदस्य संकुल समन्वयक, सदस्य दो पालक जो शासकीय सेवक हों, सदस्य संस्था के दो शिक्षक इन सबकी उपस्थिति में प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न की जायेगी। पूरी प्रक्रिया की गतिविधियों की फोटोग्रॉफी, वीडियोग्रॉफी की जायेगी जिससे किसी भी प्रकार की शंका न हों। संस्था के प्राचार्य अमी रूफस ने आवेदन करने वाले समस्त पालकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लॉटरी में भाग लेने का अनुरोध किया है। उक्त जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।

## जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद** 7 मई (देशबंधु)। विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा महासमुन्द द्वारा 08 मई को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय महासमुन्द स्थित ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन.जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों को जीवनदान प्रदान करना, तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करना है। शिविर के आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया, सभापति संदीप दीवान, उपसभापति डॉ राकेश कुमार पारदल, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा तथा जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ अशोक गिरि गोस्वामी ने जिले के नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संगठनों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आव्हान किया है।

# पचमढ़ी का राष्ट्रीय साहसिक संस्थान स्काउट्स गाइड्स के बीच साहसिक कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : टी.आर. जगदल्ले

**धमतरी,** 7 मई (देशबन्धु)। भारत स्का एवं गा छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार, टी आर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त के आदेशानुसार,चेतन हिंदुजा जिला मुख्य आयुक्त ,गणेश प्रसाद साहू जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन तथा डी के साहू जिला सचिव के नेतृत्व में 20 सदस्यों की टीम आपदा प्रबंधन, पर्वतारोहण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान पचमढ़ी मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुई। ज्ञात हो कि स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं पर्वतारोहण के लिए विशेष शिविर का आयोजन पचमढ़ी मध्य प्रदेश में 06 मई 2025 से 10 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदगुदा से 01, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारी से 01, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगदेही से 02,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा से 01, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंधौरीकला से 01, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्रा से 01, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार से 01, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरी से 01 ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री से 01,सेजेस हटकेशर से 01, सेजेस कण्डेल से 01, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहदी से 02, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी से 02, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरेगांव से 02 प्रतिभागी प्रभारी राजेश अनंत स्काउटर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी एवं रीना सोनी गाइडर शासकीय माध्यमिक विद्यालय सौंगा के साथ शामिल हो रहे हैं ।



टी.आर. जगदल्ले ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पचमढ़ी का राष्ट्रीय साहसिक संस्थान स्काउट्स गाइड्स रोवर्स रेंजर्स एवं युवाओं के बीच साहसिक कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। चौरागढ़, महादेव और धूपगढ़ की ऊंची उठती चोटियों के प्रभुत्व वाले पश्चिमी क्षितिज के साथ पचमढ़ी घाटी चारों ओर से पहाड़ियों से समृद्ध है। इन पहाड़ियों से कई झरने, जलप्रपात और धाराएँ निकलती हैं और गहरी घाटियों और खड्डों का विस्मय पैदा करते हुए घाटी के निचले ढलानों तक बहती हैं।

डी.के. साहू जिला सचिव ने बताया की पचमढ़ी अपनी लंबी पैदल यात्रा, पर्वतारोहण के लिए जाना जाता है और लोकप्रिय रूप से ट्रेकर्स पैराडाइज के रूप में जाना जाता है। शिविर में नियमित साहसिक गतिविधियों के अलावा पर्वतारोहण, घुड़सवारी, गश्ती अभियान, बाधाओं को पार करना और उनका सामना करना, प्रकृति विद्या, जल गतिविधियाँ, राइफल और पिस्टल शूटिंग तीरंदाजी, घुड़सवारी, चिल्ड्रन पार्क मज़ा। रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग भी कार्यक्रम में शामिल हैं। पचमढ़ी के दर्शनीय स्थलों को देखना और स्काउट/गाइड आंदोलन के बारे में जानना कार्यक्रम के अन्य आकर्षण हैं।

बच्चों की शिविर सफलता के लिए चेतन हिंदुजा जिला मुख्य आयुक्त ,गणेश प्रसाद साहू जिला अध्यक्ष, भगतराम यादव जिला कोषाध्यक्ष, टी आर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त, कृष्णा राम साहू, जितेन्द्र कुमार साहू, गजानंद साहू, वनिता मगर, डोलेश्वरी साहू, यशोदा सोनकर जिला उपाध्यक्ष, एल आर चौधरी सहायक संचालक,हिरेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, सोमन साहू, पारख दास मानिकपुरी, शैलेष बाजपेयी, कविता साहू, ज्योति मगर आजीवन सदस्य प्रतिनिधि, डी के साहू जिला सचिव , टिकेश्वर पांडे संयुक्त सचिव ,जीवन लाल साहू, शशि बंसोर जिला प्रशिक्षण आयुक्त, नेमलाल गंगेले डीओसी स्काउट, हीना भेसले डीओसी गाइड, नेतूराम राम यादव अध्यक्ष धमतरी, मनीष साहू अध्यक्ष कुरूद, बालगोविंद साहू अध्यक्ष मगरलोड, महेंद्र नेताम अध्यक्ष नगरी, वेदनाथ चंद्राकर, राजेश साहू, विमल मिश्रा सभापति, योगेश्वर साहू, हनुमान सिंह वर्मा, भारत लाल साहू वरिष्ठ स्काउटर एवं सलाहकार, सोहन साहू सचिव धमतरी, मानसिंग कपूर सचिव मगरलोड, दूधेश्वर साहू सचिव नगरी, विनोद पांडेय पूर्व जिलाध्यक्ष, कमलेश तिवारी, मंजूषा साहू, श्रवण साहू , शीला साहू, मोहित बनपेला, हेमंत साहू, दुवेंद्र मंडावी, गौकरण यादव, कुणाल ठाकुर, योगिता कंवर, खिलेंद्र साहू तिवारी, हीरेंद्र साहू, नीलकमल, होमेश्वर साहू सभी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मंत्री टंकराम वर्मा ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया

## खेलकूद मंत्री ने खिलाड़ियों को कहा लक्ष्य न ओझल होने पाए, कदम मिलाकर चल, मंजिल तेरी पग चूमेगी आज नहीं तो कल

**बिलाईगढ़,** 7 मई(देशबंधु)। खेलकूद मंत्री टंकराम वर्मा ने सारंगढ़ प्रवास के दौरान खेलभांठा मैदान में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री ने खिलाड़ी बच्चों को खेल सामग्री वितरण किया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी एक माह 4 जून तक किया जाएगा। खेलकूद मंत्री ने लक्ष्य न ओझल होने पाए, कदम मिलाकर चल, मंजिल तेरी पग चूमेगी आज नहीं तो कल कविता के माध्यम से बच्चों को खेल के प्रति हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते आ रहे हैं। मलखंभ खेल में हमारे बस्तर के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाए हैं।



बच्चियों ने खेलकूद मंत्री को अपने बीच पाकर उम्मीद भरे लहजे में कहा कि हम खेलते हैं तो यहां कोई भी चार पहिया गाड़ी आ जाता है। इसलिए रेलिंग वाली गेट बनाई जाए ताकि अनावश्यक वाहन यहां प्रवेश नहीं करें। साथ ही स्ट्रीट लाइट में आए विद्युत व्यवधान को दूर करने के लिए निवेदन की। मंत्री टंकराम वर्मा ने नन्हे खिलाड़ी बच्चियों की बातों को सुनकर पूरा करने का आश्वासन दिया।

**नशे से दूर रहने की शपथ**

प्रभारी मंत्री ने खिलाड़ी बच्चों सहित मैदान में उपस्थित सभी नागरिकों को शपथ दिलाया कि, खेलेंगे कूदेंगे, नशा से दूर रहेंगे आप सब ने प्रतिज्ञा लिया है आप सबको नशा से बचना भी है और बचाना भी है।

इस अवसर पर ज्योति पटेल, सुभाष जालान, दुर्गा सिंह ठाकुर, दिनेश जांगड़े, मनोज जायसवाल, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, अशोक मारबल वरिष्ठ खिलाड़ी मोहम्मद खलील, फकीरा यादव, गोल्डी नायक, त्रिलोक मैत्री, सौरभ यादव, अल्ताफ खान, विजेंद्र गुड्डू एवं नन्हे खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस शिविर में छह खेल कराटे, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस को शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण खेलभाठा मैदान, क्लब हाउस और इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। यह खेल प्रशिक्षण सुबह 6 से 8 बजे और शाम को 5 से 8 बजे तक दिया जाएगा। इसमें 8 से 17 वर्ष के बालक बालिका प्रवेश ले सकते हैं। आयु प्रमाण पत्र के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और अंकसूची को मान्य किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी के लिए 9977115799 प्रभारी खेल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# गांधी स्कूल के प्रतिभावान छात्रों ने जिला अधिकारी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी से लिया मार्गदर्शन



**आरंग,** 7 मई (देशबन्धु)।गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल आरंग के कक्षा पांचवीं और आठवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय कुमार खंडेलवाल और विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ।

शिक्षा अधिकारियों ने बच्चों के साथ केक काटकर विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय कुमार खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को आगे भी कड़ी मेहनत कर निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने बच्चों से बातचीत की, पढ़ाई के टिप्स भी दिए और ऐसी सफलता से आरंग विकास खंड को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी। इस विद्यालय की छात्रा डिम्पी चंद्राकर ने आठवीं में 97.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर आरंग विकास खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी विद्यालय की गितिका पांडेय भी कक्षा पांचवीं की बोर्ड परीक्षा में 97प्रतिशत प्राप्त कर विकास खंड के टापर विद्यार्थियों में शामिल हुई हैं।

इसके अतिरिक्त विकास खंड स्तर पर विद्यालय से कक्षा पांचवीं में युगेश्वर यादव 95.50प्रतिशत चतुर्थ, कनिष्क बिसेन और आर्या चंद्राकर ने 95प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से पंचम स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से भव्या मनहरे 96.17प्रतिशत तृतीय स्थान एवं याशिका ठाकुर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आरंग विकासखंड में चतुर्थ स्थान पर रही।

विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम रहा है। कक्षा पांचवीं और आठवीं के 32 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक और 39 विद्यार्थियों 80त्न से अधिक अंक प्राप्त कर सफल हुए हैं।

गणित विषय में शत-प्रतिशत अंकों के साथ भाविका देवांगन, चिराग यादव, नव्या सोनकर, यथार्थ साहू एवं युगेश्वर यादव ने उत्कृष्टता हासिल की। कक्षा पांचवीं से भाविका देवांगन 94.50प्रतिशत, युग तंबोली 94.50प्रतिशत, गरिमा सोनी 94प्रतिशत, नव्या सोनकर 94प्रतिशत, अध्ययन गनवीर 93.50प्रतिशत, चिराग यादव 93.50प्रतिशत, श्लोक यादव 93.50प्रतिशत, यथार्थ साहू 93.50प्रतिशत, धनंजय साहू 92.50प्रतिशत, अंशिका योगी 92प्रतिशत ,रवि यादव 92प्रतिशत, आद्या शक्ति शर्मा 91प्रतिशत, निहाल पाल 90.50प्रतिशत,निमिश पाटिल 90.50प्रतिशत, परिधी आहूजा 90.50प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रावीण्यता प्राप्त की । कक्षा आठवीं से सुजल देवांगन 95प्रतिशत, लक्ष्य साहू 92.67प्रतिशत, अनंत शर्मा 92.50प्रतिशत, खुशी देवांगन 92.50प्रतिशत, सौम्या चंद्राकर 92.33प्रतिशत, हर्ष दीवान 92प्रतिशत, राशि सोनी 91.67प्रतिशत,विवेक यादव 91.33प्रतिशत, भावेश कुमार साहू 91प्रतिशत, रूद्रांश दास 90.83प्रतिशत के साथ प्रावीण्यता प्राप्त की । पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं में विकास खंड स्तर पर इस उपलब्धि के लिए संस्था के डायरेक्टर यशवंत चतुर्वेदी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

# बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में महिला के अंडाशय का ऑपरेशन कर निकाला ढाई किलो का ट्यूमर



**बागबाहरा,** 7 मई (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा जो कि यहां के डॉक्टरों व स्टॉफ की मेहनत से पूरे प्रदेश मे सबसे अच्छे शासकीय अस्पतालो मे गिने जाते है। स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए यह अस्पताल कई बार शासन से उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। वही आज पुन: इस अस्पताल मे स्त्री रोग विशेषगज्ञ डॉ. रेवेन्द्र देव साहू ने अपने अस्पताल स्टॉफ के साथ एक सफल ऑपरेशन कर करीब ढाई किलो का ट्यूमर बाहर निकाला। इस ऑपरेशन के बाद मरीज भी पूर्ण रूप से सुरक्षित है और अस्पताल मे भर्ती भी है। इस सफल ऑपरेशन मे डॉ. रेवेन्द्र देव साहू के साथ अस्पताल स्टॉफ नर्स यशवंत, कंचन यादव,रश्मि मार्टिन, संगीता नायक, लता एवं बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्टॉफ भी मौजूद रहे।

# सुशासन तिहार के समाधान शिविर का आयोजन दतान में संपन्न

**पलारी** 7 मई (देशबन्धु) ग्राम पंचायत दतान प में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर योगेश चंद्राकर उपस्थित थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत ?तीसगढ़ में आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है।




यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन, पारदर्शिता और जनसंवाद को समर्पित है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों की शुरुआत आज से हुई है जहाँ जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष सविता भीम यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार आम जन से मिलने और उसके समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण समाधान शिविर का आयोजन कर रही है। आज इसी परिपेक्ष में ग्राम पंचायत कुसमी को 10 पंचायत का कलस्टर बना कर विकासखंड पलारी का द्वितीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कलस्टर में ग्राम पंचायत दतान प, गातापार, गितकेरा, घिरघोल, औरासी, सरसेनी, चुचरूंगपुर, गुमा, सैहा एवं बेल्हा शामिल है। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में मिल का पत्थर साबित होगा।

शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विभाग के संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हुए एवं अपने विभाग में चल रहे सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बारी बारी से आमजन के बीच रखे। इस कार्यक्रम पर कृषि विभाग द्वारा बीज एवं स्पेयर किसान क्रेडिट कार्ड, पंचायत ग्रामीण विभाग द्वारा आवास की चाबी स्वीकृति पत्र, खाद्य विभाग ने राशन कार्ड, मत्स्य विभाग मछली जाल आईस बॉक्स का वितरण किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से, एस डी एम दीपक निकुंज, तहसीलदार , जनपद सी ई ऑ पन्ना लाल ध्रुवे, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा,जिला, मंडल अध्यक्ष पलारी पवन वर्मा, अध्यक्ष सहकारी समिति दतान कृष्ण कुमार वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अ जा मोर्चा रमाशंकर बंजारे, तुलसी डहरिया,जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू, केजुराम साहू भीमलाल यादव योगेश वर्मा , सरपंच दतान अंजली धीवर, सरपंच घिरघोल विष्णु वैष्णव, केशरी वर्मा टीकमचंद वर्मा हेमलाल साहू हेमन्त साहू हेमकुमार साहू साधराम बारले सहित सरपंच पंच एवं ग्रामीण बन्धु उपस्थित रहे।

# प्रबोधन कार्यक्रम में जाना की नगर को कैसे स्वच्छ व सुंदर बनाना है

## कार्यशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा हुए शामिल

**नगरी,** 7 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में सभी नगर पंचायत अध्यक्ष, सीएमओ और इंजीनियर का प्रबोधन कार्यक्रम होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित किया गया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ के शहरों का रूपांतरण स्वच्छ सुंदर एवं सुविधा पूर्ण शहर, नगर सुराज संगम 2025 सुशासन में वृद्धि की ओर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उपमुख्यमंत्री एवं नगरी निकाय मंत्री अरुण साव ने इस दौरान कहा कि मरीन ड्राइव के तर्ज पर नगर पंचायत के तालाबों को भी सावरा जाएगा, तालाबों में स्वच्छता रहेगी नागरिय निकायों द्वारा संचालित कर एवं यूजर चार्ज की वसूली कमी दिखती है जिसे अध्यक्ष एवं अधिकारी मिलकर वार्षिक भाड़ा मूल्य तय कर वसूली अभियान पर अपना सहयोग करें, हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव सभी नगर पंचायत के अध्यक्षों से एक-एक कर उनके निकाय क्षेत्र की बड़ी समस्या को जानने का प्रयास किए जिस पर नगरी नगर पंचायत के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 9 तक में निवास रत बड़े झाड़ के जंगल में कई वर्षों से काबिज लोगों को वन अधिकार पट्टा दिलाने व प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलवाने के लिए नियम में संशोधन का प्रावधान लाने का आग्रह किया जिस पर उप मुख्यमंत्री ने फॉरेस्ट लैंड होने के कारण इसे केंद्र सरकार से होना बताकर लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास कैसे मिल सके इस पर सरकार चिंतित है एवं आगामी दिनों में संपत्ति कर एवं बिजली बिल के आधार पर प्रधानमंत्री आवास दिलवाने का आश्वासन दिया। कार्यशाला मे पार्षद राजा पवार सीएमओ यशवंत वर्मा सब इंजीनियर परमेश ध्रुव उपस्थित थे।



# पीएम श्री शा. प्रा. शाला मुड़पार में प्रथम स्थान उर्वशी साहू ने लिया

**खरोरा,** 7 मई (देशबन्धु)। लौदाबाजार जिला के सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचयात मुड़पार में आज 30/04/2025 को पी. एम श्री प्राथमिक शाला मुड़पार का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमे कु उर्वशी साहू 82.5 प्रतिशत प्रथम स्थान प्राप्त किया पिता छन्नु लाल माता श्रीमति सरिता साहु पुत्री है । प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री संतोष प्रधान पाठक। एवं पोषण लाल वर्मा श्रीमति पुष्पलता ध्रुव, जाया वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से बच्चों की उज्वल भविष्य की सफलता की कामना कीया। प्राप्त जानकारी की अनुसार कु.उवर्शी साहू भूतपूर्व सोसायटी अध्यक्ष श्री तिहारु राम साहू की सुपौत्री का आभार व्यक्त किया पी.एम श्री प्रा.शाला स्कुल का समस्त स्टाप की सनत वर्मा,गोवर्धन वर्मा, डा. किरित साहू ,कृष्ण कुमार, प्रदीप मानिकपुरी, राजु तिवारी मनोज नायक, दिव्यांश साहू,रामप्रसाद यदु,मूलचंद साहू, डोमार साहु, राम प्रसाद,सूरज , भानुप्रताप , ओमप्रकार वर्मा, उपस्थित रहे।



# लिव्यांश ने 10 वीं में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिमगा का किया नाम रौशन

**सिमगा,** 7 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा के कक्षा 10 के छात्र लिव्यांश देवांगन 99 त्न अंको के साथ 10 वीं कक्षा में उत्तीर्ण होकर पुरे प्रदेश द्वितीय स्थान प्राप्त कर माता-पिता एवं गुरू जनों का मान बढ़ाया है। वहीं छात्र लिव्यांश ने चर्चा में हमारे प्रतिनिधि को बताया कि उनकी सफलता का श्रेय अपने विधालय के गुरू जनों एवं माता पिता को जाता है । जिन्होंने मुझे पढ़ने लिए हर वह सुविधा उपलब्ध कराई जिसकी मुझे आवश्यकता थी । साथ ही मैंने प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ाई किया । साथ ही एजुकेशनल कोचिंग क्लास से मैंने कोचिंग भी किया है । लिव्यांश ने बताया कि 12 वीं के बाद मैं यूपीएससी की तैयारी करूंगा । मेरा सपना है कि मैं आईएएस बनकर अपने देश की सेवा करूंगा । लिव्यांश की सफलता पर माता पिता एवं गुरू जनों ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है । लिव्यांश डेलीनिड्स दुकान संचालक सुनील कुमार एवं रितिका देवांगन का सुपुत्र है ।



## प्रादेशिकी का शेष...

**5 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान...**

चौथा स्थान एवं लुभी साहू पिता डेमन साहू शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार 97.00 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त किये है।

**ऑपरेशन सिंदूर से लिया...**

ने हत्या कर दी थी। यह उन परिवारों के लिए सांत्वना है जिन्होंने अपनों को खोया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देता आ रहा है। आतंकी कभी नहीं चाहते कि कश्मीर में विकास हो। पिछले कुछ सालों में कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। पहलगाम हमले का मकसद था कि कश्मीर के विकास और प्रगति को नुकसान पहुंचाकर पिछड़ा बनाए रखा जाए। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार यह कभी नहीं होने देगी।

**शांति समिति की बैठक, जुलूस...**

एसडीएम कार्यालय में सूचना देनी होगी। शांति समिति की बैठक में धमतरी शहर में यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। घड़ी चौक से सदर रोड, गोल बाजार के पास दुकानदारों द्वारा सामान रखकर रास्ते को छोटा करने से ट्रेफिक की समस्या की जानकारी समिति के सदस्यों ने बैठक में दी। कलेक्टर ने इसके लिए नगर निगम आयुक्त को कार्यवाही के निर्देश दिए।

**शहर आगमन पर युकां राष्ट्रीय...**

प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। इस दौरान युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिब ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि कांग्रेस गरीब हितैशी पार्टी है। युवा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवक के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि जनहित व राष्ट्रहित सदैव समर्पित रहें। भावी समय आपका है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष व युकां प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू, युकां विस अध्यक्ष सौरभ लोधी, पंकज बीसी, सरायपाली से रमीज रजा, फिंगेश्वर के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, एनएसयूआई धमतरी जिलाध्यक्ष राजा देवांगन, नपा सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, पूर्व पार्षद रिन्कू चंद्राकर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, साहिल चक्रधारी, अमन तांडी, चमन जगत, पुष्कर साहू, मोहसिन मेमन, शम्मी खान सहित सैकड़ों युकां जन उपस्थित थे।

**विधायक कार्यालय के लिए...**

अनुरोध है पहले अपना घर देखे हाल ही के उपाध्यक्ष चुनाव में जिन साथियो ने हमे वोट किया उसको पहले ढूंढे फिर दुसरो से सवाल जवाब करे इसी को कहते हैं चोर की दाढ़ी में तिनका ।

भाजपा कभी भी इस तरह की गंदी राजनीति नही करता जो अभी विपक्ष के लोग कर रहे आगे उन्होंने कहा इस भवन की चिंता आप न करे पहले से और बेहतर बनाएंगे और सभी के लिए यह भवन खुला है आप भी अपने घर का कार्यक्रम करवा सकते हैं।

# साक्षी 10 बोर्ड परीक्षा के टॉप टेन में, बधाइयों का लगा तांता



**पिथौरा,** 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10 / 12 वी बोर्ड परीक्षा के परिणाम उत्साह वर्धक रहा जिसमें प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया है । 10 के घोषित परिणाम में गुरुकुल इंग्लिश स्कूल बलौदा बाजार की छात्रा साक्षी अग्रवाल पिता अभिषेक अग्रवाल माता सरिता अग्रवाल ने प्रदेश के टॉपटेन सूची में अपना दर्ज करायी है । छात्रा गर्मी की छुट्टी मनाने नानी के यहां आयीं है । 10 बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉप टेन में अपना नाम दर्ज करायीं हमारे प्रतिनिधि संतोष गुप्ता से उन्होंने चर्चा में कहा कि उन्हें इस उपलब्धि पर खुशी है और उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता पिता , गुरुजनों को दी है उल्लेखनीय है छात्रा साक्षी स्वयं की मेहनत से इस उपलब्धि को प्राप्त की है । बिना किसी ट्यूशन , बिना किसी कोचिंग से प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करते उन्होंने विद्यर्थियों को पढ़ाई में कड़ी मेहनत को मूल मंत्र बताया । भविष्य में वे अपनी मौसी सीमा अग्रवाल की तरह प्रोफेसर बनने की इच्छा जताई है ।आज इस उपलब्धि पर उनके निवास में शुभ चिंतकों ने मिठाई खिला कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।

# जिले के बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने फिर मारी बाजी

**गरियाबंद,** 7 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों में गरियाबंद जिले ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। जिले में इस वर्ष भी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। जिले में 12वीं का सफलता प्रतिशत 90.17 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 7 फीसदी अधिक है। वहीं कक्षा 10वीं में 80.70 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे, जिसमें 2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र में 12वीं में 82.38 और 10 वी में 78.80 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए थे।।

**लगातार पांचवां साल, छात्राओं का दबदबा जारी**

पिछले पाँच वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी छात्राओं ने बेहतर परिणाम दिए हैं। आंकड़ों के अनुसार, कक्षा 12वीं में 91.62 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं, जबकि छात्रों की सफलता दर 88.16 प्रतिशत रही। वहीं कक्षा 10वीं में 84.44 प्रतिशत छात्राएं और 76.08 प्रतिशत छात्र पास हुए।

जिले से 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 5564 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें 2331 छात्र और 3233 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा में 2320 छात्र और 3217 छात्राएं उपस्थित हुए, जिनमें से 2041 छात्र और 2944 छात्राएं सफल घोषित की गईं। जिसमें प्रथम श्रेणी में 2493, द्वितीय श्रेणी में 2342 तथा तृतीय श्रेणी में 150 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कुल 139 अनुत्तीर्ण हुए। जिसमे 84 छात्र और 55 छात्राएं शामिल है।

इसी तरह 10वीं में कुल 7771 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें 3509 छात्र और 4262 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा में 3440 छात्र और 4220 छात्राएं उपस्थित हुए। इनमें से 2596 छात्र और 3555 छात्राएं सफल रहीं। जिसमें प्रथम श्रेणी में 2801, द्वितीय श्रेणी में 2952 और तृतीय श्रेणी में 399 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं 1087 अनुत्तीर्ण रहे। जिसमें 641 छात्र और 446 छात्राएं शामिल है।

**सफलता के पीछे शिक्षकों और अभिभावकों की मेहनत**

शिक्षा विभाग ने परीक्षा परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। खासतौर पर छात्राओं की निरंतर बढ़ती सफलता ने जिले में बालिका शिक्षा को नई दिशा दी है।

**पिछले वर्ष की तुलना में सुधार**

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 12वीं का परिणाम 82.38 प्रतिशत और 10वीं का 78.80 प्रतिशत था। इस साल 12वीं में लगभग 7 प्रतिशत और 10वीं में करीब 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिले में 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों पर कलेक्टर और विधायक ने दी शुभकामनाएं

जिले में 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के उत्कृष्ट परिणाम आने के बाद कलेक्टर बी.एस. उइके और जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त की है, वे सराहना के पात्र हैं। साथ ही द्वितीय और तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों को उन्होंने आगे और अधिक परिश्रम कर बेहतर प्रदर्शन करने की सलाह दी।

कलेक्टर ने असफल रहे विद्यार्थियों से कहा कि असफलता से निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी।

**विधायक रोहित साहू ने दी बधाई**

विधायक रोहित साहू ने भी जिले में 10वीं और 12वीं के शानदार परिणामों की सराहना की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। विशेष रूप से उन्होंने यह उल्लेख किया कि बालिकाओं ने इस वर्ष बालकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है, जो समाज में बढ़ती जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे इसी तरह मेहनत और समर्पण से पढ़ाई करते रहें और जिले का नाम रोशन करें।

# देवभोग बीआरसी की मनमानी से हड़कंप ट्रांसफर के 20 दिन बाद भी पद नहीं छोड़ा

## डीईओ बोले- आदेश पालन न करना अनुशासनहीनता, मिशन समन्वयक ने कहा- जल्द होगी कार्रवाई

**गरियाबंद,** 7 मई (देशबन्धु)। जिले में ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों की मनमानी ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। जिला प्रशासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई अधिकारी आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं, जिससे प्रशासन की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला देवभोग विकासखंड का है, जहां विकास खंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) द्वारा ट्रांसफर आदेश जारी होने के बावजूद न तो पदमुक्ति ली गई और न ही नए अधिकारी को कार्यभार सौंपा गया।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, उक्त बीआरसी का स्थानांतरण करीब 20 दिन पहले आदेशित किया गया था। जिला कार्यालय से तत्काल प्रभाव से पदमुक्त किए जाने का निर्देश भी जारी हुआ, लेकिन बीआरसी न तो कार्यमुक्त हुए और न ही नए अधिकारी को चार्ज सौंपा। शिक्षा विभाग के अधिकारी कई बार मौखिक रूप से निर्देश दे चुके हैं, फिर भी अधिकारी टस से मस नहीं हुए।

जानकारी के अनुसार, उक्त अधिकारी ने कुछ महीने पहले जिला प्रशासन को पत्र लिखकर निवेदन किया था कि वे जल्द सेवानिवृत्त होने वाले हैं, इसलिए उन्हें मूल पद पर वापस भेजा जाए। इसी आवेदन पर कार्यवाही करते हुए प्रशासन ने आदेश जारी किया, लेकिन अब वही अधिकारी आदेश पालन करने से इनकार कर रहे हैं।

प्रशासन की साख पर सवाल, 'मनमर्जी के मालिक' बन गए हैं अधिकारी


कार्यालय जिला परियोजना, समग्र शिक्षा

-// आदेश //-

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, जिला–गरियाबंद

**जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने कहा, ट्रांसफर आदेश जारी होने के बाद उसका पालन न करना गंभीर अनुशासनहीनता है। इससे विभाग की छवि भी धूमिल हो रही है।**

स्थानीय लोगों और विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि बीआरसी ने जिला प्रशासन की पूरी व्यवस्था को मजाक बना दिया है। आदेश के बावजूद कार्यभार न सौंपना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन के प्रति गंभीर अवहेलना है। शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, अधिकारी पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन को मजाक बनाकर रख दिया है। पहले भी ऐसा आवदेन कर मुकर गए थे, यह दूसरा मौका है। अब तो कार्रवाई ही एकमात्र रास्ता बचा है। सूत्रों की माने इस रवैये को देखते हुए अब जिला प्रशासन संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सकता है। यदि जल्द ही आदेश का पालन नहीं किया गया, तो कड़ी कार्रवाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

मामले में जिला मिशन समन्वयक केएस नायक ने बताया, 9 अप्रैल को कलेक्टर के अनुमोदन से विधिवत आदेश जारी किया गया था। यह कार्रवाई अधिकारी के खुद के आवेदन पर की गई थी। कई बार मौखिक निर्देश भी दिए गए, फिर भी कार्यभार नहीं सौंपा गया। यह सेवा शर्तों का उल्लंघन है। जल्द ही अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल ने बताया कि उन्हें स्थानांतरण की लिखित सूचना नहीं मिली। मौखिक रूप से जानकारी मिली है। इसलिए कार्रवाई नहीं की।

इस पूरे घटनाक्रम से जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आदेश की अवहेलना और विभागीय निर्देशों की अनदेखी से न केवल शासन प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की गंभीरता भी सवालों में आ गई है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस पर कितनी सख्त कार्रवाई करता है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**भाटापारा,** 7 मई (देशबन्धु)। आज भाटापारा अंतर्गत जय स्तंभ चौक में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रात 2 बजे पाकिस्तान में की गई सफल एयर स्ट्राइक की गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया।

इस ऐतिहासिक क्षण ने न केवल भारत की सैन्य शक्ति को विश्व पटल पर सिद्ध किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि देश की सुरक्षा और आत्मसम्मान के लिए भारत किसी भी हद तक जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़, दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में देश ने यह साहसिक कदम उठाकर पूरे विश्व को संदेश दिया कि भारत अब किसी भी सूरत में आतंकवाद और उसके समर्थकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। विजय उत्सव के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे नारों के साथ राष्ट्रप्रेम की भावना को सजीव किया। देश के वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य राजा जायसवाल, पार्षद नंदू वैष्णव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष टोडर, महामंत्री अविनाश शर्मा, रूपेश तिवारी, पीयूष साहू, अभिषेक मिश्रा, पिंटू तिवाड़ी, संकेत उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, नागरिकगण एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की अखंडता, संप्रभुता एवं गौरवशाली परंपरा को सम्मान देना था, साथ ही यह संदेश देना था कि संपूर्ण भारतवर्ष अपनी सेना और नेतृत्व के साथ एकजुट खड़ा है।

# विवाह एवं आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष




**बागबाहरा,** 7 मई (देशबन्धु)। उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर ने ग्राम सिनोधा पहुंच कर जनपद सदस्य श्रीमती रूपकुमारी खिलावन सिंह ध्रुव की सुपुत्री एवं उनकी छोटी बहन के विवाह एवं आशीर्वाद कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कन्याओं को अपना आशीर्वाद प्रदान कर खिलावन सिंह ध्रुव एवं परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हीरा लाल साहू, अजय ध्रुव उपस्थित रहे।

# गोबरा नवापारा में सड़क पर रेत का ढेर, राहगीर परेशान

**नवापारा राजिम,** 7 मई (देशबन्धु)। नगर से गुजरने वाली ह॥ 130 ष्ट कुर्रा से महानदी पुल तक की चौड़ी सड़क पर रेत से भरी हाइवा के बिना ढके परिवहन के कारण सड़क पर रेत का ढेर जमा हो रहा है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेत के गिरने से सड़क पर धूल उड़ रही है, जो लोगों की आंखों में जा रही है और दो पहिया वाहन में बैठे लोग सिलिप खा कर गिर रहें हैं।





दोपहिया वाहनों के फिसलने का खतरा सबसे ज्यादा बना हुआ है, जिससे भविष्य में बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय प्रशासन और पालिका की ओर से इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जमा रेत को साफ करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। राहगीरों का कहना है कि बिना ढके रेत के परिवहन पर रोक लगनी चाहिए और सड़क की नियमित सफाई होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि सड़क पर आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रशासन कब कदम उठाएगा, यह देखना बाकी है।

# डबल डिमांड ओल्ड वाटर टैंकर में, पहली बार निजी क्षेत्र की भी खरीदी

**भाटापारा,** 7 मई (देशबन्धु)। पहली बार पुराना वाटर टैंकर का बाजार गुलज़ार है क्योंकि नए की तुलना में लगभग आधी कीमत में मिल जा रहा है। अहम यह भी कि नया वाटर टैंकर के लिए आर्डर के बाद आपूर्ति के लिए निर्माण एजेंसियां चार दिन का समय ले रहीं हैं।

अनुमान था वाटर टैंकर की मांग का लेकिन इतनी ज्यादा होगी, कल्पना नहीं की थी। हैरत में हैं पुराना वाटर टैंकर बेचने वाले क्योंकि यह क्षेत्र पहली बार दोगुनी मांग से दो-चार हो रहा है। मौका प्लास्टिक बैरल को मिला हुआ है, जहाँ घरेलू उपभोक्ताओं की डिमांड जोरदार है।

**स्थिर है कीमत:** 4000 लीटर क्षमता वाले वाटर टैंकर की डिमांड सबसे ज्यादा है। यही वजह है कि ईकाइयां आर्डर के पांचवे दिन ही सप्लाई दे रहीं हैं। कीमत प्रति टैंकर एक लाख सत्तर हजार रुपए बताई जा रही है जबकि 3000 लीटर क्षमता वाला वाटर टैंकर 1 लाख 50 हजार रुपए पर स्थिर है। ओल्ड वॉटर टैंकर की बात करें, तो 4000 लीटर क्षमता वाला टैंकर 70 से 80 हजार रुपए और 3000 लीटर क्षमता वाला टैंकर 50 से 60 हजार रुपए पर मिल रहा है।



**डिमांड निजी क्षेत्रों से भी:** वॉटर टैंकर की कुल डिमांड में 30 फ़ीसदी हिस्सेदारी रखने वाला निजी क्षेत्र 10 फ़ीसदी बढ़त के साथ अब दूसरे नंबर पर आ चुका हैं टैंकर की खरीदी में। हल्की मांग ग्राम पंचायतों से भी निकलती देखी जा रहीं है। इसे देखकर टैंकर निर्माण ईकाइयां विशेष तैयारी कर रहीं हैं।

**डिमांड जोरदार प्लास्टिक बैरल में:** प्लास्टिक के ड्रम और डिब्बे। हमेशा से मांग में रहते आए हैं लेकिन पहली बार इसने 3 गुना बढ़त ली हुई है। 4 गुना की ओर बढ़ चुका प्लास्टिक बैरल 1100 से 1200 रुपए और प्लास्टिक डिब्बा 60 से 70 रुपए प्रति नग की दर पर मांग में बना हुआ है।

मांग में बढ़त की धारणा इसलिए है क्योंकि जल संकट की स्थितियों को देखते हुए जल भंडारण की ओर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

# समाधान शिविर में 684 हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**बलौदाबाजार,** 7 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर के दूसरे दिन बुधवार को जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 6 स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इन शिविरों में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 17701 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें मांग के 17318 एवं 383 शिकायत से सबंधित थे। विभागों द्वारा इन आवेदनों का निराकरण पश्चात समाधान शिविर में लोगो को निराकरण व विभागीय योजना की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 684 हितग्राहियो का लाभन्वित किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहरौद में आयोजित शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जल संचयन की शपथ भी दिलाई।

समाधान शिविर में सवास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था जिसमें चिकत्साको ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। इसके साथ ही पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से पशुओं का ईलाज भी किया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगो के द्वार तक प्रशासन की पहुंच हो और योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से सभी पात्र हितग्राही को मिल सके। उन्होंने इस दौरान महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से योजना के लाभ की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आवास प्लस 2.0 का सर्वे किया जा रहा है जिसमें आवास प्लस के छूटे हुए हितग्राहियो को प्राथमिकता से पंजीयन किया जा रहा है। उन्होंने रोजगार सहायक व आवास मित्र को नियमानुसार पात्र व्यक्तियों का ही पंजीयन आवास प्लस 2.0 में करने के निर्देश दिये। उन्होंने मोर गांव मोर पानी महभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन के लिए नलकूपो के पास सोखता गड्ढा एवं पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण हेतु चलाए जा रहे अभियान में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बताया कि जिले में पेयजल व निस्तारी की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने सभी पंचायतों में ग्राम जल एवं स्वछता समिति की बैठक आयोजित कर सभी घरों में पेयजल की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव पारित करने कहा। कलेक्टर ने पंचायतों में विकास को गति देने के लिए निर्माण कार्यों के साथ ही व्यवहार परिवर्तन पर जोर देते हुए विकास के लिए सभी को मिलकर काम करने की अपील की।




- **समस्याओ के निराकरण के साथ ही स्वास्थ्य जांच की भी मिल रही सुविधा**
- **लोगों की शिकायत पर पीडीएस दुकान संचालक को हटाने के निर्देश**

जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव ने कहा कि ऐसे शिविर आयोजन से जनता की छोटी छोटी समस्याओ का तत्काल निराकरण होता है। हमारी सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है कि नहीं इसकी जानकारी भी मिलती है।

# 'नगर सुराज संगम' कार्यशाला में भाटापारा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की रही सक्रिय भागीदारी, भविष्य की योजनाओं पर हुआ मंथन

**रायपुर,** 7 मई (देशबन्धु)। राजधानी के होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में आयोजित दो दिवसीय 'नगर सुराज संगम' प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला में प्रदेश भर के नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव जी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान नगरीय क्षेत्रों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।



कार्यशाला के दौरान आगामी पाँच वर्षों की नगरीय विकास कार्ययोजना को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। स्मार्ट, स्वच्छ और सशक्त नगरों के निर्माण हेतु उठाए जा रहे कदमों को और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

कार्यक्रम में भाटापारा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने भाटापारा नगर के समग्र विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। श्री शर्मा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि भाटापारा को सड़क, जल, स्वच्छता, रोशनी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाए।

इस अवसर पर राज्यभर से नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), वरिष्ठ अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभव निश्चित ही निकाय प्रतिनिधियों को आगामी वर्षों में विकास की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू करने में सहायक सिद्ध होंगे।

# ऋषभदेव जिनालय की प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर मंदीर शिखर पर ध्वजारोहण संपन्न



**नयापारा राजिम,** 7 मई (देशबन्धु)। स्थानीय ऋषभ देव श्वेताम्बर जैन मंदीर शिखर पर प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर ध्वजा आरोहण संपन्न हुआ। श्री कालुराम अमरचंद बोथरा परिवार द्वारा निर्मित ? ऋषभ देव जिनालय के 90 वीं ध्वजा आरोहण के उपलक्ष में आरोहण महोत्सव का आयोजन मंदीर जी में रखा गया। पूनमचंद प्रकाशचंद, प्रदीप कुमार बोथरा परिवार द्वारा आयोजित पूजन में प्रतिदिन विभीन्न तीर्थंकरों के पंचकल्याणक की पूजा ठाठ की गई आज महोत्सव के अंतिम दिवस सुर्योदय के साथ प्रभु के स्नाग पूजा. सह सत्तर मेरी पूजा तत्पश्चात नूतन हवाजा की पूजा स्नात्रमंडल एवं नवोदित मनोहर जिनशासन पूजा समिती द्वारा विधी पूर्वक करायी गयी। तत्पश्चात नूतन ध्वजा को सर पर रखकर बोथरा परिवार की महिलाओं ने सकलब श्रीसंघ के साथ मंडीरजी की प्रदक्षिणा की। प्रफुल, हेमेत एवं राजीव बोथरा हवं अन्य सहयोगियों ने के पुण्याई- कुं पुण्याई मंत्रोच्चार के साथ जिनालय एवं दादाबाडी के शिखर दंड पर ध्वज का अरिहन किया। इस अवसर पर संघ प्रमुख शिखर बाफना अभिषेक दुग्गड, प्रकाशचंद, अशोक, सुनील, संजय राजेन्द्र विजय, राजकुमार, प्रफुल बोथरा सहित संघ के गणमान्य सदान्य, महिलाएं, स्वजन परिजन काफी संख्या में उपस्थित थे। अंत में प्रभुकी आरती मंगलदीपक के साथ से हुआ। संघ की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती नमिता बोथरा ने नवोदित मनोहर जिनशासन श्शजन समिती एवं उपस्थित धर्म प्रेमियों को उपस्थिती के लिए आभार व्यम्त किया।

# भारत के प्रति वैमनस्यता निंदनीय, पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा जायज हैं: सलमान शेख

**बलौदाबाजार,** 7 मई (देशबन्धु)। विगत कुछ दिनों पूर्व भारत के अमन चैन कि घाटी पहलगाम में आतंकवादी हमले में भारत के विभिन्न प्रांत से घूमने गए निर्दोष लोगों को अपना शिकार बनाया व निरापराध भी आतंकवाद का शिकार हुवे। आतंकवादियों के द्वारा किया गया यह बर्बरतापूर्वक कृत्य अत्यंत निंदनीय है उक्त बातें प्रेस को बयान जारी कर पार्षद नेताप्रतिपक्ष एवं बलौदाबाजार मुस्लिम समाज के सचिव सलमान शेख ने कही है।



नगर पालिका बलौदाबाजार के पार्षद नेताप्रतिपक्ष एवं बलौदाबाजार मुस्लिम समाज के सचिव सलमान शेख ने बताया कि भारत देश के कोने कोने में मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं जिसके 90 प्रतिशत लोगों की जन्मस्थली भारत ही है जहां वे जन्म लिए हैं वहीं सरजमीन ही खुदा के तरफसे दिया हुआ नेमत होता है, हम सभी इसी भारत में जन्म लिए हैं किंतु पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के द्वारा समय समय पर नापाक हरकत करते हुवे अनेकों कर्म किए है जिससे काश्मीर सहित आस पास का क्षेत्र हमेशा से अशांत रहा है व विगत दिनों किए गए निर्दोष लोगों के हत्याकांड से पूरा भारत देश स्तब्ध हो गया है, पाकिस्तान अपनी औकात भूल चुक है और भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहा है।

वर्तमान में सैन्य शासन को भारत सरकार द्वारा तैयार कर युद्ध के लिए तैनात करते हुवे हमला करने को तैयार है यह कार्यवाही पाकिस्तान को उसके कर्मों की एक सजा होगी भारत देश को अशांत करने वाले पाकिस्तान के प्रति जो सजा मुकर्रर की गई है वह उसका वास्तविक हकदार है। पार्षद सलमान शेख ने यह भी कहा कि हमारे देश राज्य नगर मोहल्ले में आपसी भाईचारा की भावना रखते हुवे किसी भी प्रकार का माहौल को अशांत करने जैसा कृत्य न करें आपसी एकता बनाएं रखें। देश को एक रहने की अपील करते हुए नफरती बातें करने वालों से दूरी बनाएं एवं उसकी सूचना पुलिस को दें, जहां हम सब का जन्म हुआ है वहीं सरजमीन हमारे लिए पुण्य भूमि है।

# पीईटी एवं पीपीएचटी परीक्षा आज, 15 सौ से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार,** 7 मई (देशबन्धु)। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 8 मई 2025 को पीईटी एवं पीपीएचटी परीक्षा 2025 का आयोजन किया जा रहा हैं। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 3 केंद्र बनाए गये हैं, जिसमें 1553 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को परीक्षा केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों की बैठक लेकर परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये।




**कलेक्टर ने ऑब्जर्वर व केंद्राध्यक्ष की बैठक लेकर दिये जरुरी निर्देश**

उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि अपरान्ह में आंधी तूफान के कारण बिजली गुल होने की समस्या रहती है इसके लिए परीक्षा केंद्रों में इन्वर्टर की व्यवस्था करें। बताया गया कि प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 9 बजे से अपरान्ह 12 रू15 बजे तक आयोजित होगी जिसमें शासकीय डी के महाविद्यालय में 360 परीक्षार्थी एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 134 परीक्षार्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली अपरान्ह में 2 बजे से 5:15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें दाऊ कल्याणसिंह शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 480, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार में 240 एवं पण्डित चक्रपाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में 339 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।